- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 24 | अंक 67 | पृष्ठ : 18
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 16 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल- द्वितीया
विक्रम संवत-2083



विचार | किशोरों का सोशल मीडिया उपयोग ऑस्ट्रेलिया से भी सख्त करेगा ब्रिटेन...16





दिल्ली-एनसीआर


## 108 दिन की जंग के बाद अमन की उम्मीद, दूर होगा दुनिया का ऊर्जा संकट

# अमेरिका व ईरान में युद्ध विराम करार...होर्मुज जलमार्ग खुलेगा, इस्राइल नहीं मानेगा समझौता

## राष्ट्रपति ट्रंप, वेंस व गालिबाफ ने किए डिजिटल हस्ताक्षर, 19 को जिनेवा में औपचारिक मुहर

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस\एजेंसी

**वाशिंगटन/तेहरान।** पूरी दुनिया में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा करने वाले युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच प्रारंभिक समझौता हो गया है। दोनों देशों ने इस पर डिजिटल हस्ताक्षर कर दिए हैं। समझौते के तहत रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाएगा और अमेरिका ईरान के तटों से अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटा लेगा। ईरान होर्मुज में बिछाई बारूदी सुरंगों भी साफ करेगा। होर्मुज का रास्ता खुलने से पूरी दुनिया का ऊर्जा संकट दूर होने की उम्मीद है। हालांकि, समझौते से दरकिनार किए जाने से खफा इस्राइल ने इसे मानने से इन्कार कर दिया।

समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की ओर से संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने डिजिटल दस्तखत किए। ट्रंप ने कहा, दोनों पक्ष शुक्रवार यानी 19 जून को जिनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर करेंगे। उपराष्ट्रपति वेंस अमेरिकी दल का नेतृत्व करेंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार तड़के सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। मैं मुक्त आवाजाही के लिए तत्काल होर्मुज को पूरी तरह खोलने और अमेरिकी नाकेबंदी को हटाने की मंजूरी देता हूं। दुनिया के जहाजों, इंजन चालू करो। तेल का प्रवाह होने दो। इसके बाद उन्होंने कहा, होर्मुज मार्ग को शुक्रवार को समझौते पर आधिकारिक हस्ताक्षर के बाद ही खोला जाएगा। इसके कुछ घंटों बाद ट्रंप ने कहा, तेल से लदे कई जहाज होर्मुज से बाहर आने लगे हैं। वे दक्षिणी हाईवे से जा रहे हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित व बाधा रहित है।

ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने भी सरकारी टेलीविजन पर समझौते की पुष्टि की। कहा, हस्ताक्षर होने तक ईरान इसे लागू नहीं करेगा। उन्होंने बताया, यह सहमति मध्यस्थ कतर के प्रतिनिधि के साथ तेहरान में 14 घंटे से ज्यादा समय तक चली वार्ता के बाद बनी। उन्होंने कहा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम, अगले दौर की वार्ताओं में चर्चा किए जाने वाले विषयों में शामिल होगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि समझौता लागू करने के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। >> विशेष पेज : अमन की उम्मीद



डोनाल्ड ट्रंप | जेडी वेंस | गालिबाफ

### 60 दिन सैन्य कार्रवाई पर रोक : लेबनान भी दायरे में, परमाणु कार्यक्रम पर रोक टली

*108 दिन की जंग के बाद दोनों देशों में 14 बिंदुओं पर समझौते का मसौदा बना है। हालांकि, इनकी आधिकारिक तौर पर किसी भी पक्ष ने पुष्टि नहीं की है। वेंस ने कहा, सप्ताह के अंत तक शर्तें सार्वजनिक कर दी जाएंगी। खास शर्तों पर एक नजर...*

- अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिन के लिए सैन्य कार्रवाइयां रोक दी जाएंगी। युद्धविराम लेबनान में भी लागू होगा।
- 60 दिन में ईरानी परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार का भविष्य तय होगा। शायद यह टल जाए। ईरान के अंदरूनी मामलों में अमेरिकी दखल नहीं।
- 30 दिन में अमेरिकी नाकेबंदी हटेगी। ईरानी व्यवस्थाओं में होर्मुज फिर खुलेगा।
- अमेरिका व उसके सहयोगियों की ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर देने की योजना।
- ईरान को तेल बेचने की छूट। प्रतिबंध खत्म होंगे। अमेरिका ईरान की जब्त 25 अरब डॉलर की संपत्ति जारी करेगा।
- अमेरिका क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी नहीं बढ़ाएगा और ईरान पर आगे कोई नए प्रतिबंध नहीं लगाएगा।

## नेतन्याहू ने कहा-लेबनान से नहीं हटेंगे मंत्री बोले-हम अमेरिका के गुलाम नहीं

**तेल अवीव।** ईरान के साथ समझौते पर सहमति की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा के साथ इस्राइल ने कड़े तेवर अपना लिए। इस्राइल ने दो टूक कहा, समझौता उसके लिए बाध्यकारी नहीं है। वह किसी भी दबाव के आगे अपनी सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेगा। इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, ईरान चाहता था कि हम लेबनान के सुरक्षा क्षेत्रों को छोड़ दें, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं। उनके मंत्री इतामार बेन-गवीर दो कदम आगे बढ़कर बोले, हम अमेरिका के गुलाम देश नहीं हैं।

नेतन्याहू ने कहा, समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर प्रतिबंध का कहीं उल्लेख नहीं है। मैं जब तक हूं, ईरान को न तो आज, न कल, कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाने दूंगा।

अमेरिका के मित्र देशों में शुमार इस्राइल ने यह कहने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाई कि राष्ट्रपति ट्रंप को उसकी घरेलू व सैन्य नीतियों को तय करने का अधिकार नहीं है। इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने साफ कहा, उनकी सेनाएं सीमा से पीछे नहीं हटेंगी। इस्राइल ने ट्रंप को भी बता दिया कि वह सेना हटाने की समय-सीमा का पालन नहीं करेगा। इस्राइली सेना (आईडीएफ) लेबनान, सीरिया व गाजा के क्षेत्रों में अनिश्चितकाल तक बनी रहेगी। उन्होंने ईरान को चेताया, उसने लेबनान की वजह से हमला किया, तो पूरी ताकत से जवाब मिलेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री बेन-गवीर ने कड़े सुर में कहा, देश बाहरी समझौतों से बंधा नहीं है और अपनी पूर्ण संप्रभुता बनाए रखेगा। एजेंसी



बेंजामिन नेतन्याहू | इतामार बेन-गवीर

### हिज्बुल्ला के खात्मे से कम कुछ भी मंजूर नहीं

इस्राइली मंत्री बेन-गवीर ने कहा, ऐतिहासिक पलों में, ऐतिहासिक फैसले जरूरी होते हैं। हम ऐसे समझौते का हिस्सा नहीं हैं जो हमारी सुरक्षा की गारंटी नहीं देता। हिज्बुल्ला को पूरी तरह खत्म करने से कम किसी भी चीज पर समझौता नहीं किया जा सकता। हमारे लड़ाकों ने जिन इलाकों पर कब्जा किया है, वहां से पीछे हटने का सवाल ही पैदा नहीं होता है।

## भारत के लिए बड़ी राहत, तेल आपूर्ति सुधरेगी, घटेगी महंगाई

### वैश्विक बाजार में क्रूड, गैस व कमोडिटी की कीमतों में आएगी कमी

**अमेरिका-ईरान** में समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य होने से भारत जैसे दुनिया के बड़े कच्चे तेल आयातक देश को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे न सिर्फ तेल आपूर्ति की चिंताएं कम होंगी, बल्कि मालभाड़ा और बीमा लागत भी घटेगी। आम आदमी से लेकर कंपनियों तक को लगातार बढ़ती महंगाई से भी बड़ी राहत मिलेगी।

सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एवं कतर इसी मार्ग से कच्चा तेल निर्यात करते हैं। यही देश भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। अगर सबकुछ सामान्य हो जाता है, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल, गैस, खाद और अन्य कमोडिटी की कीमतों में तेज गिरावट आएगी। भारत को ये सभी उत्पाद सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगे, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी। पिछले कुछ महीनों से महंगाई से जूझ रहे देश को राहत मिलेगी। व्यापार के लिए भी माहौल बेहतर होगा।



**होर्मुज से भारत का पहला जहाज निकला**

समझौते के बाद सोमवार को होर्मुज से गुजरने वाले शुरुआती जहाजों में भारत की कंपनी पेट्रोनेट का चार्टर्ड एलएनजी टैंकर भी शामिल था। इसमें 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी है। यह 18 जून को गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचेगा।

### कच्चे तेल की कीमतों में पांच फीसदी की गिरावट

***समझौते की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई है,*** जो युद्ध के दौरान 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। इससे पेट्रोल-डीजल की उत्पादन लागत बढ़ी और सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा। हालांकि, विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल व डीजल के दाम में करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर और सीएनजी में 6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई।

**कीमतों में स्थिरता की उम्मीद**

***एलपीजी सिलिंडर भी दो चरणों में 89 रुपये महंगा हुआ।*** इस वृद्धि के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों को अब भी रोज करीब 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। विश्लेषकों का कहना है, होर्मुज खुलने से यह नुकसान धीरे-धीरे कम हो सकता है।

**शेयर बाजार की धारणा में सुधार :** ईरान युद्ध ने वैश्विक एवं भारतीय शेयर बाजारों को लेकर निवेशकों की धारणा बिगाड़ दी। युद्ध के बाद से भारतीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट दर्ज की गई। विदेशी निवेशक लगातार बिकवाल बने रहे। फरवरी को छोड़कर उन्होंने हर महीने बिकवाली की है और जून के पहले पखवाड़े में 62,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। हालांकि, समझौते की घोषणा से सोमवार को भारतीय शेयर बाजार करीब एक फीसदी उछल गए। विदेशी निवेशकों की फिर वापसी की उम्मीद भी बढ़ गई।

- **आयात बिल घटेगा, मजबूत होगा रुपया :** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारत के आयात बिल में कमी आएगी। डॉलर के मुकाबले लगातार टूट रहे रुपये को मजबूती मिलेगी। चालू खाते के घाटे में कमी आएगी। महंगाई घटेगी, कीमतें स्थिर होंगी। भारतीय रिफाइनरियों को कम मालभाड़े और बीमा लागत का लाभ मिलेगा।
- **विनिर्माण को मिलेगी रफ्तार :** ईंधन सस्ता होने से परिवहन लागत में कमी आएगी, जिससे युद्ध के कारण सुस्त पड़े विनिर्माण क्षेत्र की गति बढ़ाने में मदद मिलेगी। विमानन, उर्वरक, पेट्रोकेमिकल, मालढुलाई और लॉजिस्टिक्स जैसे ऊर्जा निर्भर क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। सरकार को ऊर्जा प्रबंधन और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

## पीएम मोदी ने किया समझौते का स्वागत, कहा-स्थायी शांति की उम्मीद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने समझौते का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति आएगी और जहाजों की आवाजाही में स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी।

पीएम मोदी ने कहा, मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूं। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक उथल-पुथल हुई है और कई देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है। भारत को उम्मीद है कि इस सहमति पर अमल से क्षेत्र में शांति व स्थिरता बहाल करने में मदद मिलेगी और नौवहन व व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी।

## ईरान को वैश्विक अर्थव्यवस्था में फिर शामिल होने का अवसर : वेंस

**अमेरिकी** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, समझौते पर हस्ताक्षर के बाद ईरान को कोई वित्तीय रियायत नहीं दी गई, न ही कोई रकम जारी की है।

वेंस ने कहा, समझौते में ईरान को प्रतिबंधों में कोई भी राहत इस पर निर्भर करेगी कि वह प्रतिबद्धताओं का कितना पालन करता है। हम देखेंगे कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम को खत्म करने की दिशा में कदम उठा रहा है, तो राहत दी जाएगी। अगर ईरान यह सत्यापित करता है कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाने जा रहा, तो उसे राहत दी जाएगी। समझौता ईरान को वैश्विक अर्थव्यवस्था में फिर शामिल होने का अवसर देता है, बशर्ते वह समझौते की शर्तों का पालन करे।

### होर्मुज में 13 भारतीय जहाज अब भी फंसे


**नई दिल्ली।** भारत के 13 जहाज होर्मुज जलमार्ग की नाकेबंदी के कारण अब भी फारस की खाड़ी में फंसे हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, जैसे ही होर्मुज जलमार्ग पूरी तरह खुलता है और नौवहन के लिए सुरक्षित माना जाता है, सरकार फंसे भारतीय जहाजों को वापस लाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि नाकाबंदी के दौरान अमेरिकी नौसेना ने भारतीय चालक दल वाले तीन जहाजों को निशाना बनाया था, जिसमें तीन भारतीयों की मौत हो गई थी। ब्यूरो

### शेयर बाजार में रौनक

**करीब** साढ़े तीन महीने से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए ऐतिहासिक समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजारों ने राहत की सांस ली। होर्मुज जलमार्ग खुलने से दुनिया को से बड़ी राहत मिलेगी। इसका असर अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमतों में दिखा और उसमें 4 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा की तेज गिरावट दर्ज की गई। भारत समेत एशियाई शेयर बाजारों में सुबह से ही भारी तेजी देखी गई। निफ्टी 231 अंकों और सेंसेक्स 736 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। >> कारोबार


### ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी व इटली हटाएंगे प्रतिबंध

**ब्रिटेन,** फ्रांस, जर्मनी और इटली ने कहा कि वे ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार हैं। यह कदम ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कदमों के जवाब में उठाया जा रहा है। इन देशों के नेताओं ने साझा बयान में कहा, ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करना चाहिए। हम इसके लिए अमेरिका, ईरान व अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ काम करने को तैयार हैं। चीन ने भी समझौते का स्वागत किया।







# अमन की उम्मीद



**3,587** से अधिक भारतीय नाविकों की अब तक सुरक्षित वापसी


भारतीय नौवहन निदेशक ने कहा कि मंत्रालय अब तक 3,587 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी करा चुका है, जिनमें पिछले 96 घंटों में 50 नाविक शामिल हैं। भारत के सभी बंदरगाहों पर परिचालन सामान्य है और कहीं भी भीड़भाड़ या अवरोध की सूचना नहीं मिली है। देश के सभी बंदरगाहों पर परिचालन सामान्य है और किसी प्रकार की भीड़भाड़ नहीं है।

# हिजबुल्ला को सुरक्षा के लिए खतरा मान रहे इस्राइल का रुख समझौते में फंसा सकता है पेच

## अब यही कोशिश...शांति की राह में न आए कोई रुकावट, समझौते को बाध्यकारी मानने से इन्कार कर चुका है इस्राइल, इससे उठ रहे सवाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौते को शानदार डील बताया और ईरान ने भी संयमित प्रतिक्रिया के साथ साफ कर दिया कि शांति बहाली के प्रयासों को ईमानदारी से लागू करने के लिए तैयार है। लेकिन ईरान के खिलाफ सीधे तौर पर मोर्चा लेने वाले इस्राइल ने जिस तरह इस समझौते को अपने लिए बाध्यकारी मानने से इन्कार कर दिया है, उससे जिनेवा में होने वाले हस्ताक्षर से पहले ही इसके लागू होने को लेकर सवाल उठने लगे हैं, लेकिन सभी पक्षों की यही कोशिश करनी होगी कि शांति की राह में कोई रुकावट नहीं आए।

बहरहाल, अमेरिका-ईरान के बीच बनी सहमति को पश्चिम एशिया में स्थायी शांति बहाली की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम के भविष्य, होर्मुज में नाकेबंदी के कारण आपूर्ति शृंखला बाधित होने से पूरी दुनिया में मची उथल-पुथल रोकने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है। आइए एक नजर में यह जानने की कोशिश करते हैं कि समझौते से किसे क्या हासिल होगा और अगर यह उम्मीदों के मुताबिक लागू हो पाए तो क्या नतीजे सामने आएंगे।


### हितों पर आधारित सबकी अपनी-अपनी अपेक्षाएं

**अमेरिका :** ट्रंप किसी भी हाल में इस समझौते पर अमल होते देखना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने सहमति के करीब पहुंचने के बीच बेरुत पर इस्राइली हमलों की कड़ी आलोचना की और कहा कि हमले बंद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जंग रोकने का यह समझौता करने के लिए इस्राइल को अमेरिका का शुक्रगुजार होना चाहिए।

**ईरान :** ईरानी सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा कि सहमति के तहत लेबनान समेत सभी मोर्चों पर हमले बंद होने चाहिए। ईरान चाहता है कि लेबनान की जमीन पर इस्राइली कब्जा खत्म हो और उसकी सेना की वापसी हो जाए।

**इस्राइल :** तेल अवीव ने दो टूक कहा है कि वह लेबनान से हटने को तैयार नहीं है और समझौता उसके लिए बाध्यकारी नहीं है। इस्राइल किसी भी कीमत पर हिज्बुल्ला को बख्शने को तैयार नहीं क्योंकि उसका मानना है कि यह उसकी सुरक्षा और संप्रभुता के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

### दो चरणों में होगी समझौते पर बातचीत

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत दो चरणों में होगी। पहले 60 दिनों का एक अस्थायी ठहराव और फिर एक स्थायी समझौता। अगले 60 दिनों तक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद रखेगा और समझौता होने पर उसे सिर्फ गैर-सैन्य यानी शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए ही यूरेनियम संवर्धन की इजाजत होगी। 60 फीसदी संवर्धित यूरेनियम से इस मामले में आगे कुछ अड़चनें आ सकती है, क्योंकि बिजली बनाने के लिए सिर्फ 3% से 5% संवर्धित यूरेनियम की जरूरत होती है, जबकि हथियार बनाने के लिए यह 90% तक होना चाहिए। ईरान के पास अभी 440 किलोग्राम ऐसा यूरेनियम है जो 60% तक संवर्धित है, यानी वह परमाणु बम बनाने के बेहद करीब है। इस मौजूद स्टॉक का क्या किया जाए, यही इस बातचीत में सबसे पेचीदा मसला है।

### क्या ईरान को मिसाइलों पर लगाम लगानी होगी

फिलहाल तो बिल्कुल नहीं। यह बदलाव चौंकाने वाला है, क्योंकि युद्ध की शुरुआत के समय इसे लेकर ट्रंप का रुख बेहद आक्रामक था। उन्होंने कसम खाई थी कि ईरान का मिसाइल उद्योग पूरी तरह तबाह कर देंगे और लेबनान के हिजबुल्ला, गाजा के हमास और सीरिया-इराक के सशस्त्र गुटों जैसे ईरान के मददगार संगठनों का नामोनिशान मिटा देंगे।

■ अगर वॉशिंगटन ने हिजबुल्ला जैसे संगठनों को खत्म करने की कोई शर्त नहीं रखी है तो इसे ईरान की बड़ी जीत माना जा सकता है। इसका मतलब यह भी है कि ईरान का मिसाइल और ड्रोन नेटवर्क सुरक्षित रहेगा, जिससे वह भविष्य में इस्राइल और अमेरिका के सामने अपनी सैन्य ताकत का संतुलन बनाए रख सकेगा।

### होर्मुज जलमार्ग सबसे अहम

होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना इस समझौते का सबसे अहम हिस्सा है। युद्ध से पहले दुनिया के कुल तेल और एलएनजी की आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा इसी संकरे समुद्री रास्ते से होकर गुजरता था। इसे फिर से खोलना राष्ट्रपति ट्रंप की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक था। समझौते के मुताबिक, होर्मुज पर कोई शुल्क नहीं लगेगा, इसे तुरंत खोला जाएगा, अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी भी खत्म होगी। लेकिन जमीन पर व्यावसायिक जहाजों की सामान्य आवाजाही तुरंत सुरू होना संभव नजर नहीं आता है। सुरक्षा को लेकर शिपिंग कंपनियों का भरोसा बहाल होने में भी काफी समय लगेगा। यही नहीं, समुद्री सेवा शुल्क लेने की ईरान की शर्त को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

### ईरान पर पाबंदियों व जब्त संपत्तियों का क्या होगा

फिलहाल प्रतिबंधों से राहत मिलना तो मुमकिन नहीं है क्यों इस पर अगले चरण की बातचीत का सबसे बड़ा हिस्सा होने वाला है। ईरान के कच्चे तेल की बिक्री पर लगी पाबंदियों को अस्थायी रूप से हटाने की बात जरूर कही जा रही है।

■ वित्तीय क्षेत्रों पर लगे कड़े प्रतिबंधों पर अभी तक कोई स्थिति साफ नहीं हुई है। ट्रंप ने यह दावा भी किया है कि यदि ईरानी सरकार ने अपने देश में होने वाले सरकार-विरोधी प्रदर्शनों को हिंसा के दम पर दबाने की कोशिश की, तो प्रतिबंधों को हटाने का फैसला रोका जा सकता है। यूरोपीय देश इन प्रतिबंधों को हटाने पर कोई भी फैसला ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर होने वाले समझौते के आधार पर लेने के संकेत दे रहे हैं। ईरान की जब्त की गई संपत्तियों का क्या होगा, इस पर अभी तस्वीर स्पष्ट नहीं है।

■ मीडिया रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि इस पर सहमति बनी है कि बातचीत के इन 60 दिनों के भीतर ईरान की जब्त पड़ी 24 अरब (करीब 2 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति को रिलीज किया जाएगा। हालांकि, ईरान ये संपत्तियां मिलने तक अंतिम दौर की बातचीत करने को तैयार नहीं है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर होगा बड़ा असर

दुनियाभर के जहाजों, अपने इंजन चालू करो। तेल को बहने दो...ट्रंप ने जितने उत्साह के साथ यह सोशल मीडिया पोस्ट किया था, दुनियाभर के बाजारों ने भी उतनी ही सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। कच्चे तेल के दामों में गिरावट आई और शेयर बाजार में भी उछाल का रुख देखा गया।

■ तेल की कीमतों में इस गिरावट से दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है जो अब तक युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई से चिंतित थे। समुद्री रास्तों में रुकावट, आपूर्ति शृंखला की दिक्कतें और खाड़ी देशों के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को जो नुकसान पहुंचा है, उसका असर आने वाले कई महीनों तक वैश्विक बाजार पर दिखेगा।

■ युद्ध की आग थम भले ही जाए लेकिन कतर, सऊदी अरब और कुवैत सहित कई खाड़ी देशों में तेल और गैस के उत्पादन केंद्रों को ढांचागत स्तर पर जितना नुकसान पहुंचा है, उसे फिर से पटरी पर लाने में काफी वक्त लगेगा।

### बातचीत में इनकी रही अहम भूमिका



**जेडी वेंस**

वेंस अमेरिका के उपराष्ट्रपति हैं। जब सैन्य टकराव चौथे महीने में पहुंचा, तो उन्होंने वाशिंगटन के बातचीत के रुख को तय करने में मदद की। अप्रैल की शुरुआत में इस्लामाबाद में ईरान के साथ हुई लंबी बातचीत में उन्होंने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।



**अब्बास अराघची**

अमेरिका के साथ टकराव के दौरान ईरानी विदेश मंत्री देश की विदेश नीति से जुड़े मामलों में सबसे प्रभावशाली आवाजों में से एक बनकर उभरे। अराघची ने वैश्विक ताकतों, पड़ोसी देशों के साथ ईरान के संबंध संभालने में अहम भूमिका निभाई है।




**स्टीव विटकॉफ :** पश्चिम एशिया के लिए ट्रंप के विशेष दूत और मुख्य प्रतिनिधि विटकॉफ ने ईरानी प्रतिनिधियों के साथ बैक-चैनल बातचीत में अमेरिकी टीम का नेतृत्व किया है। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच की दूरियों को कम करने के लिए पाकिस्तानी मध्यस्थों के साथ मिलकर शांति समझौते को अंतिम रूप देने में अहम भूमिका निभाई है।

**आसिम मुनीर**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने इस्लामाबाद की मध्यस्थता की कोशिशों को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधियों के साथ पर्दे के पीछे की मुनीर की बातचीत को ही शांति वार्ता में अहम माना जाता है।


**शहबाज शरीफ**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने अमेरिका-ईरान बातचीत में मध्यस्थ की अहम भूमिका निभाई। अप्रैल में उन्हीं की अगुवाई में पाकिस्तान ने 47 साल में अमेरिका और ईरान के बीच पहली सीधी बातचीत की मेजबानी की थी।



**जेरेड कुशनर**

राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद और व्हाइट हाउस के पूर्व सलाहकार अमेरिकी व्यापक कूटनीतिक कोशिशों का हिस्सा रहे हैं। कुशनर ने ईरान से वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए विटकॉफ और वेंस के साथ काम किया।



**मोहम्मद बघेर गालीबाफ**

ईरान की संसद के अध्यक्ष ने अमेरिका के साथ शांति वार्ता में प्रमुख भूमिका निभाई। अप्रैल की शुरुआत में इस्लामाबाद में दशकों के बाद अमेरिका के साथ हुई पहली सीधी वार्ता में वह ईरान के मुख्य वार्ताकार थे।

## होर्मुज में बारूदी सुरंगों का खतरा, आवाजाही सामान्य होने में लग सकते हैं 50 दिन से ज्यादा

### ■ ईरान युद्ध खत्म होने के बाद भी तुरंत सस्ता नहीं होगा तेल और गैस

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

**लंदन/न्यूयॉर्क।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर शुरुआती सहमति बनने के बावजूद दुनिया के इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर जहाजों की सामान्य आवाजाही बहाल होने में अभी कई सप्ताह लग सकते हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों ने बताया कि क्षेत्र को समुद्री सुरंगों (माइंस) से पूरी तरह सुरक्षित बनाने में 40 से 50 दिन तक का समय लग सकता है। इसके चलते कच्चे तेल और पेट्रोल की कीमतें तुरंत सामान्य नहीं होंगी। ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह बहाल होने में कई महीने लग सकते हैं।

पश्चिमी देशों के समुद्री सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, पारंपरिक माइंसवीपर जहाजों और आधुनिक अंडरवाटर ड्रोन की मदद से होर्मुज में सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद ही बीमा कंपनियां, शिपिंग कंपनियां और तेल कारोबारी इस मार्ग से जहाज भेजने को लेकर आश्वस्त हो सकेंगे। इस देरी के कारण करोड़ों बैरल तेल की आपूर्ति प्रभावित रह सकती है। 28 फरवरी को ईरान हमले के बाद से खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात बाधित है। फारस की खाड़ी में कच्चे तेल से भरे कई जहाज अब भी फंसे हुए हैं। एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी के ईंधन और रिफाइनिंग रिसर्च प्रमुख डेनियल इवांस ने बताया कि कंपनियों को संचालन दोबारा शुरू करने, बीमा व्यवस्था बहाल करने और कर्मचारियों को सुरक्षित माहौल में काम पर लौटाने में समय लगेगा। फंसे हुए जहाजों को सुरक्षित रूप से बाहर निकलना होगा, फिर नए टैंकर तेल लोड करने के लिए पहुंचेंगे। इसके बाद तेल को विभिन्न देशों तक पहुंचाने, रिफाइनरी में प्रॉसेस करने और बाजारों तक भेजने की प्रक्रिया में भी कई सप्ताह से लेकर महीनों का समय लग सकता है। अमेरिका के ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेल भंडार साल 2003 के बाद सबसे निचले स्तर की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाला हर बैरल तेल महत्वपूर्ण है।

#### शिपिंग कंपनियां बरत रहीं सावधानी

शिपिंग संगठन बीआईएमसीओ के सुरक्षा प्रमुख जैकब लार्सन ने कहा कि फिलहाल जहाजों का आवागमन शुरू करना जोखिम भरा है। समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों का खतरा अब भी बना हुआ है और सुरक्षित मार्गों की पहचान जरूरी है।अमेरिकी सेना ने बताया कि होर्मुज को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती।

**समझौते के बाद तेल कीमतों में गिरावट :** ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौते की घोषणा के बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। कच्चा तेल 3.45 डॉलर गिरकर 83.89 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी क्रूड 4.03 डॉलर घटकर 80.85 डॉलर प्रति बैरल रह गया। हालांकि, ये कीमतें अब भी युद्ध शुरू होने से पहले के लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से काफी ऊपर हैं। विश्लेषण कंपनी वुड मैकेंजी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एलन गेल्डर ने कहा कि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देश अपेक्षाकृत जल्दी उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

### ईरान से परमाणु ईंधन निकालने की जल्दी नहीं, मलबे के नीचे दबा है ज्यादातर हिस्सा

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, उन्हें बम बनाने योग्य ईंधन को ईरान के भूमिगत ठिकानों से निकालने की कोई जल्दी नहीं है, जहां इसका ज्यादातर हिस्सा एक साल पहले अमेरिका की ओर से नतान्ज, फोर्डो और इस्फहान, सभी प्रमुख परमाणु केंद्रों पर बम गिराए जाने के बाद दबा हुआ है। उन्होंने कहा, अमेरिका समय के साथ ईरान के साथ मिलकर संवर्धित परमाणु सामग्री को निकालेगा और उसे नष्ट कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा, ईरान पर मिसाइल हमलों और बमबारी ने ही फर्क पैदा किया। उन्होंने कहा, वे तीसरा हमला नहीं चाहते थे। उन्हें अपनी जान की परवाह है। ट्रंप ने कहा, असल बात यह है कि हमारे हमलों का इस समझौते पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। अमेरिका ईरान के साथ मिलकर उसके पास मौजूद 12 टन संवर्धित परमाणु ईंधन को निकालने, उसका निम्नीकरण करने और उसे हटाने का काम करेगा। ओबामा समझौते के तहत, देश के भंडार का 97 प्रतिशत हिस्सा रूस को भेज दिया गया था। एजेंसी

## परमाणु मुद्दे से कहीं ज्यादा स्थायी तौर पर जंग रोकने की अग्निपरीक्षा होगी 60 दिन की अवधि

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते का जो ढांचा तय हुआ है, उसको पश्चिम एशिया में स्थायी शांति बहाली की कसौटी पर परखने के लिए 60 दिन की अवधि तय की गई है। यहां तक पहुंचने के लिए अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर अपने रुख को काफी नरम किया है। ईरान पर समझौते के लिए सबसे पहले परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह बंद करने की शर्त नहीं थोपी गई है। बल्कि बातचीत के लिए उसे पूरा समय दिया। जाहिर तौर पर पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट बीच ईरान का परमाणु कार्यक्रम एक बड़ा मुद्दा रहा है। लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि समझौते से पुख्ता समाधान तक पहुंचने के लिए तय की गई 60 दिन की अवधि परमाणु मुद्दे से कहीं ज्यादा जंग को स्थायी रूप से रोकने की अग्निपरीक्षा है। अगले दो महीनों में तय होगा कि अमेरिका और ईरान के बीच परस्पर भरोसा कितना मजबूत होता है। समझौता मानने से इन्कार कर चुका इस्राइल आगे क्या रुख अपनाता है। बम, ड्रोन और मिसाइलों के इस्तेमाल में कितना संयम बरता जाता है, और समझौते की शर्तों का कितनी शिद्दत से पालन किया जाता है, क्योंकि यही पश्चिम एशिया में शांति की राह तय करने में निर्णायक साबित होगा। एजेंसी



#### चार बातों पर टिका समाधान

■ इस्राइल की आक्रामक कार्रवाइयों पर अमेरिका किस हद तक नियंत्रण रख पाता है। ■ अमेरिकी नौसेना ईरानी समुद्री क्षेत्र के पास अपनी नाकेबंदी कितनी तेजी से हटाती है। ■ अमेरिका और उसके अरब सहयोगी ईरान के फंड को कितनी जल्दी जारी करते हैं। ■ क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य वापसी का दायरा कितना बड़ा और वास्तविक होता है।

**परमाणु मुद्दे पर ईरान का पलड़ा भारी :** यह बात काफी हद तक साफ हो चुकी है कि अमेरिका-इस्राइल युद्ध अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा। इसके विपरीत, ईरान अभूतपूर्व भू-राजनीतिक फायदा उठाने में सफल रहा। परमाणु वार्ता पर उसकी स्थिति मजबूत हुई है। यह समझौता परमाणु मुद्दे को युद्ध से पहले (27 फरवरी की स्थिति) की स्थिति पर छोड़ देता है। युद्ध से पहले अमेरिका के पास ईरान पर दबाव बनाने के दो मुख्य साधन थे। कड़े आर्थिक प्रतिबंध, जिन्होंने ईरान को वैश्विक अर्थव्यवस्था से अलग-थलग कर दिया था और परमाणु ठिकानों को नेस्तनाबूद करना। जून 2025 में ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान नातंज, इस्फहान और फोर्डो में ईरान के परमाणु केंद्रों को भारी नुकसान पहुंचाना इसका प्रमाण है।

■ ईरान ने इस पूरी जंग के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपने नियंत्रण के जरिये अमेरिका के दबाव को काफी कम कर दिया। उसने अमेरिकी सहयोगियों के सैन्य और ऊर्जा ठिकानों को जमकर नुकसान पहुंचाया। ईरान ने अमेरिका-इस्राइल के मुकाबले दोगुने ठिकानों को तबाह करके अपनी ताकत साबित की है।

### पूरी दुनिया ने किया सहमति का स्वागत स्थिरता के लिए बताया बड़ी कामयाबी

**स्थायी समाधान के रूप में काम करे समझौता : रूस**

रूस ने अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव समाप्त करने और शांति बहाल करने हेतु हुए समझौते का स्वागत किया है। रूसी विदेश रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ने इस राजनयिक सफलता को एक महत्वपूर्ण कदम माना है। रूस ने इस बात पर जोर दिया है कि यह समझौता एक दीर्घकालिक और स्थायी समाधान के रूप में काम करे।

**चीन ने होर्मुज के जल्द खुलने की जताई उम्मीद**

चीन ने संघर्ष खत्म करने के लिए समझौते पर सहमति का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि योजनाबद्ध तरीके से समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, चीन को उम्मीद है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही जल्द से जल्द बहाल हो जाएगी और यह प्रक्रिया अब स्थायी होगी।

**होर्मुज में जहाजों की होगी निर्बाध आवाजाही : जापान**

जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने समझौते पर सहमति का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इसे ठीक से लागू किया जाएगा। ताकाइची ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। ईरान के परमाणु मुद्दे पर भी जल्द से जल्द कोई अंतिम समझौता हो जाएगा।

**यह बड़ी राजनयिक उपलब्धि : जर्मनी**

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने भी समझौते पर सहमति को एक बड़ी राजनयिक उपलब्धि बताया, जिसका दुनियाभर में असर पड़ेगा। मर्ज ने कहा, मैं अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते का स्वागत करता हूं और इस राजनयिक सफलता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप और ईरानी पक्ष को बधाई देता हूं। इससे एक नई ऊर्जा वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त होगा।

**समझौते को जल्द लागू करें दोनों पक्ष : फ्रांस**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दोनों पक्षों से समझौते को जल्द से लागू करने की अपील की और होर्मुज को फिर से खोलने के महत्व पर जोर दिया। मैक्रों ने कहा, इस समझौते से होर्मुज को तुरंत और बिना किसी शर्त के फिर से खोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम समुद्री यातायात को बहाल करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

**कतर ने अंतरराष्ट्रीय पक्षों की भूमिका को सराहा**

कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने इस सहमति को बनाने में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय पक्षों की भूमिका की सराहना की। साथ ही, उम्मीद जताई कि भविष्य की बातचीत सकारात्मक और रचनात्मक भावना के साथ होगी।

**शांति व सुरक्षा का बनेगा स्थायी माहौल : तुर्किये**

तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एर्दोगन ने कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि यह खबर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा का स्थायी माहौल बनाने का रास्ता साफ करेगी। उन्होंने उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने की चेतावनी भी दी और राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान, कतर और सऊदी अरब का धन्यवाद किया।

**स्थायी शांति के लिए यूएन मदद को तैयार : गुटेरस**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने शांति समझौते की घोषणा का स्वागत किया और इसे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। महासचिव ने समझौते को अमली जामा पहनाने में सहयोग देने के लिए पाकिस्तान, कतर, मिस्र, सऊदी अरब, तुर्किये और अन्य क्षेत्रीय देशों की रचनात्मक भूमिका की सराहना करते हुए उनके प्रति गहरा आभार जताया।

**शांति के लिए योगदान को तैयार ईयू :** यूरोपीय संघ (ईयू) की नेता उर्सुला वॉन डेर लेयन और एंटोनियो कोस्टा ने सभी पक्षों से समझौते को जल्द और पूरी तरह से लागू करने की अपील की। उन्होंने समुद्र में निर्बाध आवाजाही को फिर से बहाल करने की मांग की और इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी बताया।

## ट्रंप का दावा-समझौते के बाद होर्मुज स्थायी रुप से टोल-मुक्त रहेगा

### कहा-इस्राइल को परमाणु विनाश से बचाया, जिनपिंग-पुतिन की तारीफ की, अंतिम परमाणु समझौता न होने पर फिर से हमले की धमकी भी

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया कि ईरान से समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य स्थायी रूप से टोल-मुक्त हो जाएगा। यानी यहां से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। उन्होंने दावा किया, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपत्तियों के बावजूद, उन्होंने इस्राइल को परमाणु विनाश से बचा लिया है।

ट्रंप ने यह भी कहा, ईरान यदि अमेरिका के साथ अंतिम परमाणु समझौते पर नहीं पहुंचता है, तो वह तेहरान पर सैन्य हमले फिर शुरू कर देंगे या क्षेत्र के राजस्व के 20 प्रतिशत के बदले में अमेरिका को पश्चिम एशिया का संरक्षक बना देंगे। ट्रंप ने दावा किया, फरवरी के अंत में ईरान पर हमला करने के उनके निर्णय, और ईरान के होर्मुज को बंद करने के बाद उसके बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी ने पश्चिम एशिया को अमेरिका के पक्ष में बदल दिया है। उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की समझौते में सहायता करने, या कम से कम होर्मजु की नाकाबंदी में हस्तक्षेप न करने के लिए प्रशंसा की। ट्रंप ने कहा, जिनपिंग सच्चे सज्जन व्यक्ति हैं। उन्होंने नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश में एक टैंकर और उसके दोनों ओर 20 विध्वंसक पोत नहीं भेजे, ऐसा करने से चीनी और अमेरिकी नौसेनाओं के बीच संघर्ष हो सकता था।

#### नेतन्याहू से खफा

ट्रंप ने अंतिम समझौते को लगभग पटरी से उतारने वाले हमलों के लिए इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की कड़ी आलोचना की। ट्रंप ने नेतन्याहू को बेहद कठोर व्यक्ति करार दिया। कहा, सच कहूं, तो उन्हें हमारा बहुत आभारी होना चाहिए। अगर ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो इस्राइल दो घंटे भी अस्तित्व में नहीं होता। ट्रंप का यह दावा कि अमेरिका, यदि जरूरी हुआ, तो पश्चिम एशिया के लिए पुलिस बल बन जाएगा। यह पूरी तरह से ट्रंप के विशिष्ट अंदाज वाला, कदम होगा।



**15 वर्षों के लिए संवर्धन निलंबन संभव**

ईरान 15 वर्षों के लिए संवर्धन निलंबित कर सकता है। ट्रंप ने नए समझौते की तुलना राष्ट्रपति बराक ओबामा और ईरान के नेतृत्व के बीच 2015 में हुए समझौते से की। यह दावा किया कि उनका समझौता सुनिश्चित करेगा कि ईरान परमाणु हथियार विकसित या खरीद नहीं सकता।

#### ट्रंप का बदला लहजा

ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई समते वर्तमान नेतृत्व को व्यावहारिक बताया। यह उनके उस लहजे से बिलकुल अलग था। उन्होंने युद्ध के पहले दिन अमेरिकी और इस्राइली बमबारी समाप्त होने के बाद ईरानी जनता से विद्रोह करने और अपनी सरकार पर कब्जा करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि ईरानी जनता के पास हथियार नहीं हैं और अगर उन्होंने ऐसा करने की कोशिश की, तो उनका नरसंहार कर दिया जाएगा।

6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
वर्ष 24 | अंक 67

# अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 16 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल-द्वितीया
विक्रम संवत-2083



SDGI GLOBAL UNIVERSITY (SGU)
GHAZIABAD (DELHI-NCR)
NEP-2020 BASED PROGRAMS
B.Tech (Hons.) | BCA 3 Years | BCA (Hons.) 4 Years | B.A. 3 Years | B.A. (Hons.) 4 Years
BBA 3 Years | BBA (Hons.) 4 Years | B.Com 3 Years | B.Com (Hons.) 4 Years
NO ENTRANCE DIRECT ADMISSION
Polytechnic D.Pharm, B.Ed.
B.Pharm, M.Pharm, B.A.LL.B. (Hons.), BBA.LL.B.(Hons.), LL.B., LL.M. (1 Year), B.Arch, B.Design (I.D.), BFA, D.Arch., M.U.R.P., B.Sc.(Hons.)-PCM/Biotech/Forensic Science/Agriculture, B.Sc.(Hons.)-H&HA, BPT, BMLT, MCA, MBA
NH-9, Delhi-Hapur Road, Ghaziabad, Delhi-NCR -201015, U.P | www.sgu.edu.in | 7840090830 | 1800 890 3280 | SUNDAY OPEN

## नया कारोबार बन गया आरटीआई एक्टिविज्म : सुप्रीम कोर्ट

### शीर्ष अदालत ने कहा-आरटीआई कार्यकर्ताओं के कारण सरकारी कामकाज में आ रही बाधा

**नई दिल्ली।** सड़क निर्माण परियोजना में भ्रष्टाचार उजागर करने का दावा करने वाले दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरटीआई एक्टिविज्म अब नया कारोबार बन गया है और इससे सरकारी अथॉरिटी के कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है।

जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने सुनवाई के दौरान आरटीआई कार्यकर्ता राकेश बहल और उसके सहयोगी के आचरण पर आपत्ति जताई। जस्टिस मेहता ने कहा, आरटीआई एक्टिविज्म नया कारोबार बन गया है। आरोपियों ने दावा किया, वे केंद्र सरकार की ओर से 57 करोड़ रुपये से वित्तपोषित सड़क परियोजना में कथित भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। इस पर पीठ ने कहा, निर्माण कार्य की निगरानी व अनियमितताओं की जांच सरकारी एजेंसियों का काम है।



**आप कोई बड़ी अथॉरिटी हैं**

*जस्टिस मेहता ने कहा, केंद्र सरकार ने फंड जारी किया है, वही सड़क बनाने का काम देखेगी। आप कोई नहीं हैं। इससे सहमत होते हुए जस्टिस बिश्नोई ने कहा, सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन हैं? क्या आप कोई बड़ी अथॉरिटी हैं?*

मामला पंजाब के बटाला सिटी थाने में दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। उसके अनुसार, बहल और एक अन्य आरोपी राजीव कुमार उर्फ मिंटू ने बटाला में चल रहे सड़क निर्माण में कथित तौर पर बाधा डाली। उस व्यक्ति को धमकाया, जिसकी देखरेख में काम हो रहा था। मजदूरों को भी डराया-धमकाया। आरोप है कि एक आरोपी ने शिकायतकर्ता पर धारदार हथियार से हमला किया, जबकि दूसरे ने मारपीट की, जिससे कई चोटें आईं। उन पर सरकारी रिकॉर्ड छीनने का आरोप भी लगाया गया है।

आरोपियों ने दावा किया, भ्रष्टाचार की शिकायत करने के कारण उन्हें झूठे मामले में फंसाया है। हालांकि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही उनकी अग्रिम जमानत खारिज कर चुका था। हाईकोर्ट ने पाया था, शिकायतकर्ता को सात चोटें आईं, जिनमें एक गंभीर थी और हिरासत में पूछताछ जरूरी है। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। ब्यूरो

## तकनीकी आधार पर आवेदन खारिज करना गलत

### शीर्ष अदालत ने यूपी उच्च न्यायिक सेवा भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को दी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा भर्ती परीक्षा के उन अभ्यर्थियों को राहत दी है, जिनके आवेदन सक्षम अथॉरिटी के माध्यम से अग्रेषित न होने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे। अदालत ने ऐसे अभ्यर्थियों को आगामी मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी। हालांकि उनका परिणाम मामले के अंतिम निर्णय पर निर्भर करेगा।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहना की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने प्रारंभिक परीक्षा पास कर ली थी, पर एक व दो अगस्त को प्रस्तावित मुख्य परीक्षा के लिए उसकी उम्मीदवारी केवल इसलिए निरस्त कर दी गई क्योंकि आवेदन जिला न्यायाधीश या सक्षम अथॉरिटी के माध्यम से नहीं भेजा गया था।



**50 साल पुरानी प्रक्रियाएं**

*सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि यह 50 साल पुरानी प्रक्रियाएं हैं और हम आज भी उनका पालन कर रहे हैं। प्रतिस्पर्धी दुनिया में पहले परीक्षा का आयोजन किया जाता है, फिर मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार होते हैं। सत्यापन बाद में किया जा सकता है। इस तरह तकनीकी आधार पर आवेदन निरस्त करना उचित नहीं है।*

पीठ ने इस तरह की प्रक्रियात्मक शर्तों पर नाराजगी जताई। पीठ ने कहा, केवल तकनीकी कारणों से किसी अभ्यर्थी को अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने माना कि जिला न्यायाधीश के हस्ताक्षर न होने जैसे आधार पर उम्मीदवारी रद्द करना उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए याचिकाकर्ता और उसके जैसी स्थिति वाले अन्य अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी। ब्यूरो

# स्लोवाकिया अब भारत का बड़ा साझेदार रक्षा उत्पादन में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

### पीएम मोदी व स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की बैठक में 11 समझौतों पर हस्ताक्षर

**ब्रातिस्लावा।** भारत एवं स्लोवाकिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच सोमवार को हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में इस पर सहमति बनी। दोनों देशों के बीच इस दौरान पेशेवरों की आवाजाही, डिजिटल तकनीक और रक्षा क्षेत्र समेत 11 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें साझा रक्षा विकास और उत्पादन की दिशा में बढ़ने से जुड़े लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर शामिल है।

दोनों नेता भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने पर भी सहमत हुए। उम्मीद है कि इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध काफी मजबूत होंगे। पीएम मोदी यूरोप की अपनी एक सप्ताह की यात्रा के तहत अभी स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यूरोपीय देश की यह पहली यात्रा है।

पीएम मोदी ने कहा, हमने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी का दर्जा देने का फैसला किया है। यह हमारी साझा सोच, साझा प्राथमिकताओं और साझा भविष्य का प्रतीक है। इस व्यापक साझेदारी का मकसद आपसी संबंधों को नए स्तर पर ले जाना, मौजूदा सहयोग तंत्र को मजबूत करना और द्विपक्षीय व बहुपक्षीय स्तर पर सहयोग को और गहरा करने के नए रास्ते तलाशना है। मैंने और पीएम फिको ने संबंधों को नई दिशा देने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते में स्लोवाकिया के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री फिको का आभार जताया। उन्होंने कहा, हम इसे जल्द से जल्द लागू करने की दिशा में काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योगों, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। एजेंसी

>> वीजा प्रक्रिया होगी आसान : पेज 16



**पीएम मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च सम्मान**

पीएम मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (प्रथम श्रेणी) से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी को मिला यह 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

**सबसे लंबे समय तक निर्वाचित पीएम बने रहना चमत्कार : फिको**

फिको ने मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी और इस राजनीतिक उपलब्धि को राजनीतिक चमत्कार बताया। ब्रातिस्लावा में समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान के दौरान फिको ने पीएम मोदी की निरंतर लोकप्रियता व नेतृत्व की प्रशंसा की।

■ **स्लोवाकिया में पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ल्युकनिका एन्सेंबल समूह के कलाकारों ने भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर बेहतरीन प्रस्तुति दी।**

**भारत व ईयू एफटीए सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता**

प्रधानमंत्री फिको ने भारत-ईयू एफटीए को अब तक हुए सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों में से एक बताया। उन्होंने कहा, स्लोवाकिया इसे लागू करने के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम भी उठाएगा। स्लोवाकिया की अर्थव्यवस्था में ऑटोमोटिव सेक्टर के महत्व पर जोर देते हुए फिको ने कहा, हमारे देश में कारों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। यह उन क्षेत्रों में से एक है, जहां 10 प्रतिशत ड्यूटी पर समझौता हुआ है। इसलिए यह समझौता स्लोवाकिया के लिए फायदेमंद है।

■ **भरोसे व रणनीतिक तालमेल का सबूत रक्षा सहयोग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारा रक्षा सहयोग दोनों पक्षों में गहरे आपसी भरोसे और रणनीतिक तालमेल का सबूत है। दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग पर लेटर ऑफ इंटेंट को अंतिम रूप दिया। मोदी ने कहा कि इससे दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी।

## जहां हल चलाया, वहीं से भरी उड़ान



**नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने नोएडा हवाईअड्डे के लिए जमीन देने वाले किसानों का लखनऊ स्थित अपने आवास पर स्वागत किया।

### हवाईअड्डे के लिए जमीन देने वाले 170 किसान पहुंचे लखनऊ

**नोएडा/लखनऊ।** प्रदेश के विमानन इतिहास में सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले जेवर क्षेत्र के 170 किसानों ने इस नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए पहली यात्री उड़ान भरी। सोमवार से ही यहां से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हुई हैं।

लखनऊ जाने वाले यात्रियों में कई बुजुर्ग किसान व महिलाएं शामिल थीं। कई महिलाएं उसी जमीन पर बने एयरपोर्ट से हाथ में बोर्डिंग पास लिए उड़ान भरती नजर आईं, जहां कभी खेती होती थी। 99 फीसदी किसान पहली बार हवाई जहाज में बैठे थे। उन्होंने कहा, जिस जमीन पर हल चलाया था, वहीं से उन्हें उड़ान भरने का मौका मिला है। लखनऊ पहुंचने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किसानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। वहां अब कुबेर भी आना चाहते हैं। एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। अन्न-फल, मत्स्य, सब्जी पैदा करने वाला प्रदेश का किसान कार्गो से अपने उत्पादों को दुनिया में पहुंचाएगा। ब्यूरो

>> खुश हुए किसान : पेज 9

## तृणमूल की बागी सांसद काकोली एनसीपीआई की राष्ट्रीय अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के गुट ने जिस नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में अपना विलय किया है काकोली घोष दस्तीदार 31 मई को ही उसकी नई राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गई थीं। पार्टी की ओर से सोमवार को बताया गया कि उसने विलय की जानकारी निर्वाचन आयोग को दे दी है। काकोली घोष के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की जानकारी भी आयोग को दे दी गई है।

एनसीपीआई के सूत्रों ने बताया कि पार्टी की अध्यक्ष शिवली कुंडू ने 28 मई को प्राथमिक सदस्यता के साथ अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद, एनसीपीआई की राजनीतिक मामलों की समिति ने काकोली को अध्यक्ष चुना। हावड़ा निवासी वकील शिवली कुंडू समेत तीन लोगों ने एनसीपीआई की शुरुआत की थी। शिवली ने कहा, पार्टी बहुत बड़ी जगह जा रही है, यह सुनकर अच्छा लगा। ब्यूरो

## जयपुर : दीपके को दो युवकों ने मारे थप्पड़

### नीट पेपर लीक व बेरोजगारी के खिलाफ सीजेपी के विरोध के दौरान घटना

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके पर कुछ युवकों ने थप्पड़ बरसा दिए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना उस समय हुई, जब समर्थक दीपके को अपने कंधों पर उठाए हुए थे। पुलिस ने मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया है। आगे की जांच जारी है।

यह प्रदर्शन नीट पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर युवाओं की तरफ से आयोजित किया गया था। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जैसे ही दिपके कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, भीड़ में मौजूद कुछ युवकों ने उन पर हमला कर दिया। घटना के तुरंत बाद दीपके के समर्थकों ने आरोपियों को पकड़कर उनकी पिटाई कर दी, जिसके बाद पुलिस ने बीच-बचाव कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और भ्रष्टाचार व पेपर लीक के खिलाफ नारे लगाए। परीक्षा में अनियमितताओं और बेरोजगारी के खिलाफ इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन सीजेपी की ओर से किया गया था। एजेंसी



हमले के बाद समर्थकों ने अभिजीत दीपके को घेर लिया।

## संदिग्धों से पूछताछ, चढ़ावे का रिकॉर्ड कब्जे में लिया

### अयोध्या : जांच के लिए पहुंची एसआईटी, मंदिर परिसर का लिया जायजा

**अयोध्या।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने श्रीराम मंदिर के चढ़ावे के करोड़ों रुपये के गबन के मामले की तफ्तीश सोमवार से शुरू कर दी। मंदिर परिसर में बने ट्रस्ट के कार्यालय पहुंचकर एसआईटी ने चढ़ावे के रिकॉर्ड कब्जे में लिए। संदिग्धों से पूछताछ की और ट्रस्ट के पदाधिकारियों से बातचीत कर चढ़ावे की गिनती संबंधी प्रक्रिया समझी। देर शाम तक एसआईटी की तफ्तीश जारी रही।

राज्य सरकार ने बीते शनिवार को एसआईटी गठित की थी। एसआईटी में शामिल मंडलायुक्त लखनऊ विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज लखनऊ किरन एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन दोपहर करीब दो बजे अयोध्या पहुंचे। उन्होंने शहर के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद करीब 2:50 बजे वे मंदिर परिसर पहुंचे। वहां वे सीधे ट्रस्ट के दफ्तर के भीतर गए। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों से चढ़ावा संग्रह से लेकर गिनती तक की प्रक्रिया समझी। चढ़ावे के पूरे रिकॉर्ड कब्जे में लिए। यही नहीं, जिन संदिग्धों को पकड़ा गया है, उनसे भी पूछताछ की। ब्यूरो

>> कई पदाधिकारी घेरे में : पेज 12



जांच के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश करती एसआईटी।

**फुटेज देखे, खेल कैसे पकड़ा, यह भी जाना**

सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने घटना से संबंधित कई सीसीटीवी फुटेज देखे। उन्हें साक्ष्य के तौर पर कब्जे में भी लिया। इसके अलावा, यह भी जाना कि पूरा खेल किस तरह सामने आया। एसआईटी ने तमाम फुटेज मांगे हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों को भी बुलाया गया। एसआईटी ने उनसे भी जानकारी ली। खासकर यह पता किया कि उन्होंने किन कर्मियों को गिनती में लगा रखा था और उनकी भर्ती किस तरह की गई थी। उनका मुख्य कार्य क्या था। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी के कई सवालों के स्पष्ट जवाब ट्रस्ट के पदाधिकारी नहीं दे सके। कुछ ऐसे भी सवाल थे, जिनके जवाब न मिलना उन पर बड़े सवाल खड़े करता है।



# केंद्र व यूपी सरकार की प्राथमिकता

# महिला सशक्तीकरण



महिला सशक्तीकरण आज देश के विकास का प्रमुख आधार बन गया है। केंद्र और यूपी सरकार ने महिलाओं व बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा लखपति दीदी जैसी पहलें महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से सशक्त बना रही हैं। शिक्षा, रोजगार व स्वरोजगार के बढ़ते अवसरों ने महिलाओं के आत्मविश्वास एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। सुरक्षित और अनुकूल वातावरण में महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करते हुए समाज व राष्ट्र के विकास को नई दिशा प्रदान कर रही हैं।



## प्रगति पथ@12 वर्ष

विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

### प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना

देश भर में
4.28 करोड़ लाभार्थी
पहले बच्चे के जन्म पर 5,000 रुपये की नकद सहायता

उत्तर प्रदेश में
60 लाख माताएं लाभान्वित

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान

देश भर में
अभियान के तहत अब तक
78 प्रतिशत बेटियों को जागरूक किया गया

उत्तर प्रदेश में
3,47,788 गतिविधियों के माध्यम से 2.85 करोड़ से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

### सुकन्या समृद्धि योजना

देश भर में
4.50 करोड़ खाता खोल लाभान्वित किया गया

उत्तर प्रदेश में
27.37 लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित (मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना)







### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

देश भर में
10.33 करोड़ परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन

उत्तर प्रदेश में 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन
होली व दीपावली में प्रतिवर्ष 2 मुफ्त सिलेंडर की सौगात

### ड्रोन दीदी योजना

देश भर में
महिला समूहों को मुफ्त ड्रोन एवं प्रशिक्षण

उत्तर प्रदेश में
2,236 ड्रोन दीदी
457 ड्रोन दीदियों का प्रशिक्षण पूर्ण
114 स्वयं सहायता समूहों को नि:शुल्क ड्रोन वितरित

## महिला सशक्तीकरण की दिशा में यूपी सरकार के अनूठे प्रयास

- उत्तर प्रदेश में अब तक आवंटित 62 लाख से अधिक आवासों में अधिकांश महिलाओं के नाम पर
- उत्तर प्रदेश में अब तक 21 हजार से अधिक स्आर्टअप पंजीकृत, इनमें 50 प्रतिशत से ज्यादा स्टार्टअप महिलाओं के नाम पर
- लखपति दीदी योजना में उत्तर प्रदेश में 18.55 लाख महिलाएं लखपती दीदी बनीं
- उत्तर प्रदेश में अब तक 1.48 लाख महिला गन्ना किसान पंजीकृत, गन्ना बिक्री के लिए पर्चा निर्गत
- उत्तर प्रदेश में अब तक 1.06 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी
- स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अब तक 2,682 राशन की दुकानें महिलाओं को आवंटित
- प्रदेश में 39,885 बीसी सखी और 15,409 विद्युत सखी बैंकिंग व विद्युत बिल कलेक्शन कार्य में सक्रिय
- उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत पद आरक्षित, अब तक 44 हजार से अधिक महिलाएं पुलिस में



1 उत्तर प्रदेश
समृद्ध भारत का नंबर वन प्रदेश

### हेल्पलाइन

| 1090 | 1930 | 1076 | 112 | 1098 | 102 | 181 | 108 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वीमेन पावर लाइन | साइबर हेल्पलाइन | मुख्यमंत्री हेल्पलाइन | पुलिस आपातकालीन सेवा | चाइल्ड लाइन | स्वास्थ्य सेवा | महिला हेल्पलाइन | एंबुलेंस सेवा |

## विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

मीडिया सॉल्यूशन इनीशिएटिव



Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,786
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!





## आज के कार्यक्रम

**संगीत**

- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** शाम 7 बजे से द थिएटर में भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक शाम का आयोजन होगा।

**फिल्म**

- **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** शाम 06:30 बजे से सीडी देशमुख ऑडिटोरियम में फिल्म क्लब के अंतर्गत पूर्वोत्तर की झलक दिखाया जाएगा।

**सेमिनार**

- **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** सुबह 10 बजे से सेमिनार रूम 2 और 3 में भारत में पुलिस संगठनों में निचले स्तर के पदों पर महिला कर्मचारियों की मौजूदगी को लेकर सेमिनार आयोजित होगा।

**मुखौटे की प्रदर्शनी**

- **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र :** सुबह 10 बजे से साप्ताहिक मुखौटे की प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

**कला प्रदर्शनी**

- **बीकानेर गैलरी :** सुबह 11 बजे से मुख्य कला दीर्घा में इमर्जिंग विजन्स कला प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

# प्रमाणपत्रों को बनवाने में आधार की बाध्यता खत्म

### जाति, आय और निवास प्रमाणपत्र बनवाना होगा आसान, पुराना नियम हटने से अन्य पहचान पत्रों को भी मिलेगी मान्यता

आदित्य पाण्डेय

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जाति, आय, निवास और अन्य जरूरी सरकारी प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया अब पहले से अधिक आसान होने जा रही है। दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने केंद्र सरकार और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के नए आदेश को लागू कर दिया है।

किए गए बदलाव से प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया में आधार से जुड़ी कई कानूनी जटिलताएं खत्म हो जाएंगी। दरअसल, वर्ष 2022 में एक नियम लागू किया गया था, जिसके तहत सरकार की ओर से कम शुल्क पर जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्रों को एक तरह की सरकारी सहायता या सब्सिडी माना गया था।

#### दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने केंद्र सरकार के नए आदेश को किया लागू

इसके कारण आधार अधिनियम की धारा-7 के प्रावधान इन सेवाओं पर लागू हो गए थे और कई मामलों में आधार आधारित सत्यापन जरूरी हो गया था। इस व्यवस्था के चलते उन लोगों को परेशानी होती थी जिनके आधार में नाम, पता या अन्य विवरणों में त्रुटि होती थी। कई बार बायोमेट्रिक सत्यापन विफल होने, अंगूठे के निशान मेल न खाने या सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण प्रमाणपत्र जारी होने में देरी होती थी।

#### अब क्या बदला है

यूआईडीएआई ने 14 मई को जारी आदेश में वर्ष 2022 के उस प्रावधान को वापस ले लिया है, जिसमें प्रमाणपत्र जारी करने को सब्सिडी की श्रेणी में रखा गया था। अब सरकार इन प्रमाणपत्रों को वित्तीय लाभ या सरकारी सहायता नहीं मानेगी। इसका सीधा असर यह होगा कि आधार अधिनियम की धारा-7 के कड़े प्रावधान इन सेवाओं पर लागू नहीं होंगे।

#### दिल्ली में किसे मिलेगा लाभ

दिल्ली सरकार ने यह आदेश एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) और सभी सरकारी विभागों को भेज दिया है। अब इन संस्थाओं में प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने वाले लोगों को आधार आधारित सत्यापन की बाधाओं का सामना कम करना पड़ेगा।

#### ...तो आवेदन नहीं होगा खारिज

इस बदलाव का सबसे अधिक लाभ बुजुर्गों, छात्रों और उन लोगों को मिलेगा जिन्हें विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्तियों, प्रवेश प्रक्रियाओं या अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए बार-बार प्रमाणपत्र बनवाने पड़ते हैं। अब यदि किसी व्यक्ति के पास आधार नहीं है या उसका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, तो केवल इसी आधार पर उसका आवेदन खारिज नहीं किया जा सकेगा।

#### विकासपुरी में खुला आधार सेवा केंद्र, पश्चिमी दिल्ली के लोगों को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के लोगों को आधार संबंधी सेवाओं के लिए अब दूर-दराज के केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विकासपुरी में सोमवार को नए आधार सेवा केंद्र (एएसके) का उद्घाटन किया गया। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य, परिवहन एवं आईटी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। नए केंद्र के शुरू होने से विकासपुरी सहित पश्चिमी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को आधार नामांकन, पता परिवर्तन, अन्य विवरणों के संशोधन और बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। ब्यूरो






# सरकारी खरीद में मेक इन इंडिया को बढ़ावा

### 50 % से अधिक स्थानीय सामग्री वाले आपूर्तिकर्ताओं को मिलेगा फायदा

धनंजय मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के विभागों, नगर निकायों और स्वायत्त संस्थाओं की खरीद प्रक्रिया में अब स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं और सेवाओं को अधिक प्राथमिकता मिलेगी। केंद्र सरकार के संशोधित 'मेक इन इंडिया' सार्वजनिक खरीद आदेश को लागू करने के लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

दल्ली सरकार और उससे जुड़ी संस्थाएं हर साल हजारों करोड़ रुपये की सामग्री, उपकरणों और सेवाओं की खरीद करती हैं। संशोधित नियमों के अनुसार जिन क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय उत्पादन क्षमता और प्रतिस्पर्धा उपलब्ध है, वहां केवल 'क्लास-1 स्थानीय आपूर्तिकर्ता' ही निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। क्लास-1 स्थानीय आपूर्तिकर्ता वही माना जाएगा, जिसके उत्पाद या सेवा में कम से कम 50 प्रतिशत स्थानीय सामग्री शामिल हो। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य की खरीद के लिए सामान्य परिस्थितियों में वैश्विक निविदा जारी नहीं की जाएगी। इसका उद्देश्य घरेलू उद्योगों को अधिक अवसर देना है।

#### 200 करोड़ रुपये तक की खरीद में सामान्यत: विदेशी निविदाओं पर रोक

#### स्थानीय उद्योग और रोजगार को मिलेगा सहारा

राजधानी में शहरी विकास से जुड़ी बड़ी संख्या में सरकारी निविदाएं जारी होती हैं। ऐसे में यह फैसला केवल खरीद नियमों में बदलाव नहीं, बल्कि सरकारी खर्च को भारतीय उद्योगों, स्थानीय उत्पादन और रोजगार से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इससे घरेलू विनिर्माण, आपूर्ति व्यवस्था और रोजगार के अवसरों को मजबूती मिलेगी।

#### पैकिंग बदलने भर से नहीं कहलाएंगे स्थानीय उत्पाद

विदेश से आयातित वस्तुओं को केवल नया लेबल लगाकर, नई पैकिंग करके या मामूली सुधार कर स्थानीय उत्पाद नहीं माना जाएगा। कंपनियों को यह स्पष्ट बताना होगा कि उनके उत्पाद में कितनी स्थानीय और कितनी आयातित सामग्री शामिल है। सरकारी एजेंसियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निविदा में भाग लेने वाली कंपनियां विदेशी पुर्जों, तकनीकी शुल्क और लाइसेंस शुल्क से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। स्थानीय सामग्री के बारे में गलत दावा करने पर अनुबंध मूल्य का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

# हर घर पहुंचेगा वृक्ष रथ 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 22 जून से मेगा पौधरोपण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने मंत्रिमंडल के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे जनभागीदारी आधारित हरित अभियान बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, स्कूलों, कॉलेजों और आम नागरिकों को इसमें शामिल किया जाएगा। अभियान से जुड़ने वालों को 'पर्यावरण रक्षक' का ई-प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

नागरिकों तक मुफ्त पौधे पहुंचाने के लिए वृक्ष रथ कॉलोनियों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर भेजे जाएंगे। दूसरे चरण में जुलाई के पहले सप्ताह में दिल्ली रिज क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में करीब 2.5 लाख पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह अभियान दिल्ली को अधिक हरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। ब्यूरो


सीएम ने की समीक्षा। - अमर उजाला

**ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल से होगी अभियान की निगरानी :** अभियान की निगरानी के लिए ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से नागरिक पौधरोपण के लिए पंजीकरण, स्लॉट बुकिंग और पौधों की जियो-टैग्ड तस्वीरें अपलोड कर सकेंगे। सभी पौधों को डिजिटल हरित मानचित्र पर दर्ज किया जाएगा।

**एमसीडी की अवैध निर्माणों पर कार्रवाई जारी, 14 संपत्तियां ध्वस्त :** नई दिल्ली दिल्ली में अवैध निर्माणों के खिलाफ एमसीडी की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को विभिन्न जोनों में 14 अवैध संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया, जबकि 25 संपत्तियों को सील किया गया। इसके अलावा अवैध निर्माण और सीलिंग से जुड़े 41 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। एमसीडी के अनुसार 15 जून तक कुल 217 संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण और 237 संपत्तियों पर सीलिंग की कार्रवाई हो चुकी है। अवैध निर्माण से जुड़े नोटिसों की संख्या बढ़कर 330 और सीलिंग नोटिस 151 हो गए हैं। ब्यूरो

## हरिद्वार के लिए दो दिन स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**नई दिल्ली।** सोमवती अमावस्या के मद्देनजर गंगा स्नान के लिए हरिद्वार गए और वहां से लौटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे ने दो अनारक्षित विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें 16 और 17 जून को हरिद्वार और दिल्ली के बीच चलाई जाएंगी। सभी डिब्बे साधारण श्रेणी के होंगे।

पहली स्पेशल ट्रेन संख्या 04386 हरिद्वार से दोपहर 12 बजे रवाना होकर शाम 4:40 बजे दिल्ली शाहदरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04385 दिल्ली शाहदरा से शाम 6:15 बजे चलकर रात 11:55 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। दूसरी स्पेशल ट्रेन संख्या 04388 हरिद्वार से शाम 7:45 बजे रवाना होकर रात 2 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04387 दिल्ली जंक्शन से सुबह 3:40 बजे चलकर सुबह 10 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। ब्यूरो

# बारिश और तेज हवा ने निकाली मौसम की गर्मी


शादीपुर मेट्रो स्टेशन के पास बारिश में निकलते लोग। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पिछले तीन दिनों से राजधानी में कड़ी धूप के बाद सोमवार सुबह बारिश और दोपहर में चली तेज हवाओं ने लोगों को गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह तक प्री मानसून की बारिश की संभावना नहीं है, ऐसे में 21 जून तक तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सोमवार को न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। यह सामान्य से .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर, सुबह से ही कड़ी धूप ने राजधानीवासियों को परेशान किया। दोपहर में मौसम ने करवट ली और बादल छा गए। इस दौरान लगभग 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। आंधी के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली और तापमान में कमी आई। दोपहर में अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी आई।

#### एक सप्ताह मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम में अधिक बदलाव नहीं होगा। कहीं-कहीं हल्के बादलों की आवाजाही रहेगी लेकिन, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होने से लोगों को गर्मी परेशान करेगी।

## सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)

प्लॉट नं. 15A, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075

**संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) प्रदान करने की योजना वर्ष 2026-27**

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्कृति से संबंधित प्रदर्शनकारी, दृश्यकला/रूपंकर व साहित्यिक कलाओं तथा नए क्षेत्रों में शोध उन्मुख परियोजनाओं के परिचालन हेतु कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अध्येतावृत्ति के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

कृपया ध्यान दें कि वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो दिनांक 15 जून, 2026 से प्रभावी होंगे। इस वर्ष प्रदान की जाने वाली कनिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या 200 तथा वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या भी 200 निर्धारित की गई है। योजना का विस्तृत विवरण, आवेदकों हेतु दिशा-निर्देश, पात्रता एवं शर्तें तथा आवेदन-पत्र का प्रारूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) की निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:-

**www.indiaculture.nic.in & www.ccrtindia.gov.in**

**आवेदन पत्र सिर्फ ऑफलाइन माध्यम द्वारा स्वीकार किये जायेंगे।**

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र को डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से सीसीआरटी, नई दिल्ली के उपर्युक्त पते पर जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है। **CbC 09127/11/0005/2627**

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर

**All India Institute of Medical Sciences, Gorakhpur**

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत निकाय)

(An autonomous organization under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India)

Website-https://aiimsgorakhpur.edu.in

**गैर-शैक्षणिक नियुक्तियां**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में निम्नलिखित **गैर-शैक्षणिक ग्रुप ए** पदों के लिए लागू अधिनियम/नियमों के तहत अनुमत भारतीय नागरिकों/अन्य नागरिकों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं | पद का नाम | समूह | वेतन स्तर (7वां वेतन आयोग) | रिक्तियों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | कुल रिक्तियां |
| 1. | बाल मनोवैज्ञानिक (Child Psychologist) | A | स्तर-10 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 2. | नैदानिक मनोवैज्ञानिक (Clinical Psychologist) | A | स्तर-10 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 3. | चिकित्सा अधिकारी (आयुष) (Medical Officer) (AYUSH) | A | स्तर-10 | 3 (आयुर्वेद -01, होम्योपैथी -01, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा -01) | - | - | - | - | 3 |

उपरोक्त रिक्तियां अनंतिम हैं और परिवर्तित की जा सकती हैं। कार्यकारी निदेशक, एम्स, गोरखपुर को पदों की संख्या या वर्ग में परिवर्तन भारत सरकार के नियमानुसार करने का अधिकार है।

**आवेदन पत्र, ब्रीफ़ और पावरपॉइंट संस्थान की वेबसाइट** www.aiimsgorakhpur.edu.in पर अपलोड किया गया है । उपरोक्त भर्तियों से सम्बंधित कोई भी सूचना एम्स गोरखपुर की वेबसाइट www.aiimsgorakhpur.edu.in पर उपलब्ध रहेगी।

Ref. No. AIIMS/GKP/Admin/2026-27/961
Date : 15.06.2026

एसडी/-
कार्यकारी निदेशक
एम्स गोरखपुर

## दिल्ली विकास प्राधिकरण

वी.नं. 04/2026/पीबी-I

**जांच अधिकारियों के पैनल में शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय जांच करने हेतु जांच अधिकारी के रूप में पैनल में शामिल होने की शर्तों को पूरा करने वाले ऐसे उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों से उप सचिव (7वें सीपीसी में वेतन स्तर 12) के पद से नीचे सेवानिवृत्त न हुए हों, या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और दिल्ली विकास प्राधिकरण में समकक्ष अधिकारी रहे हों।

पात्रता मानदंड और अन्य नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया डीडीए की वेबसाइट **www.dda.gov.in** (लिंक जॉब्स) देखें।

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **15.07.2026** है।

आयुक्त (कार्मिक)

हमें फॉलो करें: ddaofficial official_dda official_dda_

"कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टॉल फ्री नं 1800110332 डायल करें"

**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

## Maa Shakumbhari University, Saharanpur

(A State University, Uttar Pradesh)

**Recruitment Notice**

Date: 16/06/2026

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Professor | Advt. No- 02/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |
| 02 | Associate Professor | Advt. No- 03/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |
| 03 | Assistant Professor | Advt. No- 04/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |

Online Applications are invited on prescribed format to fillup posts of Professor, Associate Professor and Assistant Professor in different schools (Departments) of the University. Last date for submission of online forms is 16-07-2026 and Print out of the duly filled application along with all annexures should reach only by registered/speed post to the office of Registrar on or before 27-07-2026 till 05:00 PM

Note : For details, please visit the university website https://msuniversity.ac.in

Kamal Krishna
Registrar




भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एक नवरत्न श्रेणी का केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम है और रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है। बीईएल के, एनबीसीसी भवन, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली में स्थित, राष्ट्रीय विपणन कार्यालय को अपने क्षेत्रीय कार्यालय और उत्पाद सहायता प्रकोष्ठ के लिए कार्यकाल के आधार पर परियोजना अधिकारी–1 (वित्त) के पद के लिए अनुभवी पेशेवरों की आवश्यकता है। विवरण नीचे दिया गया हैं:

| पद | पद संख्या |
|---|---|
| परियोजना अधिकारी–1 (वित्त) | क्षेत्रीय कार्यालय–01<br>उत्पाद सहायता कार्यालय–01<br>(कुल–02) |

अधिक जानकारी के लिए कृपया **http://www.bel-india.in** पर CARRERS लिंक 1 देखे।

फोन: 011–61326017 | वरि. उप महाप्रबंधक (मा. सं.) दिल्ली कार्यालय

'हर एक काम देश के नाम'

## भारत सरकार
## शिक्षा मंत्रालय
## उच्चतर शिक्षा विभाग

### जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति

**जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति पद** के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के कारण कुलपति से निम्नलिखित अपेक्षित है:

- सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धता सम्पन्न व्यक्ति।
- एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, जो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष या प्रतिष्ठित अनुसंधान और/या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में शैक्षणिक नेतृत्व का प्रदर्शन करने के प्रमाण के साथ 10 वर्ष का अनुभव।
- इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की समापन तिथि पर 65 वर्ष की आयु से अधिक आयु का नहीं होना वांछनीय।

**वेतन और सेवा शर्ते**

- पद हेतु अन्य सामान्य भत्तों और 11250/- रुपए के विशेष भत्तों के साथ 2,10,000/- रुपए (नियत) प्रतिमाह का वेतन निर्धारित है।
- सेवाओं की निबंधन और शर्तें वह होंगी जो विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं संविधियों तथा अध्यादेशों में दी गई है।

**नियुक्ति हेतु प्रक्रिया**

- कुलपति की नियुक्ति विश्वविद्यालय के अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत गठित एक समिति द्वारा सिफ़ारिश किए गए नामों के एक पैनल में से की जाएगी।
- यह विज्ञापन वेबसाइट **https://dohe-education.gov.in** और **https://www.cujammu.ac.in** पर उपलब्ध है।

"केवल ऑनलाइन आवेदन करें"

उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक के अनुसार केवल शिक्षा मंत्रालय समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा:

**https://vcrec.samarth.ac.in/index.php/**

- उपरोक्त लिंक दिनांक 16.06.2026, 10:00 घंटे से दिनांक 15.07.2026, 17:00 घंटे तक सक्रिय होगा।

**CbC 21201/11/0006/2627**

# दुर्गा योजना : महिलाओं-ट्रांसजेंडरों को मिलेंगे 1100 ई-ऑटो परमिट

## 1000 परमिट महिलाओं और 100 ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आरक्षित, गुलाबी रंग के होंगे ई-ऑटो

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय को रोजगार से जोड़ने और परिवहन क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही 'दुर्गा' योजना शुरू करने जा रही है।

इस योजना के तहत राजधानी में 1100 इलेक्ट्रिक ऑटो परमिट जारी किए जाएंगे। इनमें 1000 परमिट महिलाओं और 100 परमिट ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आरक्षित होंगे। योजना का पूरा नाम 'ड्राइविंग अपलिफ्टमेंट एंड रोजगार फॉर वुमेन, ट्रांसजेंडर ग्रीन ई-ऑटो' (दुर्गा) है। योजना के तहत चलने वाले सभी ई-ऑटो गुलाबी रंग के होंगे। महिला और ट्रांसजेंडर चालक विशेष पहचान पत्र, जैकेट और कैप के साथ सेवाएं देंगी।

### ड्राइविंग प्रशिक्षण, सुरक्षा सुविधाएं और चार्जिंग नेटवर्क के साथ रोजगार को मिलेगा

सरकार का कहना है कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने के साथ उन्हें सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में नई पहचान देगी।

### ये कर सकेंगी आवेदन

योजना के लिए आवेदक की आयु 20 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय पांच लाख रुपये तक रखने का प्रस्ताव है। परिवार के पास पहले से कोई व्यावसायिक तिपहिया वाहन नहीं होना चाहिए और एक परिवार से केवल एक महिला आवेदन कर सकेगी। विवाहित महिला आवेदकों के बच्चों की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### चार्जिंग व पार्किंग सुविधाएं विकसित की जाएंगी

सुरक्षा के लिए ई-ऑटो पर महिला हेल्पलाइन और आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग लाभार्थियों को ड्राइविंग, सॉफ्ट स्किल्स और ग्राहक व्यवहार का प्रशिक्षण देगा। वहीं, डीएमआरसी, एनसीआरटीसी और रैपिड रेल स्टेशन क्षेत्रों में चार्जिंग सुविधाएं विकसित करेंगे, जबकि एमसीडी पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करेगी

### तीन वर्ष तक नहीं कर सकेंगी हस्तांतरण

योजना में तीन वर्ष की लॉक-इन अवधि रखी गई है, ताकि इसका दुरुपयोग न हो। इस दौरान वाहन का हस्तांतरण नहीं किया जा सकेगा। बाद में भी ई-ऑटो केवल किसी अन्य महिला या ट्रांसजेंडर को ही हस्तांतरित किया जा सकेगा।




# नशा तस्करी में शामिल होने से इन्कार पर सरिता ने दीपक की स्कूटी में लगवाई आग

## तुगलकाबाद अग्निकांड के तीनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पुलिस ने की पूछताछ

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद एक्सटेंशन अग्निकांड की जांच में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस पूछताछ में इस मामले के तार कथित नशा तस्करी और संगठित अपराध नेटवर्क से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। गिरफ्तार आरोपी निरंजन, उसके भाई राजकुमार और सरिता से सोमवार को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, निरंजन गिरोह का मुख्य संचालक है। पूछताछ में सामने आया कि निरंजन का छोटा भाई राजकुमार नशे से जुड़ी सामग्री उपलब्ध कराता था, जबकि सरिता नए लोगों से संपर्क कर उन्हें नेटवर्क से जोड़ने का काम करती थी। जांच में पता चला कि आरोपी एविल इंजेक्शन की वॉयल के साथ नींद की गोलियां चिपका कर गली-गली बिकवाते थे। इनके खरीदारों में नाबालिग से लेकर ई-रिक्शा चालक और ठेले-खोमचे वाले तक शामिल होते। यह भी पता चला है कि सरिता ने आग वाली इमारत में रहने वाले ओला बाइक चालक दीपक से जान-पहचान बढ़ाई थी और एविल इंजेक्शन की खेप दी थी।



तुगलकाबाद में इसी बिल्डिंग में लगी थी आग। फाइल

### गिरफ्तारों से पुलिस ने की पूछताछ, अहम जानकारियां सामने आई हैं

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दीपक और आरोपियों के बीच नशे से जुड़ी सामग्री को लेकर विवाद पैदा हो गया था। आरोप है कि दीपक ने गतिविधियों में शामिल होने से इन्कार कर दिया था, जिसके बाद उसे सबक सिखाने की योजना बनाई गई।

जांच एजेंसियां इस बात की पड़ताल कर रही हैं कि क्या इसी विवाद के चलते दीपक की स्कूटी को निशाना बनाने की साजिश रची गई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर स्कूटी में आग लगाने की साजिश रची थी, लेकिन आग तेजी से फैलकर पार्किंग में खड़े अन्य वाहनों और फिर पूरी इमारत तक पहुंच गई। इस भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी।

### तीन आरोपी दो दिन की रिमांड पर

दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को अदालत ने दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। एक नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच अब केवल आगजनी तक सीमित नहीं है। आरोपियों के संभावित नशा तस्करी नेटवर्क, आपराधिक गतिविधियों और क्षेत्र में उनके संपर्कों की भी गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा उनकी भूमिका क्या थी। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे की जांच जारी है।

### निरंजन की पुलिस में है गहरी पैठ

कालकाजी, गोविंदपुरी, ओखला व तुगलकाबाद इलाके में नशे का कारोबार चलाने वाले गिरोह के सरगना निरंजन की स्थानीय पुलिसकर्मियों के बीच गहरी पैठ है। वह पिछले दो-तीन साल में तीन बार जेल गया और जल्द ही जेल



चला गया। एक बार देशबंधु कॉलेज के सामने झुग्गी बस्ती में गोली चलाने, विरोधी गैंग के सरगना दिनेश पहाड़ी को फंसाने के लिए खुद पर गोली चलवाने और गोविंदपुरी में पुलिस बूथ के पास फायरिंग करने के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस बूथ के बगल में फायरिंग मामले में तत्कालीन गोविंदपुरी थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया था।

# 15 हजार दिल्लीवासियों ने मिलकर यमुना से निकाला 116.6 टन कचरा

**नई दिल्ली।** यमुना को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को चलाए गए 'मां यमुना तट स्वच्छता अभियान' में 15 हजार से अधिक नागरिकों, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया।

राजधानी के विभिन्न हिस्सों में यमुना तटों और घाटों पर हुए इस व्यापक अभियान के दौरान 116.6 मीट्रिक टन कचरा हटाया गया। इसके साथ ही लोगों ने यमुना को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

अभियान के तहत यमुना घाटों, नदी के किनारों, संपर्क मार्गों और आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर बड़े स्तर पर सफाई की गई। आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए), सामाजिक संगठनों, छात्र समूहों और स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान कर न केवल सफाई अभियान में हिस्सा लिया, बल्कि लोगों को स्वच्छता और नदी संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया।

### 28 घाटों पर एक साथ चला सफाई अभियान, नागरिकों संगठनों ने किया श्रमदान

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी अभियान की विशेषता रही।जल एवं सिंचाई मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को कहा कि यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की आस्था, संस्कृति और जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक यमुना की सफाई पर चर्चा होती रही, लेकिन अब इसे जनभागीदारी के माध्यम से एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। ब्यूरो

### द्वारका में प्रॉपर्टी टैक्स कैंप आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) 16 जून को द्वारका सेक्टर-6 स्थित यूनिक इंश्योरेंस सीजीएचएस सोसायटी में प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन कैंप लगाएगा। कैंप दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। ब्यूरो




# 24 साल पुराने हत्याकांड में पत्नी और प्रेमी की उम्रकैद बरकरार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मोलरबंद एक्सटेंशन में वर्ष 2002 में हुए इंदर कुमार सिंह हत्याकांड में दिल्ली हाईकोर्ट ने पत्नी मीरा और उसके कथित प्रेमी अजय सिंह की अपील खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रविंदर दुदेजा की खंडपीठ ने दोनों की धारा 302/34 आईपीसी के तहत दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी। दोनों की सजा 2007 में निलंबित कर दी गई थी, इसलिए अब उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

अभियोजन के अनुसार 17 अक्टूबर 2002 को इंदर कुमार सिंह का शव उनके घर में खाट पर मिला था। पोस्टमॉर्टम से गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। जांच में मीरा और किरायेदार अजय सिंह के बीच अवैध संबंधों का खुलासा हुआ, जिसे हत्या का मकसद माना गया। अदालत ने लास्ट सीन थ्योरी, अवैध संबंध, घटना के बाद दोनों के फरार होने और लगातार संपर्क में रहने को महत्वपूर्ण साक्ष्य माना। ब्यूरो

Unleashing Values

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड/ IREL (India) Limited

Formerly Indian Rare Earths Limited.

(भारत सरकार का उपक्रम)

(A Government of India Undertaking)

CIN: U15100MH1950GOI008187 Website: www.irel.co.in

ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 & ISO 45001: 2018 Company

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Ref: ADVT.No. 26-27/06 | निविदा सूचना/TENDER NOTICE | Date: 04/06/2026

आईआरईएल, ऑसकॉम निम्नलिखित मदों/जॉब विवरण के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध आमंत्रित करता है।
IREL, OSCOM invites request for proposal for the following items / job descriptions.

| बिड सं/Bid No. | जॉब/मद विवरण/Job/Item Description |
|---|---|
| GEM/2026/B/7591790 | Engagement of EPCM consultant for Debottlenecking of TSP and RECL circuit of REEP Plant at OSCOM. |
| GEM/2026/B/7539151 | Supply of Caustic Soda Lye. |

बोलीदाता निविदा दस्तावेज http://irel.co.in, http://gem.gov.in या https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड कर सकते हैं। उपरोक्त निविदाओं का कोई भी शुद्धिपत्र/विस्तार केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही होस्ट किया जाएगा ।

Bidder may download tender document from http://irel.co.in, http://gem.gov.in, https://etenders.gov.in or https://eprocure.gov.in/eprocure/app. Any corrigendum / Extension to above tenders shall be hosted in above websites only.

ह./Sd/-

महाप्रबंधक एवं प्रधान, ऑसकॉम/GM & HEAD, OSCOM

cbc 48146/11/0007/2627

विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)
तथा गुरू तेग बहादुर अस्पताल, दिल्ली - 110095
टेली. 22582972-4 एक्टे. 1405, फैक्स : 0091-11-22590495

**मल्टी-डिसीप्लीनरी रिसर्च यूनिट**

यूसीएमएस/एमआरयू /2026-27/280 दिनांक : 11.06.2026

**रिक्ति सूचना**

एतद्द्वारा आरंभ में एक वर्ष की अवधि हेतु और जिसे प्रोजेक्ट की निरंतरता तथा उम्मीदवार के कार्य निष्पादन के तहत आगे बढ़ाया जा सकता है और मल्टी-डिसीप्लीनरी रिसर्च यूनिट (एमआरयू) के कोर प्रोजेक्ट के तहत प्रोजेक्ट रिसर्च सांईटिस्ट-II (नॉन-मेडिकल, एक पद), प्रोजेक्ट रिसर्च सांईटिस्ट-I (नॉन-मेडिकल, एक पद), प्रोजेक्ट टेक्नीकल सपोर्ट-III (दो पद), प्रोजेक्ट टेक्नीकल सपोर्ट-II (दो पद) तथा प्रोजेक्ट टेक्नीकल सपोर्ट-I (दो पद) की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। ऊपर निर्दिष्ट पदों के लिए अहार्य योग्यता तथा अन्य जरूरी जानकारी कॉलेज की वेबसाईट www.ucms.ac.in पर करियर ऑप्शन के तहत उपलब्ध है।

ईच्छुक उम्मीदवार अद्यतन बायोडाटा के साथ अपने आवेदन ईमेल nodalofficermru@gmail.com पर भेज सकते हैं। आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 04.07.2026 को अप. 4.00 बजे तक है।

CBC 21349/11/0005/2627 नोडल अधिकारी-एमआरयू

# चार साल की मासूम को परिवार से मिलाया

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चार वर्षीय लापता बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिवार को सौंप दिया। जिला पुलिस उपायुक्त शोभित डी. सक्सेना ने बताया कि 14 जून को बच्चे के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और तत्काल तलाश शुरू की गई। त्वरित कार्रवाई के दौरान बच्चे को इलाके से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आवश्यक सत्यापन के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया। बच्चे के मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। ब्यूरो

# हादसे के 4 घंटे बाद सीने में दर्द से गई जान

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सुबह घायल युवक अस्पताल से इलाज करवाने के बाद घर चला गया। शाम को सीने में दर्द होने के बाद वह फिर से वापस अस्पताल में भर्ती हुआ। कुछ देर बाद युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त 34 साल के नरेला निवासी सतप्रीत सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का केस दर्ज किया है। वाहन चालक की पहचान करने में जुटी है। ब्यूरो

# क्रेन ने सड़क पार कर रहे शख्स को कुचला

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में क्रेन ने सड़क पार कर रहे 55 साल के प्रदीप को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्रेन समेत भाग रहे चालक अर्जुन को लोगों ने पकड़ लिया। क्रेन चालक घायल प्रदीप को लेकर अस्पताल गया और उसे भर्ती कराने के बाद वहां से भाग गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान और घटनास्थल का मुआयना करने के बाद चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस क्रेन जब्त कर चालक की तलाश कर रही है। ब्यूरो

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

**सार्वजनिक सूचना**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नई आवासीय योजना "एयरोसिटी" हेतु सम्बन्धित भू–धारकों से मुख्यतः "लैण्ड पुलिंग / आपसी सहमति" के आधार पर निम्न ग्रामों के खसरा / गाटा संख्या को लैण्ड पुलिंग / क्रय किया जाना प्रस्तावित है:–

| क०सं० | ग्राम का नाम | गाटा संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अटौर | 356, 357, 358, 359, 362, 363, 364, 365, 366, 367, 368, 369, 370, 371, 1144ए, 1145, 1146, 1147, 1148, 1301, 1302, 1303, 1304, 1305, 1306, 1307, 1308, 1309, 1310, 1311, 1312, 1313, 1314, 1315, 1316, 1317, 1319, 1320, 1321, 1322, 1323, 1325, 1326, 1327, 1329, 1330, 1331, 1332, 1333, 1334, 1336, 1337, 1338, 1339, 1340, 1341, 1343, 1345, 1346, 1347 / 1, 1347 / 2, 1348, 1349, 1350, 1351, 1352, 1353, 1354, 1355, 1356, 1357, 1358, 1360, 1361, 1362, 1363, 1365, 1366, 1367, 1369, 1370, 1371, 1372, 1373, 1374, 1376, 13.77, 1378, 1380, 1381, 1382, 1384, 1385, 1386, 1390, 1391, 1392, 1393, 1394, 1395, 1396, 1397, 1398, 1399, 1400, 1401, 1403, 1404, 1405, 1406, 1407, 1408, 1409, 1410, 1411, 1412, 1413, 1414, 1415, 1416, 1417, 1418 / 1, 1418 / 2, 1418 / 4, 1419, 1420, 1421 / 1, 1421 / 2, 1422 / 1, 1422 / 2, 1423, 1424, 1425, 1426, 1428ख, 1429, 1430, 1433 / 1, 1433 / 2, 1433 / 3, 1434ए 1436, 1437, 1439, 1441, 1442, 1448, 1449, 1453, 1454, 1458, 1461, 1462, 1463, 1464, 1465, 1466, 1470, 1471, 1472, 1475, 1477, 1478, 1479, 1480, 1481, 1482, 1483, 1484, 1486, 1487, 1488, 1489, 1490, 1491, 1493, 1494, 1495, 1496, 1497, 1498, 1499, 1500, 1501, 1502, 660 / 1504, 498 / 1505, 1380 / 1506, 370 / 1509, 117 / 1507 |
| 2. | मोरटी | 439, 441, 442, 443, 445, 446, 447, 450, 451, 452, 453, 454, 455, 456, 457, 458, 459M, 594, 595, 600, 601, 602, 603, 604, 605, 606, 607, 608, 609, 610, 611, 612, 613, 614, 615, 616, 617, 618, 619, 620, 621, 622, 623, 624, 625, 626, 627, 628, 629, 630, 631, 632, 633, 634, 635, 636, 637, 638, 639, 640, 641, 642, 643, 644, 645, 646, 647, 648, 649, 650, 651, 652, 653, 654, 655, 656, 657, 658, 659, 660, 661, 662, 667, 668, 669, 670, 671, 672, 676, 377, 678, 679, 680, 696, 697, 698, 699, 700, 701, 702, 703, 704, 705, 709, 710, 711, 712, 713, 714, 715, 717, 718, 719, 720,721, 722, 724, 725, 726, 727, 728, 729, 730, 731, 732, 733, 734, 735, 736, 737, 738, 739, 740, 741, 742, 743, 744, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752, 753, 755, 756, 757, 758, 759, 760, 761, 762, 763, 764, 765, 766, 767, 768, 769, 770, 771, 772, 773, 774, 775, 776, 777, 778, 779, 780, 781, 782, 783, 784, 785, 786, 787, 788, 789, 790, 791, 792, 793, 794, 795, 796, 797, 798, 799, 800, 801, 802, 803, 804, 805, 806, 807, 809, 810, 811, 813, 814, 815, 818, 819, 820, 821, 823, 824, 825, 826, 827, 828, 829, 830, 831, 832, 833, 834, 838, 839, 840, 841, 842, 843, 844, 845, 846, 847, 848, 849, 850, 851, 852, 853, 854, 855, 856, 868, 869, 870, 871, 935, 936, 937, 938, 939, 940, 941, 942, 943, 944, 945, 946, 947, 948, 949, 950, 952, 1100, 1101, 1102, 1103, 1104, 1105, 1106, 1107, 1108, 1109, 1110, 1111, 1112, 1113, 1114, 1115, 1124, 1125, 1126, 1128, 1130, 1131, 1132, 1133, 1134, 1136, 1137, 1138, 1139, 1140, 1141, 1142, 1143, 1144, 1145, 1146, 1147, 1148, 1149, 1150, 1151, 1152, 1153, 1154, 1155, 1156, 1157, 1158, 1159, 1160, 1161, 1163, 1164, 1165, 1167, 1169, 1170, 1171, 1172, 1173, 1174, 1175, 1176, 1177, 1178, 1179, 1180, 1181, 1182, 1183, 1184, 1185, 1186, 1187, 1188, 1189, 1190, 1191 |
| 3. | मेवला अगरी | 794, 797, 798, 799, 800, 826, 827, 828, 829, 831, 832, 834, 879, 880, 886, 887, 888, 889, 890, 891, 892, 893, 894, 894, 895, 896, 897, 898, 899, 900, 901, 902, 903, 904, 905, 906, 907, 907, 793 / 918 |

उपरोक्त भूमि को लैण्ड पुलिंग / क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित रुप से प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रभारी भू–अर्जन, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण विकास पथ, गाजियाबाद नियर ओल्ड बस स्टैण्ड नवयुग मार्केट नयागंज, गाजियाबाद उ०प्र० के कार्यालय में प्राप्त कराया जा सकता है।

उपरोक्त खसरों / गाटों के भू–धारकों को इस आशय की सूचना दी जानी है कि यह भूमि प्राधिकरण की जनहितैषी योजना हेतु नियमानुसार क्रय की जायेगी। अतः इसका समुचित लाभ लेने हेतु निजी विकासकर्ता / अन्य लोगों को क्रय / विक्रय न करें। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य भूमि जुटाव कर सुनियोजित विकास करना है तथा योजना का लाभ नियमानुसार (लैण्ड पुलिंग) कृषको को भी दिया जाएगा। अतः इस कार्य हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb
हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप : 9990988004, वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**दिल्ली अग्निशमन सेवा मुख्यालय**
**कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001**

**सार्वजनिक सूचना**

**कृपया ध्यान दें: निम्नलिखित भवन श्रेणियों के मालिक/उनमें रहने वाले**

यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने दिल्ली अग्निशमन सेवा अधिनियम, 2007 (2009 का दिल्ली अधिनियम b तथा दिल्ली अग्निशमन सेवा नियम, 2010 दिनांक 01.07.2010 से लागू किए हैं। उक्त अधिनियम और नियमों के अनुसरण में नियम 27 में परिभाषित श्रेणी की ईकाई के मालिक/प्रबंधन/किराएदार को नियम 33 में निर्धारित राष्ट्रीय भवन निर्माण मानक, 2026 (भाग F) के अनुरूप अग्नि रोकथाम और अग्नि सुरक्षा उपाय करने होते हैं। इसके अलावा, वे नियम 35 के अनुसार "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र' जारी करने के लिए प्रधान निदेशक, दिल्ली अग्निशमन सेवा को आवेदन देंगें। अधिनियम की धारा 25 की उप-धारा (1) के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित श्रेणी के अधिभोक्ताओं को दिल्ली अग्निशमन सेवा से "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र' प्राप्त करना होगा:

1. **आवासीय भवन (होटल एवं अतिथि गृह को छोड़कर) जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित पांच या अधिक मंजिलें हों।**
2. **होटल एवं अतिथि गृह भवन जिनकी ऊँचाई 12 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित चार या अधिक मंजिलें हों।**
3. **शैक्षणिक भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।**
4. **संस्थागत भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।**
5. **सभी सभा भवन ।**
6. **व्यवसायिक भवन जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित पांच या अधिक मंजिलें हों।**
7. **वाणिज्यिक भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेज़ेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।**
8. **औद्योगिक भवन जिनका सभी तलों का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर से अधिक हो।**
9. **भंडारण भवन जिनका सभी तलों का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर से अधिक हो।**
10. **सभी जोखिमयुक्त भवन जिनका कुल आच्छादित क्षेत्रफल 100 वर्ग मीटर से अधिक हो।**
11. **दो या अधिक स्तरों वाली सभी भूमिगत संरचनाएं।**

इसके अतिरिक्त, नियम 35 के अंतर्गत जारी किया गया "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र" (Fire Safety Certificate), यदि पूर्व में निरस्त न किया गया हो, तो जारी किए जाने की तिथि से आवासीय भवनों (होटलों को छोड़कर) के लिए 05 वर्ष तथा गैर-आवासीय भवनों, जिनमें होटल भी सम्मिलित हैं, के लिए 03 वर्ष की अवधि तक वैध रहेगा।

जिन भवनों के पास इस विभाग द्वारा जारी वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी संबंधित अधिभोग श्रेणी (Occupancy) हेतु अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन के साथ स्वीकृत/निर्माणानुसार (As-Built) भवन मानचित्र, निर्धारित स्केल (Scale) में, संबंधित भवन स्वीकृति प्राधिकारी के माध्यम से इस विभाग को प्रेषित करें।

यदि आपके भवन का अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र समाप्त (Expired) हो चुका है, तो उसके नवीनीकरण हेतु इस विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

**आग लगने की स्थिति में 101/112 पर डायल करें।**

**प्रधान निदेशक, दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा जन सुरक्षा के हित में जारी**

प्रधान निदेशक
दिल्ली अग्निशमन सेवा

DIP/Shabdarth/Classified/0110/26-27

जिस देश का समुद्रों पर नियंत्रण अधिक होता है, वही दुनिया की दिशा तय करता है। -अल्फ्रेड थायर मेहैन

देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी को लेकर उठा विवाद शर्मनाक है। आस्था के ऐसे केंद्रों में लोगों को निजी लाभ के लिए नैतिक सीमाएं लांघने में आखिर संकोच क्यों नहीं होता? दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि सवाल भरोसे का है।

## भरोसे का सवाल

जिस श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को देश के करोड़ों लोग सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना और भरोसे के प्रतीक के रूप में देखते हैं, उसके चढ़ावे की चोरी को लेकर उठा विवाद शर्मनाक तो खैर है ही, यह पूरे राष्ट्र की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला भी है। इस मामले में सवाल तो उठ ही रहे थे, लेकिन जांच के दौरान मंदिर के चढ़ावे की गिनती में शामिल एक कर्मचारी के घर से दस लाख रुपये नकद गोबर के ढेर के नीचे से बरामद होने से एक तरह से संदेह की पुष्टि ही हुई है। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों और ट्रस्टियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। हैरत की बात है कि इतने गंभीर मामले में ट्रस्ट के पदाधिकारियों की तरफ से जो शुरुआती प्रतिक्रियाएं मिलीं, वे बेहद अगंभीर किस्म की थीं। यहां तक कि एफआईआर दर्ज कराने की भी जरूरत नहीं समझी गई। जिस मंदिर में रोज लाखों का चढ़ावा चढ़ता हो, वहां धन के संग्रह, गिनती और लेखे-जोखे में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता की गुंजाइश होनी ही नहीं चाहिए। श्रद्धालुओं का चढ़ावा सिर्फ धनराशि नहीं होती, बल्कि वह उनके विश्वास, समर्पण और भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक होता है। चाहे मन में चोरी हो या मन भर चोरी हो, सबसे बड़ा सवाल यह है कि आस्था के ऐसे केंद्रों में लोगों को निजी लाभ के लिए नैतिक सीमाएं लांघने में आखिर संकोच क्यों नहीं होता। दुर्भाग्य से, देश के कई बड़े धार्मिक संस्थानों में समय-समय पर चढ़ावे और संपत्ति प्रबंधन को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हर बार विवाद सामने आने के बाद कुछ समय के लिए सख्ती दिखाई जाती है, लेकिन व्यवस्थागत सुधारों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। अब समय आ गया है कि इस पूरे तंत्र की व्यापक समीक्षा की जाए। दान राशि की गिनती, भंडारण और उपयोग की प्रक्रिया को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। अच्छी बात है कि प्रदेश सरकार ने ट्रस्ट के



अनुरोध पर पूरे मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जांच निष्पक्ष, समयबद्ध और पूरी पारदर्शिता से हो। इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी हो, ताकि एक संदेश दिया जा सके। आस्था के केंद्रों से जुड़े मामलों में जवाबदेही का पैमाना कठोर होना ही चाहिए, क्योंकि यहां सवाल केवल धन के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे का भी है।

## शतरंज की बिसात पर दो बंदरगाह

दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर पाकिस्तान में ग्वादर और ईरान में चाबहार बंदरगाह दो बड़े मोहरों की तरह खड़े हैं। दोनों ही अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए प्रवेश द्वार बनने की होड़ में हैं, पर पाकिस्तान के साथ चीन के गठजोड़ ने कई मोर्चों पर भारत पर रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है।

दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर दो बंदरगाह दो बड़े मोहरों की तरह खड़े हैं-पाकिस्तान में ग्वादर और ईरान में चाबहार। अरब सागर के दक्षिण-पूर्वी किनारे पर महज 80 से 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इन दोनों बंदरगाहों के क्षेत्रीय प्रभाव में जमीन-आसमान का फर्क है। पाकिस्तान के साथ 40 साल की लीज के जरिये चीन द्वारा संचालित ग्वादर बीजिंग की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और सैन्य विस्तार की रीढ़ बन चुका है। ईरान के साथ मिलकर भारत द्वारा विकसित चाबहार नई दिल्ली की मध्य एशिया तक पहुंच बनाने और चीनी प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश है। विडंबना है कि पाकिस्तान के साथ चीन के इस गठजोड़ ने कई मोर्चों पर भारत पर रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है।



**रवींद्र दुबे**
*वरिष्ठ पत्रकार*

ग्वादर बंदरगाह होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित है, जहां से विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त तेल परिवहन मार्ग गुजरते हैं। चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के हिस्से के रूप में ग्वादर में 60 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। ईरान के चाबहार बंदरगाह के सामने अपनी चुनौतियां हैं। मध्य एशिया और अफगानिस्तान के लिए रणनीतिक स्थिति के बावजूद उसे गहरी ड्रेजिंग, यानी पानी के नीचे से मिट्टी और चट्टानें हटाने की जरूरत है। बंदरगाह विकास के लिए भारत का निवेश 50 करोड़ डॉलर है, जो चीन के निवेश के मुकाबले कुछ भी नहीं है।

पैमाने का यह फर्क वित्तीय से अधिक रणनीतिक है। चीन का 60 अरब डॉलर का निवेश ग्वादर को सड़कों, रेलवे, ऊर्जा पाइपलाइनों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों के साथ एक व्यापक गलियारे में पिरोता है। भारत के चाबहार के पास ऐसा कोई एकीकृत बुनियादी ढांचा नहीं है। ग्वादर से चीन को सबसे बड़ा रणनीतिक फायदा ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर मिलता है। मध्य एशिया से चीन का करीब 80 प्रतिशत तेल आयात मलक्का जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यह मलयेशिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया के बीच का ऐसा संकरा




रास्ता है, जिसे अमेरिका युद्ध की स्थिति में कभी भी बंद कर सकता है। चीनी रणनीतिकार इसे 'मलक्का की मुश्किल' कहते हैं। ग्वादर इस मुश्किल का सीधा हल है।

चीन ग्वादर से अपने भीतरी इलाकों तक 3,021 किलोमीटर लंबा जमीनी पाइपलाइन मार्ग बनाने की योजना पर काम कर रहा है। अगर वह इसमें सफल हो जाता है, तो यह रास्ता शिपिंग दूरी को 75 प्रतिशत तक घटा देगा। अनुमान है कि 2030 तक ग्वादर चीन के तेल आयात का 30 से 40 प्रतिशत संभाल सकता है, जिससे समुद्री शिपिंग पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी। चूंकि, दुनिया का 20 प्रतिशत तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, ग्वादर होर्मुज के करीब होने की वजह से चीन को अहम रणनीतिक लाभ देता है। अगर होर्मुज बंद हो जाए, तो ग्वादर वैकल्पिक जमीनी रास्ता मुहैया कराता है। पाकिस्तान-ईरान के बीच आठ अरब डॉलर की पाइपलाइन इस गलियारे से लाखों बैरल तेल बहा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की तरह भारत को ऐसा कोई रणनीतिक फायदा नहीं मिलता। हालांकि, चाबहार उसी तेल-समृद्ध क्षेत्र के पास है, लेकिन भारत के पास कोई जमीनी पाइपलाइन नहीं है। भारत का 80 प्रतिशत से अधिक तेल आयात समुद्री शिपिंग पर निर्भर है। चाबहार व्यावसायिक शिपिंग के लिए काफी मुफीद है, पर भारत को ऊर्जा सुरक्षा की वह स्वायत्तता नहीं देता, जो चीन को ग्वादर से मिलती है।

चीन की नौसैनिक महत्वाकांक्षाएं स्थानीय सुरक्षा से बढ़कर वैश्विक दायरे तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन उनके सामने भौगोलिक चुनौतियां हैं। चीन के प्राथमिक नौसैनिक बेड़े हिंद महासागर से बहुत दूर दक्षिण-पूर्वी चीन सागर में तैनात हैं। ग्वादर बीजिंग को नौसैनिक बेड़े की तैनाती किए बिना अरब सागर तक पहुंच देता है। यह बंदरगाह उस 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नेटवर्क का हिस्सा है, जो चीनी मुख्यभूमि से अफ्रीका के तटों तक फैली व्यावसायिक व सैन्य सुविधाओं की माला है। यह हिंद महासागर में चीन की उपस्थिति बढ़ाता है और भारत के साथ सीधी टक्कर से बचते हुए घेरेबंदी का काम करता है। भारत की नौसैनिक प्रतिक्रिया चाबहार के जरिये सीमित है। चाबहार मुख्यतः व्यावसायिक बंदरगाह है। चीन के नौसैनिक अभ्यासों, रडार तैनाती और सुरक्षा सहयोग की बराबरी भारत वहां नहीं कर पाया है।

ग्वादर और चाबहार, दोनों ही अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए प्रवेश द्वार बनने की होड़ में हैं, पर चीन ने पैमाने और एकीकरण के दम पर बाजी मार ली है। चाबहार का असल मकसद यह था कि भारत और अफगानिस्तान को पाकिस्तान को बायपास करते हुए सीधा निर्यात मार्ग मिलेगा। भारत ने इस उम्मीद में 50 करोड़ डॉलर लगाए। लेकिन, ग्वादर में चीन की रणनीति कहीं ज्यादा कामयाब रही। चीन ने ग्वादर को पाकिस्तान के औद्योगिक केंद्रों और उससे आगे तक जोड़ने के लिए व्यापक बुनियादी ढांचा खड़ा किया। नतीजतन, अफगानिस्तान बेहतर बुनियादी ढांचे और कम खर्च की वजह से कराची बंदरगाह का ज्यादा इस्तेमाल कर रहा है।

भारत का नुकसान दोहरा है-अफगानिस्तान की शिपिंग भारत के चाबहार मार्ग के बजाय पाकिस्तान से बढ़ रही है और मध्य एशिया में चीन का बुनियादी ढांचा प्रभाव बीजिंग को वहां के देशों का प्राथमिक आर्थिक भागीदार बनाता जा रहा है। भारत का राजनीतिक निवेश कोई विशेष आर्थिक लाभ नहीं दे पाया। ग्वादर और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के जरिये दोनों देशों (चीन व पाकिस्तान) का गठजोड़ भारत के चाबहार प्रयास पर रणनीतिक बढ़त पा चुका है। चीन मलक्का जलडमरूमध्य पर निर्भरता समाप्त कर रहा है, अरब सागर में नौसैनिक पहुंच बना रहा है और मध्य एशिया के आर्थिक गलियारों पर दबदबा जमा रहा है।

यह रणनीतिक असंतुलन संरचनात्मक है। वैसे भी चीन का निवेश भारत से कई गुना अधिक है। चीन का बुनियादी ढांचा एक व्यापक गलियारे को समेटता है, जबकि भारत का नहीं। चीन रणनीतिक स्वायत्तता हासिल कर रहा है, जबकि भारत व्यावहारिक स्तर पर उलझा है। क्षेत्रीय शक्ति का झुकाव बीजिंग की तरफ बढ़ रहा है। ग्वादर दक्षिण एशिया का प्रमुख बंदरगाह बनता जा रहा है। भारत की चाबहार नीति रणनीतिक दृष्टि से सही है, पर उसका अमल पर्याप्त नहीं है। ग्वादर-पाकिस्तान गठजोड़ ने चीन को वह रणनीतिक बढ़त दी है, जिसकी बराबरी भारत अभी नहीं कर पा रहा। यही गठजोड़ दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य को आने वाले दशकों तक आकार देता रहेगा। भारत इससे निपटने के लिए क्या रणनीति बनाता है और इसका प्रतिकार कैसे करता है, यह देखना अभी शेष है।

## जीवन धारा



इमिल सिओरन

हर महान कहानी में असफलताएं होती ही हैं और हर गहरे प्रेम में जोखिम भी होता है। लेकिन, जिसने पूरे साहस से प्रेम किया, सीखा, गिरा, उठा और फिर आगे बढ़ा, उसने जीवन को उसकी संपूर्णता में महसूस किया।

## असफलताएं ही कहानी को महान बनाती हैं

*हम बचपन से सीखते हैं कि हर प्रश्न का एक सही उत्तर होता है, हर रास्ते की एक सही दिशा होती है, और हर प्रयास का कोई न कोई निश्चित परिणाम होना चाहिए। लेकिन, जैसे-जैसे जीवन खुलता है, हमें पता चलता है कि वास्तविकता इतनी सरल नहीं है। कई बार हम जिस चीज को सफलता समझते हैं, वह कुछ वर्षों बाद महत्वहीन लगने लगती है, और जिन असफलताओं पर हम रोए थे, वही हमें सबसे मजबूत बना जाती हैं। जिन लोगों के जाने से हमें लगा था कि सब कुछ खत्म हो गया, उन्हीं की अनुपस्थिति ने हमें अपने भीतर छिपी शक्ति से परिचित करवाया। जीवन बार-बार यह दिखाता है कि चीजें वैसी नहीं होतीं, जैसी पहली नजर में दिखाई देती हैं। सबसे बड़ा साहस हमेशा जीतने में नहीं, बल्कि अनिश्चितता के साथ जीने में है। यह स्वीकार करने में है कि हमें हर उत्तर नहीं पता। हमें यह नहीं मालूम कि कल क्या होगा, लोग हमारे बारे में क्या सोचेंगे, या हमारे सपने पूरे हो भी पाएंगे या नहीं। फिर भी, हम आगे बढ़ते हैं। यही मनुष्य की सबसे अद्भुत क्षमता है।*



*बहुत-से लोग अपने जीवन का अधिकांश समय भय में बिताते हैं। उन्हें असफलता का भय होता है, अस्वीकृति का भय होता है, उपहास का भय होता है। वे अपने सपनों को इसलिए नहीं छोड़ते कि वे असंभव हैं, बल्कि इसलिए छोड़ देते हैं, क्योंकि वे जोखिम भरे हैं। लेकिन, जो जीवन केवल सुरक्षा के लिए जिया जाए, वह धीरे-धीरे अपनी चमक खो देता है। यदि आपके भीतर कोई गीत है, तो उसे गाएं। यदि कोई विचार है, तो उसे व्यक्त करें। यदि कोई सपना है, तो उसके लिए प्रयास करें। इस बात की गारंटी कोई नहीं दे सकता कि आप सफल हो ही जाएंगे। पर, यह लगभग निश्चित है कि यदि आपने प्रयास ही नहीं किया, तो एक दिन आपको पछतावा जरूर होगा। जीवन का मूल्य इस बात से तय नहीं होता कि हमने कितनी बार जीत हासिल की। उसका मूल्य इस बात से तय होता है कि हमने कितनी बार डर के बावजूद आगे कदम बढ़ाया। हर महान कहानी में असफलताएं होती हैं, हर गहरे प्रेम में जोखिम होता है और हर यात्रा में भटकाव होता है। अपनी असफलताओं से घृणा न करें। वे आपकी कमजोरी के नहीं, बल्कि संघर्ष के प्रमाण हैं। अपने संदेहों से मत डरें, क्योंकि वे बताते हैं कि आप अब भी सोच रहे हैं, कुछ खोज कर रहे हैं। आपकी गलतियां संकेत हैं कि आप जीवित हैं, प्रयास कर रहे हैं और बदल रहे हैं। जीवन पूर्णता की प्रतियोगिता नहीं है। यह अनुभव करने की कला है। जो व्यक्ति पूरी तरह सुरक्षित रहा, उसने शायद बहुत कम जिया। और, जिसने पूरे साहस से प्रेम किया, सीखा, गिरा, उठा और आगे बढ़ा, उसने जीवन को उसकी संपूर्णता में महसूस किया।*

*इसलिए, हर दिन को अंतिम उत्तर की तरह जीना बंद करें। उसे एक नए प्रश्न की तरह जिएं। जिज्ञासु, साहसी और अपूर्ण रहें, क्योंकि कई बार सबसे सुंदर जीवन वही होता है, जो पूरी तरह समझ में नहीं आता, पर पूरी निडरता से जिया जाता है।*

### हार से सीखें

**सूत्र**

*असफलताएं हमारे सफर पर विराम लगाने नहीं, बल्कि व्यक्तित्व को तराशने आती हैं। पूर्णता की तलाश करने के बजाय, अपनी असफलताओं के साथ जिएं, क्योंकि हर हार वास्तव में एक सीख होती है। आपके सफर का अंत इस बात पर निर्भर करता है कि आपने कितनी जिंदादिली और निडरता से अपने जीवन को जिया है।*

**दूसरा पहलू**

हमारी आकाशगंगा मिल्की-वे उथल-पुथल, टक्करों व निरंतर परिवर्तन की उपज है। इसका इतिहास कई विलयों व टक्करों से भरा हुआ है।

## अंतरिक्ष हर पल बदल रहा है

■ *वासिली बेलोकुरोव*

**चाहे** समय कोई भी हो या आप कहीं से भी देखें, नवपाषाण काल की गुफाओं से लेकर आधुनिक शहरों की ऊंची इमारतों तक, रात का आसमान हमेशा से ही इन्सानों के लिए स्थिरता और भरोसे का प्रतीक रहा है। पर, आसमान में दिख रही यह शांति असल में एक भ्रम के सिवाय कुछ नहीं।

हमारी आकाशगंगा मिल्की-वे वास्तव में उथल-पुथल, टक्करों व निरंतर परिवर्तन की उपज है। इसका इतिहास अनेक विलयों और टक्करों से भरा हुआ है। सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण वे प्रवासी तारे हैं, जिनका जन्म मिल्की वे में नहीं हुआ था। स्थानीय तारे सामान्यतः आकाशगंगा की डिस्क के साथ एक दिशा में घूमते हैं, जबकि ये प्रवासी तारे असामान्य कक्षाओं में चलते हुए भीतरी और बाहरी क्षेत्रों के बीच लगातार यात्रा करते रहते हैं। प्रवासी तारों के अध्ययन से एक विशाल प्राचीन टक्कर का पता चला, जिसे गैया-सॉसेज-एनसेलाडस कहा गया। लगभग आठ से 11 अरब वर्ष पहले हुई इस घटना में एक बौनी आकाशगंगा मिल्की वे से टकराई और उसमें विलीन हो गई। इस टक्कर ने केवल बाहरी संरचना ही नहीं बदली, बल्कि आकाशगंगा की डिस्क, उसके तारागुच्छों व उसके डार्क मैटर वाले हिस्से पर भी गहरा प्रभाव डाला। डार्क मैटर इस कहानी का केंद्रीय पात्र है। यह अदृश्य पदार्थ आकाशगंगाओं को गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से बांधे रखता है, फिर भी इसकी वास्तविक प्रकृति आज भी रहस्य बनी हुई है। मिल्की वे के चारों ओर फैला इसका विशाल क्षेत्र आकाशगंगा के दृश्य भाग से कहीं अधिक बड़ा है।



डार्क मैटर नामक अदृश्य पदार्थ आकाशगंगाओं को गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से बांधे रखता है, फिर भी इसका रहस्य अब तक बरकरार है।



हमारी पड़ोसी आकाशगंगा लार्ज मैजेलैनिक क्लाउड का गुरुत्वाकर्षण डार्क मैटर के क्षेत्र को विकृत कर रहा है और पूरी आकाशगंगा को धीरे-धीरे अपनी ओर खींच रहा है।

आधुनिक सर्वेक्षणों और विभिन्न अंतरिक्ष मिशनों के जरिये पता चला है कि यह डार्क मैटर पहले की कल्पना से कहीं अधिक जटिल और गतिशील है। अब हमारी पड़ोसी आकाशगंगा, लार्ज मैजेलैनिक क्लाउड, अपने गुरुत्वाकर्षण से मिल्की वे को प्रभावित कर रही है। उसका आकर्षण डार्क मैटर के क्षेत्र को विकृत कर रहा है और पूरी आकाशगंगा को धीरे-धीरे अपनी ओर खींच रहा है। यह प्रक्रिया हमें याद दिलाती है कि ब्रह्मांड में स्थिरता केवल एक भ्रम है, जबकि परिवर्तन ही वास्तविकता है। यह सब रात के आकाश की सुंदरता को कम करने के बजाय उसे और गहरा बना देता है। मिल्की वे पहले भी टूटी है, फिर से बनी है और अब एक बार फिर बाहरी प्रभावों से विचलित हो रही है। इसके तारे अतीत को संजोए हुए हैं और उनकी गतियां भविष्य की झलक देती हैं। - *द कन्वर्सेशन*

**आंकड़े**

### भारत में एपीआई

भारत अपनी आवश्यक दवाओं के निर्माण के लिए सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का सत्तर फीसदी से अधिक हिस्सा चीन से आयात करता है।

| | |
|---|---|
| चीन | 73.71 |
| यूरोपीय संघ | 13.64 |
| सिंगापुर | 2.49 |
| अमेरिका | 1.96 |
| जापान | 1.82 |

आंकड़े भारत द्वारा आयात किए गए एपीआई के, प्रतिशत में। | स्रोत : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

अयोध्या के महाराज दशरथ भव्य किला बनवा रहे थे, लेकिन महर्षि लोमश के वचनों से उन्हें संसार की नश्वरता का बोध हुआ।

## राजा दशरथ का आत्मबोध

**पौराणिक** कथाओं के अनुसार, महर्षि लोमश बाल्यकाल से ही मृत्यु के विचार से भयभीत रहते थे। इससे मुक्ति पाने के लिए उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या की और अमरत्व का वरदान मांगा। भोलेनाथ ने उन्हें समझाया कि जन्म लेने वाले प्रत्येक प्राणी का अंत निश्चित है। तब लोमश ऋषि ने प्रार्थना की कि प्रत्येक कल्प के अंत में उनके शरीर का केवल एक रोम गिरे और जब सारे रोम झड़ जाएं, तभी उनकी मृत्यु हो। महादेव ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली।

एक बार अयोध्या के महाराज दशरथ अपने लिए एक भव्य किले का निर्माण करवा रहे थे, तभी अचानक लोमश ऋषि वहां पहुंच गए। उन्होंने महाराज से पूछा, 'राजन! इस संसार में आप कितने समय तक रहने वाले हैं?' महाराज दशरथ निरुत्तर हो गए। तब ऋषि बोले, 'महान से महान राजा, योगी या तपस्वी भी सीमित समय तक ही जीवित रह सकता है, तो फिर इस सांसारिक वैभव और दिखावे के लिए इतना बड़ा उपक्रम क्यों? मुझे तो अनगिनत युगों का जीवन प्राप्त है, फिर भी मैंने अपने रहने के लिए एक कुटिया तक नहीं बनाई।'



**अंतर्यात्रा**
संकलित

ऋषि के इन वचनों से राजा दशरथ को संसार की नश्वरता का बोध हुआ।

**अमर उजाला**
**पुराने पन्नों से** — 16 जून, 1955

### सामाजिक कुरीतियां महिलाएं ही दूर कर सकती हैं


समाज की कुरीतियां महिलाएं ही दूर कर सकती हैं
महिला शिक्षण शिविर में श्रीमती शान्तोदेवी आचार्य का भाषण

**भारत सेवक समाज की प्रधान शांति देवी ने महिला शिक्षण शिविर में भाषण देते हुए कहा कि आज समाज में अनेक कुरीतियां फैली हुई हैं-जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह आदि। इन सामाजिक कुरीतियों को महिलाएं ही दूर कर सकती हैं।**

## सिर्फ डाटा से तस्वीर नहीं सुधरने वाली

**स्वास्थ्य संबंधी डाटा तभी काम का होता है, जब इसे सही ढंग से समझा जाए, इस पर ईमानदारी से चर्चा की जाए और फिर काम किया जाए।**



**डॉ. चंद्रकांत लहारिया** | **मुद्दा**

भारत में हेल्थ सर्वे का डाटा जारी होने के साथ एक अजीब विरोधाभास देखने को मिलता है। सर्वे के नतीजे असल में उस चीज के ठीक उलट काम करते हैं, जो उन्हें करना चाहिए। सर्वे रिपोर्ट उन बातों को ही सामने लाती हैं, जिन्हें हम पहले से जानते हैं। शायद ही कभी इनके आधार पर तुरंत कोई कार्यक्रम शुरू किया जाता है।

हाल ही में जारी स्वास्थ्य से जुड़े दो सर्वे-नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 और नेशनल हेल्थ अकाउंट्स 2022-23 के मामले में भी ऐसा ही लगता है। इन दोनों सर्वे से नीति बनाने वालों और नागरिकों को बेहतर समझ मिलनी चाहिए थी, पर वही पुरानी कहानी दोहराई जाती दिखती है। सर्वे का महत्व इसमें नहीं है कि क्या काम किया गया, बल्कि यह दिखाने में है कि कार्यक्रम कहां कमजोर है और पुरानी रणनीतियां कहां नाकाफी हैं। व्यावसायिक समूहों ने भी सेहत से जुड़ी बढ़ती चुनौतियों



की ओर इशारा किया है और उन्हीं के आधार पर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया है। जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े संदेश कमजोर हैं और निजी स्वास्थ्य बाजार आक्रामक हैं, वहां हर सर्वे के नतीजे को व्यवसाय के मौके में बदला जा सकता है।

अच्छी बात है कि प्रिंट मीडिया ने उन मुद्दों को व्यापक कवरेज दी है, जो नागरिकों के लिए मायने रखते हैं: जैसे मोटापा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और अन्य गैर-संचारी (एनसीडी) रोग। हालांकि, इनमें से ज्यादातर बातें पहले से ही पता थीं। मोटापा और अन्य एनसीडी अब सभी सामाजिक व आर्थिक वर्गों में फैल गए हैं। फिर भी, इन सर्वे के नतीजों और नीतियों पर गंभीरता से चर्चा नहीं हो रही है, जो चिंतनीय है। हेल्थ सर्वे का मकसद पुरानी समस्याओं को याद दिलाना भर नहीं होता है। इसका मकसद तो सुधार के लिए जरूरी कदम उठाना होता है।

इन सर्वे का विश्लेषण धीमा होता है, क्योंकि कच्चा डाटा आसानी से नहीं मिलता और अक्सर इसे काफी समय बाद साझा किया जाता है। ऐसे में, नीति निर्माता अक्सर यह कहकर विश्लेषण करने से बचते हैं कि डाटा पुराना है। इस तरह डाटा अपनी अहमियत खो देता है। जब इसे जारी किया जाता है, तो यह ऐसी हालत में होता है कि इसका गहराई से मतलब नहीं निकाला जा सकता। नतीजतन, कुछ करने का मौका हाथ से निकल जाता है। डाटा से सेहत तभी बेहतर होती है, जब उसे सही नीतिगत फैसलों से जोड़ा जाए। जो देश स्वास्थ्य सबंधी डाटा का सही इस्तेमाल करते हैं, उनके पास ऐसे सिस्टम व मजबूत संस्थान होते हैं, जो तेजी से नीतियां तैयार करने, पिछड़े जिलों की पहचान व समीक्षा करने, प्रदर्शन की तुलना करने, संसाधन बांटने और कार्यक्रम में बदलाव लाने का काम करते हैं। इसलिए, 'डाटा-टू-एक्शन' कोई नारा नहीं, एक अनुशासन है, जिसकी भारत को जरूरत है।

सबसे पहले, हर बड़े राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के 30 दिनों के भीतर सरकार और स्वतंत्र संगठनों द्वारा मिलकर एक राष्ट्रीय व राज्य-स्तरीय एक्शन नोट तैयार किया जाना चाहिए। इसमें ईमानदारी से बताया जाना चाहिए कि क्या सुधार हुआ है, क्या नहीं हुआ है और स्थिति कहां बिगड़ी है। हर बिंदु को एक कार्यक्रम और एक जिम्मेदार अथॉरिटी से जोड़ा जाना चाहिए। दूसरी बात, राज्य स्तर पर स्वास्थ्य डाटा की समीक्षा बैठकें होनी चाहिए। सभी हितधारकों और स्वतंत्र विषय विशेषज्ञों को मिलकर नतीजों की जांच करनी चाहिए। सवाल यह होना चाहिए कि 'हमें क्या बदलना होगा?' तीसरी बात, डाटा का सही और समय पर इस्तेमाल करने के लिए सिस्टम की जरूरत है। भारत ने 'इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म' बनाना शुरू कर दिया है, पर यह मुख्य रूप से रियल-टाइम डाटा के लिए है। चौथा, सर्वे डाटा की प्राइमरी जानकारी और सोर्स फाइलें जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि स्वतंत्र शोधकर्ता और सरकारी संस्थान तेजी से उसका विश्लेषण कर सकें। पांचवीं बात, नतीजों का असर बजट आवंटन पर पड़ना चाहिए। अगर किसी सर्वे में गैर-संचारी रोगों के मामले बढ़ते दिखते हैं, तो बजट में इसकी रोकथाम और इलाज के लिए प्रावधान होने चाहिए। सरकारी सुविधाओं में जरूरी दवाओं की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिए। अगर बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है, तो स्कूल में स्वास्थ्य, खाने-पीने से जुड़े नियमों और शहरी योजना में इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

अक्सर यह कहा जाता है कि स्वास्थ्य संबंधी डाटा जरूरी चीजों को तो छिपाता है, पर गैर-जरूरी चीजों को सामने ले आता है। जबकि इसे एक्स-रे जैसा होना चाहिए। यह तभी काम का होता है, जब इसे सही ढंग से समझा जाए, इस पर ईमानदारी से चर्चा की जाए और फिर काम किया जाए।

edit@amarujala.com

# नीट यूजी : 4 लाख छात्रों ने डाउनलोड किए एडमिट कार्ड, सुबह 11 बजे से केंद्र में प्रवेश

## 21 जून को परीक्षा, पारदर्शी बोतल में पीने का पानी लेकर केंद्र पर आ सकते हैं विद्यार्थी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित होने जा रही है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुताबिक अब तक चार लाख छात्र अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर चुके हैं।

एनटीए ने सोशल मीडिया पर बताया कि एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में आ रही तकनीकी दिक्कतों और सर्वर डाउन होने की समस्या को दूर करने के लिए उनकी टीमें लगातार काम कर रही हैं, ताकि सभी छात्रों को जल्द एडमिट कार्ड मिल सकें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों को भरोसा देते हुए कहा है कि 21 जून को परीक्षा पूरी तरह व्यवस्थित तरीके से होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस परीक्षा में शामिल हो रहे छात्रों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस बीच कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन ने एनटीए महानिदेशक के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित व सुचारू ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने दिया भरोसा व्यवस्थित तरीके से होगी परीक्षा**

### गेट पर होगा चेहरे से पहचान, डीएम-एसएसपी की छुट्टियां रद्द

परीक्षा के दिन देश के सभी 561 केंद्रों पर सुरक्षा और जांच के कड़े इंतजाम रहेंगे। सुबह 11 बजे से परीक्षा केंद्र में प्रवेश शुरू होगा और दोपहर 1.30 बजे गेट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। केंद्रों पर दो स्तर की कड़ी जांच होगी। इसमें मुख्य गेट पर ही बायोमेट्रिक जांच के साथ चेहरे से पहचान किया जाएगा। परीक्षा के दौरान दोबारा जांच होगी और छात्रों के शौचालय जाने का समय भी रिकॉर्ड किया जाएगा। भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों को सिर्फ पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति होगी। आधी बाजू वाले हल्के रंग के कपड़े पहनने होंगे। पर्स, मोबाइल या स्मार्ट वॉच जैसे इलेक्ट्रॉनिक आइटम पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य सरकारों ने परीक्षा के दिन डीएम, एसएसपी, पुलिस, जिला प्रशासन, डाक और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। पेपर लीक के आरोपों के बाद इस परीक्षा को दोबारा कराया जा रहा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है।

## परीक्षा के बाद सेना के हाथों वापस भेजी जाएंगी उत्तर-पुस्तिकाएं

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट यूजी का पेपर लीक होने से बचाने के लिए भारतीय वायु सेना के जहाजों में प्रश्नपत्र 18 लोकेशन में पहुंच रहे हैं। उसी तर्ज पर उत्तर-पुस्तिकाएं सुरक्षित हाथों से वापस आएंगी। सरकार प्रश्न पत्र के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं को भी सुरक्षित वापस लाने की तैयारी में है।

सरकार किसी भी स्तर पर परीक्षा की शुचिता से समझौता नहीं करना चाहती है। इस कारण वायु सेना और अर्द्धसैनिक बलों की जिस विशेष टीम को प्रश्न पत्र लेकर जाने का जिम्मेदारी है, वही उत्तरपुस्तिकाएं भी लाएगी। इसके बाद दिल्ली के किसी अज्ञात स्थल पर गहन निगरानी में 23 लाख उम्मीदवारों की उत्तरपुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया के दौरान यह पूरी टीम आइसोलेशन में रहेगी।

सूत्रों के मुताबिक, 21 जून को परीक्षा के बाद सावधानी एवं नियमों के तहत उत्तरपुस्तिकाओं को सीलबंद किया जाएगा। इसमें केंद्र के अधीक्षक, ड्यूटी में तैनात अधिकारी भी अलग से उसे सील करेंगे। उसके बाद गहन निगरानी में उन्हें स्टील बॉक्स में पैक करके दोबारा सील किया जाएगा। अर्द्धसैनिक बलों की निगरानी में उत्तर पुस्तिकाओं को दोबारा लॉजिस्टिक सेंटर पहुंचाया जाएगा। इसके बाद, दूसरी टीम हवाई और सड़क मार्ग से दिल्ली पहुंचाएगी। यहां पर अन्य टीम सभी बॉक्स की सील चेक करने के बाद दूसरी सील लगाएगी। यह सारी प्रक्रिया कैमरे में रिकॉर्ड होगी। डिजिटल मूल्यांकन एरिया में पहुंचने के बाद नई टीम उसकी सुरक्षा में तैनात होगी। किसी भी व्यक्ति को पूरी प्रक्रिया होने तक बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

**पानी में बॉक्स गिरने पर भी उत्तरपुस्तिका नहीं होगी खराब**

बारिश के मौसम को देखते हुए एनटीए ने प्रश्नपत्र को बेहद सुरक्षित तरीके से पैक किया है। प्रश्न पत्र वाले स्टील बॉक्स पानी में गिर जाता है तो प्रश्नपत्र और उत्तर-पुस्तिकाओं को नुकसान नहीं होगा। उत्तर-पुस्तिकाओं में बॉल पेन प्रयोग होता है और बारिश के मौसम में मॉश्चर आने पर उत्तरपुस्तिका खराब होने की संभावना रहती है। मगर, इस बार किसी प्रकार की कोई गलती की गुजांइश नहीं छोड़ी गई है।

**उभरते खिलाड़ी**

## संघर्ष, चोट और जुनून से गढ़ी सफलता का कहानी

जगजीत नगर के बॉडी बिल्डर सनी शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता और फिटनेस जगत में अपना परचम लहराया। यह दिल्ली के एक सामान्य परिवार से आने के बावजूद अपने खेल कॅरिअर में उन्होंने इंडिया, नॉर्थ इंडिया, बॉस क्लासिक और वीर क्लासिक बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता जैसे कई अन्य चैंपियनशिप में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ कई पदक व ऑवर्ड अपने नाम किए हैं। अब सनी युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी देते हैं। उनका कहना है कि सही दिशा, अनुशासन और मेहनत के बल पर कोई भी खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर सकता है।



बॉडी बिल्डर सनी शर्मा

## जेएनयू छात्र संघ का परिसर में पेड़ काटने का आरोप

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ ने कैंपस से पेड़ काटे जाने के संबंध में दक्षिण वन प्रभाग के उप वन संरक्षक (डीसीएफ) को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। छात्र संघ का आरोप है कि कैंपस के अंदर पेड़ों और झाड़ियों की कटाई चुपके से और बिना इजाजत की जा रही है। पेड़ों के कटने से न सिर्फ कैंपस का पारिस्थितिक संतुलन और हरियाली प्रभावित होती है बल्कि यह कैंपस के पेड़-पौधों की सुरक्षा से जुड़े पर्यावरण कानूनों और संस्थागत नीतियों का उल्लंघन भी है। ब्यूरो

## पत्राचार विद्यालय के 12वीं के छात्रों की पाठ्य सामग्री तैयार करेंगे शिक्षक

### छात्रों के लिए अध्याय वार नोट्स, मॉडल पेपर तैयार करने की प्रक्रिया शुरु

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत आने वाले पत्राचार विद्यालय के 12वीं के छात्रों के लिए अध्ययन सामग्री (पाठ्य सामग्री) सरकारी स्कूलों के शिक्षक तैयार करेंगे। बीते सप्ताह एनआईओएस पाठ्यक्रम आधारित विषयवार सपोर्ट मैटेरियल तैयार करने के लिए पत्राचार विद्यालय ने सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों, उप-प्रधानाचार्यों तथा नियमित एवं अतिथि शिक्षकों से आवेदन मांगे थे। इसके जरिए पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए टीमों का चयन किया गया है।

चयनित टीमों की ओर से विद्यार्थियों के लिए अध्याय वार नोट्स, महत्वपूर्ण प्रश्न, असाइनमेंट, मॉडल पेपर, उत्तर लिखने संबंधी मार्गदर्शन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिक्षकों को इन्हें तैयार कर जमा कराने के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया गया है।

प्रत्येक विषय के लिए एक प्राचार्य अथवा उप-प्रधानाचार्य को टीम लीडर तथा चार विषय शिक्षकों और एक आईटी-डाटा एंट्री ऑपरेटर को टीम सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह अध्ययन सामग्री हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, लेखा एवं शारीरिक शिक्षा सहित विभिन्न विषयों के लिए तैयार की जाएगी। सामग्री को संपादित और अंतिम रूप 11 से 14 जुलाई तक दिया जाएगा।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेय नंबर 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकुला

**घोषणा**

**विषय: वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर**

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने विभिन्न पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | विज्ञापन संख्या | पद एवं विभाग का नाम | विषय ज्ञान परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में संहिता एवं सिद्धांत के रीडर | |
| 2. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में रचना शरीर के रीडर | |
| 3. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में क्रिया शरीर के रीडर | |
| 4. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में द्रव्यगुण के रीडर | |
| 5. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना के रीडर | |
| 6. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में रोग निदान एवं एवं विकृति विज्ञान के रीडर | |
| 7. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में स्वस्थवृत्त एवं योग के रीडर | 13.09.2026 (रविवार) |
| 8. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में अगाद तंत्रेवम्विधि वैधक्य के रीडर | |
| 9. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में प्रसूति तंत्र एवं स्त्रीरोगा के रीडर | |
| 10. | 71/2024 | स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में बाबा खेता नाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटीकरा, नारनौल में काया चिकित्सा के रीडर | |
| 11. | 71/2024 | हरियाणा के स्वास्थ्य और आयुष विभाग के अंतर्गत बाबा खेता नाथ सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, पटिकारा, नारनौल में शल्य तंत्र के रीडर | |
| 12. | 71/2024 | हरियाणा के स्वास्थ्य और आयुष विभाग के अंतर्गत बाबा खेता नाथ सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, पटिकारा, नारनौल में शलाक्य तंत्र के रीडर | |
| 13. | 71/2024 | हरियाणा के स्वास्थ्य और आयुष विभाग के अंतर्गत बाबा खेता नाथ सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, पटिकारा, नारनौल में कौमारभृत्य बाल रोग के रीडर | |
| 14. | 71/2024 | हरियाणा के स्वास्थ्य और आयुष विभाग के अंतर्गत बाबा खेता नाथ सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, पटिकारा, नारनौल में पंचकर्म के रीड | |
| 15. | 02/2026 | हरियाणा के विकास और पंचायत विभाग में पंचायती राज के उप-मंडल इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | 20.09.2026 (रविवार) |
| 16. | 03/2025 | हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला में जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी (ग्रुप-B) | |
| 17. | 05/2026 | हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास में सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | |
| 18. | 06/2026 | हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास में वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | |
| 19. | 07/2026 | हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास में प्रबंधक (पी एंड ए) | |
| 20. | 10/2026 | हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास में प्रबंधक (ए/सीएस) | |
| 21. | 1(7)/2018 | हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास में प्रबंधन प्रशिक्षु (वित्त) | 20.09.2026 (रविवार) |
| 22. | 09/2021 | हरियाणा के विकास और पंचायत विभाग में लेक्चरर (प्रबंधन और योजना) | |
| 23. | 06/2022 | हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम में वरिष्ठ प्रबंधक (पी एंड ए) | |
| 24. | 18/2026 | हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग में लेक्चरर (वित्तीय प्रबंधन) | |
| 25. | 1(5)/2018 | हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास विभाग में वरिष्ठ प्रबंधक (लेखा) | |
| 26. | 33/2022 | हरियाणा राज्य बीज विकास निगम में मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी (समूह-ए) | 25.09.2026 (शुक्रवार) |
| 27. | 36/2022 | हरियाणा राज्य बीज विकास निगम में मुख्य प्रबंधक (पी एंड ए) (ग्रुप-ए) | 25.09.2026 (शुक्रवार) |
| 28. | 39/2022 | हरियाणा राज्य बीज विकास निगम में कार्यकारी अभियंता (समूह-ए) | 25.09.2026 (शुक्रवार) |
| 29. | 15/2023 | सतत विमानन योग्यता प्रबंधक (सीएएम) नागरिक उड्डयन | 25.09.2026 (शुक्रवार) |
| 30. | 55/2023 | हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग में क्यूरेटर | |
| 31. | 56/2023 | हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग में मुद्राशास्त्र | 25.09.2026 (शुक्रवार) |
| 32. | 39/2024 | हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग में सहायक निदेशक (ग्रुप-बी) | |
| 33. | 19/2025 | हरियाणा लोक निर्माण (बी एंड आर) विभाग में सहायक अभियंता (सिविल) और हरियाणा विकास एवं पंचायत विभाग में पंचायती राज उपमंडल अभियंता (सिविल)। | 27.09.2026 (रविवार) |
| 34. | 03/2026 | मधुबन, करनाल, हरियाणा स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (डीएनए)। | 27.09.2026 (रविवार) |
| 35. | 20/2026 | मधुबन, करनाल, हरियाणा स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (सीन ऑफ़ क्राइम) | 27.09.2026 (रविवार) |
| 36. | 06/2025 | एचपीजीसीएल में अंग्रेजी लेक्चरर | 27.09.2026 (रविवार) |
| 37. | 70/2024 | हरियाणा के विद्युत विभाग के एचवीपीएनएल में चिकित्सा अधिकारी | 27.09.2026 (रविवार) |
| 38. | 07/2022 | हरियाणा के रोजगार विभाग में सहायक रोजगार अधिकारी (वोकेशनल गाइडेंस) | 27.09.2026 (रविवार) |
| 39. | 10/2024 | श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक श्रम आयुक्त | 27.09.2026 (रविवार) |
| 40. | 69/2024 | हरियाणा के श्रम विभाग में फिजियोथेरेपिस्ट | 27.09.2026 (रविवार) |
| 41. | 17/2024 | हरियाणा राज्य में महिला एवं बाल विकास विभाग में राजपत्रित पोषण विशेषज्ञ (महिला) की आवश्यकता है। | 27.09.2026 (रविवार) |

दिनांक : 15.06.2026

सचिव,
हरियाणा लोक सेवा आयोग,
पंचकूला

SAMVAD:- 1156/13/384/2027/46275/1/7 Dt 15/06/2026


## डीयू में दाखिले से पहले कैंपस जीवन को करीब से जानने का मिलेगा मौका

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस में दाखिले से पहले छात्राओं को कॉलेज कैंपस जीवन को करीब से जानने का मौका मिलेगा। मिरांडा हाउस कॉलेज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट (सीयूईटी) अभ्यर्थी (12वीं) की छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष ओपन हाउस एवं कैंपस टूर कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है।

यह कार्यक्रम 17 से 19 जून व 22 जून को कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। इस दौरान छात्राएं कॉलेज की पूर्व छात्राओं से सीधे संवाद कर सकेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य बारहवीं की छात्राओं और उनके अभिभावकों को कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण, छात्र जीवन और उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना है।

ओपन हाउस के दौरान प्रतिभागी कॉलेज की प्राचार्य, शिक्षकों, वर्तमान छात्राओं और पूर्व छात्राओं से सीधे संवाद कर सकेंगे। साथ ही कॉलेज के विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और छात्र जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। छात्राओं को कॉलेज की लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं, विभिन्न विभागों तथा अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

कार्यक्रम में छात्र सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकेंगी। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) बिजयलक्ष्मी नंदा ने कहा कि ओपन हाउस कक्षा 12 की छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए मिरांडा हाउस को करीब से जानने का एक विशेष अवसर है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार ओपन हाउस में पंजीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक छात्राएं और अभिभावक आधिकारिक पोस्टर पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

**मिरांडा हाउस में अभ्यर्थियों के लिए 17 से 22 जून तक ओपन हाउस एवं कैंपस टूर कार्यक्रम**

## जेएनयू में पीजी दाखिला आवेदन की तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी), पीजी डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा कोर्स में दाखिले को लेकर आवेदन की तारीख दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार 17 जून तक ऑनलाइन https://jnuee.jnu.ac.in लिंक पर आवेदन कर सकेंगे।

हालांकि, जो उम्मीदवार दाखिले के लिए पहले से आवेदन कर चुके हैं उन्हें आवेदन फॉर्म में सुधार का मौका सिर्फ एक बार दिया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवारों को 17 जून रात 11:50 बजे तक का समय दिया गया है। उम्मीदवार नाम, माता-पिता का नाम और जन्म तिथि को छोड़कर सभी क्षेत्रों में सुधार कर सकेंगे। उसके बाद किसी भी संशोधन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। जेएनयू ने अलग-अलग भाषाओं में एमए, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी और कंप्यूटेशनल बायोलॉजी और एमटेक प्रोग्राम में दाखिले को लेकर आवेदन मांगे हैं। इसमें एमए प्रोग्राम में दाखिले के लिए करीब 800 सीट विभिन्न स्कूलों में उपलब्ध है। ब्यूरो

**बच्चो! एक कोना सिर्फ आपके लिए**

**अपनी प्रविष्टियां भेजें-**

प्रविष्टियां अपने फोटो के साथ हमें del-dakincharge@ del. amarujala.com और 9873687563 पर भेजें। साथ में अपना पूरा पता, संपर्क नंबर, स्कूल का नाम, कक्षा भी लिखें।

**किनके लिए :** कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थी अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं।

आप अपनी प्रविष्टियां हमें डाक के जरिये भी भेज सकते हैं। हमारा पता है- अमर उजाला लिमिटेड, सी-21, सेक्टर-59, नोएडा-201301

नोट : प्रकाशन का अधिकार अमर उजाला के पास सुरक्षित।

## आईआईटी दिल्ली के नवाचारों का फ्रांस में जलवा

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली का फ्रांस के नीस में आयोजित भारत इनोवेट्स 2026 में जलवा देखने को मिला है। आईआईटी दिल्ली ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वास्थ्य, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कम्युनिकेशन, ऊर्जा, स्मार्ट टेक्सटाइल और सतत विकास से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीकों और उत्पादों को प्रदर्शित किया। इन नवाचारों को लेकर वैश्विक तकनीकी कंपनी, निवेशक, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने विशेष रुचि दिखाई है।

कार्यक्रम के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति ने आईआईटी दिल्ली और सोरबोन विश्वविद्यालय के बीच चल रही साझेदारी की सराहना की। इसे भारत-फ्रांस के बीच उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आईआईटी दिल्ली ने भारत इनोवेट्स 2026 में आईआईटी बॉम्बे के साथ मिलकर इन्क्यूबेटर इनोवेशन ब्रिज के सह-अध्यक्ष की भूमिका निभाई है।

यह मंच दुनिया भर के विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप्स, निवेशकों और अनुसंधान संस्थानों को जोड़ने का काम करेगा। जिससे डीप-टेक स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर विस्तार का अवसर मिलेगा। इस दौरान आईआईटी दिल्ली ने फ्रांस के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा आईआईटी दिल्ली की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण इकाई एफआईटीटी ने भी फ्रांस के नवाचार संगठनों के साथ साझेदारी की। संस्थान के डीप-टेक स्टार्टअप ने फ्रांस की एयरोस्पेस एवं रक्षा कंपनी के साथ भी रणनीतिक समझौता किया। ब्यूरो

## विजन फिट रनिंग क्लब के धावकों ने रोहिणी मैराथन में दिखाया दमखम



रोहिणी मैराथन में विजन फिट रनिंग क्लब के धावक। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कम्पीट विद योरसेल्फ के रोहिणी चैप्टर (द्वितीय संस्करण) मैराथन में विजन फिट रनिंग क्लब के धावकों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। द डेयरडेविल्स के बैनर की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर भर से आए सैकड़ों धावकों ने हिस्सा लिया।

विजन फिट रनिंग क्लब की ओर से 15 धावकों ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया। 10 किलोमीटर दौड़ में ऋष्वी सिंघल, चंदन कुमार डेका, अक्षत गोयल और पीयूष सिंघल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं 5 किलोमीटर श्रेणी में अर्नव, यशना सिंघल, राजीव सर, निखिल गोयल, अखिल गोयल, शिवांक चांधोक, दीपेश जिंदल, हर्शल, साहिब ताज सिंह, सान्वी बग्गा और एना थॉमस ने उत्साह के साथ दौड़ पूरी की। सभी धावकों ने फिनिश लाइन पार कर स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। संवाद

**कम्पीट विद योरसेल्फ थीम पर आधारित रही दौड़ प्रतियोगिता**

## आईआईटी दिल्ली फेंसिंग को बनाएगा और मजबूत

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली अपने पश्चिमी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगा। संस्थान ने वर्ष 2026-27 के दौरान भवनों के रखरखाव एवं संचालन कार्यों के तहत परिसर में क्षतिग्रस्त कंटीले तारों की फेंसिंग की मरम्मत और पुनर्स्थापना कराने का निर्णय लिया है। यह कार्य कुमारांव हॉस्टल, उदयगिरि हॉस्टल, माइक्रोमॉडल नाला, डीएमएस भवन के पीछे और मेंटेनेंस स्टोर के आसपास स्थित क्षतिग्रस्त फेंसिंग को दुरुस्त करने से संबंधित है। परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में लगी फेंसिंग को मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस संबंध में आईआईटी दिल्ली ने निविदा आमंत्रण सूचना जारी की है। ब्यूरो


## पश्चिम मध्य रेल

**खुली निविदा, इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल (अभियंता) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** डीआरएमडब्ल्यू–जे.बी.पी.–94–2026 दिनांक 11/06/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल इंजीनियर सागर सब–डिविजन के अंतर्गत सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) सागर सेक्शन के लिए, वर्ष 2026–27 हेतु रेलवे सर्विस बिल्डिंग और स्टाफ क्वार्टर के रखरखाव के कामों तथा बिल्डिंग मटीरियल की सप्लाई के लिए जोनल अनुबंध। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 89,99,887/–, **बयाना राशि रूपये:** 180000/–, **निविदा सूचना क्रमांक:** डीआरएमडब्ल्यू–जे.बी.पी.–95–2026 दिनांक 11/06/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल इंजीनियर (दमोह उप–मंडल) के अंतर्गत सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) दमोह के सेक्शन के लिए, वर्ष 2026–27 हेतु रेलवे भवन/स्टेशन और रेलवे क्वार्टर आदि के रख रखाव कार्यों और निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए जोनल अनुबंध।, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 79,99,957/–, बयाना राशि रूपये: 160000/–, **सभी निविदाओं के लिये समापन अवधि:** 12 माह, **सभी निविदाओं के लिये निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक:** 07/07/2026, **सभी निविदाओं के लिये निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि:** 07/07/2026, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http//ireps.gov.in उपलब्ध है। एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## आईपीयू के 12 प्रोग्राम की ऑनलाइन काउंसलिंग में 17 तक भाग लेने का अवसर

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 12 प्रोग्राम में दाखिले के लिए जारी ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में 17 जून तक हिस्सा लिया जा सकता है। इनमें एलएलएम, बीसीए, बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी, बीएड, बीबीए, बीबीए एमबीए इंटीग्रेटेड, बीए जेएमसी, डिप्लोमा धारकों के लिए लेटरल एंट्री टू बीटेक, बीटेक, बीकॉम ऑनर्स, बीएड (विशेष शिक्षा), चार वर्षीय बीए अंग्रेजी ऑनर्स, चार वर्षीय बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स शामिल है।

एलएलएम में दाखिले नेशनल लेवल टेस्ट क्लैट पीजी, एलएलबी में क्लैट यूजी और बीटेक में जेईई मेंस पेपर वन से होंगे। नेशनल लेवल टेस्ट आधारित इन तीनों प्रोग्राम में 17 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा सकता है। इस अवधि में आरक्षित श्रेणी के दस्तावेज एवं अन्य जरूरी कागजात अपलोड, विकल्प चयन व भरे हुए फॉर्म में सुधार किया जा सकता है। इस काउंसलिंग में भाग लेने के इच्छुक सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि इस संबंध में अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट http://www.ipu.ac.in और http://www.ipu.admissions.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ब्यूरो


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

डी०डी० संख्या 43 दिनांक 08.06.26 धारा 194 बी०एन०एस० थाना एच०एस०आई०आई०डी०सी० बड़ी जिला सोनीपत।

**मृतक की पहचान**



**नाम** - नामपता नामालुम
**पिता/पति का नाम** - नामपता नामालुम
**पता** - नामपता नामालुम
**उम्र** - 45/50 वर्ष
**कद** - 5 फूट 7 इंच
**हुलिया :** - रंग गेहुँआ, दुबला-पतला, शरीर, लम्बुतरा चेहरा,
**पहनावा** - गले में रूद्राक्ष की माला ए गुलाबी रंग की टी-शर्ट मेहन्दी रंग का पायजामा, अण्डरवियर जिस पर अंग्रेजी में LUX PARKER लिखा हुआ है और दाहिने हाथ की कलाई पर सुरमा से रिंकू गुदा हुआ है।

दिनांक 08.06.26 को एक नामपता नामालुम व्यक्ति की लाश गाँव बांय मोड नियर राधा स्वामी सतरंग भवन जी०टी० रोड़ गन्नौर थाना बड़ी जिला सोनीपत मे मृत अवस्था में पाई गई है। अगर किसी थाना से कोई गुमशुदगी हो या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रवन्धक थाना एच०एस०आई०आई०डी०सी० बडी मो0 न0 - 7419410641**
**अनुसंधानकर्ता मो० न० - 8708271078**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत - 0130 - 2222903**

अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस आयुक्त,
सोनीपत

PRDH :- 1084/11/4924/2027/46237/1/7 Dt. 15/06/2026



## हरियाणा सरकार
## निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हरियाणा

कौशल भवन, आईपी-2, सेक्टर-3, पंचकूला-134109
टेली. न. : 0172-2586092
वेबसाईट : www.itiharyana.gov.in
ईमेल : adsd1-sdit@hry.gov.in

**शुद्धिपत्र**

निम्न आरएफपी न. निविदा आईडी : 2026_HRY_522899_1 (कुरूक्षेत्र क्लसटर हेतु) निविदा आईडी : 2026_HRY_523254_1 (सोनीपत क्लसटर हेतु) निविदा आईडी : 2026_HRY_523261_1 (झज्जर क्लसटर हेतु) निविदा आईडी: 2026_HRY_523260_1 (पलवल क्लसटर हेतु) द्वारा जारी पीएम-सेतू स्कीम के तहत एंकर इंडस्ट्री पार्टनर के चयन हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) के संदर्भ में आमंत्रित हैं। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि फ्लोटिड आरएफपी में कुछ संशोधन किये जा रहे हैं और इसे ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड किया जाऐगा। यह शुद्धिपत्र मूल आरएफपी दस्तावेज के इंटीग्रल भाग के रूप में माना जाऐगा और इसे ई-निविदा पोर्टल अर्थात https://etenders.hry.nic.in. से डाऊनलोड किया जा सकता है।

आरएफपी की अन्य सभी शर्तें व नियम अपरिवर्तित रहेंगे और प्रचलन में रहेंगे। बोलियों की क्लोजिंग की अंतिम तिथि 25.06.2026 है।

हस्ता
निदेशक / अतिरिक्त सचिव

PRDH:- 1065/11/195/2027/46278/1/7 Dt. 15/06/2026

# अपनी जमीन पर शानदार हवाई अड्डा देखकर किसान हुए खुश

## 104 साल की राजवती बोलीं- हमारे पूर्वजों की जमीन अब देश की धरोहर, लखनऊ जाने वाले किसानों में 28 महिलाएं रहीं शामिल

रोहित शर्मा

**यमुना सिटी।** मैंने अपनी पूरी उम्र इस जमीन पर खेती देखी। परिवार के साथ मिलकर फसलें बोईं। पहले मवेशियों की मदद से हल चलाते थे। बाद में ट्रैक्टर आए। लेकिन कभी नहीं सोचा था कि यहां से हवाई जहाज भी उड़ेंगे। पहली उड़ान में हमें भी शामिल किया जाएगा। आज अपनी जमीन पर शानदार हवाई अड्डा देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे पूर्वजों की जमीन अब देश की धरोहर बन चुकी है। देश दुनिया में लोग इसे जानेंगे। यह बातें कहीं 104 वर्ष की बुजुर्ग राजवती देवी ने।

सोमवार को उन्होंने लखनऊ जाने वाली पहली फ्लाइट में यात्रा की। एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 170 किसान और कामगार उनके साथ विमान में नोएडा से लखनऊ पहुंचे। सभी जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ रवाना हुए। इनमें 28 महिलाएं और किसान परिवार की बेटियां भी शामिल थीं।

हवाई यात्रा करने वाली बुजुर्ग महिलाओं ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी जमीन पर एयरपोर्ट बनेगा और उन्हें इस तरह से हवाई यात्रा करने में शामिल होने का मौका मिलेगा। अपने जीवन में उन्होंने ट्रेन की यात्रा भी गिनी चुनी बार ही की है। जिन जमीन पर वह अनाज उगाया करती थी और उनके मकान बने थे। अब उसी जमीन पर रोज हवाई जहाज उड़ेंगे और देश विदेश की यात्रा करने के लिए लोग यहां आएंगे।



जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को रनवे पर उतरे पहले यात्री विमान का स्वागत वाटर कैनन के जरिये सलामी देकर किया गया। अमर उजाला

**पहले चरण में सात गांव हुए थे विस्थापित :** नोएडा एयरपोर्ट का पूरा काम कुल चार चरण में पूरा किया जाएगा। इस एयरपोर्ट को इस तरीके से विकसित किया जा रहा है कि चौथा चरण पूरा होने के बाद यह एशिया का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एयरपोर्ट बन जाएगा। पहले चरण में जेवर के सात गांवों के किसान विस्थापित हुए थे। इसमें रोही, नगला गणेशी, नगला फूल खां, किशोरपुर, दयानतपुर खेड़ा, नगला शरीफ खां और नगला छीतर के किसान विस्थापित हुए थे।

### उड़ान भरने वाली महिलाएं बोलीं



मेरी उम्र 104 साल हो गई है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमारी जमीन पर हवाई अड्डा बनेगा और हमें यहां से यात्रा करने का मौका मिलेगा। -राजवती देवी



शुरू में जब हमें यहां मकान-जमीन से हटाया गया था तो अंदाजा नहीं था कि आगे क्या होगा। सरकार लगातार हमारी देखरेख कर रही है। -मिथलेश

## आधिकारिक फ्लाइट के पहले यात्री बने ग्रेनो के जिगनेश

नवीन कुमार



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट से उड़ने वाली पहली शेडयूल्ड फ्लाइट में सफर कर इतिहास का गवाह बनना था। इसी मकसद से विदेशी दौरा भी जल्द खत्म कर दिया और दो दिन पहले ही चीन से भारत लौटा था। हालांकि यह नहीं सोचा था कि एयरपोर्ट से उड़ने वाल पहली फ्लाइट का पहला यात्री बनने का मौका मिलेगा। यह अनुभव ग्रेटर नोएडा के उद्यमी जिगनेश पांचाल ने बयान किया। उन्होंने नोएडा एयरपोर्ट से बंगलूरू की यात्रा की। वहां उनकी कंपनी है और यहां से मीटिंग में शामिल होने गए हैं।

ग्रेनो के औद्योगिक सेक्टर साइट-बी के उद्यमी जिगनेश पांचाल ग्रेटर नोएडा की जेपी ग्रीन्स सोसाइटी में रहते हैं। उनकी एक कंपनी बंगलूरू में भी है। वहां सोमवार दोपहर 3:30 बजे उनकी मीटिंग थी। जिग्नेश चीन और कोरिया की यात्रा पर थे। 15 जून नजदीक थी और ऐतिहासिक पल से नहीं चूकना था। इस कारण टूर को दो दिन कम किया और शनिवार रात चीन से भारत आ गया। सोमवार सुबह 8:35 बजे की फ्लाइट के लिए तय समय से बोर्डिंग गेट पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वहां पहुंचने वाले पहले यात्री रहे। बोर्डिंग के समय पता चला कि वह फ्लाइट में प्रवेश करने वाले पहले यात्री है। यह सुनकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1997 से शहर का विकास देख रहे है। अब यहां से हवाई जहाज भी उड़ने लगे है। यह एक अच्छा अनुभव रहा।

**ताश व मोमेंटो देकर बनाया यादगार**

उद्यमी ने बताया कि एयरपोर्ट पर ऐतिहासिक पल को यादगार बनाया गया। उन्हें नोएडा एयरपोर्ट के नाम की ताश की गड्डी दी गई। साथ ही कई मोमेंटो दिए गए। एयरलाइंस कर्मचारी ने हैंडमेड वेलकप कार्ड दिया। चॉकलेट के साथ एक गिफ्ट वाउचर भी मिला। कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया। पहली यात्री बनने की खुशी अलग रही।

**35 मिनट में एयरपोर्ट पहुंचे, दिल्ली जाते तो लगते एक घंटा 20 मिनट**

जिगनेश दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ते थे। सुबह घर से निकले तो एक घंटा 20 मिनट एयरपोर्ट पहुंचने में लगते थे। वहीं दोपहर में यह समय एक घंटा 45 मिनट तक पहुंच जाता था। कभी कभी जाम के कारण दो घंटे भी लग जाते था। वहीं सोमवार को उन्हें घर से जेवर में नोएडा एयरपोर्ट पहुंचने में मात्र 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने बताया कि हालांकि पहली उड़ान 40 से 45 मिनट देरी से उड़ी।



लखनऊ से नोएडा पहुंची पहली उड़ान में पायलट की वेशभूषा पहने इस मासूम ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। एजेंसी

### अब जेवर में निवेश के लिए आ रही हैं बड़ी-बड़ी कंपनियां : सीएम योगी

**ग्रेटर नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में सर्वाधिक संभावनाओं वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज से कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ की है। ऐसे में आज का दिन जेवर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिमी उप्र, प्रदेश व देश के एविएशन सेक्टर के लिए एतिहासिक है, इसके पीछे प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और योगदान किसानों का है। जेवर क्षेत्र 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। अब जेवर में निवेश के लिए आ रही हैं बड़ी-बड़ी कंपनियां आ रही है।

■ **दुनिया के पांच बड़े विश्वविद्यालय कैंपस आएंगे जेवर**
सीएम ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट, सेमीकंडक्टर यूनिट, डाटा सेंटर, फिल्म सिटी, ट्वाय पार्क, अपरैल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स की विश्वस्तरीय सिटी भी जेवर क्षेत्र में स्थापित होगी। विश्व रैंकिंग वाले दुनिया के पांच बड़े प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय यहां कैंपस स्थापित करने आ रहे हैं। ब्यूरो

## भविष्य में प्रति वर्ष 7 करोड़ यात्री करेंगे सफर 15 लाख मीट्रिक टन तक होगी माल ढुलाई

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश ने विकास की दिशा में एक और एतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह केवल एक नए हवाई अड्डे की शुरुआत नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जेवर स्थित यह विश्वस्तरीय हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के लाखों यात्रियों को सुविधाजनक हवाई संपर्क उपलब्ध कराएगा। इससे पर्यटन, निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण को प्रति वर्ष 1.2 करोड़ यात्रियों की सेवा के लिए विकसित किया गया है। भविष्य में इसकी क्षमता बढ़ाकर सालाना 7 करोड़ से अधिक यात्रियों तक पहुंचाने की योजना है।

### एक जुलाई से नियमित फ्लाइटें

इंडिगो से जारी शेड्यूल के मुताबिक मंगलवार से को हैदराबाद, बंगलूरू, अमृतसर व लखनऊ के जम्मू के लिए भी उड़ानें शुरू हो जाएंगी। जम्मू के लिए सुबह 10 बजे फ्लाइट रहेगी। वहीं वापसी दोपहर 12:10 बजे रहेगी। एक जुलाई से नियमित उड़ान शुरू होनी हैं। इससे 16 तक शहरों की कनेक्टिविटी भी बढ़ जाएगी। इन उड़ान में अमृतसर, भोपाल, बंगलूरू, देहरादून, धर्मशाला, हैदराबाद, चंडीगढ़, जम्मू और जयपुर के लिए रोजाना फ्लाइट रहेंगी। वहीं बरेली के लिए सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को टिकट बुकिंग हो सकेगी।



विमान में सवार किसान और कामगार । एजेंसी

### किसानों ने जताया सरकार का आभार

नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान जब लखनऊ पहुंची तो यात्रा करने वाले किसानों के लिए सपना पूरा होने जैसी स्थिति थी। किसानों ने भव्य एयरपोर्ट देखा। वहीं से मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और सीएम का आभार जताया।

## पहले दिन 5 विमानों ने भरी उड़ान

**यमुना सिटी।** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानों का सपना सोमवार को पूरा हो गया। एयरपोर्ट के लिए अपनी जमीनें देने वाले किसान, कामगार व महिलाओं के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। सतीश महाना लखनऊ से नोएडा आने वाली पहली फ्लाइट में सवार थे। इसके बाद एयरपोर्ट से पहले विमान ने लखनऊ के लिए उड़ान भरी। इस फ्लाइट में जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसान, कामगार और महिलाएं शामिल थीं। उड़ान शुरू होने के पहले दिन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू भी नोएडा एयरपोर्ट पहुंचे। सुबह 8.05 पहले यात्री विमान का स्वागत वाटर कैनन के जरिये सलामी देकर किया गया। संवाद

**विधानसभा अध्यक्ष, किसान कामगार व महिलाएं बनीं ऐतिहासिक पल की साक्षी**

## नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि : राममोहन

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि नोएडा हवाई अड्डे का संचालन शुरू होना भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह अड्डा हवाई संपर्क को नई मजबूती प्रदान करेगा और व्यापार, पर्यटन, निवेश तथा रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। संवाद



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू

## पुल के अधूरे हिस्से से बाइक समेत गिरा मैनेजर, गई जान

**मंझावली पुल के अधूरे हिस्से ने ली जान, अंधेरे में अधूरी सड़क का नहीं चला पता**

**फरीदाबाद।** नोएडा की ओर जा रहे अस्पताल के मैनेजर की बाइक मंझावली पुल के अधूरे हिस्से से गहरे गड्ढे में गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान एनआईटी-1 निवासी अतुल कुमार जोशी के रूप में हुई है, जो आई केयर अस्पताल में मैनेजर थे।

हरियाणा की तरफ पुल का निर्माण पूरा हो चुका है लेकिन उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली सड़क अभी अधूरी है। रात के अंधेरे में उन्हें आगे सड़क समाप्त होने का अंदाजा नहीं लगा और वह बाइक समेत गहरे गड्ढे में जा गिरे।

सोमवार सुबह खेतों की ओर जा रहेलोगों ने गड्ढे में एक व्यक्ति और उसकी बाइक को पड़ा देखा। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि मामला सड़क हादसे का प्रतीत होता है। संवाद

## खराब अचार को दोबारा तैयार करके हो रही थी सप्लाई, 3400 किलो जब्त

**गाजियाबाद।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को खोड़ा क्षेत्र में दो गोदामों पर छापा मारकर भारी मात्रा में फफूंद लगा और सड़ी-गली अवस्था में रखा अचार बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान करीब 3400 किलोग्राम अचार नष्ट कराया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि खराब हो चुके अचार को साफ कर दोबारा तैयार किया जाता था और फिर उसे दिल्ली-एनसीआर के कई होटल-ढाबों व साप्ताहिक बाजारों में बेचा जाता था। अधिकारियों के मुताबिक, गोदामों की स्थिति इतनी खराब थी कि वहां कुछ देर रुकना भी मुश्किल हो रहा था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय ने बताया कि मौके से 30 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। इनमें नींबू, मिक्स अचार और सिरके के नमूने शामिल हैं। गोदामों में रखे अचार और अन्य सामग्री की स्थिति बेहद खराब मिलने पर उन्हें मौके पर ही नष्ट करा दिया। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

## हापुड़ में गूगल मैप ने दिया धोखा, नाले में कार गिरने से दो घंटे तक फंसा रहा परिवार

**हापुड़।** नोएडा से किठौर जा रहा कार सवार एक परिवार गूगल मैप से भटक गया। परिवार हापुड़ के अंदर से जाने की बजाए दिल्ली रोड से श्यामपुर वाले मार्ग की ओर बढ़ गया। फाटक के पास आने पर अंधेरे में कार नाले में गिर गई। खिड़कियां लॉक होने से परिवार अंदर ही फंस गया। गनीमत रही कि पानी नहीं भरा। कार चालक ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। दो घंटे की मशक्कत के बाद परिवार को सुरक्षित निकाला जा सका। थाना दादरी क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीपुरा निवासी साहिल अपने परिवार के साथ कार से रविवार देर रात किठौर अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित दिल्ली फाटक ओवरब्रिज पर मरम्मत कार्य चलने से रास्ता बंद था। इसके कारण उन्हें कार को रोकना पड़ गया। यहां से किठौर जाने के लिए उन्होंने गूगल मैप की मदद ली। ब्यूरो


### उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, उत्तर रेलवे। सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप/यमुना नगर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के जगाधरी स्थित कैरिज एंड वैगन (C&W) वर्कशॉप में 24 महीनों के लिए कोचिंग और वैगन के पुर्जों (कार्यक्षेत्र के अनुसार) की डाई पेनेट्रेशन टेस्टिंग (DPT) का कार्य। |
| 2 | कार्य स्थल | सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप उत्तर रेलवे |
| 3 | निविदा मूल्य | रु.8421798/- |
| 4 | मात्रा | कार्यक्षेत्र के अनुसार |
| 5 | निविदा प्रपत्र की लागत | Nil |
| 6 | बीड सिक्युरिटी | रु. 168400/- |
| 7 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 24 महीने |
| 8 | निविदा फॉर्म जमा करने की तिथि और समय | 07.07.2026 को 3:30 बजे तक |
| 9 | टेंडर खोलना | 07.07.2026 को 3:35 बजे तक, रेलवे निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रखता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या 6-S/85/Tender/2025–26/JUDW/P3 दिनांक 15.06.2026 2052/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, उत्तर रेलवे। सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप/यमुना नगर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप में LHB कोचों के लिए, कस्टमाइज्ड सॉफ्टवेयर के माध्यम से संपूर्ण डेटा अधिग्रहण हेतु, Industry 4.0 वायरलेस एरर–प्रूफ टॉकिंग सिस्टम के डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण एवं 3 वर्ष की वारंटी–पश्चात AMC का कार्य। |
| 2 | कार्य स्थल | सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप उत्तर रेलवे |
| 3 | निविदा मूल्य | ₹ 3,16,28,563.06 तीन करोड़ सोलह लाख अट्ठाईस हज़ार पाँच सौ तिरसठ रुपये और छह पैसे मात्र |
| 4 | मात्रा | कार्यक्षेत्र के अनुसार |
| 5 | निविदा प्रपत्र की लागत | Nil |
| 6 | बीड सिक्युरिटी | ₹ 6,32,600/– छह लाख बत्तीस हज़ार छह सौ मात्र |
| 7 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 66 महीने |
| 8 | निविदा फॉर्म जमा करने की तिथि और समय | 07.07.2026 को 16:30 बजे तक |
| 9 | टेंडर खोलना | 07.07.2026 को 16:35 बजे तक, रेलवे निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रखता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या 6-S/96/Tender/2025–26/JUDW/P3 दिनांक 15.06.2026 2051/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लिमिटेड
अधिशासी अभियन्ता (प्रोक्योरमेन्ट एवं परचेज), 14/71, सिविल लाइन्स, केसा हाउस, कानपुर

जेम निविदा सूचना दिनांक : 16.06.2026

निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. विभिन्न प्रकार की वितरण परिवर्तकों हेतु बुशिंग बूट की आपूर्ति – 06/2026-27-GEM/2026/B/7617787 धरोहर राशि–रू० 45,990/– (जेम–निविदा की अन्तिम तिथि– 18.06.2026)

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://bidplus.gem.gov.in/all-bids पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।



### वॉलंटियर डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स के लिए विज्ञापन - सिविल सर्जन कार्यालय, फरीदाबाद (स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा)

जून 2026 से 30 नवंबर 2026 की अवधि के लिए वॉलंटियर डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स के पद हेतु योग्य नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। मानदेय 586/- रुपये प्रति दिन की दर से दिया जाएगा, जिसमें महीने में अधिकतम 20 दिन काम करना होगा। वॉलंटियर्स का चयन 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि वॉलंटियर्स यह सामुदायिक सेवा अपनी स्वेच्छा से कर रहे हैं; यह कोई नियमित नौकरी नहीं है और मिलने वाली राशि वेतन नहीं, बल्कि मानदेय है। अपना आवेदन जिला मलेरिया कार्यालय, यूएचसी मेवला महाराजपुर, सेक्टर-45, फरीदाबाद में जमा करें; **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19-06-2026 (शाम 5:00 बजे तक) है।**

उप सिविल सर्जन (मलेरिया),
फरीदाबाद।

PRDH:- 1058/11/1383/2027/46264/1/7 Dt. 15/06/2026



### कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बुलन्दशहर

संख्या 59/1/ जि०आ०अ० / सिटीजन ऐप / 2026-27 / बु0शहर / दि० जून 15, 2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपभोक्ताओं को अवैध शराब से बचने, निर्धारित मूल्य पर शराब उपलब्ध कराने हेतु आबकारी विभाग द्वारा यूपी एक्साइज सिटीजन ऐप नाम से एक सरकारी मोबाईल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है, जो गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और नीचे दिये गये क्यू०आर०कोड (QR Code) को स्कैन करके डाउनलोड किया जा सकता है।

Apple App Store     Google Play Store

इस ऐप के माध्यम से शराब की बोतल पर लगे क्यू०आर०कोड को स्कैन करके उसकी प्रमाणिकता की जांच, ब्रांड, कीमत (एम0आर0पी0), बैच नम्बर और उत्पादन के दिनांक की पुष्टि की जा सकती है और निर्धारित कीमत (एम०आर०पी०) से अधिक कीमत वसूलने पर शिकायत भी की जा सकती है। इसके साथ ही विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर - 14405 एवं व्हाट्सऐप नम्बर - 9454466019 जारी किया गया है, जिस पर लोगों द्वारा ओवर रेटिंग, अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के संबंध में सूचना उपलबध कराई जा सकती है एवं शिकायत की जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा।

जिला आबकारी अधिकारी
बुलन्दशहर



### PUBLIC WORKS DEPARTMENT
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)

**E-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

**NIT No. 408/TC/EinC/PWD/2026-27 Dated-08.06.2026**

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-II** in the district of **Sukma** for construction of **01 Road** with estimated cost amounting **Rs 145.57 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in **https://eproc.cgstate.gov.in**. Bids form will be available on the website from 10.06.2026 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 22.06.2026

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post**, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department **http://pwd.cg.nic.in**

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-262701421/2



### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/620, दिनांक: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/10/26-27/सीएपी। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** सियालदह मंडल में एक्सल काउंटर सिस्टम का मज़बूतीकरण तथा रिले रूम, लोकेशन बॉक्स आदि की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,40,42,528.18। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 8,80,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 26.06.2026। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 10.07.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 10.07.2026 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in। **तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने के अंतिम दिन को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (र्यो) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत या ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या लेवल क्रॉसिंग गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड संशोधन या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या स्वचालित सिग्नलिंग से जुड़ा कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-79/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



### पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T08, Date-15.06.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.स.:– 1, कार्य का नामः–** इज्जतनगर मंडल में गौशाला हाल्ट को 03 लाइन क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तन के दौरान ओ.एच.ई. से संबंधित कार्य हेतु।, **टेंडर रेफरेंस नं.:–** SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T08, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:–** ₹ 2,03,94,222.51, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटीः–** ₹ 4,07,900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:–** 00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः–** 08.07.2026 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधिः–** 12 माह, • खुली ई–निविदा दिनांक 08.07.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, मुजाधि/विद्युत–72 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



### कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गाजियाबाद

पत्रांकः-कृ०उ०म०स०/2026-413 दिनांक- 15/06/2026

**आवश्यक सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गाजियाबाद के क्षेत्रान्तर्गत निर्दिष्ट कृषि उत्पादों का कारोबार करने वाले थोक व्यापारी एवं आढ़तिया, थोक व्यापारी, आढ़तिया, मिल, कारखाना कोल्ड स्टोरेज, दलाल, गोदाम परिचालक, ट्रान्सपोर्ट ऐजेन्सी, आटा चक्की (शक्ति चालित), तेल की धानी (शक्ति चालित), अपतूषक (शक्ति चालित), वितूषक, निष्कापक, ओटनी, डिकोरटीकेटर (शक्ति चालित), बेल केन्द्रियत (शक्ति चालित), चक्की (शक्ति चालित), आरा मशीन, फुटकर व्यापारी, तोलक, मापक एवं पल्लेदार श्रेणी के ऐसे लाईसेन्सधारी व्यापारी जिनके लाईसेन्स की अवधि दिनांक 30.06.2026 को समाप्त हो रही है, उनके ई-मण्डी पटल के माध्यम से दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक प्राप्त आवेदनो पर बिना शमन शुल्क तथा दिनांक 30.06.2026 के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनो पर निर्धारित शमन शुल्क के साथ नियमानुसार लाईसेन्स का नवीनीकरण किया जाना है।

अतः एतद् द्वारा मण्डी समिति, गाजियाबाद क्षेत्रान्तर्गत निर्दिष्ट कृषि उत्पादो का कारोबार करने वाले समस्त लाईसेन्सधारी व्यापारियो को सूचित किया जाता है कि अपने लाईसेन्स के नवीनीकरण हेतु दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक एक वर्ष, पाँच वर्ष एवं आजीवन अवधि हेतु ई- मण्डी पोर्टल की वेबसाईट www.emandi.gov.in पर आवश्यक लाईसेन्स शुल्क के साथ आवेदन कर उसकी हॉर्ड कॉपी एवं लाईसेन्स शुल्क की प्रति संलग्न कर दिनांक 30.06.2026 तक मण्डी समिति, गाजियाबाद कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गाजियाबाद

## सोना आयात में 34 फीसदी वृद्धि से व्यापार घाटा बढ़ा, निर्यात छह माह के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात मई में 18 फीसदी बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 45.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, महंगे पेट्रोलियम उत्पादों के साथ सोने के आयात में 34 फीसदी की बढ़ोतरी व्यापार घाटा एक साल पहले के 22.56 अरब डॉलर से बढ़कर 28.21 अरब डॉलर तक बढ़ गया। मासिक आधार पर व्यापार घाटा अप्रैल के 28.38 अरब डॉलर से मामूली कम है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते माह आयात सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 73.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान सोने का आयात सालाना आधार पर 34 फीसदी बढ़कर 3.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिसमें स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा लगभग 40 फीसदी रही। हालांकि, चांदी के आयात में 86.65 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई। क्रूड आयात 53.8 फीसदी बढ़कर 22.67 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान सेवाओं का निर्यात 36.76 अरब डॉलर और आयात 19.06 अरब डॉलर रहा। ब्यूरो

### अमेरिका को निर्यात स्थिर, आयात 54.4% बढ़ा



आंकड़ों के मुताबिक, भारत का अमेरिका को निर्यात मई में 8.81 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। हालांकि, अमेरिका से निर्यात 54.43 फीसदी बढ़कर 5.87 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत का चीन को निर्यात में 24.8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। संकट के बावजूद पश्चिम एशिया को 5.30 अरब डॉलर का वस्तुओं का निर्यात किया गया, जो एक साल पहले के 5.38 अरब डॉलर का मामूली कम है।

## अमेरिका-ईरान समझौते से 736.38 अंक चढ़ा सेंसेक्स, 8.48 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी



नई दिल्ली। अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर सहमति के बाद कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 736.38 अंक चढ़कर 76,264.33 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,293.12 अंक तक उछल गया था। निफ्टी 231 अंक की बढ़त के साथ 23,853.90 पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 8.48 लाख करोड़ बढ़कर 470.49 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर बढ़त में रहे। ट्रेंट सर्वाधिक 5.35 फीसदी लाभ में बंद हुआ। सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सबसे ज्यादा 3.93 फीसदी बढ़त में रहा। ऑटो में 2.69 फीसदी तेजी रही। ब्यूरो

### रुपया 60 पैसे मजबूत

रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 60 पैसे मजबूत होकर 94.58 पर बंद हुआ। क्रूड में तेज गिरावट, घरेलू बाजार में मजबूती और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी से रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 पर खुला। दिन में यह 94.45 से 94.77 के दायरे में रहा।

### कच्चा तेल तीन माह के निचले स्तर पर

*अमेरिका और ईरान के 107 दिन तक चले युद्ध को खत्म करने पर सहमति जताने के बाद कच्चे तेल की कीमतें सोमवार को भारी गिरावट के साथ तीन महीने के निचले स्तर आ गईं। ब्रेंट क्रूड 5 फीसदी टूटकर 82.94 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड का भाव भी 5.4 फीसदी गिरकर 80.26 डॉलर प्रति बैरल रह गया। यह दोनों बेंचमार्क क्रूड की कीमतों का 10 मार्च, 2026 के बाद का सबसे निचला स्तर है।*

## एक्सप्लेनर

कालाबाजारी रोकने के कदम का विरोध क्यों?

### डीजल के नए नियम से छोटे उद्योग क्यों घबराए?

**पेट्रोल पंपों पर 200 लीटर की सीमा से उत्पादन, रोजगार और छोटे कारखानों पर क्या असर होगा?**

डीजल की बिक्री पर केंद्र सरकार के नए अस्थायी नियम ने छोटे उद्योगों की चिंता बढ़ा दी है। सरकार का तर्क है कि यह कदम खुदरा पेट्रोल पंपों पर दबाव, जमाखोरी और डीजल की कालाबाजारी रोकने के लिए उठाया गया है।

लेकिन, छोटे उद्योगों का कहना है कि नियम का मकसद ठीक हो सकता है, पर असर जमीनी जरूरतों से टकरा रहा है।

#### क्या है नया नियम?

■ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने औद्योगिक, संस्थागत और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को खुदरा पेट्रोल पंपों से डीजल खरीदने पर रोक लगाई है। ऐसे उपभोक्ताओं को जरूरत का ईंधन उपभोक्ता पंप या थोक आपूर्ति व्यवस्था से लेना होगा। खुदरा पंपों पर डीजल खरीद की सीमा 200 लीटर प्रति ग्राहक या वाहन प्रतिदिन तक रखी गई है। आदेश शुरुआती 90 दिन के लिए लागू है।



#### सरकार ने ऐसा क्यों किया?

*असल समस्या कीमत और आपूर्ति के अंतर से जुड़ी है। थोक डीजल कई जगह खुदरा से काफी महंगा था। ऐसे में बड़े उपभोक्ता, परिवहन कंपनियां और कुछ संस्थान खुदरा पंपों से डीजल उठाने लगे। इससे कई इलाकों में खुदरा पंपों पर अचानक मांग बढ़ी। सरकार को आशंका थी कि बड़े खरीदार खुदरा नेटवर्क से ईंधन उठाते रहे, तो आम वाहन चालकों, किसानों और छोटे उपभोक्ताओं के लिए पंपों पर उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। इसलिए, नियम का उद्देश्य बड़े उपभोक्ताओं को अलग आपूर्ति चैनल की ओर भेजना है।*

#### छोटे उद्योग क्यों फंस रहे?

■ यहीं से असली समस्या शुरू होती है। बड़े उद्योगों के पास अपने भंडारण टैंक, उपभोक्ता पंप और सुरक्षा मंजूरी होती है। छोटे उद्योगों के पास ये व्यवस्थाएं आमतौर पर नहीं होतीं। ज्यादातर एमएसएमई इकाइयों में 50 से 250 केवीए तक के डीजल जनरेटर लगे होते हैं। इनकी टंकियां 100 से 200 लीटर तक ही डीजल रख पाती हैं। **ऐसे में अगर बिजली कटती है, तो उत्पादन चालू रखने के लिए छोटे उद्योगों को तुरंत डीजल चाहिए होता है।**

#### असर कहां दिखेगा?

सर्वाधिक असर उन औद्योगिक क्षेत्रों पर पड़ेगा, जहां बिजली आपूर्ति भरोसेमंद नहीं है। पैकेजिंग, छोटे इंजीनियरिंग उद्योग, प्लास्टिक, छपाई, कोल्ड स्टोरेज, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात से जुड़ी इकाइयां डीजल जनरेटर पर निर्भर रहती हैं। डीजल समय पर नहीं मिला तो मशीनें रुकेंगी, ऑर्डर देर से पूरे होंगे। छोटे उद्योगों के लिए यह सिर्फ ईंधन नियम नहीं, उत्पादन और नकदी प्रवाह का सवाल है।

#### समाधान क्या हो सकता है?

सरकार पंजीकृत एमएसएमई के लिए अलग श्रेणी बना सकती है। उद्यम पंजीकरण, जीएसटी नंबर या बिजली कनेक्शन के आधार पर सीमित मात्रा में डीजल खरीद की अनुमति दी जा सकती है। छोटी मात्रा में प्रमाणित डोरस्टेप डिलीवरी भी रास्ता हो सकती है। इससे कालाबाजारी रुकेगी और छोटे कारखानों की मशीनें भी नहीं रुकेंगी। नियम का लक्ष्य जमाखोरी रोकना है, उत्पादन नहीं। इसलिए जरूरी है कि बड़े थोक खरीदारों और छोटी फैक्टरी को एक ही तराजू पर न तौला जाए। ■ बोनस डेस्क

## न्यूज डायरी

### सोने और चांदी के दाम 5,000 रुपये तक बढ़े

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर सहमति के बाद सोमवार को वैश्विक बाजारों के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी तेजी देखने को मिली। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 2,500 रुपये महंगा होकर 1,59,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पहुंच गया। चांदी भी 5,000 रुपये महंगी होकर 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना करीब तीन फीसदी उछलकर 4,340.65 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया। एजेंसी

### एंजल वन ने निपटाया 4.28 करोड़ में मामला

नई दिल्ली। ब्रोकरेज कंपनी एंजल वन ने शेयर ब्रोकरेज नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़े एक मामले का निपटारा करने के लिए बाजार नियामक सेबी को 4.28 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह मामला अधिकृत दो व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी में कथित लापरवाही और समुचित सावधानी में कमी से जुड़ा था। इसमें अनधिकृत रूप से धन जुटाने, असंगत कारोबार, अनधिकृत सोशल मीडिया प्रचार और अन्य शेयर ब्रोकर के जरिये कारोबार का पता लगाने में विफल रहने जैसे आरोप शामिल थे। एजेंसी

पहली बार नई श्रृंखला के तहत सरकार ने जारी किए थोक महंगाई के आंकड़े

## जंग का असर...ईंधन कीमतों में उछाल से थोक महंगाई दोहरे अंक के करीब

बोनस डेस्क

नई दिल्ली। सरकार ने महंगाई मापने की व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए सोमवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की नई श्रृंखला जारी कर दी है। इसके मुताबिक, अमेरिका-ईरान युद्ध का असर अब अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में साफ दिखाई देने लगा है। मई, 2026 में देश में थोक महंगाई दर बढ़कर दहाई अंक के करीब 9.68 फीसदी पर पहुंच गई, जो अप्रैल के 8.26 फीसदी के मुकाबले काफी अधिक है। इस उछाल की मुख्य वजह ईंधन और बिजली के साथ खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बड़ी तेजी है।

महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है, जब भारत अपनी तेल जरूरतों का 88 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। युद्ध शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल करीब 27 फीसदी महंगा हुआ, जिसका असर पेट्रोलियम उत्पादों, परिवहन लागत और उद्योगों के उत्पादन खर्च पर पड़ा है।



### इस श्रेणी में सबसे ज्यादा दबाव

सबसे ज्यादा दबाव ईंधन एवं ऊर्जा श्रेणी में देखने को मिला, जहां महंगाई 30.33 फीसदी तक पहुंच गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में 61 फीसदी से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। इसका असर केवल ऊर्जा क्षेत्र तक सीमित नहीं है। **विनिर्माण, रसायन, उर्वरक, धातु और परिवहन लागत बढ़ने से व्यापक आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।**

### नई व्यवस्था...आधार वर्ष बदलने के साथ वस्तुओं की संख्या बढ़ी

नई थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) श्रृंखला का सबसे बड़ा बदलाव इसका नया आधार वर्ष 2022-23 होना है, जो पहले 2011-12 था। सरकार ने महंगाई मापने की टोकरी में वस्तुओं की संख्या 697 से बढ़ाकर 957 कर दी है, ताकि अर्थव्यवस्था में आए बदलावों को बेहतर ढंग से शामिल किया जा सके।

■ **बिजली श्रेणी** में पहली बार सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा को जोड़ा गया है। **कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस** को प्राथमिक वस्तुओं से हटाकर ईंधन-ऊर्जा समूह में रखा गया है। **पहली बार परमाणु ऊर्जा से उत्पादित बिजली को भी जगह दी गई है।** इससे ऊर्जा लागत का वास्तविक प्रभाव अधिक सटीक रूप से दिखाई देगा।

■ ***पीपीआई के साथ बदल जाएगा थोक महंगाई मापने का तरीका :*** थोक महंगाई की नई श्रृंखला के साथ सरकार ने पहली बार उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) भी पेश किया है। अब सिर्फ थोक बाजार की कीमतों पर नहीं बल्कि उत्पादन प्रक्रिया में लगने वाली लागत और उत्पादकों को मिलने वाली कीमतों पर भी नजर रखी जाएगी। सात प्रमुख सेवा क्षेत्रों के लिए सर्विस प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (एसपीपीआई) भी शुरू किया गया है। ***अगले पांच वर्षों तक डब्ल्यूपीआई और पीपीआई दोनों एक साथ चलेंगे। इसके बाद पीपीआई को महंगाई मापन का प्रमुख पैमाना बनाया जा सकता है, क्योंकि यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों और वैश्विक मानकों के अनुरूप मानी जाती है।***

## एसयूवी-छोटी कारों के दम पर बिके रिकॉर्ड 4.38 लाख यात्री वाहन



दोपहिया-तिपहिया बिक्री भी नए शिखर पर पहुंची

नई दिल्ली। स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और छोटी कारों की मजबूत मांग के दम पर घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई, 2026 में सालाना आधार पर 27.3 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 4,38,854 इकाई पहुंच गई। दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री भी नए शिखर पर पहुंच गई।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यात्री वाहन सेगमेंट में यूटिलिटी गाड़ियों की बिक्री 24.8 फीसदी बढ़कर 2,45,549 इकाई पहुंच गई। इस दौरान 1,20,975 कारें बिक्रीं, जो सालाना आधार पर 28.8 फीसदी की बढ़ोतरी को दर्शाती हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, दोपहिया वाहनों की बिक्री 14.8 फीसदी बढ़कर 19,02,209 इकाई के नए शिखर पर पहुंच गई। स्कूटर की बिक्री में 27.4 फीसदी और मोटरसाइकिल में 7.2 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। वहीं, तिपहिया वाहनों की बिक्री भी एक साल पहले के मुकाबले 31.1 फीसदी की बढ़त के साथ 70,720 इकाई पहुंच गई। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, पिछले वर्ष मई के निम्न आधार प्रभाव, जीएसटी दरों में कमी के कारण दाम घटने से उत्पन्न मांग और आसान फंडिंग से बिक्री की रफ्तार मजबूत हुई है। ब्यूरो

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

### राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

इंस्ट्रक्टर के पदों पर रिक्तियां




**3951 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 23 जून, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष
यहां आवेदन करें : rssb.rajasthan.gov.in

### उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ■ 543 पद

समीक्षा अधिकारी व अन्य पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 21 जून, 2026
योग्यताएं : बैचलर डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : allahabadhighcourt.in

### एनएचएसआरसीएल में मौके ■ 209 पद

डिप्टी इंजीनियर व जूनियर इंजीनियर के पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 14 जुलाई, 2026
योग्यताएं : बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : nhsrcl.in

### एचआरआरएल में संभावनाएं ■ 134 पद

जूनियर एग्जीक्यूटिव व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 27 जुलाई, 2026
योग्यताएं : बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : hrrl.in

### हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ■ 70 पद

कंसंट्रेटर आदि के लिए करें अप्लाई
आवेदन की अंतिम तिथि : 25 जून, 2026
पात्रताएं : बैचलर डिग्री इन इंजीनियरिंग व अन्य योग्यताएं
यहां आवेदन करें : hindustancopper.com

### भारत संचार निगम लिमिटेड ■ 15 पद

जनरल मैनेजर के पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 24 जून, 2026
पात्रताएं : एमबीए, पीजी डिप्लोमा व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : bsnl.co.in

### विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन जारी...

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली : निदेशक व अन्य पदों पर नौकरी के मौके।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 30 जून, 2026
■ aera.gov.in

राइट्स लिमिटेड, गुरुग्राम : प्रबंधक व अभियंता के पदों पर निकली भर्ती।
■ आवेदन करने की अंतिम तिथि : 21 जून, 2026
■ rites.com

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# एजुकेशन & कॅरिअर

ऐसी कोई मंजिल नहीं, जहां पहुंचने का रास्ता न हो।

एग्जाम टिप्स : यूजीसी-नेट परीक्षा, 2026

## सिर्फ छह दिन बाकी, खुद का मूल्यांकन करते रहें



अदिति शुभम
एग्जाम एक्सपर्ट

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यूजीसी-नेट परीक्षा 22 जून से 30 जून, 2026 तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में अंतिम सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस दौरान नए विषयों को पढ़ने के बजाय पहले से तैयार किए गए पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यूजीसी-नेट केवल विषय ज्ञान की नहीं, बल्कि धैर्य, एकाग्रता और समय के प्रभावी उपयोग की भी परीक्षा होती है। इसलिए, अंतिम दिनों में घबराने के बजाय योजनाबद्ध तैयारी करें और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल हों।

**■ पढ़े हुए विषयों का रिवीजन करें**
परीक्षा के अंतिम छह दिनों में अभ्यर्थियों को उन विषयों और अध्यायों की पुनरावृत्ति पर ध्यान देना चाहिए, जिनकी तैयारी वे पहले से कर चुके हैं। साथ ही, प्रत्येक दिन के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें। सुबह कठिन विषयों का रिवीजन करें, दोपहर में विषयवार प्रश्नों का अभ्यास करें, शाम को मॉक टेस्ट देकर उसका विश्लेषण करें और रात में पूरे दिन पढ़ी गई सामग्री की संक्षिप्त समीक्षा करें। ध्यान रहे कि आपकी योजना यथार्थवादी और नियमित रूप से पूरी की जा सकने वाली हो।

**■ पेपर-1 को नजरअंदाज न करें**
कई अभ्यर्थी विषय-विशेष (पेपर-2) की तैयारी पर अधिक ध्यान देते हैं और पेपर-1 को अपेक्षाकृत आसान समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि अंतिम सफलता में पेपर-1 के अंक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए, शिक्षण अभिरुचि, शोध अभिरुचि, तार्किक एवं गणितीय तर्क, संचार, आईसीटी, उच्च शिक्षा प्रणाली तथा पर्यावरण अध्ययन जैसी इकाइयों का नियमित अभ्यास करना आवश्यक है।

**■ शॉर्ट नोट्स तैयार रखें**
अंतिम दिनों में पूरी पुस्तक पढ़ना संभव नहीं होता, ऐसे में पहले से बनाए गए शॉर्ट नोट्स काफी काम आते हैं। उनकी मदद से महत्वपूर्ण, सूत्र, तथ्य, सिद्धांत, शॉर्ट ट्रिक्स तथा बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों का नियमित अभ्यास करना चाहिए। यह रणनीति न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि परीक्षा के समय जानकारी को शीघ्रता से याद करने में भी मददगार होती है। साथ ही, प्रतिदिन एक मॉक टेस्ट दें, ताकि वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव मिल सके।

**■ डिजिटल संसाधनों का संतुलित उपयोग करें**
परीक्षा की तैयारी में डिजिटल संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यूट्यूब वीडियो, ऑनलाइन कक्षाएं, शैक्षिक एप और अध्ययन समूह विषयों को समझने में सहायता करते हैं। हालांकि, इनका अत्यधिक उपयोग समय और एकाग्रता को प्रभावित कर सकता है।

- *डिजिटल संसाधनों का सीमित और प्रभावी उपयोग करें।*
- *परीक्षा के अंतिम दिनों में नए विषय शुरू करने से बचें।*
- *प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें।*
- *परीक्षा केंद्र की जानकारी अग्रिम रूप से प्राप्त कर लें।*
- *पर्याप्त नींद लें और मानसिक रूप से शांत रहें।*

### फेलोशिप प्रोग्राम

#### जीओवीएआई विंटर फेलोशिप-2027

- **पात्रताएं :** यह छात्रों, ग्रेजुएट और रिसर्च का अनुभव रखने वाले लोगों के लिए खुली है। साथ ही, राजनीति विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास या कानून जैसे संबंधित क्षेत्रों में पेशेवर अनुभव रखने वाले भी पात्र हैं।
- **अवधि :** तीन माह
- **स्टाइपेंड :** 12,000 पाउंड का वजीफा
- **आवेदन लिंक :** tinyurl.com/54sy26vn

### आवेदन आमंत्रित

#### एनसीएसटी का इंटर्नशिप प्रोग्राम

- **पात्रताएं :** ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित योग्यताएं
- **आयु-सीमा :** 18 से 30 वर्ष
- **स्टाइपेंड :** रुपये 15,000 प्रतिमाह
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 18 जून, 2026
- **आवेदन लिंक :** tinyurl.com/nk4dpehw

### एग्जाम अलर्ट

#### यूपीएससी जियो साइंटिस्ट मुख्य परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 20 व 21 जून, 2026
- यह परीक्षा संबंधित विषय के तीन प्रश्न-पत्रों (पेपर-I, पेपर-II एवं पेपर-III) के लिए आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक प्रश्न-पत्र 200 अंकों का होगा।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** upsconline.nic.in/login

#### यूपीएससी इंजीनियरिंग सेवा मुख्य परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 21 जून, 2026
- यह परीक्षा तीन श्रेणियों में, प्रत्येक के लिए दो-दो प्रश्न-पत्रों के माध्यम से आयोजित की जाएगी। संबंधित विषय के प्रत्येक प्रश्न-पत्र में 300 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र की परीक्षा अवधि तीन घंटे निर्धारित की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** upsconline.nic.in/login

### Q&A

**मैं बारहवीं उत्तीर्ण हूं। फोटोनिक्स के क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहता हूं...** -लखनऊ से अमित

**फोटोनिक्स** 'प्रकाश का विज्ञान' अर्थात साइंस ऑफ लाइट है। इसमें फोटॉन्स और लाइट वेव्स का पता लगाने के साथ-साथ उन्हें उत्पन्न और नियंत्रित करने की टेक्नोलॉजी का अध्ययन किया जाता है। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्टूडेंट्स अंडरग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन ले सकते हैं। भारत में बहुत-से कॉलेज और विश्वविद्यालय फोटोनिक्स को साइंस के एक इंटरडिसिप्लिनरी विषय के तौर पर पढ़ाते हैं। इस क्षेत्र में प्रमुख अंडरग्रेजुएट कोर्स डिप्लोमा-फोटोनिक्स या ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स, बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग-फोटोनिक्स सिस्टम और बीएससी-फोटोनिक्स या ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स है। उच्च शिक्षा के लिए एमटेक-फोटोनिक्स या ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स, पीएचडी-फोटोनिक्स भी कर सकते हैं। दुनियाभर में फोटोनिक्स स्पेशलिस्ट्स की कमी के कारण इस क्षेत्र में जल्द ही काम मिलने की संभावना होती है।



मुकेश श्रीवास्तव
कॅरिअर काउंसलर

## आज का दिन

16 जून, 2012

चीनी वैज्ञानिक लियू यांग अंतरिक्ष में जाने वाली पहली चीनी महिला बनीं। उन्हें दो अन्य सदस्यों के साथ शेनझोउ-9 अंतरिक्ष यान द्वारा भेजा गया था।



- ■ 1884 : अमेरिका में पहला रोलर कोस्टर ब्रुकलिन न्यूयॉर्क के कोनी आइलैंड में खुला था।
- ■ 1903 : हेनरी फोर्ड ने प्रसिद्ध फोर्ड मोटर कंपनी की स्थापना की थी।
- ■ 1920 : हिंदी फिल्मों के पार्श्वगायक और संगीतकार हेमंत कुमार का जन्म हुआ था।
- ■ 1943 : चार्ली चैपलिन ने ऊना ओ नील से विवाह किया था।

### व्रत त्योहार

आज : द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया।
कल : रंभातीज व्रत, ग्रीष्म ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
राहुकाल : दिन में 12.00 से 13.30 तक।

■ सूर्योदय : 05.27
■ सूर्यास्त : 19.16
(भारतीय मानक समयानुसार)

### कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2083, 27 ज्येष्ठ मास शक 1948, आषाढ़ मास 03 प्रविष्टे, 01 मुहर्रम हिजरी 1448, द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया 21.38 तक उपरांत चतुर्थी, पुनर्वसु नक्षत्र 13.36 तक उपरांत पुष्य नक्षत्र, ध्रुव योग 20.50 तक उपरांत व्याघात योग, तैतिल करण 11.15 तक उपरांत गर करण, चंद्रमा कर्क राशि में 08.15 बजे।

### राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

मेष : योजना में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी।

वृष : वाणी एवं क्रोध पर नियंत्रण रखें। नौकरी में सहकर्मियों से मनमुटाव से बचें।

मिथुन : दिनमान अनुकूल रहेगा। नौकरी में स्थिति ठीक रहेगी। कानूनी मामले से मुक्ति मिलेगी।

कर्क : नौकरी में उन्नति का अवसर मिलेगा। भू-संपत्ति क्रय का विचार बन सकता है। संतान पक्ष की उन्नति होगी।

सिंह : भाग्य सहायक रहेगा। भू-संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में तबादला संभव है। घर में शांति बनाए रखें।

कन्या : नौकरी में लापरवाही से बचें। आर्थिक क्षेत्र में सावधानी बरतें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

तुला : पूर्व नियोजित कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्य कुशलता बनी रहेगी। विरोधी शांत रहेंगे।

वृश्चिक : शुभचिंतकों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य में पूंजी निवेश से बचें। नौकरी में संयम बनाए रखें।

धनु : आत्मबल बना रहेगा। नौकरी प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

मकर : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में दबदबा बना रहेगा। विरोधी शांत रहेंगे। घर में शांति बनाए रखें।

कुंभ : कार्य विशेष में सफलता मिलेगी। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। नए कार्य में पूंजी निवेश होगा।

मीन : कार्य सिद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में उन्नति के संकेत मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | | | | | | 5 | |
| 3 | | | 2 | 1 | 9 | | | 7 |
| | | | 3 | | | | 9 | 4 |
| | | | | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 |
| | | | | | | | | |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | | | | |
| 6 | 9 | | | | 3 | | | |
| 5 | | | 8 | 9 | 6 | | | 2 |
| | 2 | | | | | | 6 | 8 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 |

# संगठन पर ममता की पकड़ ने गड़बड़ाए बागियों के समीकरण

## बागी सांसदों-विधायकों के अलग-अलग रुख से ममता का पार्टी में दावा हुआ मजबूत

हिमांशु मिश्र

**नई दिल्ली।** पार्टी संगठन पर तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी की मजबूत पकड़ ने फिलहाल खुद को मूल पार्टी साबित करने की बागियों की जंग को बहुत पीछे धकेल दिया है।

खासतौर से बागी सांसदों का अंजान सी पार्टी नेशनल सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय ने बागी विधायकों के एकनाथ शिंदे और अजीत पवार की तर्ज पर मूल पार्टी पर कब्जे की उम्मीद को फिलहाल धूमिल कर दिया है। इसके अलावा भावी रणनीति को लेकर बागी विधायकों और बागी सांसदों की अलग-अलग राह ने भी पार्टी को बचाने की जंग लड़ रहीं ममता के लिए राहत की उम्मीदें बचाए रखी हैं। पार्टी संगठन में ममता दबदबे के कारण ही बागी सांसदों ने न सिर्फ मूल पार्टी के दावे से फिलहाल खुद को दूर रखा, बल्कि अयोग्यता की तलवार से बचने के लिए एक बेहद अपरिचित पार्टी में विलय का रास्ता अपनाया।

दरअसल पार्टी पर दावे के संदर्भ में चुनाव आयोग और अदालतें अलग-अलग पक्ष में शामिल सांसदों-विधायकों की संख्या ही नहीं देखते, बल्कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का भी संज्ञान लेती है। मसलन पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी, राज्य इकाइयों और जिला अध्यक्षों में कितने किस गुट के साथ हैं इसका भी परीक्षण करते हैं।



### कमजोर पड़ी बागी विधायकों की चाल

राज्य विधानसभा में तृणमूल के 80 में से 64 विधायक बागी धड़े के साथ हैं। इसी आधार पर नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद विरोधी धड़े ने मूल पार्टी पर अपना दावा जताया है। हालांकि बागी सांसदों के बागी विधायकों के साथ जाने के बदले एनसीपीआई में विलय से मामला उलझ गया है।

- अब बागी सांसदों के समर्थन के अभाव में बागी विधायकों का धड़ा मूल पार्टी पर अपना दावा नहीं जता सकता। वैसे भी पार्टी संगठन में अब भी ममता का दबदबा कायम है।

### अब क्या है रास्ता

मूल पार्टी पर अधिकार के लिए बागी विधायकों को भी बागी सांसदों के साथ एनसीपीआई में विलय करना होगा। इसके अलावा बागी सांसदों-विधायकों को मूल पार्टी के संगठन में भी स्थिति मजबूत करनी होगी। बागी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने इशारा किया है कि संसद के मानसून सत्र के पहले दोनों धड़ा मिल कर मूल पार्टी पर दावा करने की रणनीति तैयार कर रहे हैं।

- **असमंजस की स्थिति :** बागी विधायक धड़ा भी अगर एनसीपीआई में विलय करता है तो अजीब सी स्थिति पैदा होगी। तब राज्य में यह भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी होगी और केंद्र में भाजपा के साथ होगी। मूल पार्टी का अधिकार मिलने पर भी यही स्थिति रहेगी। वैसे भी भाजपा की राज्य इकाई विरोधी धड़े के परोक्ष या सीधे गठजोर से बेहद नाराज है, ऐसे में नेतृत्व की चिंता केंद्रीय मंत्रिमंडल में बागी धड़े को शामिल करने को ले कर है।

### एनसीपीआई संस्थापक को सोशल मीडिया से मिली विलय की जानकारी, कहा

# हम पीएम मोदी और एनडीए के समर्थक, बागी सांसदों से बातचीत के लिए तैयार : शांतनु डे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय के दावे के बीच पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय संगठन सचिव शांतनु डे ने इस घटनाक्रम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी पार्टी का विस्तार होता है तो उन्हें खुशी ही होगी और वह बागी सांसदों के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं।


शांतनु डे

शांतनु डे ने सोमवार को कहा कि उन्हें इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों से मिली। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने इस संबंध में अभी उनसे कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन यदि बागी सांसद संपर्क करते हैं तो वह उनसे बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करते हैं और राष्ट्रहित में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ काम करना चाहते हैं। डे ने कहा कि यदि काकोली घोष दस्तीदार बातचीत के लिए बुलाती हैं तो वह दिल्ली जाने को भी तैयार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्षों के बीच जल्द चर्चा होगी। ब्यूरो

### काकोली ने लोस अध्यक्ष से की कल्याण के निष्कासन की मांग

तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट का नेतृत्व कर रहीं सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी को सदन से निष्कासित करने की मांग की है। काकोली ने 10 जून को भेजे गए अपने पत्र में आरोप लगाया कि कल्याण बनर्जी ने कई अवसरों पर उनके और अन्य महिला सांसदों के खिलाफ अपमानजनक और स्त्री-विरोधी टिप्पणियां की हैं, जो संसदीय गरिमा के बिल्कुल प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि कल्याण बनर्जी द्वारा व्यक्तिगत हमले, डराने-धमकाने की कोशिश व असम्मानजनक भाषा का इस्तेमाल व्यक्तिगत उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना की श्रेणी में आता है।

## विदेश संक्षेप

### नॉर्वे : क्राउन प्रिंस के सौतेले बेटे को दुष्कर्म में 4 साल की जेल

**ओस्लो।** नॉर्वे के क्राउन प्रिंस हाकोन के 29 वर्षीय सौतेले बेटे मारियस बोर्ग होईबी को ओस्लो जिला अदालत ने सोमवार को दुष्कर्म और घरेलू हिंसा का दोषी ठहराते हुए चार साल की जेल की सजा सुनाई। मारियस पर कुल 40 में से 34 आरोप सिद्ध हुए हैं, जिनमें क्राउन प्रिंस के घर के बेसमेंट में हुआ दुष्कर्म भी शामिल है। अभियोजन पक्ष ने सात साल से अधिक की सजा मांगी थी, लेकिन अदालत ने उसे चार साल की सजा सुनाई। एजेंसी



### नेपाल : नशीली दवाओं के साथ भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडो।** नेपाल पुलिस ने लुंबिनी प्रांत के नेपालगंज उप-महानगर में भारतीय नागरिक को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। सुरक्षा जांच के दौरान रिजवान के अंतर्वस्त्रों में छिपाकर रखा गया 63.5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है और उसे हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में, कोशी प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हुई एक जीप से पुलिस ने 104 किलो गांजा बरामद किया है। एजेंसी

### पाक : चेकपोस्ट पर आत्मघाती हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आत्मघाती हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह हमला डेरा गाजी खान जिले के ताउंसा तहसील में स्थित झांगी पुलिस चेकपोस्ट पर हुआ। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को चेकपोस्ट के गेट से टक्कर मार दी, जिससे इमारत का लगभग 40% हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिला पुलिस अधिकारी सादिक बलोच ने बताया कि हमले में एक हमलावर भी मारा गया है। घायलों को ताउंसा शरीफ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एजेंसी

### ब्रिटेन में फलस्तीन समर्थक संगठन पर जारी रहेगा प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन की अपील अदालत ने सोमवार को फलस्तीन समर्थक संगठन फलस्तीन एक्शन पर लगाए गए प्रतिबंध को वैध ठहराया। मुख्य न्यायाधीश सू कैर ने कहा कि यह समूह रक्षा कंपनियों व सैन्य ठिकानों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए गुप्त सेल के जरिये काम करता था। अदालत ने फरवरी में हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें प्रतिबंध को अनुचित बताया गया था। ब्रिटिश सरकार ने जून 2025 में रॉयल एयर फोर्स अड्डे में घुसपैठ और तोड़फोड़ के बाद संगठन पर प्रतिबंध लगाया था। एजेंसी

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

अमेरिका-ईरान के बीच 107 दिन तक जारी रहे युद्ध को समाप्त करने तथा होर्मुज को फिर से खोलने पर सहमति बन गई है। क्या इस समझौते के बाद दुनियाभर में जारी उर्जा संकट खत्म हो जाएगा?

(1) हां (2) नहीं

### पिछले पोल का रिजल्ट

भारतीय महिला टीम ने टी20 विश्वकप में हाथ न मिलाने की नीति को जारी रखा है। क्या पाकिस्तान से तनाव की बीच यह फैसला सही है?

| | |
|---|---|
| हां | 82.32% |
| नहीं | 17.68% |

# खरीदारों को फ्लैट पर कब्जा नहीं तो बैंक बिल्डर हों जिम्मेदार...केंद्र से मांगा जवाब

## सुप्रीम कोर्ट ने दी याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत, अगली सुनवाई तक दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

अमर उजाला ब्यूरो

**मामला 1**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया, जिसमें केंद्र सरकार को सबवेंशन योजना के तहत फंसे घर खरीदारों के लिए राहत योजना बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि अगर खरीदारों को फ्लैट का कब्जा नहीं मिलता है तो वितरित ऋण राशि का नुकसान केवल खरीदार पर नहीं डाला जाना चाहिए बल्कि बैंक और बिल्डर दोनों समान रूप से इसकी जिम्मेदारी उठाएं।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने केंद्र सहित अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर इस संबंध में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक उसके खिलाफ कोई दंडात्मक या जबरन कार्रवाई नहीं की जाए। सबवेंशन योजना के तहत बैंक स्वीकृत ऋण राशि सीधे बिल्डर के खाते में जारी करते हैं। समझौते के अनुसार, फ्लैट का कब्जा मिलने तक ईएमआई का भुगतान बिल्डर को करना होता है। हालांकि, कई मामलों में बिल्डरों की ओर से भुगतान बंद करने के बाद बैंक घर खरीदारों से ईएमआई की मांग करने लगते हैं। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उसने फ्लैट बुक किया था, लेकिन कब्जा नहीं मिला और उसे ईएमआई चुकाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। याचिका में रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं के खरीदारों के लिए एक ऋण राहत योजना बनाने और निर्माण की प्रगति के अनुसार ऋण वितरण सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

### ट्रांसजेंडर संशोधन कानून की वैधता को चुनौती वाली अर्जियों पर हाईकोर्टों में सुनवाई पर रोक

**मामला 2**

**नई दिल्ली।** ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों से जुड़े संशोधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विभिन्न हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रोक लगा दी। साथ ही, केंद्र सरकार की उस याचिका पर नोटिस भी जारी किया जिसमें देशभर के अलग-अलग हाईकोर्ट में लंबित मामलों को एक साथ सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट हस्तांतरित करने की मांग की गई है। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई तक उच्च न्यायालयों में इन याचिकाओं पर कोई आगे की कार्यवाही नहीं होगी।

- केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मामला एक केंद्रीय कानून की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। यदि अलग-अलग हाईकोर्ट इस पर फैसला सुनाते हैं तो परस्पर विरोधी निर्णय आने की आशंका है। इसलिए सभी मामलों की सुनवाई एक ही जगह होनी चाहिए। दरअसल, ट्रांसजेंडर व्यक्ति (संरक्षण और अधिकार) संशोधन अधिनियम, 2026 को विभिन्न मानवाधिकार संगठनों और एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय के कई सदस्यों ने चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि संशोधन के जरिए लिंग की स्व-पहचान की अवधारणा को कमजोर किया गया है। ब्यूरो

# मंत्री पद पर दीपक की दोबारा नियुक्ति के खिलाफ अर्जी, बिहार सरकार से जवाब-तलब

## आरएमएल प्रमुख कुशवाहा के बेटे विधानसभा या विधान परिषद के नहीं हैं सदस्य

**मामला 3**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएमएल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को बिहार सरकार में फिर से मंत्री बनाए जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक पहुंच गया है। दीपक को दोबारा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को सहमत हो गया है। शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार, चुनाव आयोग और पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहन की पीठ ने याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह की ओर से पेश वकील से पूछा, मौजूदा स्थिति क्या है? इस पर वकील ने बताया कि दीपक प्रकाश अब भी मंत्री पद पर बने हुए हैं। इसके बाद अदालत ने नोटिस जारी कर मामले की सुनवाई के लिए सहमति दे दी। ब्यूरो

*शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार, दीपक प्रकाश और चुनाव आयोग से जवाब तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई जुलाई में तय की है। याचिका में कहा गया कि दीपक प्रकाश को 20 नवंबर 2025 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था, जबकि वह न तो बिहार विस और न ही विधान परिषद के सदस्य थे।*

- याचिका में संविधान के अनुच्छेद 164(4) का हवाला दिया गया है, जिसके अनुसार कोई व्यक्ति छह महीने तक विधायक या विधान परिषद का सदस्य बने बिना मंत्री नहीं रह सकता। इसके बाद उसे पद छोड़ना पड़ता है। याचिका में आरोप लगाया गया कि छह महीने की अवधि पूरी होने के बावजूद 7 मई 2026 को सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार में दीपक प्रकाश को फिर से मंत्री नियुक्त कर दिया गया, जबकि वह तब भी किसी सदन के सदस्य नहीं थे।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : अभिषेक से ईडी ने की 11 घंटे पूछताछ

## पुराने बयानों व नए साक्ष्यों के बीच विसंगतियों पर मांगा स्पष्टीकरण

अमर उजाला ब्यूरो

**कोलकाता।** प. बंगाल के प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी से 11 घंटे पूछताछ की। मैराथन पूछताछ के बाद अभिषेक रात 10 बजे ईडी दफ्तर से बाहर आए। पूछताछ के लिए दो दर्जन प्रश्न तैयार किए गए थे, जिनका मुख्य फोकस धनशोधन के नेटवर्क, अवैध धन के प्रबंधन और वास्तविक स्रोत को छिपाने के लिए विभिन्न खातों व संस्थाओं के जरिये किए गए वित्तीय लेन-देन पर रहा।

जांच एजेंसी अभिषेक बनर्जी के बयानों का मिलान बैंक रिकॉर्ड, डिजिटल साक्ष्यों, फोरेंसिक विश्लेषण और इस मामले में गिरफ्तार अन्य आरोपियों व बिचौलियों के बयानों से कर रही है। साथ ही पुराने बयानों और हालिया तलाशी में मिले नए साक्ष्यों के बीच आई विसंगतियों पर भी स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। गौरतलब है कि इससे ठीक एक दिन पहले राज्य सीआईडी ने विधायकों के कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले में उनसे साढ़े आठ घंटे पूछताछ की थी।



### जमीन घोटाले में अभिषेक के निजी सहायक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

इसी बीच जमीन घोटाले के लंबित मामले में पश्चिम मिदनापुर की अदालत ने अभिषेक बनर्जी के निजी सहायक सुमित रॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। रॉय ने सोमवार को अग्रिम जमानत के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनके वकील ने जस्टिस जॉय सेनगुप्ता की बेंच के सामने यह मामला रखा और इस हफ्ते के आखिर में याचिका पर सुनवाई होने की संभावना है। पुलिस सालबोनी पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के सिलसिले में रॉय की तलाश कर रही है। जांचकर्ताओं ने बताया कि जमीन घोटाले के मामले में पहले गिरफ्तार किए गए मेदिनीपुर के पूर्व एमएलए सुजॉय हाजरा से पूछताछ के दौरान उनका नाम सामने आया था।

# शाहजहां शेख ने जमीनों पर कब्जा कर जुटाई 5 करोड़ की काली कमाई

## संदेशखाली : तृणमूल से निलंबित नेता समेत चार पर आरोप तय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली जमीन कब्जा मामले में कोलकाता की विशेष ईडी अदालत ने तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता शाहजहां शेख और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए।


शाहजहां

अदालत ने मामले में सात जुलाई से गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। ईडी के अनुसार, शाहजहां के अलावा आलमगीर, शिवप्रसाद हाजरा और दीदार बख्श मोल्ला के खिलाफ भी आरोप तय किए गए हैं। इन पर स्थानीय लोगों को धमकाकर और दबाव बनाकर उनकी जमीनों पर कब्जा करने का आरोप है। मामले की सुनवाई के दौरान विशेष अदालत को बताया गया कि अभियोजन पक्ष ने कुल 30 गवाहों को सूचीबद्ध किया है। अब सात जुलाई से इन गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। शाहजहां राष्ट्रीय स्तर पर उस समय चर्चा में आया था जब जनवरी 2024 में राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में उसके ठिकाने पर छापे के दौरान ईडी टीम पर हमला हुआ था। ब्यूरो

# कोचिंग विवाद : जमानत पर छूटे रौशन आनंद ने खान सर पर लगाया भाई की हत्या का आरोप

**पटना।** बिहार की राजधानी के बहुचर्चित कोचिंग विवाद में ज्ञान बिंदु कोचिंग के संचालक रौशन आनंद को अदालत से जमानत मिल गई है। पटना के एडीजे-33 की अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें राहत दी।


रौशन

खान ग्लोबल स्टडीज पर हमले के मामले में गिरफ्तार रौशन आनंद सोमवार को 12 दिनों बाद बेउर जेल से बाहर आए। उनके वकील निरंजन कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि आनंद पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत और राजनीतिक रूप से प्रेरित थे।

उधर, जेल से निकलते ही आनंद ने पूरे मामले को साजिश करार देते हुए गंभीर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने सीधे तौर पर खान सर और किसान कोल्ड स्टोरेज के मालिक आरएस प्रसाद पर अपने भाई प्रिंस यादव की हत्या कराने का आरोप लगाया। आनंद ने कहा, जब तक वे बाहर थे, उनके भाई को कोई खतरा नहीं था। मेरे जेल जाते ही साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई। यह सोची-समझी साजिश है। प्रिंस यादव की नेपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ब्यूरो

# पेपर लीक व शिक्षा घोटालों पर आवाज बुलंद करें युवा : राहुल

## कांग्रेस कल कोटा से शुरू करेगी देशभर में प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने युवाओं के मुद्दों और खासकर पेपर लीक और शिक्षा घोटालों को लेकर अपना देशव्यापी जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मुहिम की कमान संभालते हुए देश के युवाओं से बड़ी संख्या में एकजुट होने की अपील की है। कांग्रेस इस गंभीर मुद्दे पर देश के चार अलग-अलग हिस्सों में एक बड़े और व्यापक आंदोलन की तैयारी कर रही है, जिसकी शुरुआत राजस्थान के कोटा से होने जा रही है।

राहुल गांधी ने 17 जून को कोटा में होने वाली रैली के लिए छात्रों और युवाओं का विशेष आह्वान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर युवाओं का दर्द साझा करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत के बाद भी देश के युवाओं को मायूसी हाथ लग रही है। आज युवाओं को मेहनत का फल मिलने के बजाय सपने देखने की सजा मिल रही है। उन्होंने व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर परीक्षा का रद्द होना और भर्तियों का अधूरा रहना सिर्फ एक सिस्टम की नाकामी नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों पर कुठाराघात है। जब सरकार सुनने को तैयार न हो, तब आवाज को बुलंद करना पड़ता है। राहुल गांधी ने भरोसा दिलाया कि कोटा से शुरू हो रही यह गूंज पूरे भारत में जाएगी और वह छात्रों के भविष्य की इस लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। ब्यूरो



# बिहार : भीड़ ने चोरी के शक में दो युवकों को पीट-पीटकर मार डाला

**पटना।** बिहार के नालंदा जिले में सोमवार को चोरी के शक में भीड़ ने दो युवकों को पीट-पीटकर मार डाला। राजगीर थाना क्षेत्र के झुनकिया बाबा मंदिर के पास हुई इस वारदात ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा कि दोनों युवकों को भीड़ ने कब्जे में लेकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतकों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर निवासी 22 वर्षीय पिंटू कुमार और श्रवण कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवकों पर चोरी करने का शक था। इसके बावजूद उग्र भीड़ ने कानून को ताक पर रखकर लाठी-डंडों से हमला किए। दोनों युवक जिंदगी की भीख मांगते रहे, लेकिन किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। ब्यूरो

# कुमकुम भाग्य और छावा की अभिनेत्री संचिता ने जान दी

## घटना से कुछ समय पहले साझा किया था वीडियो

**पालघर।** कुमकुम भाग्य और वागले की दुनिया जैसे लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में अभिनय कर सुर्खियों में आईं संचिता उगले (22) ने रविवार को महाराष्ट्र के पालघर स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। संचिता सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय थीं और घटना से कुछ समय पहले ही उन्होंने अपना एक वीडियो भी साझा किया था। वीडियो में संचिता को मुस्कुराते हुए मैं नाचूं तू नचा..गाने पर लिप सिंक करते देखा जा सकता है।


संचिता

पुलिस के मुताबिक, संचिता ने रविवार की शाम करीब सात बजे नालासोपारा स्थित अपने घर में छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की। उस समय वह घर पर अकेली ही थीं। पुलिस टीम को मौके पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और न ही कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, अभिनेत्री के पिता ने अचोले थाना पुलिस को बताया कि उन्हें किसी तरह की साजिश या गड़बड़ी का संदेह नहीं है। पुलिस आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज करके यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि संचिता ने यह कदम क्यों उठाया। संचिता ने कुमकुम भाग्य में दीया टंडन की भूमिका निभाई थी। संचिता ने कुछ फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा में तारा रानी के युवा रूप का किरदार निभाया था। ब्यूरो

**जलवायु परिवर्तन**

### शरीर सामान्य तापमान बनाए रखने के लिए करेगा संघर्ष, हीट स्ट्रोक से मौत तक का खतरा

# तापमान-उमस का जानलेवा मेल, मानसून में भी आधा भारत उबलेगा

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में मानसून का मौसम भी भविष्य में गर्मियों की लू जितना खतरनाक हो सकता है। आईआईटी गांधीनगर के नेतृत्व में किए गए एक नए अध्ययन के अनुसार यदि वैश्विक तापमान औद्योगिक काल से पहले के स्तर की तुलना में 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है, तो देश का करीब 53 प्रतिशत हिस्सा मानसून के दौरान ऐसी गर्मी और उमस की चपेट में आ सकता है, जहां मानव शरीर पसीने के जरिये खुद को ठंडा रखने में असमर्थ हो जाएगा।

अध्ययन में जिस स्थिति को लेकर सबसे अधिक चिंता जताई गई है, उसे वैज्ञानिक भाषा में अनकम्पेन्सेबल हीट स्ट्रेस कहा जाता है। सरल शब्दों में यह ऐसी स्थिति है, जब तापमान और हवा में नमी का स्तर इतना बढ़ जाता है कि शरीर की प्राकृतिक शीतलन प्रणाली काम करना बंद कर देती है। सामान्य तौर पर शरीर पसीने के जरिये अतिरिक्त गर्मी बाहर निकालता है, लेकिन अत्यधिक उमस होने पर पसीना सूख नहीं पाता और शरीर के भीतर की गर्मी लगातार बढ़ती रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसी परिस्थितियों में व्यक्ति यदि कोई भारी काम न भी कर रहा हो, तब भी उसका शरीर सामान्य तापमान बनाए रखने में संघर्ष कर सकता है। लंबे समय तक ऐसी स्थिति बने रहने पर हीट स्ट्रोक, गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं और मृत्यु तक का खतरा बढ़ जाता है।



### वैश्विक तापमान दो डिग्री बढ़ना होगा खतरनाक

अध्ययन के अनुसार यदि वैश्विक तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ता है तो मानसून के दौरान देश का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा गंभीर गर्मी और उमस की चपेट में आ सकता है। यह बदलाव मुख्य रूप से अत्यधिक गर्म और नम मौसम की बढ़ती घटनाओं के कारण होगा।

*शोधकर्ताओं का अनुमान है कि बढ़ते तापमान के साथ गर्मियों में भी यह खतरा और व्यापक होगा तथा देश का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा ऐसी परिस्थितियों से प्रभावित हो सकता है।*

### 70 करोड़ लोगों पर सबसे बड़ा संकट

अध्ययन में गंगा के मैदानी क्षेत्रों, उत्तर-पश्चिमी भारत और पूर्वी तटीय इलाकों को सबसे अधिक संवेदनशील बताया गया है। इन क्षेत्रों में रहने वाले करीब 70 करोड़ लोगों को बढ़ती गर्मी और उमस का संयुक्त प्रभाव झेलना पड़ सकता है विशेष रूप से किसान, निर्माण श्रमिक, सड़क निर्माण और अन्य श्रम-प्रधान कार्यों में लगे लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। ये लोग लंबे समय तक खुले वातावरण में काम करते हैं और इनके पास गर्मी तथा उमस से बचाव के पर्याप्त साधन अक्सर उपलब्ध नहीं होते। ऐसे में बढ़ता हीट स्ट्रेस उनकी कार्यक्षमता, स्वास्थ्य और आजीविका पर सीधा असर डाल सकता है।

# रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी छलांग, लंबी दूरी की स्वदेशी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

## दुश्मन के कमांड सेंटर में घुसकर तबाह करने में सक्षम, रक्षा मंत्री ने कहा-बढ़ेगी मारक क्षमता

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोमवार को ओडिशा तट के पास डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का पहला सफल परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर में तैनात ट्रैकिंग उपकरणों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरी तरह से सफल रहे। यह मिसाइल पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। इसकी सभी उप-प्रणालियों का विकास डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों में किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस शानदार सफलता पर डीआरडीओ की टीम और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है।



राजनाथ ने कहा कि इससे सेना और मजबूत होगी। वहीं, रक्षा सचिव और रक्षा अनुसंधान व विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने लॉन्च के दौरान सभी गतिविधियों की निगरानी की और पूरी टीम की सराहना की।

### हिंद महासागर में रणनीतिक लाभ

बढ़ेगी सामरिक और रणनीतिक शक्तिः यह मिसाइल लंबी दूरी तक जमीन पर मौजूद दुश्मन के ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाने में सक्षम है। इससे नौसेना और वायुसेना को दुश्मन के इलाके में भीतर तक घुसकर कमांड सेंटर, रडार और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की ताकत मिलेगी। साथ ही, हिंद महासागर और सीमाओं पर रणनीतिक बढ़त मिलेगी।

# डांसिंग गर्ल की ढकी तस्वीर पर उठे सवाल, अब बदलेगा एनसीईआरटी

## मोहनजोदड़ो की कांस्य प्रतिमा का चित्र नौवीं कक्षा की किताब में किया गया था प्रकाशित

**नई दिल्ली।** डांसिंग गर्ल के नाम से प्रसिद्ध मोहनजोदड़ो की कांस्य प्रतिमा के निर्वस्त्र धड़ को एनसीईआरटी की एक नई पाठ्यपुस्तक में ढका दिखाया गया है। इस पर सवाल उठने और आलोचनाओं के बाद एनसीईआरटी ने अब इसे मूल स्वरूप में प्रकाशित करने का फैसला किया है। यह तस्वीर नौवीं कक्षा की कला शिक्षा की पुस्तक मधुरिमा के पहले अध्याय कला का इतिहास में प्रकाशित की गई है।

एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश सकलानी ने कहा कि जैसे ही मामला संज्ञान में आया, तुरंत इस पर कार्रवाई की गई और संबंधित विभाग को मामले की समीक्षा का निर्देश दिया गया। विशेषज्ञों से सलाह-मशविरे के बाद, विभाग डांसिंग गर्ल की तस्वीर को उसके मूल रूप से बदल रहा है। पाठ्यपुस्तक के डिजिटल संस्करण में इस सुधार को तुरंत लागू किया जा रहा है, जबकि संशोधित प्रिंट संस्करणों में तस्वीर का मूल रूप शामिल होगा। एजेंसी


डांसिंग गर्ल की ढकी तस्वीर।

### मूल प्रतिमा की तस्वीरों से अलग

नई किताब में प्रकाशित चित्र में प्रतिमा का ऊपरी हिस्सा मूल प्रतिमा की तस्वीरों की तुलना में बदला हुआ दिखाई दिया है। इसमें प्रतिमा के ऊपरी हिस्से को छायांकन से ढंग दिया गया है। इसके विपरीत, एनसीईआरटी की कक्षा छह की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में डांसिंग गर्ल की तस्वीर मूल कांस्य प्रतिमा के अधिक करीब दिखाई देती है। कक्षा 6 की नई सामाजिक विज्ञान पुस्तकों की समिति के प्रमुख रहे माइकल डैनिनो ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि डांसिंग गर्ल की प्रतिमा उम्र के अनुसार उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी टीम इससे सहमत नहीं थी। हमने कक्षा छह के शिक्षकों से भी बात की और उन्होंने बताया कि डांसिंग गर्ल की प्रतिमा को लेकर कभी कोई समस्या नहीं रही। डैनिकों के मुताबिक, नग्नता को अनुपयुक्त मानना विक्टोरियन युग की पुरानी सोच है। फिर भी हम भारतीय शिक्षा को उपनिवेशवादी प्रभावों से मुक्त करने की बात करते हैं।

**2600 ईसा पूर्व की है यह कांस्य प्रतिमा...** डांसिंग गर्ल को मोहनजोदड़ो से प्राप्त लगभग 2600 ईसा पूर्व की कांस्य प्रतिमा माना जाता है। मोहनजोदड़ो की इस कांस्य प्रतिमा को लॉस्ट-वैक्स तकनीक'से बनाया गया था, जो पश्चिम बंगाल, झारखंड और छत्तीसगढ़ में प्रचलित है। डांसिंग गर्ल सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ी सबसे प्रसिद्ध पुरातात्विक वस्तुओं में से एक मानी जाती है।

# 500 करोड़ की क्रिप्टो धोखाधड़ी में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 500 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरंसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को कई ठिकानों पर छापे मारे। 2.48 लाख से अधिक निवेशकों से धोखाधड़ी मामले में जांच एजेंसी ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। घोटाले का मास्टरमाइंड सुभाष शर्मा पहले ही देश छोड़कर दुबई भाग चुका है।

ईडी ने बताया कि विजय कुमार जुनेजा और मासूम जुनेजा से जुड़े परिसरों पर छापे मारे गए। इस दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। इसके बाद मासूम जुनेजा को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो

# सेना की नेगेव गन को मिलेगी इस्राइल की हाई-टेक आंख, 800 मीटर दूर लगेगा सटीक निशाना

## भारत में ही होगा आधुनिक लेंसों का निर्माण

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना अपनी मारक क्षमता को और अधिक घातक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। सेना ने अपनी नेगेव लाइट मशीन गन के लिए इस्राइल की प्रसिद्ध कंपनी मेप्रोलाइट के आधुनिक टेलीस्कोपिक लेंस मेप्रो-एक्स 6 को चुना है।



इस अत्याधुनिक लेंस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे 800 मीटर की दूरी तक सटीक निशाना लगाया जा सकता है। खास बात यह है कि मेक इन इंडिया के तहत अब इन लेंसों का निर्माण पूरी तरह भारत में ही होगा। इस सौदे को अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. को सौंपी गई है। बीईएल ने इस परियोजना के लिए घरेलू निजी कंपनी आरआरपी डिफेंस को अपना साझेदार बनाया है। यह कंपनी इस्राइली तकनीक के हस्तांतरण के जरिये इन लेंसों का निर्माण कर बीईएल को उपलब्ध कराएगी। ब्यूरो

### छह गुना तक है क्षमता

मेप्रो-एक्स 6 लेंस किसी सैनिक की आंखों की क्षमता को छह गुना तक बढ़ा देता है, जिससे दूर खड़ा दुश्मन भी बिल्कुल पास नजर आता है। यह लेंस सियाचिन की बर्फीली ठंड से लेकर रेगिस्तान की भीषण गर्मी तक हर चुनौतीपूर्ण वातावरण में सटीक प्रदर्शन करने में सक्षम है।

**भारत में ही हो रहा नेगेव गन का निर्माण :** गौरतलब है कि सेना अपने बेड़े में 7.62×51 मिमी कैलिबर की नेगेव लाइट मशीनगनों को तेजी से शामिल कर रही है। 2024 में 41,000 नेगेव मशीनगनों का अनुबंध हुआ था, जिनमें से आपूर्ति का चरण जारी है। इनका उत्पादन भी भारत में ही हो रहा है।

## न्यूज डायरी

### पटना हाईकोर्ट को मिले सात नए न्यायाधीश

**पटना।** पटना हाईकोर्ट में सोमवार को सात नए न्यायाधीशों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसके साथ ही अदालत में न्यायाधीशों की कुल संख्या 44 हो गई है, जबकि स्वीकृत संख्या 53 है। मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय ने नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। न्यायाधीश रंजन कुमार झा,न्यायाधीश कुमार मनीष और न्यायाधीश राज कुमार को हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, जबकि न्यायाधीश राणा विक्रम सिंह, न्यायाधीश विकास कुमार, न्यायाधीश गिरिजेष कुमार और न्यायाधीश आलोक कुमार अतिरिक्त न्यायाधीश बने हैं। ब्यूरो

### महाराष्ट्र : नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में फुटबॉल कोच गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 17 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में उसके फुटबॉल कोच को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने खेल में करिअर बनाने का झांसा देकर लड़की का तीन साल तक यौन शोषण किया। जब लड़की ने उससे दूरी बनानी चाही तो आरोपी ने उसकी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी भी दी। पीड़िता के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को 36 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वसई में निजी प्रशिक्षण केंद्र चलता है। ब्यूरो

### केरलम : शिगेला से सात साल के बच्चे ने दम तोड़ा अब तक चार की मौत

**मल्लपुरम।** केरलम के मल्लपुरम जिले के पूक्कोट्टूर में शिगेला संक्रमण से सात साल के एक बच्चे की मौत हो गई। प्रदेश में इस साल घातक संक्रमण से होने वाली यह चौथी और जून में तीसरी मौत है। अधिकारियों ने बताया कि मृतक आर्जव की मौत कोझिकोड राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। उसे 12 जून को बुखार और दस्त की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बाद में उसमें शिगेला संक्रमण की पुष्टि हुई। एजेंसी

### पाकिस्तानी आतंकियों से जुड़ा संदिग्ध मधुबनी से किया गिरफ्तार

**पटना।** बिहार एटीएस और मध्य प्रदेश एटीएस ने एक संयुक्त अभियान के तहत मधुबनी जिले से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है, जिसके तार पाकिस्तानी हैंडलर से जुड़े होने का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मधुबनी के पंडौल थाना क्षेत्र निवासी इजहारुल हक के रूप में हुई है। वह फिलहाल नगर थाना क्षेत्र के राघोनगर स्थित मदरसा नूरे मोहम्मदिया में रह रहा था। यह कार्रवाई मध्य प्रदेश एसटीएफ थाना में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान की गई। छापों के दौरान आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। ब्यूरो

# दकियानूसी सोच व झूठी शान को बढ़ावा नहीं दे सकते...अंतर-जातीय दंपती को सुप्रीम राहत

## पत्नी के अभिभावकों को मिलने की अनुमति देने वाले फैसले पर रोक लगाई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाज में दकियानूसी सोच रखने वाले और झूठी शान को ही सब कुछ समझने वालों को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को इस टिप्पणी के साथ झूठी शान के लिए मार दिए जाने के डर से जूझ रहे अंतर-जातीय दंपती को राहत दे दी। कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें महिला के माता-पिता को उनसे (दंपती) मिलने की अनुमति दी गई थी।

मामला 1



जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस अरुण पल्ली की पीठ ने दंपती की ओर से दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया। इससे पहले, दंपती ने महिला के रिश्तेदारों से जान का खतरा होने की शिकायत की थी, जिसके बाद शीर्ष कोर्ट ने उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया था। पीठ ने कहा, हमें इस तरह के दकियानूसी तत्वों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। वे दंपती को परेशान कर रहे हैं। यह सही नहीं है। पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाते हुए मामले की अगली सुनवाई जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दी। सुनवाई के दौरान महिला के अभिभावकों की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि हाईकोर्ट का मकसद सिर्फ महिला और उसके पिता के बीच मुलाकात करवाना था, न कि उस सुरक्षा को कम करना, जो इस जोड़े को दी गई है। वहीं, दंपती के वकील ने शिकायत की कि राजस्थान पुलिस के कर्मी लगातार उनके घर के बाहर तैनात रहते हैं और उनके खिलाफ दर्ज मामलों के सिलसिले में उनके रिश्तेदारों के पास आते-जाते रहते हैं।

वकील ने कहा, मेरे मुवक्किलों को सुरक्षा तो मिल गई है, लेकिन राजस्थान पुलिस के कर्मी उनके घर में बैठे रहते हैं। राजस्थान सरकार की ओर से पेश वकील ने पीठ को भरोसा दिलाया कि दंपती के घर के बाहर तैनात पुलिसकर्मी अब उनसे मिलने नहीं जाएंगे। पीठ ने यह बयान रिकॉर्ड में लिया और दंपती की याचिका पर राजस्थान सरकार से जवाब तलब किया। न्यायालय ने उस याचिका का निपटारा कर दिया था, जिसमें दंपती ने झूठी शान के लिए हत्या होने के डर से सुरक्षा प्रदान किए जाने का अनुरोध किया था। न्यायालय ने दंपति को उत्तर प्रदेश के बागपत में युवक के माता-पिता के घर में रहने की इजाजत दे दी थी।

### हिमाचल के विधायकों को नगर निकाय चुनाव में वोट डालने की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के उस अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी जिसमें विधायकों को नगर निकायों के पदाधिकारियों के चुनाव में मतदान करने से रोका गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद अब राज्य के उन विधायकों को, जो नगर पालिकाओं के पदेन सदस्य हैं, नागरिक निकायों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में वोट डालने की अनुमति मिल गई। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहाना की पीठ ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए 4 जून, 2026 के आदेश के संचालन पर रोक लगा दी है। पीठ ने यह आदेश हिमाचल प्रदेश सरकार और अन्य याचिकाकर्ताओं की तरफ से दायर विशेष अनुमति याचिकाओं (एसएलपी) पर दिया है। ब्यूरो

मामला 2

### पंजाब में आरटीई कानून ठीक से लागू नहीं केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 को सही तरीके से लागू करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह आरोप भी लगाया गया है कि राज्य सरकार पिछले 15 वर्षों से कानून के महत्वपूर्ण प्रावधानों को लागू करने में विफल रही है, जिसकी वजह से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूहों के हजारों बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। ब्यूरो

मामला 3

# नीट यूजी : दोबारा परीक्षा से पहले पेपर लीक के नाम पर ठगी, 3 और गिरफ्तार

## शुल्क वापसी में भी सेंध...अब तक राजस्थान से 2 और बिहार से 5 दबोचे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से 21 जून को दोबारा आयोजित हो रही नीट यूजी परीक्षा से पहले डार्कनेट और सोशल मीडिया के जरिये प्रश्न पत्र मुहैया कराने का दावा करने वाले गिरोहों का पर्दाफाश हुआ है। साथ ही उम्मीदवारों के खातों को हैक कर उनके परीक्षा शुल्क की वापसी (रिफंड) को चुराने का भी गंभीर मामले में पुलिस ने तीन और जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जालसाज सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के माध्यम से उम्मीदवारों को भ्रमित कर रहे थे। प्राइवेट माफिया जैसे नामों से आठ टेलीग्राम चैनल बनाकर विज्ञापन चलाए जा रहे थे, जिनमें दावा किया जा रहा था कि उनके पास 21 जून को होने वाली परीक्षा का असली प्रश्न पत्र है। इसके बदले छात्रों से मोटी रकम मांगी जा रही थी। बिहार की मुजफ्फरपुर पुलिस ने सिकंदरपुर थाना क्षेत्र से संचालित हो रहे एक गिरोह का खुलासा किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के अनुसार 2 जून को मिली सूचना पर छापे मारकर मुख्य आरोपी मनीष झा को गिरफ्तार किया गया। इस गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को भी दबोचा गया है।

### पासवर्ड हैक कर वापसी शुल्क अपने खाते में लेने का प्रयास

एनटीए की ओर से मूल परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों की शुल्क वापसी की प्रक्रिया में भी सेंध लगाने की कोशिश की गई है। अहमदाबाद साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में बिहार के गया के रहने वाले नवीन यादव को गिरफ्तार किया है। नवीन ने कमजोर पासवर्ड का फायदा उठाकर उम्मीदवारों के खातों में घुसपैठ की। पुलिस के अनुसार नवीन ने 350 खातों को निशाना बनाया और उनमें से 150 उम्मीदवारों के नीट पोर्टल अकाउंट को हैक कर लिया। उसने छात्रों की तरफ से दिए गए बैंक विवरण को बदलकर अपने बैंक खाते की जानकारी दर्ज कर दी, ताकि सरकार की ओर से जारी रिफंड उसके खाते में ट्रांसफर हो जाए। अहमदाबाद के एक निवासी की ओर से अपनी बेटी का नीट पासवर्ड चोरी होने की शिकायत दर्ज कराने के बाद यह खुलासा हुआ।

अब तक कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दूसरी ओर अहमदाबाद पुलिस ने राजस्थान के कोटा से दो आरोपियों सुमेर सिंह मीणा और आकाश मीणा (निवासी कोटा) को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में इनके बैंक खातों से 1.5 करोड़ रुपये के लेन-देन का पता चला है। ब्यूरो

### कुछ संदिग्ध दिखे तो तत्काल सूचना दें : एनटीए

**नई दिल्ली।** दोबारा नीट यूजी की सफलता के लिए सरकार सेना और अर्द्धसैनिक बलों की सहायता ले रही है। ऐसे में सोशल मीडिया और डार्कनेट पर फर्जी अफवाहों की बाढ़-सी आ गई है। सोशल मीडिया पर हजारों पोस्ट में फर्जी प्रश्न पत्र तक वायरल हो रहे हैं। ऐसे में अब एनटीए ने जन-सूचना (पब्लिक एडवाइजरी) जारी की है। इसमें ईमेल आईडी दी गई हैं, ताकि किसी भी इंसान को अपने आसपास कुछ संदिग्ध देखता है तो उसकी तुरंत रिपोर्ट करें। एनटीए ने अपनी जन-सूचना में लिखा है, अफवाहों को अपने नीट यूजी 2026 के फैसले पर हावी नहीं होने दें। परीक्षा से पहले किसी के पास भी प्रश्न पत्र नहीं होता है। आपको फर्जी वेबसाइट, लीक हुए प्रश्न पत्र का ऑफर या कोई व्यक्ति एनटीए अधिकारी बनकर बात करता दिखे तो तुरंत सूचना दें। हम आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। संदिग्ध होने पर ईमेल आईडी innovateindia.mygov.in/neet-ug-2026 nta.ac.in, neet.nta.ac.in पर सूचना दें। ब्यूरो

# भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर 23 को होगी अहम बैठक

**नई दिल्ली।** अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर अगले सप्ताह भारत दौरे पर आएंगे। वह 23 और 24 जून को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि 22 जून को भारत पहुंचने वाले हैं।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि उनकी अपेक्षा है कि बातचीत का केंद्र उस फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देना होगा, जिस पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की हालिया यात्रा के दौरान चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भी चर्चा करेंगे, जिस पर लगातार वार्ता चल रही है। इससे पहले 2 से 4 जून के बीच अमेरिका के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी टीम ने भारतीय अधिकारियों के साथ समझौते को अंतिम रूप देने पर बातचीत की थी। 5 जून को पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के सभी लंबित मुद्दों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अगले महीने के मध्य तक लागू किए जाने की संभावना है। अग्रवाल ने कहा कि भारत, अमेरिकी सेक्शन 301 जांचों के मुद्दे पर भी अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। ब्यूरो

**पीयूष गोयल और जैमीसन ग्रीयर की बातचीत में द्विपक्षीय व्यापारिक मुद्दों पर रहेगा फोकस**

# आरएसएस के पंजीकरण की मांग राजनीति से प्रेरित, दो बार लगा था प्रतिबंध, दोनों बार हटा

## प्रियंक खरगे की मांग पर संघ प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया

**बंगलूरू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संगठन के पंजीकरण की मांग को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि आरएसएस कोई गुप्त संगठन नहीं है। वह हमेशा खुले तौर पर काम करता है। भागवत ने यह प्रतिक्रिया रविवार को आरएसएस के शताब्दी वर्ष जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत आयोजित एक सभा को संबोधित करने के बाद पूछे गए सवालों के जवाब में दी।

गौरतलब है कि कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने संघ प्रमुख को दो पेज की चिट्ठी लिखकर आरएसएस को पंजीकृत कराने की मांग रखी थी, जिसपर भागवत ने जवाब दिया। भागवत ने कहा कि संगठन के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। भागवत ने कहा कि देश में कई ऐसी गतिविधियां चल रही हैं जो पंजीकृत नहीं हैं, जबकि आरएसएस खुले मैदानों में काम करता है। लोग संघ की गतिविधियों को देखते हैं और संगठन स्वयं लोगों को बताता है कि वह क्या करता है। उनके अनुसार यह राजनीति का हिस्सा है और ऐसे प्रयास पहले भी होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना के 10-15 वर्ष बाद से ही उसे इस प्रकार की परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संगठन की स्थापना ब्रिटिश शासन के दौरान सार्वजनिक चर्चा और सहमति की प्रक्रिया से हुई थी। कई चीजें पंजीकृत नहीं होतीं। जिन संस्थाओं को सरकार से धन लेना होता है, उनके लिए पंजीकरण आवश्यक हो सकता है, लेकिन सरकार आरएसएस के अस्तित्व से पूरी तरह परिचित है। एजेंसी



### एक बार अदालत के आदेश से एक बार सत्याग्रह से हटी रोक

भागवत ने कहा कि आरएसएस पर अतीत में दो बार प्रतिबंध लगाया गया था। एक प्रतिबंध अदालत के आदेश से हटा और दूसरा सत्याग्रह के बाद समाप्त हुआ। इससे स्पष्ट है कि सरकार संगठन के अस्तित्व और पहचान से परिचित थी। उन्होंने यह भी कहा कि संघ ने 1950 में अपना लिखित संविधान सरकार को सौंप दिया था और पिछले 100 वर्षों में किसी भी प्राधिकरण ने उसे पंजीकरण कराने के लिए नहीं कहा। वहीं, कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने आरएसएस से उसके कानूनी दर्जे को स्पष्ट करने तथा फंडिंग, आय, व्यय और संपत्तियों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। खरगे ने यह बात आरएसएस प्रमुख को लिखे एक पत्र में कही, जिसे उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में भी साझा किया।

# नाथू ला से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू श्रद्धालुओं का पहला जत्था गंगटोक पहुंचा

## 44 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे में 32 पुरुष और 12 महिलाएं शामिल

अमर उजाला ब्यूरो

**गंगटोक।** करीब पांच वर्षों के अंतराल के बाद नाथू ला दर्रे के रास्ते शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा के तहत 44 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था सोमवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंच गया। यहां सिक्किम पर्यटन विकास निगम (एसटीडीसी) के अध्यक्ष लुकेंद्र रासाइली और उप महाप्रबंधक अमित कपिल छेत्री ने उनका स्वागत किया।

पहले जत्थे में दो संपर्क अधिकारी और एक चिकित्सा अधिकारी सहित कुल 44 सदस्य शामिल हैं। इनमें 32 पुरुष और 12 महिलाएं हैं, जो बिहार, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और ओडिशा समेत देश के विभिन्न राज्यों से आए हैं। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार सभी तीर्थयात्रियों को ऊंचाई वाले क्षेत्र की परिस्थितियों के अनुकूल बनाने के लिए गंगटोक, 15वीं माइल और शेराथांग में चार दिन का अनुकूलन कार्यक्रम कराया जाएगा। इसके बाद 20 जून को यह जत्था नाथू ला दर्रे के रास्ते चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र स्थित ग्यांत्से के लिए रवाना होगा, जो कैलाश मानसरोवर जाने वाले यात्रियों के लिए प्रमुख ट्रांजिट केंद्र है।


फाइल फोटो

नाथू ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा को सामरिक और धार्मिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण माना जाता है। इस मार्ग के दोबारा खुलने से देशभर के श्रद्धालुओं को एक बार फिर सिक्किम के रास्ते पवित्र कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन का अवसर मिलेगा।

# डीजल निर्यात पर उत्पाद शुल्क 13.5 रुपये से बढ़कर 14 रुपये प्रति लीटर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के चलते केंद्र सरकार ने सोमवार रात डीजल व एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले उत्पाद शुल्क की दरों में बदलाव कर दिया है। डीजल के निर्यात पर अब यह शुल्क 14 प्रति लीटर होगा। एटीएफ के निर्यात पर शुल्क 12.5 रुपये प्रति लीटर होगा।

पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह पहले की तरह 1.5 रुपये प्रति लीटर रहेगा। अभी तक डीजल पर निर्यात पर उत्पाद शुल्क 13.5 रुपये प्रति लीटर व तो एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर निर्यात शुल्क 9.5 रुपये प्रति लीटर है। नई दरें 16 जून से प्रभावी होंगी। असल में इन दरों की समीक्षा प्रत्येक 15 दिन में की जाती है। पिछला संशोधन 1 जून 2026 से लागू हुआ था। वित्त मंत्रालय ने नई दरों की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निर्यात को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ ) के निर्यात पर निर्यात उपकर (विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क) व सड़क एवं अवसंरचना उपकर 27 मार्च 2026 से लागू किया गया था। घरेलू उपभोग के लिए जारी किए जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर वर्तमान उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) की दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। ब्यूरो


एविएशन टर्बाइन फ्यूल 9.5 रुपये के बजाए अब 12.5 रुपये प्रति लीटर

# उत्तर भारत में चली धूल भरी आंधी, बारिश से गिरा पारा

## उत्तर-पश्चिम भारत में 19 जून तक जारी रहेगा बारिश का दौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में सोमवार को दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया और 92 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली। कई जगह बारिश भी हुई। इससे गर्मी से बड़ी राहत मिली।

मौसम विभाग ने पहले ही इसकी संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया था। यह स्थिति अगले दो दिन तक मौसम ऐसी ही बना रह सकता है। दिल्ली-एनसीआर में 70-90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी के बाद हल्की से मध्यम बारिश हुई। दिल्ली के पालम में दोपहर 2:30 बजे हवा की गति 93 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिल्ली में सुबह भी वर्षा हुई। बदले मौसम से तापमान में गिरावट आई और अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूरे क्षेत्र में 19 जून तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक देश के कई राज्यों में छिटपुट से लेकर हल्की और मध्यम बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश का सिलसिला 19 जून तक रुक-रुक कर जारी रहने की उम्मीद है। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे मैदानी क्षेत्रों में 19 जून तक छिटपुट बारिश की संभावना जताई गई है। ब्यूरो


दिल्ली में सोमवार को तेज आंधी के बाद हुई बारिश का नजारा।

### धीरे-धीरे बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर-पश्चिम भारत में 17 जून तक दिन के तापमान में 4-6 डिग्री तक की धीरे-धीरे वृद्धि हो सकती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में 17 जून तक तापमान स्थिर रहेगी। देश के बाकी हिस्सों में 19 जून तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा और यह स्थिर रहेगा।

### मुंबई : टूटा मानसून का पुराना ट्रेंड

जून का आधा महीना गुजर चुका है, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में अब तक वह मानसूनी बारिश नहीं हुई है जिसका हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है। इससे मुंबई में मानसून का पुराना ट्रेंड टूट गया है। वहीं, झीलों के जलस्तर को लेकर भी चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। हालत यह है कि मुंबई को जलापूर्ति करने वाले जलाशयों में जल भंडारण की क्षमता 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि जलाशयों में जल भंडारण क्षमता कम होने से मुंबई में 10 प्रतिशत पानी कटौती लागू की गई है।

# ट्रेड सीक्रेट चोरी में अमेरिकी शीर्ष कोर्ट में टीसीएस की अर्जी खारिज

**वाशिंगटन।** भारत की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने सोमवार को टीसीएस की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने डीएक्ससी टेक्नोलॉजी को 16.8 करोड़ डॉलर (लगभग 1,400 करोड़ रुपये) का हर्जाना देने के फैसले को चुनौती दी थी। टीसीएस पर लाइफ-इंश्योरेंस सॉफ्टवेयर के ट्रेड सीक्रेट (व्यापारिक गोपनीयता) चुराने का आरोप है।

**आईटी कंपनी को देना होगा 1,400 करोड़ का हर्जाना**

टीसीएस ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसमें वर्जीनिया के ऐशबर्न में स्थित डीएक्ससी को मुआवजे के तौर पर 5.6 करोड़ डॉलर (लगभग 467 करोड़ रुपये) और जुर्माने के तौर पर 11.2 करोड़ डॉलर (लगभग 933 करोड़ रुपये ) यानी कुल 16.8 करोड़ डॉलर का हर्जाना देने का आदेश दिया गया था। टीसीएस का तर्क था कि ट्रेड सीक्रेट से जुड़े अमेरिकी कानूनों के तहत हर्जाने की यह रकम सही नहीं ठहराई जा सकती। एजेंसी

# पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में शौर्य दिखाएगी भारतीय वायुसेना

**नई दिल्ली।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी ताकत का लोहा मनवाने के लिए वायुसेना एक बार फिर तैयार है। ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में 20 जुलाई से 7 अगस्त तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास पिच ब्लैक-2026 में वायुसेना भाग लेने जा रही है। इस दौरान वायुसेना अपने जांबाज पायलटों और अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों के साथ दुनिया के 18 अन्य मित्र देशों के सामने दमखम दिखाएगी।

**ऑस्ट्रेलिया में 20 से 19 देशों के सैन्य कर्मी होंगे शामिल**

इस युद्धाभ्यास में 19 देशों के 100 से ज्यादा लड़ाकू व परिवहन विमान और सैकड़ों सैन्य कर्मी शामिल होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य जटिल और युद्ध जैसी परिस्थितियों में आपसी तालमेल और युद्धक्षमता मजबूत करना है। यह युद्धाभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में भाग लेने वाले प्रमुख देशों में भारत, ब्रुनेई, कनाडा, फिजी, फिनलैंड, फ्रांस, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्पेन, स्वीडन, थाईलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका शामिल होंगे। ब्यूरो






# कामाडा के अंतिम समय में किए गोल से जापान ने ड्रॉ कराया हारा हुआ मैच

## दुनिया की 8 नंबर की टीम नीदरलैंड को जापान ने 2-2 से ड्रॉ पर रोका, 88वें मिनट में आया बराबरी का गोल

**आर्लिंगटन।** दाइची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया, जिससे जापान ने फुटबाल विश्वकप के ग्रुप एफ के मैच में नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जापान की हार लगभग निश्चित लग रही थी, लेकिन कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया, जिससे समुराई ब्लू (जापानी टीम) के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। इससे जापान ने अपने से अधिक रैंकिंग वाली नीदरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नीदरलैंड की मौजूदा फीफा रैंकिंग आठ और जापान की 18 है।

नीदरलैंड की टीम को भले ही अंक बांटने पड़े, लेकिन इस ड्रॉ से उसने विश्वकप के ग्रुप चरण में अपने अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया है। कामाडा के गोल से नारंगी रंग की जर्सी पहने नीदरलैंड के प्रशंसक सन्न रह गए। अब शनिवार को नीदरलैंड का अगला मैच ह्यूस्टन में स्वीडन से, जबकि जापान का ट्यूनीशिया से मेक्सिको के मॉन्टेरी में होगा। जापानी टीम चार साल पहले कतर में अंतिम-16 में पहुंची थी। एजेंसी



जपानी खिलाड़ी दाइची कामाडा के हैडर से हुए गोल के बाद नीदरलैंड के गोलकीपर गोलपोस्ट के अंदर गिर पड़े। एजेंसी

### दूसरे हाफ में हुए दोनों तरफ से गोल

पहले हाफ में दोनों टीमें प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाईं, लेकिन ब्रेक के बाद माहौल तेजी से बदल गया। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वैन डाइक ने 50वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर आगे की ओर झुकते हुए दाहिनी ओर दूर वाले पोस्ट की तरफ हेडर से गोल किया। यह डाइक का 13वां अंतरराष्ट्रीय गोल था। इसके सात मिनट बाद ही कीटो नाकामुरा ने ताकेफुसा कुबो से पास लेने के बाद कोण बनाकर गोल किया। इससे जापान ने 1-1 की बराबरी की।

- वैन डाइक 34 साल और 341 दिन की उम्र में विश्वकप में गोल करने वाले नीदरलैंड के दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। वैन ब्रोंखोर्स्ट ने 2010 में 35 साल और 151 दिन की उम्र में गोल किया था।
- 64वें मिनट में नीदरलैंड के क्रिसेंसियो समरविले ने रयान ग्रेवेनबर्च से पास लिया और बाएं पैर से शॉट मारकर जापान के गोलकीपर जायोन सुजुकी को छकाते हुए गेंद को दूर बाएं पोस्ट की ओर गोल में डाल दिया। मैच समाप्ति की आरे बढ़ गया था, पर कामाडा ने समुराई ब्लू को बराबरी दिला दी।

**आज के मैच**

| | |
|---|---|
| ईरान वनाम न्यूजीलैंड | |
| सुबह 6:30 बजे | स्थान :लॉस एंजिलिस |
| फ्रांस वनाम सेनेगल | |
| रात 12:30 बजे | स्थान : ईस्ट रदरफोर्ड |
| इराक वनाम नॉर्वे | |
| तड़के 3:30 बजे | स्थान : फॉक्सबोरो |

## स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा

**मॉन्टेरी (मेक्सिको)।** यासिन अयारी (7 और 90+6 मिनट) के दो गोलों की मदद से स्वीडन ने फीफा विश्वकप 2026 के ग्रुप एफ में ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंद दिया। अलेक्जेंडर इसाक (30) और विक्टर ग्योकेरेस (59), दोनों ने एक-एक गोल किया और एक-एक असिस्ट भी दिया। स्वीडन के लिए मटियास स्वानबर्ग (84वे मिनट) ने भी गोल किया। स्वीडन की टीम आठ साल पहले रूस में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने के बाद 2022 विश्वकप में जगह नहीं बना सकी थी। ट्यूनीशिया के लिए उमर रेकिक (43वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। ट्यूनीशिया अपना सातवां विश्वकप खेल रही है, लेकिन ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ी है। एजेंसी



गोल के बाद अयारी को साथियों ने गले लगाया, पर वह सामान्य रहे।

### दो गोल किए, पर अयारी ने नहीं मनाया जश्न

स्वीडन के लिए दो गोल करने वाले 22 वर्षीय अयारी ने अपने गोलों का जश्न नहीं मनाया, जबकि साथी खिलाड़ी उनकी ओर दौड़े और प्रशंसक झूम उठे। दरअसल, अयारी का ट्यूनीशिया से गहरा और पारिवारिक रिश्ता है। यासिन का जन्म स्वीडन के सोलना शहर में हुआ है, लेकिन उनके पिता ट्यूनीशिया से हैं। उनकी मां मोरक्को मूल की हैं। इसी वजह से अयारी के पास ट्यूनीशिया का प्रतिनिधित्व करने का भी विकल्प था, लेकिन उन्होंने स्वीडन को चुना।

**न्यूज डायरी**

### तनाव के बीच आज अमेरिकी धरती पर खेलेगी ईरानी टीम

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका-ईरान में युद्ध रोकने का समझौता जरूर हो गया है, ईरानी फुटबाल टीम मंगलवार को फीफा विश्वकप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी, तो वह काफी तनाव में होगी। ईरान के कप्तान मेहदी तरेमी ने मैच से पहले कहा, उनकी टीम को अमेरिका में कई परेशानियां हो रही हैं। हालांकि, ईरान को लॉस एंजिलिस में ईरानी मूल के लोगों का समर्थन मिलेगा। एजेंसी

### घाना के कोच कार्लोस रिकॉर्ड 5वें विश्वकप में करेंगे कोचिंग

**अटलांटा।** घाना के 73 साल के कोच कार्लोस क्यूरोज 18 जून को पनामा के खिलाफ लगातार पाचवें विश्वकप में कोच के रूप में उतरेंगे। कार्लोस ने 2010 में पुर्तगाल को कोचिंग दी, तो 2014, 2018 और 2022 में ईरान के साथ विश्वकप टीम का हिस्सा थे। इससे पहले बोरा मिलटिजोविच ने 1986 से 2002 तक विभिन्न टीमों के साथ लगातार पांच विश्वकप में कोचिंग दी थी। एजेंसी

### बॉक्सिंग विश्वकप : दीपक और पूनम ने जीते मैच

**गुइयांग (चीन)।** भारत के दीपक और पूनम ने सोमवार को यहां बॉक्सिंग विश्वकप (स्टेज-2) में जीत दर्ज की। महिलाओं में पूनम ने 54 किलो भारवर्ग में उज्बेकिस्तान की अजीजा को 5-0 से, पुरुष वर्ग में दीपक ने 70 किलो भारवर्ग में तुर्कमेनिस्तान के नूर को 5-0 से हराया। सात भारतीय मुक्केबाज हार गए। एजेंसी

# काबो वर्डे ने दुनिया को चौंकाया स्पेन को गोल रहित ड्रॉ पर रोका

## पहला विश्वकप खेल रहे पांच लाख की आबादी वाले देश की टीम ने स्पेन के पसीने छुड़ाए

**अटलांटा।** महज पांच लाख की आबादी वाले देश काबो वर्डे ने फीफा विश्वकप के अपने पदार्पण मुकाबले में ही करिश्माई खेल दिखाकर पूरी दुनिया को चकित कर दिया है। 2010 की चैंपियन और इस विश्वकप की सबसे बड़ी दावेदार टीमों में से एक स्पेन को गोल रहित ड्रॉ पर रोक दिया।

इस मैच के हीरो रहे काबो वर्डे के 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा, जिन्होंने दुनिया की तीसरे नंबर की टीम स्पेन के हर प्रहार को नाकाम कर दिया। गेंद ज्यादातर स्पेन के कब्जे में ही रही, लेकिन पहला विश्वकप खेल रही दुनिया की 64 नंबर की काबो वर्डे की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद सकी। यूरोपीय चैंपियन स्पेन के पास गोल करने का असली मौका पहले हाफ के आखिर में आया, जब फेरान टोरेस ने करीब से एक जोरदार शॉट मारा जो बार से टकरा गया और रिबाउंड पर मिकेल ओयारजाबल के हेडर को गोलकीपर वोजिन्हा ने ऊपर की ओर धकेल दिया। एजेंसी



स्पेन को ड्रॉ पर रोकने के बाद प्रशंसकों का अभिवादन करते मैच के हीरो रहे काबो वर्डे के 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा और अन्य खिलाड़ी। एजेंसी

### वोजिन्हा ने किया हर प्रहार नाकाम

स्पेन के पास गोल करने के 27 मौके बने और 75 फीसदी गेंद को अपने पास रखा, लेकिन वोजिन्हा ने हर प्रहार को नाकाम कर दिया। मैच समापन की सीटी बजने के बाद वोजिन्हा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उनकी आंखें खुशी के आंसुओं से छलक पड़ीं।

**आज के मैच**

| | |
|---|---|
| ईरान वनाम न्यूजीलैंड | |
| सुबह 6:30 बजे | स्थान :लॉस एंजिलिस |
| फ्रांस वनाम सेनेगल | |
| रात 12:30 बजे | स्थान : ईस्ट रदरफोर्ड |
| इराक वनाम नॉर्वे | |
| तड़के 3:30 बजे | स्थान : फॉक्सबोरो |

### अमाद ने 90वें मिनट में गोल दागकर आईवरी कोस्ट को दिलाई जीत

**फिलाडेल्फिया।** अमाद डियालो के 90वें मिनट में किए गए गोल से आईवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हरा दिया। अमाद 56वें मिनट में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे। उन्होंने पेनाल्टी एरिया के अंदर से बाएं पैर से शॉट मारकर गोल किया। इस शॉट ने डाइव लगा रहे गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज को छका दिया। विल्फ्रेड सिंगो ने दाईं ओर से शानदार दौड़ लगाकर यह गोल करने में मदद की। एजेंसी

- आईवरी कोस्ट की टीम कुल चौथा व 2014 के बाद पहला विश्वकप खेल रही है। अमाद के गोल की वजह से इक्वाडोर का लगातार 19 मैचों तक बिना हारे रहने का सिलसिला टूट गया। इससे पहले इक्वाडोर को 2024 में ब्राजील के खिलाफ 1-0 से हार मिली थी।

## दोहा डायमंड लीग से सत्र शुरू करेंगे नीरज

**नई दिल्ली।** ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल की टीम में शामिल किए जाने के बाद दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने चोट से उबरने के बाद वापसी की घोषणा कर दी है। बीते वर्ष विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहने के बाद बैक इंजरी से जूझ रहे नीरज 19 जून को दोहा डायमंड लीग में उतरने जा रहे हैं। नीरज का सत्र का यह पहला कंपटीशन होगा। यह वही जगह है, जहां उन्होंने बीते वर्ष 90.23 मीटर भाला फेंका था और जर्मनी के जूलियन वेबर (91.06) के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।



नीरज ने सोमवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनका 2026 का पहला थ्रो दोहा में फेंका जाएगा। नीरज का सामना चार जून को रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर भाला फेंकने वाले रुमेश थरंगा पाथिरागे के अलावा विश्व चैंपियन केशर्न वॉल्काट, एंडर्सन पीटर्स, कर्टिस थांप्सन से होगा। उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालिफाई करने के लिए कम से कम 82.61 मीटर भाला फेंकना होगा। ब्यूरो

## सुपर ओवर में हारी भारत ए की टीम श्रीलंकाई खिलाड़ियों से उलझे वैभव

**दांबुला।** त्रिकोणीय शृंखला के मुकाबले में सोमवार को भारत ए की टीम सुपर ओवर में श्रीलंका ए से सात रन हार गई, लेकिन इस दौरान भारत के उभरते युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी श्रीलंका के खिलाड़ियों से उलझ गए। निर्धारित 50-50 ओवर के मुकाबले में पहले दोनों टीमों की ओर से 265-265 रन बने। मैच टाई होने पर रोशनी कम वजह से अंपायरों ने सोचा कि सुपर ओवर में मैच शायद नहीं कराया जाएगा। भारत ए के कप्तान तिलक वर्मा के जोर डालने पर अंपायर मैच को सुपर ओवर में कराने पर तैयार हो गए।

सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ए ने अरशद खान के ओवर में 16 रन बनाए। भारत ए के बल्लेबाज कुगाथस माथुलन की के ओवर में नौ रन ही बना सके। श्रीलंका की टीम भारत को हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। भारत की इस शृंखला में यह दूसरी हार है, इससे पहले अफगानिस्तान ए ने बारिश से बाधित मैच में हराया था। एजेंसी



आपस में उलझते वैभव और श्रीलंका के खिलाड़ी।

### और भड़क गए वैभव

सुपर ओवर के बाद वैभव और सूर्यांश शेडगे पवेलियन की ओर लौटने लगे, लेकिन श्रीलंकाई खिलाड़ी कुछ ज्यादा ही उत्साह में जश्न मनाने लगे। इस बात को वैभव सहन नहीं कर पाए। वह श्रीलंकाई खिलाड़ियों के पास पहुंचे और धक्का-मुक्की होने लगी। इसी बीच श्रीलंका के सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव किया, ताकि मामला और न बिगड़े।

**क्या वैभव पर लगेगा जुर्माना :** भारत ए के कप्तान तिलक वर्म अंपायरों से बातचीत कर रहे थे तब भी वैभव चर्चा में शामिल होते दिखे, लेकिन कोच ऋषिकेश कानिटकर ने उन्हें खींच लिया। यह स्पष्ट नहीं है कि वैभव को उनके उग्र व्यवहार के लिए मैच रेफरी प्रदीप जयप्रकाश कोई सजा देंगे या चेतावनी देकर छोड़ देंगे। सुपर ओवर से पहले भारत ने 49.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 265 रन बनाए। सूर्यांश शेडगे ने 72 और विप्रज निगम ने 51 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 265 रन ही बना सकी, जिसमें सदीरा समरविक्रमा ने 93 रन का योगदान दिया।

## दिल्ली, शाहबाद इलेवन और अमृतसर क्वार्टरफाइनल में

**नैनीताल।** डीएसए और अमर उजाला के सहयोग से हो रही 100वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता में सोमवार को सीबीडीटी दिल्ली, एसजीपीसी अमृतसर और शाहबाद इलेवन ने अपने-अपने मुकबाले जीतकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

सीबीडीटी दिल्ली ने रुद्रपुर को 3-0 से हराया। दिल्ली के लिए 10वें मिनट में माचा, 35वें मिनट में प्रणाम और 60वें मिनट में नाचाप्पा ने गोल किए। दूसरा मैच में एसजीपीसी अमृतसर ने डायमंड हॉकी क्लब पूरनपुर को 5-1 से शिकस्त दी। अमृतसर के लिए सुखदेव ने 10 वे, जगदीप ने 19वें मिनट में गोल किए। 32वें मिनट में पूरनपुर के हर्षित ने गोल कर स्कोर 1-2 किया। इसके बाद अमृतसर के करन ने 36वें अर्शदीप 57वें और 59वें गोल किए।

**अमर उजाला के सहयोग से आयोजित 100वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी**

तीसरे मैच में शाहबाद इलेवन ने रोहिला टाइगर रामपुर को 2-1 से हराया। शाहबाद के लिए दीवान ने 35वें और सचिन ने 54वें मिनट में गोल किए। रामपुर की ओर से जैद ने 48वें मिनट में गोल किया। संवाद

## महिला हॉकी नेशंस कप में भारत ने अमेरिका को हराया

**ऑकलैंड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने नेशंस कप में सोमवार को 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पूल ए के अपने पहले मैच में अमेरिका को 3-2 से हरा दिया। दीपिका ने 17वें और 24 वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर भारत को 2-2 से बराबरी दिलाई। इसके बाद नवनीत कौर ने 28वें मिनट में गोल किया, जिससे भारत की बढ़त 3-2 हो गई। यह बढ़त मैच के अंत तक कायम रही। अमेरिका के लिए एश्ले सेसा ने चौथे और मेडेलीन जिमर ने सातवें मिनट में गोल किए। एजेंसी

**इन्कार** | बैडमिंटन जोड़ी ने दिग्गज मथायस बोए की मांगी थीं सेवाएं

# सात्विक-चिराग के अतिरिक्त विदेशी कोच को मंजूरी नहीं

हेमंत रस्तोगी

**नई दिल्ली।** विश्व नंबर चार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के अतिरिक्त विदेशी कोच रखने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। इस जोड़ी ने डेनमार्क के मथायस बोए को अपने साथ जोड़ने का प्रस्ताव मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) को दिया था।

सात्विक-चिराग के साथ इस वक्त विदेशी कोच मलयेशिया के तान किम हर जुड़े हैं, जो भारत के युगल कोच भी हैं। एमओसी को सात्विक-चिराग का प्रस्ताव पसंद नहीं आया। उसने तर्क दिया है कि जब दोनों के पास पहले से ही तान हैं तो फिर बोए को साथ में जोड़ने से चीजें और उलझेंगी। सात्विक-चिराग ने पूर्व विश्व नंबर एक बोए को विश्व चैंपियनशिप तक चार लाख रुपये प्रति माह के वेतन पर अनुबंधित करने का प्रस्ताव दिया था।



### बैडमिंटन संघ ने भी नहीं दी अनुमति

पेरिस ओलंपिक तक सात्विक-चिराग को बोए ही कोचिंग दे रहे थे, लेकिन बोए ने कोचिंग से संन्यास की घोषणा कर भारतीय बैडमिंटन टीम से अपना अनुबंध नहीं बढ़ाया। इसके बाद बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने तान किम हर को मोटे वेतन पर अनुबंधित कर लिया। सिंगापुर ओपन जीतने के बाद बोए ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि वह सात्विक-चिराग की मदद कर रहे हैं।

***छह माह के लिए की थी बोए की मांग...*** *सात्विक-चिराग ने बोए को अतिरिक्ति कोचिंग के लिए छह माह के लिए मांगा था। इस दौरान उन्हें तान किम हर के साथ मिलकर दोनों को सलाह देनी थी। अब देखने वाली बात होगी कि एमओसी से मंजूरी नहीं मिलने पर दोनों बोए की सेवाएं अपनी फंडिंग से जारी रखेंगे या तान किम हर से काम चलाएंगे। बोए को मैचों का विश्लेषण कर हैदराबाद में प्रशिक्षण भी देना था।*

- *सात्विक-चिराग चाहते हैं, एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के दौरान बोए उनके साथ मौजूद रहें।*

**अमर उजाला**

**संस्थापक** : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
**नवोन्मेषक** : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए प्रकाशक जुगल किशोर गौड़ द्वारा, अमर उजाला लिमिटेड, 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं मुद्रक जुगल किशोर गौड़ द्वारा अमर उजाला लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 एवं मुद्रक मनहर कपूर द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नंबर 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201306 से मुद्रित।

**संपादक** : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919

# बिंदास

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें
amarujala.com/entertainment

मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' को 18 जून से ओटीटी पर देखा जा सकेगा। रोमांचक क्राइम थ्रिलर 'आई विल फाइंड यू' सीरीज भी 18 जून को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी।

इस सप्ताह ओटीटी पर कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज दस्तक देने वाली हैं। रोमांच, कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर मनोरंजन होगा।

## 'दृश्यम 3' और 'कलर बुक' में रोमांच का मजा

**बीते** सप्ताह ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सिनेमाघरों में भी बहार रही। इस सप्ताह भी सिनेमाघरों में 'कॉकटेल 2' सहित कई फिल्में दस्तक देंगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी खूब रंग जमने वाला है।

- **दृश्यम 3 :** मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' इस सप्ताह ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म 21 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आई थी। दर्शकों ने इसे हाथों हाथ लिया। अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली है। 'दृश्यम 3' को 18 जून से प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।
- **आई विल फाइंड यू :** यह एक रोमांचक क्राइम थ्रिलर मिनी सीरीज है। इस सप्ताह दर्शक इसका लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर सीन हैं। 'आई विल फाइंड यू' को आप 18 जून से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। यह सीरीज हार्लन कोबेन के उपन्यास पर आधारित है। इसमें सैम वर्थिंगटन (डेविड के रूप में) ब्रिट लोअर और मिलो वेंटिमिलिया मुख्य भूमिकाओं में हैं।



- **अथिराडी :** अगर आपको एक्शन कॉमेडी फिल्मों में दिलचस्पी है, तो यह फिल्म आपके लिए है। यह मलयालम फिल्म भी ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध रहेगी। इसे 19 जून से सोनी लिव पर देख सकते हैं।
- **ठुकरा के मेरा प्यार 2 :** वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' का दूसरा सीजन आप 19 जून से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। इसमें प्यार के साथ-साथ बदले की कहानी भी देखने को मिलेगी। सीरीज में संचिता बसु (शानविका चौहान) और धवल ठाकुर (कुलदीप कुमार) मुख्य भूमिकाओं में हैं।
- **केनाथा कानोम :** यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसमें योगी बाबू अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप 16 जून से जियो हॉटस्टार पर देख पाएंगे। इसमें योगी बाबू के साथ-साथ लवलिन चन्द्रशेखर और रायचल रबेका अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी रामनाथपुरम के एक सूखे से जूझते गांव पर आधारित है। इसमें बाबू मंदिर के मूर्तिकार का किरदार निभा रहे हैं। गांव में पानी की कमी है और लोग पानी की तलाश में हर जगह भटक रहे हैं। फिल्म की कहानी में कई दिलचस्प मोड़ हैं।
- **कलर बुक :** यह फिल्म 19 जून से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। यह फैमिली ड्रामा से भरपूर फिल्म है। इसे परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है।

## 'प्रीतम एंड पेड्रो' में अरशद और विक्रांत ने चौंकाया

राजकुमार हिरानी बड़े परदे से निकलकर अब ओटीटी पर आ चुके हैं। बतौर क्रिएटर उनकी सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हुआ।

**इस** वेब सीरीज के ट्रेलर में अरशद वारसी, राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी और विक्रांत मैसी कुछ नए किरदारों में नजर आए। अब तक अपनी कॉमेडी के लिए पहचाने जाने वाले अरशद इस बार साइबर क्राइम से जूझते दिखेंगे। सीरीज में कई नामी बॉलीवुड एक्टर्स भी नजर आएंगे।



- **पुलिस ऑफिसर और साइबर हैकर की जोड़ी :** ट्रेलर में दिखाया गया है कि अरशद गोवा में रहते हैं और क्राइम ब्रांच में पुलिस ऑफिसर हैं। उनका ट्रांसफर साइबर क्राइम डिपार्टमेंट में हो जाता है। इस दौरान एक नेता के बेटे को किडनैप कर लिया जाता है। फिरौती मांगने वाले हाइटेक अपराधी हैं। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर प्रीतम एक हैकर पेड्रो की मदद लेता है। विक्रांत मैसी विलेन के रोल में हैं। मोना सिंह और बोमन ईरानी भी हैं। सीरीज 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

अरबाज खान की दूसरी शादी शूरा खान से हुई है। दोनों के बीच उम्र का अच्छा-खासा फासला है। इसे लेकर हाल ही में शूरा खान ने प्रतिक्रिया दी ।

## पति अरबाज के 23 साल बड़े होने पर शूरा ने तोड़ी चुप्पी

**अभिनेता**-निर्देशक अरबाज खान और शूरा खान ने साल 2023 में शादी रचाई। कपल एक बिटिया के माता-पिता हैं। अरबाज खान अपनी पत्नी शूरा से करीब 23 साल बड़े हैं। उम्र के इस फासले को लेकर दोनों को अक्सर ट्रोल किया जाता है। अरबाज इसे लेकर चुप्पी तोड़ चुके हैं। हाल ही में शूरा खान ने भी इस पर जवाब दिया है।



- **क्या कहा?** शूरा खान ने हाल ही में एक ऑनलाइन चैट सैशन रखा, जहां फैंस के कई दिलचस्प सवालों के जवाब दिए। इसी दौरान एक यूजर ने पूछा 'क्या आप एक बूढ़े शख्स के साथ खुश हैं'? शूरा ने बहुत ही सलीके से और सहज अंदाज में इसका जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'क्या सच में? वे कोई बूढ़े शख्स नहीं हैं। वे एक लिमिटेड-एडिशन विंटेज मॉडल हैं।
- **किसने रखा बेटी का नाम?** शूरा ने इसके अलावा कई और दिलचस्प सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी का नाम सिपारा, सलीम अंकल यानी अरबाज खान के पिता ने रखा है।

# वीजा प्रक्रिया आसान बनाने को खास सिस्टम बनाएंगे भारत व स्लोवाकिया

## प्रधानमंत्री मोदी और फिको के बीच बातचीत में बनी महत्वपूर्ण सहमति | वैश्विक तनाव शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने पर भी दोनों देशों ने दिया विशेष जोर

**ब्रातिस्लावा।** भारत-स्लोवाकिया ने आपसी वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने, कानूनी तौर पर लोगों के आने-जाने व दोनों देशों के बीच यात्रा करने वालों की सुरक्षा तय करने के लिए नियमित कॉन्सुलर चर्चा प्रणाली पर सहमति जताई है। पीएम नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के समकक्ष रॉबर्ट फिको में सोमवार को हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में इस बारे में सहमति बनी। दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की और मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बीच चर्चा व कूटनीति से शांति-स्थिरता की प्रतिबद्धता दोहराई।

विदेश मंत्रालय ने कहा, कॉन्सुलर मामलों में सहयोग दोनों देशों के लिए लगातार रुचि का विषय रहा है। इस संदर्भ में वे कॉन्सुलर मामलों में सहयोग को आसान बनाने के लिए सहमत हुए। वार्ता के बाद साझा बयान में कहा गया कि दोनों देश वैश्विक मंच पर करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, दोनों देश वैश्विक मंच पर भी करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री फिको का आभार जताते हुए उन्हें अनुभवी नेता व भारत का सच्चा दोस्त बताया। साथ ही पीएम फिको को भारत आने का निमंत्रण भी दिया। एजेंसी



ब्रातिस्लावा में स्लोवाक पीएम फिको के साथ बातचीत करते प्रधानमंत्री मोदी।

### भारतीय कारोबारियों को दिया निवेश का न्योता

फिको ने भारतीय कारोबारियों को स्लोवाकिया में निवेश करने का खुला न्योता दिया। उन्होंने देश की सियासी स्थिरता, कारोबार के लिए अनुकूल माहौल और विदेशी निवेशकों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। फिको ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री जी, मैं भारत के निवेशकों को स्लोवाकिया आने का न्योता दोहराता हूं। आपके पास ऐसी कंपनियां हैं जो हमारी सरकार पहलों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगी।

### पीएम मोदी के स्लोवाकिया दौरे की उपलब्धियां

- श्रम प्रवासन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन
- रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने हेतु आशय पत्र
- डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर समझौता ज्ञापन
- उच्च शिक्षा-अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन
- ऑडियो-विजुअल के सृजन पर समझौता ज्ञापन
- कोसिसे यूनिवर्सिटी में एआई क्षेत्र में आईसीसीआर चेयर स्थापित
- क्वांटम कम्यूनिकेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर संरक्षण क्षेत्र में समझौता
- राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, पुणे, आयुष मंत्रालय और स्लोवाक हेल्थ स्पा पिएस्टानी के बीच समझौता ज्ञापन
- छात्रों के आदान-प्रदान हेतु आईआईटी, दिल्ली और स्लोवाक तकनीकी विश्वविद्यालय के बीच समझौता
- पर्यटन ऑपरेटर संघों के बीच पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग
- भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी व स्लोवाक विज्ञान अकादमी के बीच वैज्ञानिक सहयोग पर समझौता

### तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं

■ द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करना ■ आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना ■ कांसुलर संवाद की स्थापना

***आतंक-रोधी साझा कार्यबल बनाएंगे, पहलगाम हमले की निंदा***...*वार्ता के बाद दोनों देशों ने आतंक-रोधी साझा कार्य समूह बनाने की घोषणा की। साथ ही सीमा-पार आतंकवाद सहित इसके सभी रूपों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी निंदा की।*

**स्लोवाकिया के विवि में एआई पर इंडिया चेयर की स्थापना होगी**...प्रौद्योगिकी में सहयोग के तहत स्लोवाकिया के एक विश्वविद्यालय में एआई पर इंडिया चेयर स्थापना की घोषणा हुई। डिजिटल टेक्नोलॉजी पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद पीएम मोदी ने कहा, टेक्नोलॉजी हमारी भविष्य की साझेदारी का एक अहम स्तंभ है।

# ब्रिटेन : 16 साल से कम आयु वालों पर सोशल मीडिया रोक

## प्रधानमंत्री स्टार्मर बोले-हानिकारक सामग्री व अधिक स्क्रीन टाइम से बचाने के लिए यह अहम फैसला

**लंदन।** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने देश में 16 वर्ष से छोटे बच्चों-किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। वह बोले सभी बच्चों के लिए एप का इस्तेमाल रोका जाएगा, ताकि उन्हें हानिकारक सामग्री व अधिक स्क्रीन टाइम से बचाया जा सके। यह अहम फैसला उनकी खुशी-सुरक्षा के लिए लिया गया है। वह बोले, छोटे बच्चों के पिता और पीएम दोनों की हैसियत से यह सही फैसला है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, इंडोनेशिया में भी बच्चों के लिए उम्र-आधारित रोक/नियम लागू हैं।

फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी इसी तरह के तरीकों पर विचार कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा, आज हमारे देश के लिए एक बड़ा पल है, हमारे बच्चों और भविष्य के लिए एक वास्तविक बदलाव है।



कीर स्टार्मर

उन्होंने माना कि दुनिया की कुछ ताकतवर टेक कंपनियां ऐसी पाबंदी रोकेंगी। इसे लागू करना आसान नहीं होगा, लेकिन बच्चों की भलाई सर्वोपरि है। जब स्टार्मर से प्रतिबंध लागू करने की समय-सीमा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, अगले साल वसंत तक कानून लागू करने के लिए जरूरी कानूनी अधिकार तैयार कर लिए गए हैं। स्टार्मर पर अपनी ही पार्टी में खराब नेतृत्व के चलते पद छोड़ने का दबाव है। लेकिन उन्होंने संकेत दिए, ब्रिटेन में ऑस्ट्रेलिया से भी सख्त नियम लागू हो सकते हैं। एजेंसी

### देर रात स्क्रॉलिंग तक रोकी जाएगी

द संडे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यूके चैटबॉट्स और कुछ गेमिंग एप्स के फीचर्स पर भी पाबंदी लगाई जाएगी। साथ ही बड़े किशोरों को देर रात तक स्क्रॉलिंग करने से रोकने के लिए कर्फ्यू जैसा नियम लागू किया जाएगा। टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 16 साल से कम उम्र वालों के लिए यह रोक टिकटॉक, इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, स्नैपचैट, थ्रेड्स, ट्विच, किक और रेडिट पर लागू होगी।

**अमेरिका से और बढ़ेगा तनाव**...यह फैसला लोगों की राय जानने के उस दौर के बाद लिया गया है जिसमें सरकार को माता-पिता, टेक उद्योग और बच्चों से 1.16 लाख जवाब मिले थे। लेकिन लंदन में अमेरिकी दूतावास के अनुसार, इस रोक से अमेरिका संग तनाव बढ़ सकता है। अमेरिका ने चेताया है कि नियम सीमित होने चाहिए और उनसे अभिव्यक्ति की आजादी नहीं खत्म होना चाहिए। उन्हें चिंता है कि इससे अमेरिकी कंपनियों पर बोझ पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी का 12 साल के कार्यकाल में 100वां विदेश दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्तमान फ्रांस और स्लोवाकिया की एक सप्ताह की यात्रा उनके 12 साल के कार्यकाल की 100वीं विदेश यात्रा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार मई 2014 में कार्यभार संभालने के बाद पीएम मोदी अब तक 78 देशों की यात्रा कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय वेबसाइट के मुताबिक, उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में 49 और दूसरे में 27 विदेशी दौरे किए। तीसरे कार्यकाल में यह उनकी 24वीं यात्रा है, जहां वह जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार उनकी पहली विदेश यात्रा 2014 में भूटान की थी, जबकि इस यात्रा से ठीक पहले वह मई में यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली गए थे। इन यात्राओं के माध्यम से उन्होंने दुनिया के लगभग 78 से 80 देशों तक भारत की राजनयिक और रणनीतिक पहुंच को मजबूत किया है और वैश्विक मंच पर भारत की पहचान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। एजेंसी

# पीओके में सैन्य दमन के खिलाफ लंदन की सड़कों पर उमड़े हजारों कश्मीरी

## क्षेत्र में फैलाए जा रहे आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

**लंदन।** ब्रिटिश राजधानी में हजारों कश्मीरी मूल के लोग पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर (पीओजेके) में सुरक्षा बलों की कार्रवाई व दमन के विरोध में मार्च निकाले के लिए लंदन स्थित पार्लियामेंट स्क्वायर में एकत्रित हुए। भीड़ ने बैनर लहराए व पाकिस्तानी बलों के खिलाफ क्रांति के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी के समर्थन में मानवाधिकारों की बहाली व क्षेत्र में फैलाए जा रहे आतंक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी सेना वापस जाओ के नारे भी लगाए। उन्होंने पीओजेके में आम नागरिकों की कथित हत्याओं, महिलाओं के उत्पीड़न और शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ बल प्रयोग पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। यह विरोध प्रदर्शन और मार्च इस सप्ताह की शुरुआत में ब्रैडफोर्ड स्थित पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर हुए इसी तरह के प्रदर्शनों के बाद निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा, पाकिस्तान सरकार और सेना लगातार कब्जे वाले कश्मीर में लोगों को प्रताड़ित कर रही है। एजेंसी



लंदन की सड़कों पर पाकिस्तान का विरोध।

# स्टैनफोर्ड विवि में छात्रों ने पिचाई के भाषण का किया बहिष्कार, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव ने बताया अज्ञानता

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा केरल के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के उन छात्रों की कड़ी आलोचना की है, जिन्होंने गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई के दीक्षांत समारोह के संबोधन के दौरान वॉकआउट किया। चंद्रशेखर ने छात्रों के इस कदम को अत्यंत अज्ञानता का उदाहरण बताया है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने एक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय में अध्ययन करने और एक ऐसी हस्ती को सीधे सुनने का अवसर गंवा दिया जिसने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है और प्रमुख उद्यम खड़े किए। एजेंसी



विवि में प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

### आप एआई के युग में जी रहे न की अज्ञानता के : चंद्रशेखर

चंद्रशेखर ने कहा कि युवाओं का व्यवस्था का विरोध करना, संस्थानों को चुनौती देना और किसी मुद्दे के लिए लड़ना स्वाभाविक है, लेकिन किसी कारण का समर्थन करने को अज्ञानता या मूर्खतापूर्ण व्यवहार के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को याद दिलाया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में जी रहे हैं, न कि अज्ञानता के युग में। रिपोर्ट के अनुसार, स्टैनफोर्ड के दीक्षांत समारोह में लगभग 20,000 लोग शामिल हुए थे।

# ट्रंप ने जन्मदिन पर कराई यूएफसी फाइट, खर्च किए 567 करोड़

## व्हाइट हाउस में हुआ अब तक के सबसे महंगा आयोजन, ट्रंप ने कहा-यह इस धरती का सबसे बड़ा शो

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 80वें जन्मदिन के मौके पर ईरान में युद्ध खत्म करने के शुरुआती समझौते की तारीफ की और व्हाइट हाउस के मशहूर साउथ लॉन में केज-फाइटिंग शो (यूएफसी) आयोजित किया। इस पर करीब 6 करोड़ डॉलर खर्च किए गए, जो अब तक का सबसे महंगा आयोजन रहा। इस दौरान हुए 7 मुकाबलों में मुख्य फाइट इलिया टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई। चार राउंड तक चले मुकाबले में अमेरिकी फाइटर गेथजे ने अपने स्पेनिश विरोधी टोपुरिया को हराकर उलटफेर किया। लड़ाई में आखिरी समय में हुए हमलों से यूएफसी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के इस भव्य आयोजन पर खतरा मंडराने लगा था। इसमें फाइटर्स तार की जाली वाले अष्टकोणीय रिंग (ऑक्टागन) के अंदर एक-दूसरे को मुक्के, लात और प्रहार करके हराने का प्रयास करते हैं। एजेंसी



शो के दौरान डोनाल्ड ट्रंप। एजेंसी

### कुल 14 फाइटरों ने हिस्सा लिया

आयोजन में कुल 14 फाइटरों ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने कहा, इस आयोजन का सबसे बड़ा फायदा यूएफसी ब्रांड को मिल सकता है। एक समय ऐसा था, जब इस खेल को प्रायोजकों और कई आयोजकों ने स्वीकार नहीं किया।

### रॉयस ग्रेसी चैंपियन बने

असली मुकाबले में कौन-सा मार्शल आर्ट सबसे ज्यादा कारगर साबित होगा, इसका जवाब खोजने के लिए यूएफसी का पहला टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें ब्राजीलियन जिउ-जित्सु विशेषज्ञ रॉयस ग्रेसी चैंपियन बने। ग्रेसी शारीर से कई प्रतिद्वंद्वियों से छोटे और हल्के थे, लेकिन उन्होंने अपनी तकनीक के दम पर बड़े और ताकतवर फाइटर्स को हराकर सबको चौंका दिया। समय के साथ खेल का स्वरूप भी बदल गया है।

# हिंद-प्रशांत में भारत ऑस्ट्रेलिया संबंध बेहद अहम : मॉरिसन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम स्कॉट मॉरिसन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को दुनिया का मुख्य केंद्र बताते हुए, इसे आगे बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों के जरिये तानाशाही विकल्पों से मुकाबले को भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी पर जोर दिया। उन्होंने आपूर्ति श्रृंखला के हथियार के तौर पर हो रहे इस्तेमाल पर भारत की तारीफ की। एजेंसी



स्कॉट मॉरिसन








pg 10

न्यूज world

facebook.com/amarujala
twitter.com/amarujalanews
amarujala.com/channels/downloads/

वर्ष 24 | अंक 67

# अमर उजाला

नई दिल्ली | मंगलवार | 16 जून 2026

SELECT

amarujala.com

पृष्ठ : 10 | मूल्य : 3 रुपये

pg 09

mix.pack




# अमेरिका और ईरान में युद्ध रोकने का समझौता 19 को जिनेवा में हस्ताक्षर, दूर होगा ऊर्जा संकट

## होर्मुज खुलेगा : बारूदी सुरंगें हटाने के लिए ईरान सहमत, अमेरिका हटाएगा नाकाबंदी

**वाशिंगटन/तेहरान।** पूरी दुनिया में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा करने वाले युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच प्रारंभिक समझौता हो गया है। इसके तहत रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाएगा और अमेरिका ईरान के तटों से अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटा लेगा। ईरान होर्मुज से बारूदी सुरंगें हटाने के लिए भी सहमत हो गया है। होर्मुज खुलने से पूरी दुनिया का ऊर्जा संकट दूर होने की उम्मीद है।

अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, स्विट्जरलैंड के जिनेवा में शुक्रवार को दोनों देश इस समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया, करार पर डिजिटल हस्ताक्षर हो चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार तड़के सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। सभी को बधाई। ट्रंप ने कहा, मैं मुक्त आवाजाही के लिए तत्काल होर्मुज को पूरी तरह खोलने और अमेरिकी नाकेबंदी को हटाने की मंजूरी देता हूं। दुनिया के जहाजों, इंजन चालू करो। तेल का प्रवाह होने दो। इसके बाद उन्होंने कहा, होर्मुज मार्ग को शुक्रवार को समझौते पर आधिकारिक हस्ताक्षर होने के बाद ही खोला जाएगा। इसके कुछ घंटों बाद ट्रंप ने कहा, तेल से लदे कई जहाज होर्मुज जलमार्ग से बाहर की ओर बढ़ने लगे हैं।

वे दक्षिणी हाईवे से जा रहे हैं, जो पूरी तरह से सुरक्षित व बाधा रहित है। वहीं, ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने भी सरकारी टेलीविजन पर समझौते की पुष्टि की।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि हस्ताक्षर होने तक ईरान इसे लागू नहीं करेगा। उन्होंने कहा, यह सहमति मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे कतर के प्रतिनिधि के साथ तेहरान में 14 घंटे से ज्यादा समय तक चली वार्ता के बाद बनी।

उन्होंने कहा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम, अगले दौर की वार्ताओं में चर्चा किए जाने वाले विषयों में शामिल होगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि समझौते को लागू करने के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। वहीं, पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने कहा कि तकनीकी वार्ताओं के लिए मध्यस्थ इस सप्ताह चर्चा करेंगे।



### समझौते की मुख्य शर्तें : 60 दिन सैन्य कार्रवाई पर रोक, लेबनान भी दायरे में

*ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार दोनों देशों के बीच 14 बिंदुओं पर समझौते का मसौदा तैयार हुआ है। हालांकि, इन बिंदुओं की आधिकारिक तौर पर किसी भी पक्ष ने पुष्टि नहीं की है। समझौते की खास शर्तों पर एक नजर...*

- अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिन के लिए सैन्य कार्रवाइयां रोक दी जाएंगी। युद्धविराम लेबनान में भी लागू होगा।
- इन 60 दिन में ईरान के परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार का भविष्य तय होगा। ईरान के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगा अमेरिका।
- 30 दिन में अमेरिकी नाकेबंदी हटेगी। ईरानी व्यवस्थाओं में होर्मुज फिर खुलेगा।
- अमेरिका व उसके सहयोगियों की ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर देने की योजना।
- ईरान को तेल बेचने की छूट। प्रतिबंध खत्म होंगे। अमेरिका ईरान की जब्त 25 अरब डॉलर की संपत्ति जारी करेगा।
- अमेरिका क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी नहीं बढ़ाएगा और ईरान पर आगे कोई नए प्रतिबंध नहीं लगाएगा।

## इस्राइल भड़का, नेतन्याहू के मंत्री बोले-हम अमेरिका के गुलाम नहीं

**तेल अवीव।** ईरान के साथ समझौते पर सहमति की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा के साथ इस्राइल ने कड़े तेवर अपना लिए। इस्राइल ने दो टूक कहा, समझौता उसके लिए बाध्यकारी नहीं है। वह किसी भी कूटनीतिक दबाव के आगे अपनी सुरक्षा को ताक पर रखने वाला नहीं है और दक्षिणी लेबनान से उसकी सेनाएं पीछे नहीं हटेंगी। इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के मंत्री इतामार बेन-गवीर ने कहा, हम अमेरिका के गुलाम देश नहीं हैं।

अमेरिका के मित्र देशों में शुमार इस्राइल ने यह कहने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाई कि राष्ट्रपति ट्रंप को उसकी घरेलू और सैन्य नीतियों को तय करने का कोई अधिकार नहीं है। इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने साफ घोषणा कर दी कि उनकी सेनाएं सीमा पर अपनी जगहों से पीछे नहीं हटेंगी। इस्राइल ने ट्रंप को भी बता दिया कि वह सेना हटाने की अंतरराष्ट्रीय समय-सीमा का पालन नहीं करेगा। काट्ज का कहना है, बाहरी दबावों के बावजूद देश की मौजूदा रक्षात्मक तैनाती में कोई बदलाव नहीं होगा। इस्राइली सेना (आईडीएफ) लेबनान, सीरिया व गाजा के क्षेत्रों में अनिश्चितकाल तक बनी रहेगी। उन्होंने ईरान को चेताया, अगर उसने लेबनान की वजह से हमला किया, तो पूरी ताकत से जवाब मिलेगा। इस्राइली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री बेन-गवीर ने अमेरिकी मध्यस्थता वाली कोशिशों को नकारते हुए कड़े सुर में कहा, देश बाहरी समझौतों से बंधा नहीं है और अपनी पूर्ण संप्रभुता बनाए रखेगा।


बेंजामिन नेतन्याहू


इतामार बेन-गवीर

### हिज्बुल्ला के खात्मे से कम कुछ भी मंजूर नहीं

इस्राइली मंत्री बेन-गवीर ने कहा कि ऐतिहासिक पलों में, ऐतिहासिक फैसले जरूरी होते हैं। हम ऐसे समझौते का हिस्सा नहीं हैं जो हमारी सुरक्षा की गारंटी नहीं देता। हिज्बुल्ला को पूरी तरह खत्म करने से कम किसी भी चीज पर समझौता नहीं किया जा सकता। हमारे लड़ाकों ने जिन इलाकों पर कब्जा किया है, वहां से पीछे हटने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। अगर इस्राइल पर हमले हुए, तो हम एक पल के लिए भी चुप नहीं बैठने वाले हैं।

## भारत के लिए बड़ी राहत, तेल आपूर्ति सुधरेगी, घटेगी महंगाई

### वैश्विक बाजार में क्रूड, गैस व कमोडिटी की कीमतों में आएगी कमी

**अमेरिका-ईरान** में समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य होने से भारत जैसे दुनिया के बड़े कच्चे तेल आयातक देश को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे न सिर्फ तेल आपूर्ति की चिंताएं कम होंगी, बल्कि मालभाड़ा और बीमा लागत भी घटेगी। आम आदमी से लेकर कंपनियों तक को लगातार बढ़ती महंगाई से भी बड़ी राहत मिलेगी।

सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एवं कतर इसी मार्ग से कच्चा तेल निर्यात करते हैं। यही देश भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। अगर सबकुछ सामान्य हो जाता है, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल, गैस और अन्य कमोडिटी की कीमतों में तेज गिरावट आएगी। इससे भारत को ये सभी उत्पाद सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगे, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी। पिछले कुछ महीनों से महंगाई से जूझ रहे देश को राहत मिलेगी। व्यापार के लिए भी माहौल बेहतर होगा।



**होर्मुज से भारत का पहला जहाज निकला**

समझौते के बाद सोमवार को होर्मुज से गुजरने वाले शुरुआती जहाजों में भारत की कंपनी पेट्रोनेट का चार्टर्ड एलएनजी टैंकर भी शामिल था। इसमें 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी है। यह 18 जून को गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचेगा।

### तेल-गैस की बढ़ती कीमतों में कमी की उम्मीद

**भारत को होंगे ये फायदे**

*समझौते की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई है,* जो युद्ध के दौरान 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। इससे पेट्रोल-डीजल की उत्पादन लागत बढ़ी और सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा। हालांकि, विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम में करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर और सीएनजी में 6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई।

*एलपीजी सिलिंडर भी दो चरणों में 89 रुपये महंगा हुआ।* इस वृद्धि के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों को अब भी रोज करीब 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। विश्लेषकों का कहना है, होर्मुज खुलने से यह नुकसान धीरे-धीरे कम हो सकता है।

**शेयर बाजार की धारणा में सुधार :** ईरान युद्ध ने वैश्विक एवं भारतीय शेयर बाजारों को लेकर निवेशकों की धारणा बिगाड़ दी। युद्ध के बाद से भारतीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट दर्ज की गई। विदेशी निवेशक लगातार बिकवाल बने रहे। फरवरी को छोड़कर उन्होंने हर महीने बिकवाली की है और जून के पहले पखवाड़े में 62,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। हालांकि, समझौते की घोषणा से सोमवार को भारतीय शेयर बाजार करीब एक फीसदी उछल गए। विदेशी निवेशकों की फिर वापसी की उम्मीद भी बढ़ गई।

- **आयात बिल घटेगा, मजबूत होगा रुपया :** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारत के आयात बिल में कमी आएगी। डॉलर के मुकाबले लगातार टूट रहे रुपये को मजबूती मिलेगी। चालू खाते के घाटे में कमी आएगी। महंगाई घटेगी। भारतीय रिफाइनरियों को कम मालभाड़ा और बीमा लागत का लाभ मिलेगा।
- **विनिर्माण को मिलेगी रफ्तार :** ईंधन सस्ता होने से परिवहन लागत में कमी आएगी, जिससे युद्ध के कारण सुस्त पड़े विनिर्माण क्षेत्र की गति बढ़ाने में मदद मिलेगी। विमानन, उर्वरक, पेट्रोकेमिकल, मालढुलाई और लॉजिस्टिक्स जैसे ऊर्जा निर्भर क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। सरकार को ऊर्जा प्रबंधन और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

## जहां हल चलाया वहीं से भरी उड़ान

**नोएडा एयरपोर्ट की पहली उड़ान से लखनऊ पहुंचे जेवर के 170 किसान**


नोएडा हवाईअड्डे के लिए जमीन देने वाले किसानों का लखनऊ स्थित अपने आवास पर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**नोएडा/लखनऊ।** प्रदेश के विमानन इतिहास में सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले जेवर क्षेत्र के 170 किसानों ने इस नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए पहली यात्री उड़ान भरी। सोमवार से ही यहां से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हुई हैं।

लखनऊ जाने वाले यात्रियों में कई बुजुर्ग किसान व महिलाएं शामिल थीं। कई महिलाएं उसी जमीन पर बने एयरपोर्ट से हाथ में बोर्डिंग पास लिए उड़ान भरती नजर आईं, जहां कभी खेती होती थी। 99 फीसदी किसान पहली बार हवाई जहाज में बैठे थे। उन्होंने कहा, जिस जमीन पर हल चलाया था, वहीं से उन्हें उड़ान भरने का मौका मिला है। लखनऊ पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। वहां अब कुबेर भी आना चाहते हैं। एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है।



लखनऊ से नोएडा पहुंची पहली उड़ान में पायलट की वेशभूषा पहने इस मासूम से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में धूल भरी आंधी, गरज-चमक के साथ बारिश से गिरा पारा

### उत्तर-पश्चिम भारत में 19 जून तक जारी रहेगा बारिश का दौर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत उत्तर भारत में सोमवार को दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया और 92 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली और बारिश हुई।

इससे गर्मी से बड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने पहले ही इसकी संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी कर दिया था। यह स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रह सकती है, लेकिन हवा की गति धीमी होने की उम्मीद है। वही, महाराष्ट्र के विदर्भ और तेलंगाना में कई जगहों पर लू की स्थिति बनी हुई है। अगले 6-7 दिनों के दौरान उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पूर्वोत्तर के राज्यों में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने कहा-पूरी राष्ट्रीय राजधानी में धूलभरी आंधी के बाद गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई और 70-90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। पालम में दोपहर 2:30 बजे हवा की गति 93 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिल्ली में सुबह के समय भी वर्षा हुई। बदले मौसम से तापमान में गिरावट आई और अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


राजधानी दिल्ली में धूलभरी आंधी के बीच के इंडिया गेट पर घूमते लोग।

**धीरे-धीरे बढ़ेगा तापमान**

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर-पश्चिम भारत में 17 जून तक दिन के तापमान में 4-6 डिग्री तक की धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है, इसके बाद तापमान स्थिर रहेगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में 17 जून तक तापमान स्थिर रहेगा, लेकिन उसके बाद 18-19 जून को तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट आएगी, जिससे राहत मिलेगी। देश के बाकी हिस्सों में 19 जून तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।

**मानसून एक्सप्रेस की रफ्तार तेज...**

**दक्षिण-पश्चिम** मानसून तेजी से आगे बढ़ते हुए देश के कई नए राज्यों और हिस्सों तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की उत्तरी सीमा अब देश के मध्य व पूर्वी हिस्सों को कवर कर रही है। आंध्र प्रदेश और बंगाल के शेष इलाकों में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। बिहार के मुजफ्फरपुर और जमुई, जबकि झारखंड के रांची जैसे प्रमुख जिलों को पार करते हुए मानसून आगे बढ़ चुका है।

## जयपुर : प्रदर्शन में अभिजीत दीपके को दो युवकों ने मारे थप्पड़, हिरासत में लिया

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके को कुछ युवकों ने थप्पड़ बरसा दिए।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना उस समय हुई, जब समर्थक दीपके को अपने कंधों पर उठाए हुए थे। पुलिस ने मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया है। आगे की जांच जारी है। पुलिस पता लगा रही है कि युवकों ने किस वजह से दिपके पर हमला किया। यह प्रदर्शन नीट पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर युवाओं की तरफ से आयोजित किया गया था। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जैसे ही दिपके कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, भीड़ में मौजूद कुछ युवकों ने उन पर हमला कर दिया। घटना के तुरंत बाद दीपके के समर्थकों ने आरोपियों को पकड़कर उनकी पिटाई कर दी, जिसके बाद पुलिस ने बीच-बचाव कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन में युवाओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

**नीट पेपर लीक और बेरोजगारी के खिलाफ विरोध के दौरान घटना**


दीपके और पकड़ा गया थप्पड़ जड़ने वाला युवक

## ममता बनर्जी के आवास से बाहर निकल रहे तृणमूल विधायक कुणाल पर फेंके अंडे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के घर के बाहर तृणमूल कांग्रेस विधायक कुणाल घोष पर अंडे फेंके गए। अंडे उनके सिर और पीठ पर लगे। इससे नाराज कुणाल घोष ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह के हमलों से उन्हें डराया नहीं जा सकता। लाश गिर जाए, तब भी मैं इसी रास्ते से आना-जाना जारी रखूंगा।

घटना उस समय हुई, जब बेलियाघाटा से विधायक कुणाल घोष ममता के आवास से बाहर निकल रहे थे। मीडिया के कैमरों के सामने हुई इस घटना में उन्होंने झुककर बचने की कोशिश की, लेकिन अंडा उनके सिर पर आकर लगा। कुणाल ने कहा कि अंडे की जगह पत्थर फेंका जाता तो उनकी आंख को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि उन्हें अंडा खाना बहुत पसंद है, लेकिन किसी पर अंडा फेंककर बहादुरी दिखाने वालों से वह डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर उन पर 100 या 1,000 अंडे भी फेंके जाएं, तब भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे।

**घोष बोले-लाश गिर जाए, तब भी इसी रास्ते से आऊंगा-जाऊंगा**



**राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण** | जांच दल ने मंदिर परिसर का जायजा लिया, अधिकारियों के साथ बैठक की

## एसआईटी ने संदिग्धों से की पूछताछ, चंदे का रिकॉर्ड कब्जे में लिया

**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर के चंदे के करोड़ों रुपये के गबन के मामले की तफ्तीश सोमवार से विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुरू कर दी। मंदिर परिसर में बने ट्रस्ट के कार्यालय पहुंचकर एसआईटी ने चंदे के रिकॉर्ड कब्जे में लिए। संदिग्धों से पूछताछ की और ट्रस्ट के पदाधिकारियों से बातचीत कर चंदे की गिनती संबंधी प्रक्रिया समझी। देर शाम तक एसआईटी की तफ्तीश जारी रही।

राज्य सरकार ने बीते शनिवार को एसआईटी गठित की थी। एसआईटी में शामिल मंडलायुक्त लखनऊ विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज लखनऊ किरन एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन दोपहर करीब दो बजे अयोध्या पहुंचे। उन्होंने शहर के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद 2:50 बजे वे मंदिर परिसर पहुंचे। वहां वे सीधे ट्रस्ट के दफ्तर के भीतर गए। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों से चंदा संग्रह से लेकर गिनती तक की प्रक्रिया समझी। चंदे के पूरे रिकॉर्ड कब्जे में लिए। यही नहीं, जिन संदिग्धों को पकड़ा गया है, उनसे भी पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने घटना से संबंधित कई सीसीटीवी फुटेज देखे। उन्हें साक्ष्य के तौर पर कब्जे में भी लिया। इसके अलावा यह भी जाना कि पूरा खेल किस तरह सामने आया। एसआईटी ने तमाम फुटेज मांगे हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों को बुलाया गया। एसआईटी ने उनसे जानकारी ली। यह पता किया कि उन्होंने किन कर्मियों को गिनती में लगायाा था, उनकी भर्ती किस तरह की गई।



*भगवान स्वयं अपने पैसे को ढूंढ लेंगे : इकबाल अंसारी*

*बाबरी मस्जिद के पूर्व पैरोकार इकबाल अंसारी ने एसआईटी पर भरोसा जताते हुए कहा कि जांच पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से होनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। भगवान का पैसा कहीं नहीं जाएगा, भगवान स्वयं अपने पैसे को ढूंढ लेंगे।*

### संतों ने कहा-सामने आना चाहिए सच

**महंत** वैदेही बल्लभ शरण ने कहा-हमें ट्रस्ट पर पूरा भरोसा है, क्योंकि ट्रस्ट के लोग संघ से जुड़े हैं और संघ तपोनिष्ठ और ईमानदार कार्यकर्ताओं का संगठन है। महंत जयराम दास बोले-एसआईटी जांच में 2020 से राम मंदिर में जिन कर्मियों की नियुक्तियां हुई हैं, उनकी भी जांच की जानी चाहिए। जो 10 हजार वेतन पा रहे हैं और लाखों की संपदा बना लिए हैं, ऐसे लोगों की संपदा की रिकवरी हो। मामले में संलिप्त लोगों की नियुक्ति कराने वालों पर भी कार्रवाई हो, वो जहां ट्रस्टी ही क्यों न हों।

**ट्रस्टी बोले-राम खुद ही न्याय कर लेंगे**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास ने कहा-एसआईटी जांच के तथ्य सार्वजनिक होंगे। यह प्रभु श्रीराम का दरबार है, यहां किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। राम खुद ही न्याय कर लेंगे। सदस्य महंत दिनेंद्र दास बोले-राम मंदिर ट्रस्ट ने स्वयं जांच की मांग कर यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पारदर्शिता और जवाबदेही के पक्ष में है। वहीं बजरंग दल के संस्थापक सदस्य विनय कटियार ने कहा-चढ़ावा चोरी के मामले से बहुत बड़ा दर्द हुआ है, चोरों को माफ नहीं करेंगे।

>> संबंधित पैकेज पेज 08 पर

## बीएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट आज दोपहर दो बजे होगा जारी

**झांसी।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को दोपहर दो बजे जारी किया जाएगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी लखनऊ में परीक्षा का परिणाम घोषित करेंगे। इसके चलते सोमवार को बीयू के कुलपति, कुलसचिव, प्रदेश समन्वयक आदि रिजल्ट लेकर लखनऊ रवाना हो गए। कहा जा रहा है कि उच्च शिक्षामंत्री परिणाम घोषित होने के बाद टॉपर्स से ऑनलाइन बात कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 31 मई को प्रदेशभर में किया गया था, जिसमें लगभग 4 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। परिणाम जारी होने के बाद अभ्यर्थी आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना स्कोर और रैंक देख सकेंगे। कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने बताया- प्रवेश की काउंसलिंग एक जुलाई से होगी। काउंसलिंग चार चक्र में अगस्त के मध्य तक पूर्ण करवा ली जाएगी।

## 'कुमकुम भाग्य' की अभिनेत्री संचिता उगले ने खुदकुशी की

**पालघर।** कुमकुम भाग्य और वागले की दुनिया जैसे लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में अभिनय कर सुर्खियों में आईं संचिता उगले (22) ने रविवार को महाराष्ट्र के पालघर स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। संचिता सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय थीं और घटना से कुछ समय पहले ही उन्होंने अपना एक वीडियो भी साझा किया था। वीडियो में संचिता को मुस्कुराते हुए मैं नाचूं तू नचा..गाने पर लिप सिंक करते देखा जा सकता है।



पुलिस के मुताबिक, संचिता ने रविवार की शाम करीब सात बजे नालासोपारा स्थित अपने घर में छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की। उस समय वह घर पर अकेली ही थीं। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस टीम को मौके पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और न ही कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, अभिनेत्री के पिता ने अचोले थाना पुलिस को बताया कि उन्हें किसी तरह की साजिश या गड़बड़ी का संदेह नहीं है। वह संचिका की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं मानते। पुलिस आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज करके यह पता लगाने के लिए जांच कर दी गई है कि संचिता ने यह कदम क्यों उठाया। संचिता ने कुमकुम भाग्य में दीया टंडन की भूमिका निभाई थी। संचिता ने विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा में तारा रानी के युवा रूप का किरदार निभाया था।

# सिटी highlights

## गाजीपुर ड्रेन के किनारे जर्जर दीवार की होगी मरम्मत, परियोजना तैयार

**नई दिल्ली।** बरसात के दिनों में गाजीपुर अंडरपास के पास से गुजरने वाले लोगों के लिए हर दिन चिंता का विषय बनी टूटी बाउंड्री वॉल अब जल्द ही ठीक होने जा रही है। गाजीपुर ड्रेन के किनारे क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत के लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने करीब सात लाख रुपये की परियोजना तैयार की है। लोगों को उम्मीद है कि इससे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी और हादसों का खतरा कम होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मरम्मत कार्य समय पर पूरा होना चाहिए और गुणवत्ता के साथ पूरा होना चाहिए, ताकि कुछ महीनों बाद फिर से यही समस्या खड़ी न हो। ड्रेन के किनारे बनी यह दीवार कई जगह से टूट चुकी है। बरसात के दौरान मिट्टी कटने और पानी भरने से स्थिति और खराब हो जाती है। ऐसे में रोजाना पैदल आने-जाने वाले लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभागीय अधिकारीयों के मुताबिक गाजीपुर ड्रेन के बाएं किनारे स्थित क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत की जाएगी। इसके तहत खुदाई, ईंटों की चिनाई, सीमेंट कंक्रीट, प्लास्टर और अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे। परियोजना पर लगभग 7.03 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। ड्रेन किनारे मजबूत बाउंड्री वॉल न होने से हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

## ग्रेनो में ई-बस का किराया 50 रुपये

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट जाने के लिए ई-बस किफायती बनी हुई है। नोएडा या ग्रेनो वेस्ट से एयरपोर्ट तक जाने के लिए जहां एसी ई-बस में केवल 50 रुपये किराया लग रहा है। वहीं कैब से ग्रेनो वेस्ट से 700 रुपये तो नोएडा से करीब 850 रुपये पहुंच रहा है। नोएडा एयरपोर्ट के लिए कैब का शाम के समय किराया 680 रुपये दिखा। करीब 62 किमी की यात्रा के लिए गौड़ सिटी मॉल से एक यात्री ने यह कैब बुक की। सोशल मीडिया पर भी इस तरह के अनुभव कई यात्रियों ने साझा किए। यात्रियों का कहना है कि ई-बस से कैब की तुलना में करीब 40 मिनट तक का समय अधिक लग रहा है। एक यात्री विनोद शर्मा ने बताया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट और नोएडा एयरपोर्ट तक जाने में खर्च का बड़ा अंतर है। आईजीआई तक नोएडा से जाने के लिए अमूमन उनका खर्च 800-850 रुपये आता था। इस बार नोएडा एयरपोर्ट से फ्लाइट ली तो यह खर्च 350 रुपये आया।

## हरिद्वार के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** सोमवती अमावस्या के मद्देनजर गंगा स्नान के लिए हरिद्वार गए और वहां से लौटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे ने दो अनारक्षित विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें 16 और 17 जून को हरिद्वार और दिल्ली के बीच चलाई जाएंगी। सभी डिब्बे साधारण श्रेणी के होंगे, जिससे यात्री बिना आरक्षण टिकट लेकर यात्रा कर सकेंगे। पहली स्पेशल ट्रेन संख्या 04386 हरिद्वार से दोपहर 12 बजे रवाना होकर शाम 4:40 बजे दिल्ली शाहदरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04385 दिल्ली शाहदरा से शाम 6:15 बजे चलकर रात 11:55 बजे हरिद्वार पहुंचेगी।दूसरी स्पेशल ट्रेन संख्या 04388 हरिद्वार से शाम 7:45 बजे रवाना होकर रात 2 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04387 दिल्ली जंक्शन से सुबह 3:40 बजे चलकर सुबह 10 बजे हरिद्वार पहुंचेगी।

## ओवर लोडिंग से छुटकारा दिलाने को नोएडा में लेगेंगे 12 पावर ट्रांसफार्मर

**नोएडा।** शहर की आपूर्ति व्यवस्था बेहतर करने के लिए पावर ट्रांसफार्मर लगाने की कवायद शुरू कर दी है। विद्युत निगम ने ऐसे 12 उपकेंद्र चिन्हित करके काम शुरू कर दिया है जहां पर ओवर लोडिंग की समस्या बनी हुई थी। इनसे जुड़े उपभोक्ताओं को अब सुचारू आपूर्ति मिलेगी। निगम ने काम शुरू करते हुए तीन उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मर लगा भी दिए हैं। सेक्टर 93बी, 122 और 64 में ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं। अधीक्षण अभियंता तकनीकी विवेक कुमार ने बताया होजरी काम्पलेक्स, फेज-3, सेक्टर 88, 10, 61, 52, 11 और 84 में पावर ट्रांसफार्मर लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। यहां पर प्लिंथ बनाई जा चुकी है। जिनके ऊपर ट्रांसफार्मर को रखा जाएगा। काम पूरा होने के बाद लगभग 80 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति मिलेगी। साथ ही पावर ट्रांसफार्मर लगने के बाद आगामी कुछ समय में भी ओवर लोडिंग की समस्या नहीं होगी। उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने पर ये ट्रांसफार्मर पर्याप्त रूप से आपूर्ति दे सकेंगे। गर्मियों में खासतौर से ये सुचारू बिजली देने के लिए कारगर होंगे।

## सरकारी खरीद में स्थानीय कंपनियों को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के विभागों, नगर निकायों और स्वायत्त संस्थाओं की खरीद प्रक्रिया में अब स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं और सेवाओं को अधिक प्राथमिकता मिलेगी। केंद्र सरकार के संशोधित 'मेक इन इंडिया' सार्वजनिक खरीद आदेश को लागू करने के लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। नई व्यवस्था के लागू होने के बाद सरकारी खरीद में भारतीय उद्योगों और सेवा प्रदाताओं की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है। दिल्ली सरकार और उससे जुड़ी संस्थाएं हर साल हजारों करोड़ रुपये की सामग्री, उपकरणों और सेवाओं की खरीद करती हैं। ऐसे में यह फैसला स्थानीय उद्योगों के लिए बड़े अवसर लेकर आ सकता है।संशोधित नियमों के अनुसार जिन क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय उत्पादन क्षमता और प्रतिस्पर्धा उपलब्ध है, वहां 'क्लास-1 स्थानीय आपूर्तिकर्ता' ही निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

## एनआईटी के नौ वार्डों में लगेगी नई लाइटिंग व्यवस्था

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के नौ वार्डों में जल्द ही नई लाइटिंग व्यवस्था विकसित होने जा रही है। नगर निगम ने वार्ड नंबर 1 से 11 तक (वार्ड 3 और 4 को छोड़कर) आधुनिक एलईडी स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट प्रणाली को सुदृढ़ करने की परियोजना शुरू की है। इसके तहत अगले एक वर्ष तक नई लाइटिंग व्यवस्था को स्थापित करने, उसे व्यवस्थित रूप से संचालित करने और नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इससे हजारों परिवारों को बेहतर रोशनी, सुरक्षित आवागमन और आधुनिक शहरी सुविधाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है।एनआईटी फरीदाबाद का सबसे व्यस्त और घनी आबादी वाला क्षेत्र माना जाता है। यहां प्रमुख बाजार, रिहायशी कॉलोनियां, औद्योगिक इकाइयां हैं, जहां दिनभर लाखों लोगों की आवाजाही रहती है।

## नोएडा सिटी बसों का रूट तैयार

**नोएडा।** सिटी बसों का रूट और समय सारिणी तैयार कर ली गई है। परिवहन निगम ने कई सर्वे करने के बाद प्रमुख 13 रूट निर्धारित किए हैं जिनपर बस सेवा मिलेगी। रात में भी बसों का संचालन थमेगा नहीं। बल्कि कुछ रूट पर रात में भी बसें चलती रहेंगी ताकि शहरवासियों को निजी सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर न रहना पड़े। दो बसों के बीच लगभग पंद्रह मिनट का अंतराल रखा गया है ताकि शहरवासियों को ज्यादा प्रतीक्षा न करनी पड़े।

परिवहन व्यवस्था मजबूत करने के लिए सोमवार से जिलेभर में 110 बसें दौड़ना शुरू हो गईं। अलग-अलग रूट पर इनका संचालन किया जा रहा है। खासतौर से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए बसों का संचालन शुरू किया गया है।

# महिलाओं को मिलेंगे 1000 ई-ऑटो परमिट

## दिल्ली सरकार शुरू करेगी 'दुर्गा' योजना, ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 100 परमिट आरक्षित

**नई दिल्ली।** महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय को रोजगार से जोड़ने और परिवहन क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही 'दुर्गा' योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत राजधानी में 1100 इलेक्ट्रिक ऑटो परमिट जारी किए जाएंगे। इनमें 1000 परमिट महिलाओं और 100 परमिट ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आरक्षित होंगे।

योजना का पूरा नाम 'ड्राइविंग अपलिफ्टमेंट एंड रोजगार फॉर वुमेन, ट्रांसजेंडर ग्रीन ई-ऑटो' (दुर्गा) है। योजना के तहत चलने वाले सभी ई-ऑटो गुलाबी रंग के होंगे। महिला और ट्रांसजेंडर चालक विशेष पहचान पत्र,



जैकेट और कैप के साथ सेवाएं देंगी। सरकार का कहना है कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने के साथ उन्हें सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में नई पहचान देगी।

सुरक्षा के लिए ई-ऑटो पर महिला हेल्पलाइन और आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग लाभार्थियों को ड्राइविंग, सॉफ्ट स्किल्स और ग्राहक व्यवहार का प्रशिक्षण देगा। वहीं, डीएमआरसी, एनसीआरटीसी और रैपिड रेल स्टेशन क्षेत्रों में चार्जिंग सुविधाएं विकसित करेंगे, जबकि एमसीडी पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

### ये कर सकेंगी आवेदन

योजना के लिए आवेदक की आयु 20 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय पांच लाख रुपये तक रखने का प्रस्ताव है। परिवार के पास पहले से कोई व्यावसायिक तिपहिया वाहन नहीं होना चाहिए और एक परिवार से केवल एक महिला आवेदन कर सकेगी। विवाहित महिला आवेदकों के बच्चों की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### तीन वर्ष तक नहीं कर सकेंगी हस्तांतरण

योजना में तीन वर्ष की लॉक-इन अवधि रखी गई है, ताकि इसका दुरुपयोग न हो। इस दौरान वाहन का हस्तांतरण नहीं किया जा सकेगा। बाद में भी ई-ऑटो केवल किसी अन्य महिला या ट्रांसजेंडर को ही हस्तांतरित किया जा सकेगा।

# जिस जमीन पर उगाते थे फसलें आज वहीं से भरी हवाई उड़ान

## 104 साल की राजवती बोलीं- हमारे पूर्वजों की जमीन अब देश की धरोहर

**यमुना सिटी।** मैंने अपनी पूरी उम्र इस जमीन पर खेती देखी। परिवार के साथ मिलकर फसलें बोईं। पहले मवेशियों की मदद से हल चलाते थे। बाद में ट्रैक्टर आए। लेकिन कभी नहीं सोचा था कि यहां से हवाई जहाज भी उड़ेंगे। पहली उड़ान में हमें भी शामिल किया जाएगा। आज अपनी जमीन पर शानदार हवाई अड्डा देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे पूर्वजों की जमीन अब देश की धरोहर बन चुकी है। देश दुनिया में लोग इसे जानेंगे। यह बातें कहीं 104 वर्ष की बुजुर्ग राजवती देवी ने।

सोमवार को उन्होंने लखनऊ जाने वाली पहली फ्लाइट में यात्रा की। एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 172 किसान और कामगार उनके साथ विमान में नोएडा से लखनऊ पहुंचे। सभी जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ रवाना हुए। इनमें 20 महिलाएं और किसान परिवार की बेटियां भी शामिल थीं। हवाई यात्रा करने वाली बुजुर्ग महिलाओं ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी जमीन पर एयरपोर्ट बनेगा और उन्हें इस तरह से हवाई यात्रा करने में शामिल होने का मौका मिलेगा।

अपने जीवन में उन्होंने ट्रेन की यात्रा भी गिनी चुनी बार ही की है। जिन जमीन पर वह अनाज उगाया करती थी और उनके मकान बने थे। अब उसी जमीन पर रोज हवाई जहाज उड़ेंगे और देश विदेश की यात्रा करने के लिए लोग यहां आएंगे।



फ्लाइट से लखनऊ जाने के लिए बोर्डिंग पास दिखाती महिलाएं।

### पहले चरण में सात गांव हुए थे विस्थापित

नोएडा एयरपोर्ट का पूरा काम कुल चार चरण में पूरा किया जाएगा। इस एयरपोर्ट को इस तरीके से विकसित किया जा रहा है कि चौथा चरण पूरा होने के बाद यह एशिया का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एयरपोर्ट बन जाएगा। पहले चरण में जेवर के सात गांवों के किसान विस्थापित हुए थे। इसमें रोही, नगला गणेशी, नगला फूल खां, किशोरपुर, दयानतपुर खेड़ा, नगला शरीफ खां और नगला छीतर के किसान विस्थापित हुए थे।

### लखनऊ से आई नन्ही 'पायलट' बनी आकर्षण का केंद्र



**यमुना सिटी (संवाद)।** एयरपोर्ट पर पहले दिन जहां यात्रियों में नई हवाई सेवा को लेकर उत्साह देखने को मिला। वहीं लखनऊ से पहुंचे यात्रियों के बीच पायलट की वेशभूषा में सजी बच्ची फूलों से सजी ट्रॉली लेकर एयरपोर्ट पहुंची। पिता शारिक के साथ लखनऊ की फ्लाइट से नोएडा पहुंची सफा आत्मविश्वास के साथ एयरपोर्ट परिसर में घूमती नजर आई। उसके हाथों में फूलों की ट्रॉली और चेहरे पर उत्साह देखकर कई यात्रियों ने उसके साथ तस्वीरें भी खिचवाईं। शारिक ने बताया कि वह मूल रूप से मुंबई के रहने वाले हैं। वे मुंबई से लखनऊ पहुंचे वहां से नोएडा आए और फिर यहां से अमृतसर के लिए रवाना होंगे।

# रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी सिस्टम लगाने का काम तेज

## अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों का होगा कायाकल्प

**नई दिल्ली।** यात्रियों को बेहतर सफर का अनुभव देने के लिए उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड का काम तेज कर दिया है। पिछले एक वर्ष में दिल्ली क्षेत्र के चार स्टेशनों पर सीसीटीवी, एलईडी डिस्प्ले, ऑटोमैटिक अनाउंसमेंट सिस्टम और वेटिंग हॉल के अपग्रेडेशन पर खास जोर दिया गया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दिल्ली के 13 रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और कायाकल्प का कार्य तेजी से चल रहा है। इन प्रमुख स्टेशनों में नई दिल्ली, आनंद विहार, हजरत निजामुद्दीन, बिजवासन, दिल्ली कैंट में प्रमुख रूप से पुनर्विकास कार्य चल रहा है। इसके अलावा सफदरजंग, सराय रोहिल्ला, आदर्श नगर, शाहदरा, तिलक ब्रिज, नरेला, और सब्जी मंडी



स्टेशन में भी तेजी से पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। इसमें यात्री सुविधाओं में टिकट घर, प्लेटफार्म, मूलभूत सुविधाएं, सीसीटीवी से निगरानी समेत अन्य सुविधाओं को बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अपग्रेड का काम चरणबद्ध तरीके से चल रहा है ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। काम पूरा होने के बाद दिल्ली क्षेत्र के स्टेशन न सिर्फ भीड़ संभालने में सक्षम होंगे, बल्कि यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर मिलेगा।

## एमसीडी ने 14 अवैध निर्माण किए ध्वस्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध निर्माणों के खिलाफ एमसीडी की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। सोमवार को एमसीडी ने राजधानी के विभिन्न जोनों में 14 अवैध संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया, जबकि 25 संपत्तियों को सील किया गया। इसके साथ ही अवैध निर्माण और भवन उपविधियों के उल्लंघन के मामलों में बड़ी संख्या में नोटिस जारी किए। हाल के दिनों में आग और भवन हादसों के बाद एमसीडी की प्रवर्तन शाखा विशेष सतर्कता बरत रही है। एमसीडी की दैनिक कार्रवाई रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को अवैध निर्माण मामलों में 10 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं सीलिंग से संबंधित 31 कारण बताओ नोटिस भी संपत्ति मालिकों को भेजे गए। हालांकि इस दिन कोई नया ध्वस्तीकरण आदेश जारी नहीं किया गया, लेकिन पहले से जारी आदेशों के आधार पर अभियान जारी रखा गया। एमसीडी के आंकड़ों के अनुसार, एक से 14 जून तक 203 संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी थी और 15 जून की कार्रवाई को जोड़ने के बाद यह संख्या बढ़कर 217 हो गई है।

# नोएडा में भी बनाई जाएगी यमुना सफाई और संरक्षण की योजना

## गृह मंत्रालय ने उच्च स्तरीय समिति का किया गठन

**नोएडा।** दिल्ली के बाद नोएडा क्षेत्र में भी यमुना को प्रदूषण मुक्त करने और इसके अस्तित्व को बचाने के लिए बड़े स्तर पर योजना तैयार होगी। गृह मंत्रालय ने इस दिशा में कदम उठाते हुए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण को आधिकारिक सूचना भेज दी गई है और आवश्यक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय की तरफ से यमुना संरक्षण, प्रबंधन, पुनर्जीवीकरण, व प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कई विंदु पर तैयारी के क्रम में सूचना भी मांगी गई है। अब आगे व्यापक रूपरेखा तैयार करने के लिए मंत्रालय स्तर से गठित समिति की बैठक होगी।

गृह मंत्रालय की सक्रियता और मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए प्राधिकरण स्तर से समिति की बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए एसीईओ सतीश पाल को नामित किया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का उल्लेख भी समिति गठन में किया गया है। अब आगे दिल्ली में समिति की जो पहली बैठक होगी उसये कार्ययोजना की औपचारिक शुरुआत होगी। समिति में जो भी मुद्दे उठेंगे और चर्चा होगी उस पर प्राधिकरण से मांगी जाने वाली जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि समिति उच्च स्तरीय है लिहाजा योजना भी समिति के स्तर से ही तैयार होगी।

प्राधिकरण बैठक में अपने क्षेत्र में यमुना का दायरा, प्रदूषण के संभावित कारणों पर रिपोर्ट, अतिक्रमण व अन्य विंदुओं पर बुनियादी जानकारी रखेगा। बैठक के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि योजना में कौन से काम शामिल होंगे।

### नोएडा में 13 किलोमीटर है यमुना की लंबाई

बात अगर यमुना की नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में करें तो यह कालिंदीकुंज सेक्टर-94 से शुरू होकर सेक्टर-135 के आगे तक है। इसकी लंबाई 13 किलोमीटर से ज्यादा है। डूब क्षेत्र को प्राधिकरण के मास्टर प्लान में यमुना का डूब क्षेत्र जिसका क्षेत्रफल करीब 3 हजार हेक्टेयर अनुमानित है उसे पुश्ता रोड के बाद हरित क्षेत्र के रूप में अलग कर दिया गया है। लेकिन इस डूब क्षेत्र में तेजी से फार्म हाउस बन रहे हैं। अब तक 2 हजार से ज्यादा फार्म हाउस बन चुके हैं। कई जगहों पर अवैध कॉलोनी भी काटी जा रही हैं।

# प्लास्टिक कचरे पर सख्ती की तैयारी, स्वच्छ भारत सेस लगा सकती है दिल्ली सरकार

## सीएम ने कहा-पूजा सामग्री व पुराने कपड़ों के लिए बनेगी अलग संग्रह व्यवस्था

**नई दिल्ली।** यमुना के 28 घाटों पर हाल ही में चले महासफाई अभियान के बाद दिल्ली सरकार कचरा प्रबंधन को लेकर नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि प्लास्टिक कचरे को कम करने और उसके बेहतर प्रबंधन के लिए प्लास्टिक पर स्वच्छ भारत उपकर (सेस) लगाने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही प्लास्टिक कचरे के संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए अलग तंत्र विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री का कहना है कि यमुना सफाई अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में प्लास्टिक की पन्नियां, बोतलें, पूजा सामग्री और खंडित मूर्तियां मिलीं। इससे स्पष्ट हुआ कि यमुना को स्वच्छ रखने के लिए स्थायी कचरा प्रबंधन प्रणाली विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न प्रकार के कचरे के लिए अलग-अलग प्रबंधन व्यवस्था तैयार करेगी। इसके तहत जल्द ही ऐसे कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां लोग खंडित मूर्तियां और पूजा सामग्री जमा कर सकेंगे। इसके अलावा पुराने कपड़ों को एकत्र कर उनके पुनर्चक्रण की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। प्लास्टिक कचरे को उठाने और दोबारा उपयोग में लाने के लिए विशेष एजेंसियों और कंसेशनर्स की भूमिका भी तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना सफाई केवल एक दिन का अभियान नहीं है। आने वाले समय में घाटों पर नियमित सफाई अभियान चलाए जाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यमुना के भीतर सफाई के लिए आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि नालों की सफाई, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) निर्माण और नालों की टैपिंग का काम भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### यमुना तटों को बनाया जाएगा हराभरा

सरकार यमुना तटों को हराभरा बनाने के लिए बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान भी चलाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे यमुना को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और पूजा सामग्री तथा मूर्तियों का विसर्जन नदी में करने के बजाय निर्धारित संग्रह केंद्रों का उपयोग करें, ताकि प्रदूषण को रोका जा सके।

## नगीना-करेहड़ी मार्ग का निर्माण कार्य किया शुरू

**नगीना।** लंबे समय से जर्जर नगीना-करेहड़ी मार्ग का निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गयसा। यह सड़क पिछले कई महीनों से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर अमर उजाला ने लगातार खबरें प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। मार्ग निर्माण में आ रही विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं को अब दूर कर लिया गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एसडीओ आस मोहम्मद ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और इसे जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन प्रदीप सिंधु तथा मुख्यमंत्री समाधान पटल के एनीमेट पर्सन नितिन दुबे ने भी मौके का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई तेज हुई और अब सड़क निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो गया है।

**समस्या** एक्सप्रेसवे का ट्रैफिक बढ़ा, डीएनडी लिंक अधूरा, रोज 5-6 लाख वाहन जाम में फंसने को मजबूर

# अधूरी परियोजनाओं का बोझ झेल रहा कालिंदी कुंज

**नई दिल्ली।** दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद को जोड़ने वाला कालिंदी कुंज चौराहा इन दिनों अधूरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का बोझ झेल रहा है। हालात यह हैं कि प्रतिदिन लाखों वाहन इस चौराहे से गुजरते हैं और पीक ऑवर में यहां लंबा जाम आम बात बन चुकी है।

बढ़ते दबाव को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) फिलहाल छोटे स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि स्थायी समाधान के रूप में प्रस्तावित फ्लाईओवर परियोजना के पूरा होने का इंतजार है।

ट्रैफिक अधिकारियों के अनुसार, कालिंदी कुंज चौराहे पर विभिन्न दिशाओं से आने वाले करीब 5 से 6 लाख वाहनों का दबाव रहता है। नोएडा, फरीदाबाद, ओखला और सरिता विहार की ओर से आने वाला यातायात यहां जुड़ता है, जिससे चौराहे की क्षमता पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। मौजूदा समस स्थिति इसलिए और खराब हो गई कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का प्रमुख हिस्सा कालिंदी कुंज के पास समाप्त होता है। चूंकि एक्सप्रेसवे को डीएनडी फ्लाईवे से जोड़ने वाला लिंक अभी निर्माणाधीन है, इसलिए फरीदाबाद, पलवल और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले वाहन कालिंदी कुंज चौराहे से होकर गुजरने को मजबूर हैं। इसके कारण यहां ट्रैफिक का अतिरिक्त दबाव पैदा हो रहा है।

समस्या के स्थायी समाधान के लिए एनएचएआई ने दो लूप फ्लाईओवर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

### सड़क संरचना भी ठीक नहीं

यातायात विशेषज्ञों का कहना है कि जाम की एक बड़ी वजह सड़क की संरचना भी है। नोएडा की ओर से आने वाली छह से सात लेन की सड़क कालिंदी कुंज के पास पहुंचकर तीन लेन में सिमट जाती है। इसी समस्या को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने पीडब्ल्यूडी को जीडी बिड़ला मार्ग पर तत्काल सुधार के विकल्पों का अध्ययन करने को कहा है। अधिकारियों के बीच हुई चर्चा में सड़क के एक मोड़ को नया स्वरूप देने, दो ट्रैफिक आइलैंड को छोटा करने और एक फ्री लेफ्ट विकसित करने का प्रस्ताव है।

# गौतमबुद्ध नगर जिले में 208 करोड़ के निवेश से बनाई जाएंगी 695 दुकानें

## यूपी रेरा ने प्रदेश के 7 जिलों में 2250 करोड़ के 14 प्रोजेक्टों को दी मंजूरी

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण ने प्रदेश के 7 जिलों में 14 रियल एस्टेट प्रोजेक्टों को मंजूरी दी है। इन 14 प्रोजेक्टों में 2250 करोड़ का निवेश होगा। यहां पर 3548 फ्लैट और दुकानों का निर्माण होगा। इन 14 प्रोजेक्टों में से दो प्रोजेक्ट गौतमबुद्ध नगर के हैं। जहां पर 208 करोड़ की लागत से 695 दुकानों का निर्माण होगा। यूपी रेरा के अफसरों का कहना है कि यूपी रेरा की निगरानी में प्रोजेक्टों का निर्माण कार्य पूरा होगा।

अफसरों ने बताया कि सोमवार को यूपी रेरा की 204वीं बैठक में इन 14 प्रोजेक्टों के पंजीकरण को मंजूरी दी गई है। सबसे अधिक 7 प्रोजेक्ट लखनऊ में बनेंगे। इनमें चार आवासीय और 3 व्यवसायिक है। इन 7 प्रोजेक्ट में 711.15 करोड़ के निवेश से 1270 फ्लैट और दुकानों का निर्माण होगा।

दूसरे नंबर पर गौतमबुद्ध नगर में दो कॉमर्शियल प्रोजेक्ट बनेंगे। यहां 208.33 करोड़ के निवेश 695 दुकानों का निर्माण होगा। इनमें दुकानों के साथ स्टूडियो स्पेस भी शामिल है। गाजियाबाद में 998.23 करोड़ की एक मिश्रित प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। जिसमें 780 फ्लैट व दुकानें बनेंगी। वहीं इसी तरह मथुरा में 71.35 करोड़ के एक प्रोजक्ट में 268 फ्लैट, बरेली में 226.63 करोड़ के एक प्रोजेक्ट में 374 फ्लैट, वाराणसी में 9.74 करोड़ के निवेश से 17 फ्लैटों का निर्माण होगा। बाराबंकी में 60.25 करोड़ की लागत वाली एक आवासीय प्रोजेक्ट बनेगा। उसमें 144 फ्लैट तैयार होंगे।

## न्यूज shorts

### ट्रक को मारी टक्कर चालक की मौत

**पटौदी।** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर सिधरावली पुल के पास अज्ञात वाहन से हुई ट्रक की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई। हादसा 13 जून का है। मृतक के पिता गोपीराम की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ 14 जून को बिलासपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। मृतक की पहचान 22 साल के राजू के रूप में हुई है। रेवाड़ी के खरखड़ा गांव निवासी गोपीराम ने बताया कि राजू बालाजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में चालक था। 13 जून की रात को वह ट्रक लेकर खालियावास से सोनीपत के लिए निकला था। बिलासपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन व उसके चालक की पहचान की जा सके।

### अनियंत्रित होकर ग्रिल से टकराई गाड़ी

**फरीदाबाद।** सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार सुबह इको गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी ग्रिल से टकरा गई। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया और किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, इको दिल्ली से पांच सवारियों को लेकर फरीदाबाद आ रही थी। सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के नजदीक पहुंचने पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद गाड़ी सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रिल से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और यात्रियों को बाहर निकाला गया।

### क्रेन पर लटका मिला ऑपरेटर का शव

**दनकौर।** चपरगढ़ गांव के नजदीक स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डर साइट पर रविवार देर रात एक क्रेन ऑपरेटर का शव क्रेन से लटका मिला है। मृतक की पहचान बबलू (22) जनपद मथुरा के बलदेव कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव गढ़ी सुक्का के रूप में हुई है।मृतक पिछले कई महीनों से निर्माणाधीन बिल्डर साइट पर क्रेन ऑपरेटर के तौर पर कार्यरत था। पिछले कुछ दिनों से उसकी ड्यूटी रात में लगाई जा रही थी। रविवार रात करीब 12 बजे साइट पर मौजूद लोगों ने क्रेन के ऊपरी हिस्से पर बंधी रस्सी के फंदे से उसका शव लटका देखा। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

### कंपनी कर्मचारी और उसके साथी से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** कासना क्षेत्र में एक निजी कंपनी के कर्मचारी और उसके साथी के साथ मारपीट कर दी गई। पीड़ित की तहरीर पर कासना कोतवाली पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार मोहित शर्मा निवासी हल्द्वानी और उसका साथी आकाश शर्मा निवासी बुलंदशहर एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। दोनों शुक्रवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपने-अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि शाम को गेट नंबर-1 साइड-5 के पास सत्यप्रकाश और उसके कुछ साथियों ने मारपीट की। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

## पुल के अधूरे हिस्से के आगे बने गड्ढे में गिरकर अस्पताल के मैनेजर की मौत

**फरीदाबाद।** मंझावली पुल के अधूरे हिस्से पर एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी उजागर हुई है। नोएडा की ओर जा रहे अस्पताल के मैनेजर की बाइक पुल के अधूरे हिस्से के आगे बने गहरे गड्ढे में गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों ने अधूरे पुल पर पर्याप्त चेतावनी संकेत और बैरिकेडिंग न होने को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। मृतक की पहचान एनआईटी-1 निवासी अतुल कुमार जोशी के रूप में हुई है, जो आई केयर अस्पताल में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, अतुल रविवार देर रात बाइक से मंझावली पुल के रास्ते नोएडा की ओर जा रहे थे। हरियाणा की तरफ पुल का निर्माण पूरा हो चुका है लेकिन उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाला ढलान और सड़क अभी अधूरी है। रात के अंधेरे में उन्हें आगे सड़क समाप्त होने का अंदाजा नहीं लगा और वह बाइक समेत गहरे गड्ढे में जा गिरे।

सोमवार सुबह खेतों की ओर जा रहे स्थानीय लोगों ने गड्ढे में एक व्यक्ति और उसकी बाइक को पड़ा देखा।



गड्ढे में गिरी बाइक।

इसके बाद उन्होंने तिगांव थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर मृतक की पहचान की और परिजनों को सूचना दी। जांच के दौरान पता चला कि घटनास्थल उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर थाना क्षेत्र में आता है। इसके बाद तिगांव पुलिस ने मामले की जानकारी दनकौर पुलिस को दी। दनकौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध पिस्तौल रखने के मामले में पांच गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने और उनकी आपूर्ति करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार देशी पिस्तौल बरामद की हैं। आरोपियों को विभिन्न अपराध शाखाओं की टीमों ने अलग-अलग स्थानों से दबोचा।

**चार पिस्तौल बरामद, चोरी की वारदात का हुआ खुलासा**

पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार, अपराध शाखा डीएलएफ ने धीरज नगर निवासी रजत को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। वहीं अपराध शाखा सेक्टर-56 ने कोतवाली क्षेत्र निवासी सूरज साहनी को अवैध पिस्तौल के साथ पकड़ा। पूछताछ में सूरज ने बताया कि उसने यह पिस्तौल आजाद से ली थी। इसके आधार पर पुलिस ने आजाद निवासी आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी फरीदाबाद को अवैध हथियार उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

इसी शाखा ने एक अन्य कार्रवाई में नंगला एन्क्लेव निवासी हिमांशु ठाकुर उर्फ बंटी को भी अवैध पिस्तौल सहित काबू किया। वहीं अपराध शाखा सेंट्रल ने डबुआ कॉलोनी निवासी दीपक उर्फ चुना को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उससे डबुआ क्षेत्र में हुई एक चोरी की वारदात का भी खुलासा हुआ है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत 14 जून को प्राथमिकी दर्ज कर अदालत में पेश किया गया।




# पत्नी की हत्या कर 8 घंटे तक शव के साथ सोया रहा युवक

## आरोपी ने किया था प्रेम विवाह, पत्नी शराब पीने से करती थी मना

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले के कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र में युवक ने करीब 10 दिन पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर 8 घंटे से ज्यादा उसके शव के साथ सोता रहा, ताकि किसी को शक न हो। दोपहर में उसकी आंख खुली तो उसने पत्नी की मौत को खुदकुशी दिखाने की कोशिश की थी। मगर पुलिस के सामने उसकी चालाकी ज्यादा समय तक नहीं चली और कालिंदी कुंज थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि पत्नी आरोपी को शराब पीने के लिए मना करती थी। पत्नी निशा प्रवीण की मौत को लेकर उसके समुदाय के लोगों ने हंगामा व थाने का घेराव किया। परिजनों ने निशा के साथ गैंगरेप करने व दूसरे समुदाय होने के कारण हत्या का आरोप लगाया था। अब पुलिस ने जांच के बाद खुलासा किया है।

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों ने कहा कि परिजनों ने जो आरोप लगाए हैं वह सही नहीं मिले हैं। महिला के साथ किसी तरह का दुष्कर्म नहीं हुआ है और न ही मारपीट हुई है। जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये घटना जैतपुर इलाके में पिछले सप्ताह सामने आई है। फेज-2 जेजे कॉलोनी मदनपुर खादर निवासी निवासी अंकित (25) ने 23 अगस्त, 2025 को यहीं रहने वाली निशा (19) से प्रेम विवाह किया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पांच व छह जून की रात 10 बजे अंकित अपने दो दोस्तों के साथ बैठकर घर से बाहर शराब पी रहा था। निशा ने अंकित को शराब पीने से मना कर दिया। अंकित ने उसे कुछ देर में आने की बात कहकर वापस भेज दिया।

रात 12 बजे तक जब अंकित घर नहीं पहुंचा तो निशा फिर उसके पास गई। यहां पर निशा व अंकित में झगड़ा होने लगा। झगड़ा-झगड़ा करते दोनों घर पहुंच गए। यहां पर दोनों में रात भर झगड़ा होता रहा। रात करीब दो बजे उसने निशा का गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव के साथ सो गया। हालांकि उसे नशे में पता था कि उसने निशा को मार दिया है। अगले दिन दोपहर दो बजे उसकी आंख खुली। इसके बाद उसने निशा की मौत को खुदकुशी दिखाने का प्रयास किया। उसने पंखे में उसकी चुन्नी बांध दी और उसके बाद घर से बाहर आकर शोर मचाने लग गया कि उसकी पत्नी ने खुदकुशी कर ली है।

**एसडीएम जांच हुई :** निशा की मौत की सूचना कालिंदी कुंज थाना पुलिस को दी गई। एसडीएम जांच भी की गई। इसके बाद पुलिस ने अंकित से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया।

### दुपट्टे से गला घोंटकर महिला की हत्या की आशंका

**गुरुग्राम।** सेक्टर-89 स्थित एलान मॉल के सामने जंगलों में 12 जून को अर्धनग्न अवस्था में मिले महिला के शव को लेकर पुलिस ने दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या करने की आशंका जताई है। महिला की मौत से पहले दुष्कर्म किए जाने का संदेह भी है। 14 जून को खेड़कीदौला थाने की पुलिस ने अप्राकृतिक, संदिग्ध मृत्यु संबंधी धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया था। हालांकि शव सड़ी-गली हालत में होने के कारण दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई थी। मृत महिला के बिसरे को जांच के लिए लैब भेजा गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के कारणों और दुष्कर्म के बारे में पता चल सकेगा। मृतका बरेली की निवासी थी।

## नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई दो दोस्तों की एक साथ उठी अर्थी

**फरीदाबाद।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले दो युवकों का अंतिम संस्कार सोमवार को बल्लभगढ़ की भूदत्त कॉलोनी में किया गया। परिजनों और क्षेत्रवासियों ने नम आंखों से दोनों को अंतिम विदाई दी।

वहीं हादसे में मृत मर्चेंट नेवी कर्मी शक्ति का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव हापुड़ (उत्तर प्रदेश) में किया गया। इसके अलावा हादसे में घायल कुलदीप और दीपक वर्मा को जम्मू के अस्पताल से डिस्चार्ज करवाने के बाद आगे के उपचार के लिए फरीदाबाद लाया जा चुका है। मृतकों में शामिल भूदत्त कॉलोनी निवासी मोहित वर्मा परिवार की दो बहनों के इकलौते भाई थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता सुनील वर्मा सदमे में बेहोश होकर गिर पड़े, जबकि घर की महिलाओं और अन्य परिजनों का रो-

**मर्चेंट नेवी कर्मी शक्ति का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव हापुड़ में किया गया**

रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं हादसे में घायल दीपक वर्मा उनका चचेरे भाई हैं। वहीं मृतक सिकंदर सैफी बाईपास क्षेत्र में कार मैकेनिक का काम करते थे।

**दो महीने पहले आए थे भारत :** हादसे में जान गंवाने वाले शक्ति मूलरूप से हापुड़ के निवासी थे और भूदत्त कॉलोनी में किराये पर रहते थे। बताया जाता है कि वह पहले दुबई में नौकरी करते थे लेकिन अमेरिका-ईरान तनाव के चलते करीब दो महीने पहले भारत लौट आए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, पांचों युवक दो दिन पहले घूमने के लिए घर से निकले थे। रविवार सुबह सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत और दो के घायल हो गए थे।

## क्रेन ने सड़क पार कर रहे शख्स को कुचला

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में क्रेन ने 55 साल के प्रदीप को जबरदस्त रूप से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्रेन समेत भाग रहे चालक अर्जुन को लोगों ने पकड़ लिया। क्रेन चालक घायल प्रदीप को लेकर अस्पताल गया और उसे भर्ती कराने के बाद वहां से भाग गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान और घटनास्थल का मुआयना करने के बाद चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस क्रेन जब्त कर चालक की तलाश कर रही है।

जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार भूतों वाली गली, नांगलोई निवासी प्रदीप ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि 13 जून की शाम वह कैंप नंबर चार उद्योग नगर ज्वालापुरी घूमने के लिए आया था। पांच बजे वह घर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी क्रेन तेज रफ्तार से आई और टक्कर मार दी।

## मासूम से पिता की बदसलूकी का वीडियो वायरल

### रघुबीर नगर क्षेत्र में डेढ़ साल के बच्चे पर बाल्टी भर पानी डालने का वीडियो

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर क्षेत्र से सामने आए एक वायरल वीडियो ने लोगों को झकझोर दिया है। वीडियो में एक व्यक्ति अपने करीब डेढ़ साल के बच्चे पर बाल्टी भर पानी उड़ेलते हुए दिखाई देता है। इस दौरान वह बच्चे की मां के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करता है और बच्चे को भी अपमानजनक शब्द कहता है।

घटना के समय मासूम बच्चा सो रहा था, लेकिन अचानक ठंडा पानी डाले जाने पर वह घबराकर उठ जाता है, और रोने लगता है। आरोपी ने खुद इस वीडियो को बनाया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पश्चिम जिला पुलिस ने संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति 30 वर्षीय अरुण है, जो रघुबीर नगर का निवासी और बच्चे का पिता है।

**पुलिस ने बच्चे को मां के सुपुर्द कराया, पिता को पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया**

पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक, अरुण हाल ही में हुए वैवाहिक विवाद की वजह से मानसिक और व्यक्तिगत समस्याओं से गुजर रहा था। उसकी पत्नी उससे अलग अपने मायके रह रही थी। अरुण किसी तरह उसे लाता है। पुलिस के अनुसार बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और परिवार के सदस्यों ने उसे उसकी मां को सौंप दिया है। पश्चिम पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पिता को उपचार के लिए रीहैबिलिटेशन सेंटर में भर्ती कराया गया है।

## सुबह में हुआ सड़क हादसा, शाम को सीने में दर्द होने के बाद युवक की गई जान

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सुबह घायल युवक अस्पताल से इलाज करवाने के बाद घर चला गया। शाम को सीने में दर्द होने के बाद वह फिर से वापस अस्पताल में भर्ती हुआ। कुछ देर बाद युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त 34 साल के नरेला निवासी सतप्रीत सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का केस किया है। साथ ही वाहन चालक की पहचान करने में जुटी है। 12 जून को 4.15 बजे तड़के पुलिस को स्वरूप नगर के लोहे वाला पुल के पास सड़क हादसा होने की जानकारी मिली। पता चला कि पीसीआर कर्मी घायल को पास के बुराड़ी अस्पताल में लेकर गए हैं।

### युवक से मारपीट

**गुरुग्राम।** पेट्रोल पंप पर युवक से मारपीट के मामले में न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि दबंगों ने पीड़ित को मोबाइल न देने पर युवक को पीटा। रितेक का कहना है कि 11 जून की रात वह बसई रोड स्थित पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने के लिए रुके।

### महिला से गहने और नकदी ठगी

**फरीदाबाद।** बेटी पर ग्रह दोष होने का डर दिखाकर शातिरों ने महिला को झांसे में ले लिया और उसकी सोने की बाली व नकदी ठगकर भाग गए। घटना सेक्टर-16 क्षेत्र की है। शिकायत पर थाना सेक्टर-17 पुलिस ने 14 जून को धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की। भीम बस्ती निवासी शशि ने पुलिस को बताया कि 14 जून की रात करीब 11:30 बजे काम से घर लौटते समय जैन मंदिर के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। उनमें से एक ने खुद को पंडित बताते हुए कहा कि उसकी बेटी पर ग्रह दोष है और उसे दूर करने के लिए धार्मिक उपाय करने होंगे।

### बच्चे को परिजनों से मिलवाया

**फरीदाबाद।** नवीन नगर पुलिस चौकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए 13 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को 24 घंटे के भीतर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**निदेशालय पंचायतीराज**
समीप आई०टी० पार्क, डांडा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
दूरभाष संख्या- 0135-2607855 ई०मेल०- director.pr.uk@gmail.com website-www.ukpanchayat.org
संख्याः 1002/1073/जि०पं०अ०को0/2023-24 देहरादून दिनांक 12 जून, 2026

**ई-निविदा आमंत्रण**

निदेशालय पंचायतीराज, सहस्त्रधारा रोड देहरादून के अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत Selection of an Agency for Third-Party Independent Monitoring (Concurrent Monitoring) of Comprehensive Primary Health Care (CPHC) Services Delivered through Ayushman Arogya Mandirs in Uttarakhand हेतु ई-निविदा से सम्बन्धित अभिलेख दिनांक 15 जून, 2026 की अपराह्न 4:00 बजे https://uktenders.gov.in पर अपलोड हो जायेगें। निविदादाता दिनांक 15 जून, 2026 की अपराह्न 5:00 बजे से डाऊनलोड कर सकते है, तथा दिनांक 06 जुलाई, 2026 की अपराह्न 4:00 बजे बजे तक अपलोड़ किये जा सकेगें। तकनिकी निविदा 06 जुलाई, 2026 को अपराह 4:30 बजे खोली जायेगी। इस ई-निविदा से सम्बन्धित भविष्य मे कोई संशोधन, यदि आवश्यक हुए, मात्र वैबसाईट पर अपलोड किये जायेंगे। इस "ई-निविदा" की कार्यवाही को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार समिति/अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

निदेशक, पंचायतीराज

**दिल्ली विकास प्राधिकरण**

वी.नं. 04/2026/पीबी-I

**जांच अधिकारियों के पैनल में शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय जांच करने हेतु जांच अधिकारी के रूप में पैनल में शामिल होने की शर्तों को पूरा करने वाले ऐसे उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो भारत सरकार के मंत्रालयों / विभागों से उप सचिव (7वें सीपीसी में वेतन स्तर 12) के पद से नीचे सेवानिवृत्त न हुए हों, या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और दिल्ली विकास प्राधिकरण में समकक्ष अधिकारी रहे हों।

पात्रता मानदंड और अन्य नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया डीडीए की वेबसाइट **www.dda.gov.in** (लिंक जॉब्स) देखें।

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **15.07.2026** है।

आयुक्त (कार्मिक)

हमें फॉलो करें: ddaofficial official_dda official_dda_
"कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टॉल फ्री नं 1800110332 डायल करें"

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की नियत तिथि 03.07.2026 को 15.00 बजे है। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना संख्या और कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-33,** बंडामुंडा यार्ड (किमी ईएन/44-45) में 01 नॉन-इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग एल.सी. गेट के इंटरलॉकिंग के लिए एस एंड टी कार्य। **निविदा लागतः** रु.53,20,985.80, **बयाना राशिः** रु. 1,06,400/-, **(2) एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-34,** राउरकेला-कुअरमुण्डा (किमी 419/13बी-14बी) में 01 नॉन-इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग एल.सी. गेट के इंटरलॉकिंग के लिए एस एंड टी कार्य। **निविदा लागतः** रु.62,43,365.99, **बयाना राशिः** रु. 1,24,900/-, **(3) एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-35,** लिंक-सी-दुमेत्रा (किमी 409/6-8) में 01 नॉन-इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग एल.सी. गेट के इंटरलॉकिंग के लिए एस एंड टी कार्य। **निविदा लागतः** रु.61,10,748.99, **बयाना राशिः** रु. 1,22,200/-, **(4) एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-36,** लिंक-सी-दुमेत्रा खंड में 01 नॉन-इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग एल.सी. गेट के इंटरलॉकिंग के लिए अल्टरेशन कार्य। **निविदा लागतः** रु.51,29,260/-, **बयाना राशिः** रु. 1,02,600/-, **(5) एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-37,** राउरकेला-कुअरमुण्डा खंड में 01 नॉन-इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग एल.सी. गेट के इंटरलॉकिंग के लिए अल्टरेशन कार्य। **निविदा लागतः** रु.25,64,630/-, **बयाना राशिः** रु. 51,300/-, **(6) एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-38,** चक्रधरपुर मंडल के तहत 07 इलेक्ट्रॉनिक इन-मोशन वेब्रिज (ईआईएमडब्ल्यूबी) का प्रावधान। **निविदा लागतः** रु.96,89,192.92, **बयाना राशिः** रु. 1,93,800/-, **कार्य समापनः** क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक हेतु 06 माह और क्रम सं. 6 हेतु 15 माह। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। **(PR-323)**

**Maa Shakumbhari University, Saharanpur**
(A State University, Uttar Pradesh)
**Recruitment Notice**
Date: 16/06/2026

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Professor | Advt. No- 02/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |
| 02 | Associate Professor | Advt. No- 03/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |
| 03 | Assistant Professor | Advt. No- 04/24/ प्रशा०/MSU/2026-27 |

Online Applications are invited on prescribed format to fillup posts of Professor, Associate Professor and Assistant Professor in different schools (Departments) of the University. Last date for submission of online forms is 16-07-2026 and Print out of the duly filled application along with all annexures should reach only by registered/speed post to the office of Registrar on or before 27-07-2026 till 05:00 PM

Note : For details, please visit the university website https://msuniversity.ac.in

Kamal Krishna
Registrar

**कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लिमिटेड**
अधिशासी अभियन्ता (प्रोक्योरमेन्ट एवं परचेज), 14/71, सिविल लाइन्स, केसा हाउस, कानपुर

**जेम निविदा सूचना** दिनांक : 16.06.2026

**निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. विभिन्न प्रकार की वितरण परिवर्तकों हेतु बुशिंग बूट की आपूर्ति – 06/2026-27-GEM/2026/B/7617787 धरोहर राशि–रू० 45,990/– (जेम–निविदा की अन्तिम तिथि– 18.06.2026)

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://bidplus.gem.gov.in/all-bids पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**DMIC INTEGRATED INDUSTRIAL TOWNSHIP GREATER NOIDA LIMITED**
Regd. Office: Tower-1, 11th Floor, Plot No.: 01, K.P.–IV, Greater Noida, G.B. Nagar, (U.P.) 201308
Phone: +91-120-2336044/45, CIN: U74900UP2014PLC063430
Website: www.iitgnl.com; Email: info@iitgnl.com

Ref. No.: DMIC IITGNL/2026-27/HR/161 Dated: 13/06/2026

**PUBLIC NOTICE**

**DMIC Integrated Industrial Township Greater Noida Limited (DMIC–IITGNL)** invites applications from revenue department officials for engagement as Consultants on a contractual basis (11 months, extendable) for revenue related matters of its upcoming projects. Vacancies include Additional District Magistrate-1 Nos, Sub Divisional Magistrate-2 Nos, Tehsildar/Naib Tehsildar-2 Nos, Kanoongo-2 Nos and Lekhpal-4 Nos. Candidates should have relevant experience in land records, land acquisition, and revenue matters. Selection will be done through interview. Interested candidates may submit application with CV along with relevant documents in sealed envelope within 10 days of publication. For more detail candidates may visit the website of the company **www.iitgnl.com**.

I/c (HR & Administration)

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद हापुड़, (जनपद - हापुड़)**

पत्रांक- 89 / 23 / जलकल / 2020-27 दिनांक 15/6/26

**" ई-टैण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमन्त्रण सूचना"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद हापुड़ द्वारा 15वां वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 87, 88 /23 जलकल / 2026-27 दिनांक - 15/06/26 मे वर्णित कार्य हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती है । निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्ते वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक - 16/6/26 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक-24/06/26 दोपहर 2:00 बजे तक अपलोड व डाउनलोड की जा सकती है जोकि दिनांक-24/6/26 को सॉय 04:00 बजे खोली जायेगी। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओ के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहे ।

जलकल अभियन्ता, नगर पालिका परिषद हापुड़ | अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद हापुड़ | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हापुड़

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर**
**All India Institute of Medical Sciences, Gorakhpur**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत निकाय)
(An autonomous organization under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India)
Website-https://aiimsgorakhpur.edu.in

**गैर-शैक्षणिक नियुक्तियां**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में निम्नलिखित **गैर-शैक्षणिक ग्रुप ए** पदों के लिए लागू अधिनियम/नियमों के तहत अनुमत भारतीय नागरिकों/अन्य नागरिकों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं | पद का नाम | समूह | वेतन स्तर (7वां वेतन आयोग) | रिक्तियों की संख्या: अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बाल मनोवैज्ञानिक (Child Psychologist) | A | स्तर-10 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 2. | नैदानिक मनोवैज्ञानिक (Clinical Psychologist) | A | स्तर-10 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 3. | चिकित्सा अधिकारी (आयुष) (Medical Officer) (AYUSH) | A | स्तर-10 | 3 (आयुर्वेद -01, होम्योपैथी -01, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा -01) | - | - | - | - | 3 |

उपरोक्त रिक्तियां अनंतिम हैं और परिवर्तित की जा सकती हैं। कार्यकारी निदेशक, एम्स, गोरखपुर को पदों की संख्या या वर्ग में परिवर्तन भारत सरकार के नियमानुसार करने का अधिकार है।

**आवेदन पत्र, ब्रीफ़ और पावरपॉइंट संस्थान की वेबसाइट** www.aiimsgorakhpur.edu.in पर अपलोड किया गया है । उपरोक्त भर्तियों से सम्बंधित कोई भी सूचना एम्स गोरखपुर की वेबसाइट www.aiimsgorakhpur.edu.in पर उपलब्ध रहेगी।

Ref. No. AIIMS/GKP/Admin/2026-27/961
Date : 15.06.2026

एसडी/-
कार्यकारी निदेशक
एम्स गोरखपुर

## न्यूज shorts

### चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो पकड़े

**फरीदाबाद।** नीलम-बाटा रोड पर मोबाइल स्नैचिंग और मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर-56 ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अमित कुमार और राहुल, निवासी बलिया (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी सेक्टर-22 फरीदाबाद के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि राहुल ने पेट्रोल पंप के सामने खड़े व्यक्ति के हाथ से मोबाइल फोन छीना और भाग गया। शिकायतकर्ता उसके पीछे दौड़ा तो अमित मौके पर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल लेकर भाग गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया व छीना गया मोबाइल फोन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली। दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### प्रतिबंधित दवा-सिरप के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की गुड़गांव यूनिट ने प्रतिबंधित दवा और सिरप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वाणिज्यिक मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद की हैं। जब्त की गईं दवाइयों में 120 गोलियां और 12 बोतल कोडीन सिरप करीब 1400 ग्राम शामिल हैं। यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी के पास से डाइजेपाम (30), अल्प्राजोलम (60) और लोराजेपाम (30) सहित कुल 120 नशीली गोलियां बरामद हुईं। इसके अलावा 12 बोतल कोडीन सिरप भी जब्त किया गया। आरोपी की पहचान पलवल के रहने वाले नीरज तंवर के रूप में हुई है।

### हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले की साउथ रोहिणी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 8.34 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पहचान गौरव (26) और सुमन (22) के रूप में हुई है। दोनों रोहिणी सेक्टर-3 स्थित इंदिरा जेजे कैंप के रहने वाले हैं। जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि 10 जून को रोहिणी साउथ थाना के पुलिसकर्मी सेक्टर-2 व 3 की डिवाइडिंग रोड पर गश्त कर रहे थे। पुलिस ने स्कूटी से जा रहे दो संदिग्ध युवकों को रोका। दोनों भागने की कोशिश कर रहे थे। तलाशी में उनके पास से हेरोइन बरामद हुई। जांच में पता चला कि गौरव हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ चोरी व आर्म्स एक्ट समेत 17 मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नरेला में नाबालिग पर चाकू से हमला, गंभीर

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में सोमवार दोपहर पंजाबी कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय किशोर मोनू पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल मोनू का अस्पताल में उपचार चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोनू की बहन ने बताया कि उसके भाई को किसी व्यक्ति ने फोन कर मिलने के लिए पास के पार्क में बुलाया था। कुछ देर बाद पार्क में उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि तीन-चार युवकों के बीच विवाद हो रहा था, जिसके दौरान एक युवक ने किशोर पर हमला कर दिया।

### झपटमारी के 3 घंटे बाद आरोपियों को दबोचा

**नई दिल्ली।** सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने झपटमारी की वारदात के तीन घंटे के भीतर ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शिकायतकर्ता का छीना गया फोन, आधार कार्ड और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी बरामद की है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान परवीन (23) और राहुल (22) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि 13 जून को शकूरपुर गांव निवासी पिंटू ने बताया कि वह आजादपुर से पंजाबी बाग की ओर जा रहा था।

### घर से लूट मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पालम विहार थाना इलाके के सेक्टर-23 में सेवानिवृत्त कर्नल के बेटे, बहू और पोती को बंधक बनाकर घर से लूट के मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी बांग्लादेश का मूल निवासी मोहम्मद आलमगीर भी शामिल हैं, जबकि अन्य आरोपियों की पहचान शाहजहांपुर (यूपी) निवासी कलीम उर्फ असलम, मधुबनी (बिहार) निवासी जावेद उर्फ राजा और रामपुर (यूपी) निवासी मोहम्मद रज्जा उर्फ सानु के रूप में हुई है। सभी आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे। मामले में अब तक आठ आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को रविवार को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# पत्नी की मौत, पति ने की आत्महत्या

## मानसिक तनाव में चल रहे ऑटो चालक का शव कमरे में लटका मिला

**ग्रेटर नोएडा।** पत्नी की आत्महत्या के एक दिन बाद ही एक युवक ने भी फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूरजपुर कस्बे में सोमवार सुबह हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 21 वर्षीय सौरभ निवासी बाफर थाना जानी जिला मेरठ के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सूरजपुर कस्बे की गुरुद्वारा वाली गली स्थित एक मकान में किराये पर रहकर ऑटो चलाने का काम करता था।

जानकारी के अनुसार सौरभ की पत्नी ने शनिवार नॉलेज पार्क क्षेत्र स्थित जीएल बजाज कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद से सौरभ गहरे मानसिक तनाव में था। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दोनों ने आठ माह पहले ही प्रेम विवाह किया था। महिला के आत्महत्या से पहले दोनों के बीच व्हाट्सएप पर मैसेज आने को लेकर विवाद हुआ था।

सूरजपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे पीआरवी पर सूचना प्राप्त हुई कि प्रेम कुंज स्थित गुरुद्वारा वाली गली में किराये के कमरे में रहने वाले एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया तो अंदर सौरभ का शव पंखे से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सौरभ सूरजपुर में किराये पर रहकर ऑटो चलाता था। उसकी पत्नी की मौत के बाद वह बेहद परेशान और तनावग्रस्त दिखाई दे रहा था।

पत्नी के आत्महत्या के मामले में मृतका के परिजनों ने सौरभ के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए नॉलेज पार्क कोतवाली में तहरीर दी थी। इसी बीच सोमवार को सौरभ की आत्महत्या के बाद सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर यह चर्चा शुरू हो गई कि वह पुलिस हिरासत से भागकर अपने कमरे पर पहुंचा था और वहां उसने आत्महत्या कर ली।

# विवाहिता की मौत, पंखे से लटका मिला शव

## ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित और हत्या करने का लगाया आरोप

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की भीकम कॉलोनी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। विवाहिता का शव उसके घर में पंखे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित और हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान काजल के रूप में हुई है। उसके भाई प्रशांत ने बताया कि काजल की शादी जुलाई 2020 में जितेंद्र के साथ हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग शुरू कर दी थी। परिवार पर बाइक, स्कूटी, बुलेट मोटरसाइकिल और वॉशिंग मशीन देने

**परिजन के अनुसार, काजल के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था**

का दबाव बनाया जाता था। मांगें पूरी नहीं होने पर काजल के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। प्रशांत के अनुसार करीब एक वर्ष पहले काजल को पहली मंजिल से धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया था, जिससे उसका पैर टूट गया था।

आरोप है कि उस समय भी ससुराल पक्ष ने इलाज कराने से इन्कार कर दिया था और मायके वालों ने उसका उपचार करवाया था। उन्होंने बताया कि काजल को लगातार परेशान किया जाता था और मायके वालों का उसके घर आना-जाना भी बंद कर दिया गया था। मृतका की बड़ी बहन नीतू ने बताया कि रविवार रात उन्हें बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल से सूचना मिली कि काजल का शव अस्पताल लाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने काजल की गर्दन पर नीले निशान देखे, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार विवाहिता द्वारा फंदा लगाने की बात सामने आई है। हालांकि मायके पक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# छतारी में खड़े ट्रक में पीछे से टकराई निजी बस, एक की मौत व 15 गंभीर

## गंभीर रूप से घायल मरीजों को पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अलीगढ़ मेडिकल में कराया भर्ती

**छतारी (गाजियाबाद)।** क्षेत्र में अलीगढ़ अनूपशहर मार्ग पर सिद्धपुर गांव के पास रविवार रात अनियंत्रित बस सड़क किनारे खड़े सीमेंट के कट्टों से लदे ट्रक से टकरा गई। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई और बस में सवार 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से नौ को अलीगढ़ मेडिकल और छह को दानपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया।

डिबाई थाना क्षेत्र के खुशाला गांव निवासी यात्री वीरपाल ने बताया कि वह हाथरस जनपद में स्थित एक निजी कंपनी में वेल्डर की नौकरी करते हैं और वहीं पर किराए के कमरे में रहते हैं। अक्सर महीने या दो महीने में अपने गांव आते हैं। इसी के चलते रविवार रात को कंपनी से छुट्टी मिलने पर गांव आ रहे थे। रात करीब नौ बजे हाथरस से वह बस से अलीगढ़ बस अड्डा पहुंच गए।

यहां उनको डिबाई जाने वाली बस नहीं मिल रही थी तो वह अलीगढ़ के क्वार्सी बस अड्डा पहुंचे। जहां पर अनुबंधित बसों का संचालन शाम सात बजे ही बंद हो गया था। क्वार्सी बस अड्डा पर अनूपशहर में गंगा स्नान जाने, डिबाई व छतारी जाने के लिए



करीब 25 से 30 लोग खड़े थे। ज्यादा सवारी होने के चलते एक निजी बस ने अनूपशहर तक सभी को छोड़ने की बात तय कर ली। रात करीब पौने दस बजे बस अनूपशहर के लिए रवाना हो गई।

बस जब अलीगढ़- अनूपशहर मार्ग पर छतारी थाना से आगे सिद्धपुर गांव तक पहुंची तो सड़क किनारे सीमेंट के कट्टों से लदा एक ट्रक खड़ा था। जिसका चालक टायरों में हवा चेक कर रहा था। तभी सामने से आ रहे वाहन को बचाने में बस अनियंत्रित हो गई और ट्रक के पीछे टकरा गई। इसमें ट्रक चालक व बस में सवार लोग घायल हो गए। छतारी थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को दानपुर पीएचसी, डिबाई सीएचसी और अलीगढ़ मेडिकल में भर्ती कराया गया।

दानपुर पीएचसी में चिकित्सकों ने ट्रक चालक राजेंद्र सिंह उर्फ राजू (40) निवासी ग्राम नोहटी थाना मडराक जनपद अलीगढ़ को मृत घोषित कर दिया गया। इसके अलावा अन्य मामूली रूप से चोटिल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इसके अलावा बस में सवार राजेंद्र निवासी कालेधाम जट्टारी मथुरा, अशर्फी देवी पत्नी रमेश निवासी अलीगढ़, मूलचंद निवासी बिहार, मूलचंद की पत्नी संध्या और आठ साल का बेटा ललित, विमला देवी निवासी गभाना अलीगढ़, मीरा निवासी फरीदाबाद, वीरपाल निवासी कुशालाबाद को अलीगढ़ मेडिकल में भर्ती कराया गया।

दनवंती निवासी अलीगढ़, फूलवती निवासी अलीगढ़, अंगूरी निवासी जट्टारी मथुरा, गुड़िया निवासी मडासा सादाबाद हाथरस, शिवम सादाबाद हाथरस, सत्तार निवासी पिलखना डिबाई, सत्यनारायण निवासी कुटवारा मांट जनपद मथुरा दानपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना पर एसपी अपराध नरेश कुमार, शिकारपुर एसडीएम रविंद्र प्रताप सिंह, डिबाई सीओ मधुप कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। सोमवार सुबह तक अधिकांश मरीज उपचार कराने के बाद अपने परिजनों के साथ चले गए।

बुलंदशहर के एसपी क्राइम नरेश कुमार ने बताया सीमेंट से लदे ट्रक में पीछे से हुई बस की टक्कर में एक की मौत और 15 लोग घायल हो गए। क्षतिग्रस्त बस व ट्रक को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया गया। मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# अवैध शराब की सूचना पर छापेमारी पुलिस ने ग्राइंडर से काटा दरवाजा

**बल्लभगढ़।** आजाद नगर में अवैध शराब बेचने की सूचना पर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने एक घर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घर का मुख्य दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा मजबूत होने के चलते ग्राइंडर और हथौड़े की मदद से तोड़ा गया।

तलाशी के दौरान अवैध शराब तो बरामद नहीं हुई लेकिन एक पिस्तौल मिलने से मामला आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया। ऊंचा गांव क्राइम ब्रांच और सिटी थाना पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि लेखराज अपने घर से अवैध शराब की बिक्री करता है। पुलिस को इस संबंध में कुछ वीडियो भी प्राप्त हुए थे, जिनके आधार पर छापेमारी की योजना बनाई गई। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो घर के लोगों ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कई बार आवाज लगाने के बावजूद किसी ने दरवाजा नहीं खोला।

इसके बाद पुलिस ने आसपास के मकानों की छतों के रास्ते घर में प्रवेश करने का प्रयास किया लेकिन वहां भी दरवाजे बंद मिले। मुख्य दरवाजा लोहे का होने के कारण ग्राइंडर और हथौड़े की मदद से तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान घर में मौजूद लोग पिछले दरवाजे से भाग गए। मुख्य आरोपी लेखराज भी मौके से भाग निकला। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि लेखराज के खिलाफ पहले से शराब तस्करी, आर्म्स

## हाईकोर्ट ने जब्त गहने तुरंत वापस करने के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एयरपोर्ट पर जब्त किए सोने के गहनों को यात्री को तत्काल वापस करने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अपील और पुनरीक्षण दोनों स्तरों पर पहले ही यात्री को राहत दी जा चुकी है, इसलिए कस्टम विभाग को शर्तें पूरी करने के बाद सोना तुरंत लौटा देना चाहिए। न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने यह आदेश हरीश कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। हरीश कुमार बैंकॉक से दिल्ली आ रहे थे, जिनके पास से सोने के गहने जब्त कर लिए गए थे। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि 27 जून 2025 के आदेश में याची को राहत दी गई थी, जिसे बाद में 5 मार्च 2026 को रिविजनल अथॉरिटी ने भी बरकरार रखा था।

पीठ ने कहा, ऐसे में याची का सोना तुरंत वापस किया जाए। कोर्ट ने याची को 27 जून 2025 के आदेश के अनुसार लागू कस्टम ड्यूटी और 75,000 रुपये का जुर्माना जमा करने की शर्त लगाई है। इन शर्तों को पूरा करने के बाद कस्टम विभाग को सोने की चीजें तुरंत सौंपनी होंगी। याची हरीश कुमार ने अदालत में दावा किया था कि जब्त किए गए गहने उनके निजी उपयोग के थे। उन्होंने इसकी पुष्टि के लिए इनवॉइस और तस्वीरें भी पेश की थीं। इसके बावजूद कस्टम अधिकारियों ने इन्हें जब्त कर लिया, बैगेज अलाउंस देने से इनकार कर दिया और जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

# डेढ़ करोड़ की ठगी में दो जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देशभर के लोगों से करीब 1.56 करोड़ की ठगी के आरोप में पुलिस ने यूपी के अमरोहा और मुरादाबाद में छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहचान मुरादाबाद, यूपी निवासी मोहम्मद सादिक (32) और जावेद अंसारी (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल दो मोबाइल, व्हाट्सएप चैट, बैंक खाते और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी साइबर ठगों के सरगनाओं को म्यूल अकाउंट उपलब्ध करवा रहे थे। पुलिस इनके बाकी साथियों की तलाश कर रही है। उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

शाहदरा जिला के पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि 9 अप्रैल 2026 को शाहदरा निवासी एक

**आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, व्हाट्सएप चैट और दूसरे रिकॉर्ड बरामद**

महिला ने 21 लाख रुपये ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उनके टेलीग्राम अकाउंट पर एक मैसेज आया था। उसमें आरोपियों ने खुद को शेयर ट्रेडिंग का एक्सपर्ट बताकर निवेश करने पर बढ़िया मुनाफा दिलवाने की बात की थी।

पीड़िता आरोपियों के झांसे में आ गई। इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया। बाद में आरोपियों ने धीरे-धीरे पीड़िता से 21 लाख रुपये निवेश करवा लिए। निवेश पर उसके खाते में मुनाफा दिखता था। पीड़िता ने जब अपने मुनाफे की रकम को निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उससे और निवेश करने के लिए कहा। इसके बाद पीड़िता को टेलीग्राम पर ब्लॉक कर दिया गया। पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस और सीडीआर की मदद से पुलिस ने अमरोहा और मुरादाबाद में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। दोनों साइबर ठगों को म्यूल अकाउंड उपलब्ध करवा रहे थे।

बदले में इनको मोटा कमीशन मिलता था। पुलिस ने इनके बैंक खातों की पड़ताल की तो पता चला कि पिछले कुछ ही दिनों के भीतर आरोपियों के बैंक खाते से डेढ़ करोड़ रुपये की लेनदेन हुई है।

# पॉलिसी के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने बीमा पॉलिसी रिन्यूअल करवाने के नाम पर लोगों खासकर सीनियर सिटीजंस के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांधी नगर निवासी सुनील कुमार रावत (38), राहुल (28), सोनू (37) और शिवम उर्फ मोनू (26) के कब्जे से दो लाख रुपये नकद, 10 मोबाइल फोन, फर्जी बीमा दस्तावेज और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। सुनील गिरोह का मास्टरमाइंड हैं।

दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि साइबर थानाध्यक्ष प्रवेश कौशिक को एक सीनियर सिटीजन ने ठगी की शिकायत दी थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि उसे अंजान नम्बर से व्हाट्सएप कॉल

**कब्जे से दो लाख नकद, 10 मोबाइल, फर्जी बीमा दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद**

आई और कॉल करने वाले ने बताया कि उसकी बीमा पॉलिसी का चार लाख रुपये का प्रीमियम बकाया है। अगर यह बकाया जल्द नहीं जमा कराया गया तो पॉलिसी पर मिलने वाले सभी फायदे खत्म हो जाएगे। पॉलिसी रद्द हो जाएगी। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ित ने उनके बताए खाते में चार रुपये की रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में पीड़ित ने पॉलिसी की जांच तो पाया कि उनके साथ ठगी हुई है। मामला दर्जकर इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिश, इंस्पेक्टर कुलवीर सिंह और एसआई चेतन राणा की टीम ने तकनीकी जांच, बैंक खातों की पड़ताल और डिजिटल ट्रेल के आधार पर मुख्य आरोपी सुनील कुमार रावत को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर राहुल, सोनू और शिवम उर्फ मोनू को भी दबोच लिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरोह के नेटवर्क और अन्य संभावित पीड़ितों के बारे में जांच जारी है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिमन्यु पोशवाल ने बताया कि सबसे पहले शिवम फर्जी या फिर दूसरे लोगों के नाम पर हासिल किए गए सिम कार्डों का इंतजाम करता था। सिम कार्ड मिलने के बाद सुनील कुमार रावत इन सिम कार्डों का इस्तेमाल कर लोगों को व्हाट्सएप कॉल करता था। वह प्रतिष्ठित बीमा कंपनी का अधिकारी बताता था। वह विश्वास दिलाता था कि बीमा पॉलिसी समाप्त हो चुकी है या होने वाली है।

# सूदखोरों ने 50 हजार के बना दिए 1.90 लाख, फंदा लगाकर चुकाया कर्ज

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में ब्याजखोरी और कर्ज से परेशान एक ऑटो चालक ने फंदा लगा लिया। मृतक की शिनाख्त सुंदर लाल (48) के रूप में हुई है। दरअसल सुंदरलाल ने दो लोगों से 30 और 20 हजार रुपये ब्याज पर उधार लिए थे। आरोप है कि इन लोगों ने ब्याज के 1.20 लाख और 70 हजार रुपये बना दिए। रोजाना आरोपी पीड़ित पर कर्ज की रकम चुकाने का दबाव बना रहे थे। इससे परेशान होकर सुंदरलाल ने मौत को गले लगा लिया। आत्महत्या करने से पूर्व सुंदरलाल ने अपने मोबाइल से एक वीडियो बनाया और अंकुर व राहुल नामक दोनों आरोपियों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताकर फंदे से झूल गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक सुंदर लाल अपने परिवार के साथ गली नंबर-6, मौजपुर में रहते थे। इनके परिवार में पत्नी सोनिया के अलावा एक शादीशुदा बेटी है। सुंदर लाल पेशे से ऑटो चालक थे। रात को अकेले हो जाने की वजह से सुंदर की पत्नी पास में रहने वाले अपने भाई के यहां रात में रुकने के लिए चली जाती थीं, सवेरा होते ही वह दोबारा वापस आ जाती थीं। 10

**उत्तर-पूर्वी जिला के जाफराबाद की वारदात, ऑटो चालक से रोजाना मांगते थे 3500 रुपये**

जून की रात को वह पति के जाने से पहले ही अपने भाई के घर चली गईं। इस बीच सवेरे जब वह वापस आईं तो उन्होंने पति को घर के जाल से फंदे पर लटके देखा।

फौरन उनको फंदे से उतारकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। परिजनों ने जब पीड़ित का मोबाइल खोलकर देखा तो उसमें आत्महत्या से पहले बनाया गया एक वीडियो मिला।

वीडियो में सुंदर लाल ने बताया कि उन्होंने राहुल से 30 हजार रुपये ब्याज पर उधार लिए थे। आरोपी ने कुछ ही दिनों में इन रुपयों को एक लाख 20 हजार बना दिया। आरोपी ने पीड़ित पर रोजाना 2000 रुपये देने का दबाव बनाया। इसी तरह अंकुर से 20 हजार रुपये उधार लिए गए थे।

अंकुर ने रुपयों को 70 हजार बना दिए और वह रोजाना 1500 रुपये की डिमांड करने लगा। एक दिन में 3500 रुपये न चुका पाने की वजह से वह परेशान हो गया था। वीडियो में दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की। परिवार ने पुलिस से आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# छात्रा की आत्महत्या के प्रयास में 3 आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी के दौरान युवकों से परेशान होकर एमबीए छात्रा ने बरेली में आरओबी से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। बरेली जीआरपी ने इस केस को नोएडा ट्रांसफर किया था।

कोतवाली सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आयुष शर्मा, सौरभ उपाध्याय और अभिनव उपाध्याय के रूप में हुई है। सौरभ और अभिनव आपस में सगे भाई हैं। तीनों को सेक्टर-57 सर्विस रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पीड़िता बदायूं की रहने वाली है और बरेली के एक कॉलेज में एमबीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। वह पिछले कुछ महीनों से नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक कॉल सेंटर में कार्यरत थी।

जांच में सामने आया कि नौकरी के दौरान उसकी दोस्ती सहकर्मी आयुष शर्मा से हुई थी। बाद में आयुष ने अपने परिचित सौरभ और अभिनव से भी उसका परिचय कराया। परिजनों का आरोप है कि कुछ समय बाद तीनों युवकों का व्यवहार बदल गया और उन्होंने छात्रा को परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि युवती पर अनुचित संबंध बनाने का दबाव बनाया गया और उसके फोटो के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी गई। परेशान छात्रा ने पूरी घटना परिवार को बताई। वहीं 29 मई को बरेली में परीक्षा देने कॉलेज पहुंची छात्रा को आरोपियों के फोन आने लगे।

## लंबे समय से फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस ने अभियान के तहत 24 घंटे के भीतर दो उद्घोषित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना मुजेसर और थाना छायंसा पुलिस की टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए ऐसे आरोपियों को दबोचा, जो लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहे थे। आरोपियों की पहचान पंकज व राहुल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पंकज के खिलाफ थाना मुजेसर में दर्ज एक मामले में अदालत ने 9 अक्तूबर 2025 को उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया था।

# आठ लाख के गांजे के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

## एएनटीएफ मेरठ और सिंभावली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दिल्ली-एनसीआर ले जाया जा रहा था मादक पदार्थ

**सिंभावली (हापुड़)।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) मेरठ और सिंभावली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब आठ लाख रुपये के 111 किलो से अधिक गांजे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कार और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

सीओ राहुल यादव ने बताया कि उड़ीसा से कार से गांजे की बड़ी खेप दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने एएनटीएफ मेरठ के साथ मिलकर रविवार रात गंगा एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के निकट गांव खुडलिया के पास




घेराबंदी कर मुरादाबाद की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार को रोक लिया। तलाशी के दौरान कार में रखी प्लास्टिक की बोरियों से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।_र

आरोपियों ने खुद की पहचान सोनू सिंह उर्फ सोनवेर सिंह निवासी दिनेश नगर पिलखुवा, विनोद निवासी गांव करीमपुर, हापुड़ और राहुल निवासी गांव मसौता, पिलखुवा का बताया। पूछताछ में मुख्य आरोपी सोनू ने बताया कि वे उड़ीसा के भवानीपटना क्षेत्र से गांजा खरीदकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने के लिए ले जा रहे थे। सीओ ने बताया कि बरामद गांजे का कुल वजन 111 किलो 641 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब आठ लाख रुपये है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की है। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि कार को गाजियाबाद से किराए पर लिया गया था। पुलिस ने गांजा, मोबाइल और कार को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया। वहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

सत्यमेव जयते
नागरिक उड्डयन मंत्रालय
भारत सरकार



# विकसित भारत की ओर अग्रसर, लोगों को प्रगति से जोड़ते हुए



"पिछले एक दशक में, भारत के विमानन क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है, जो एक विशिष्ट क्लब से विकसित होकर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।"

नरेंद्र मोदी, प्रधान मंत्री

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, नागरिक उड्डयन मंत्रालय विकास को गति दे रहा है और भारत को उसकी ऐतिहासिक उपलब्धियों और प्रगति से जोड़ रहा है।**




### उड़ान - क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाना
669 मार्गों, 95 हवाई अड्डों, 3.50 लाख उड़ानों ने 1.66 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान की है

### हवाई अड्डे के अवसंरचना का विस्तार
1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ परिचालन हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 165 हो गई, जो दोगुने से भी अधिक है

### ड्रोन इकोसिस्टम
39,000 ड्रोन रजिस्टर किए गए और 44,000 से ज्यादा पायलट सर्टिफिकेट जारी किए

### रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ)
भारत को एमआरओ हब के तौर पर बदलना, संगठनों की संख्या 96 से बढ़कर 164 हो गई है

### डिजिटल बदलाव
'डिजीयात्रा 38 हवाई अड्डों पर 10 करोड़ से अधिक निर्बाध यात्राओं के साथ संपर्क रहित यात्रा की सुविधा प्रदान करती है

### ग्रीन एयरपोर्ट
100 एयरपोर्ट ग्रीन एनर्जी पर चल रहे हैं

### एयरक्राफ्ट लीज़िंग हब
378 एविएशन एसेट लीज़ पर दिए गए

### विमानन प्रशिक्षण इकोसिस्टम को मजबूत करना
देश भर में 41 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की स्थापना

### घरेलू विनिर्माण
स्वदेशी नागरिक विमान निर्माण और एमआरओएस के लिए एक इकोसिस्टम का निर्माण

### समावेशी हवाई अड्डा सुविधाएं
उड़ान यात्री कैफे, फ्लाईब्रेरी और किड्स ज़ोन के माध्यम से हवाई अड्डे के अनुभव को फिर से परिभाषित करना

### विमानन क्षेत्र में महिलाएं
भागीदारी बढ़ी; देश के 15% से ज्यादा पायलट महिलाएं हैं

### विमानन कानूनी ढांचे का आधुनिकीकरण
वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए विधायी और नियामक सुधार






CBC 03111/13/0002/2627

**12 Saal Vishwas ke, Vikas ke, Jan-kalyan ke**

## कुछ भी

### फ्रोजन शोल्डर की समस्या है तो करें पेंडुलम स्ट्रेच

**कंधे** की जकड़न (फ्रोजन शोल्डर) की परेशानी से उठने बैठने में दिक्कत हो रही है, यहां तक कि हाथ उठाने में भी परेशानी महसूस होती है तो इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। ये कम ही लोग जानते हैं कि इसे डायबिटीज शोल्डर भी कहा जाता है। दरअसल, ये डायबिटीज से जुड़ी समस्या भी है। इस संबंध में जर्नल ऑफ डायबिटीज इन्वेस्टिगेशन में पब्लिश एक स्टडी में पाया गया कि डायबिटीज से पीड़ित लोगों में कंधे संबंधी समस्याओं की दर लगभग 27.5 प्रतिशत थी, जबकि सामान्य मरीजों में यह आंकड़ा केवल 5 प्रतिशत के आसपास देखा गया। यह अंतर बताता है कि डायबिटीज और फ्रोजन शोल्डर के बीच गहरा संबंध है। फ्रोजन शोल्डर एक ऐसी स्थिति है जिसमें कंधे के जोड़ के आसपास मौजूद कनेक्टिव टिश्यू मोटे और कड़े हो जाते हैं। इसके कारण कंधे को हिलाना-डुलाना मुश्किल होने लगता है। इसमें राहत पाने के लिए पेंडुलम स्ट्रेच फायदेमंद रहता है। इसे करने के लिए आगे की ओर झुकें और दूसरे हाथ को किसी मेज पर टिकाएं। प्रभावित हाथ को सीधा और ढीला छोड़ दें। अब हाथ को छोटे-छोटे गोल घेरे में 10-15 बार क्लॉकवाइज और एंटी-क्लॉकवाइज घुमाएं। दूसरे तरीके में दीवार के सामने लगभग एक हाथ की दूरी पर खड़े हों। प्रभावित हाथ की उंगलियों को दीवार पर ऊपर की ओर चलाएं, जैसे आप दीवार पर चढ़ रहे हों। जहां तक हाथ आसानी से जाए, वहां कुछ सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे नीचे लाएं।

## ओउम शांति

### राजा दशरथ का आत्मबोध

***पौराणिक** कथाओं के अनुसार, महर्षि लोमश बाल्यकाल से ही मृत्यु के विचार से भयभीत रहते थे। इससे मुक्ति पाने के लिए उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या की और अमरत्व का वरदान मांगा। भोलेनाथ ने उन्हें समझाया कि जन्म लेने वाले प्रत्येक प्राणी का अंत निश्चित है। तब लोमश ऋषि ने प्रार्थना की कि प्रत्येक कल्प के अंत में उनके शरीर का केवल एक रोम गिरे और जब सारे रोम झड़ जाएं, तभी उनकी मृत्यु हो। महादेव ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। एक बार अयोध्या के महाराज दशरथ अपने लिए एक भव्य किले का निर्माण करवा रहे थे, तभी अचानक लोमश ऋषि वहां पहुंच गए। उन्होंने महाराज से पूछा, 'राजन! इस संसार में आप कितने समय तक रहने वाले हैं?' महाराज दशरथ निरुत्तर हो गए। तब ऋषि बोले, 'महान से महान राजा, योगी या तपस्वी भी सीमित समय तक ही जीवित रह सकता है, तो फिर इस सांसारिक वैभव और दिखावे के लिए इतना बड़ा उपक्रम क्यों? मुझे तो अनगिनत युगों का जीवन प्राप्त है, फिर भी मैंने अपने रहने के लिए एक कुटिया तक नहीं बनाई।' ऋषि के इन वचनों से राजा दशरथ को संसार की नश्वरता का बोध हुआ।*

### व्रत त्योहार

**आज :** द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
**कल :** रम्भातीज व्रत, ग्रीष्मऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तरगोले।
**राहुकाल :** दिन में 12.00 से 13.30 तक

### कल का पंचांग

विक्रमी संवत् 2083, 27 ज्येष्ठ मास शक 1948, आषाढ़ मास 03 प्रविष्टे, 01 मुहर्रम हिजरी 1448, द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया 21.38 तक उपरांत चतुर्थी, पुनर्वसु नक्षत्र 13.36 तक उपरांत पुष्य नक्षत्र, ध्रुव योग 20.50 तक उपरांत व्याघात योग, तैतिल करण 11.15 तक उपरांत गर करण, चन्द्रमा कर्क राशि में 08.15 बजे।

सूर्योदय : 05.27
सूर्यास्त : 19.16
(भारतीय मानक समयानुसार)

### आज का राशिफल

amarujala.com/astrology

**मेष :** योजना में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृष :** वाणी एवं क्रोध पर नियंत्रण रखें। नौकरी में सहकर्मियों से मनमुटाव से बचें। लोहा, सिमेंट आदि से संबंधित व्यवसायों में उत्तम लाभ होगा।

**मिथुन :** दिनमान अनुकूल रहेगा। नौकरी में स्थिति ठीक रहेगी। कानूनी मामले से मुक्ति मिलेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कर्क :** नौकरी में उन्नति का अवसर मिलेगा। भू संपत्ति क्रय का विचार बन सकता है। संतान पक्ष की उन्नति होगी।

**सिंह :** भाग्य सहायक रहेगा। भू संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में तबादला संभव है। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या :** धैर्य बनाए रखें। नौकरी में लापरवाही से बचें। आर्थिक क्षेत्र में सावधानी बरतें। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्य कुशलता बनी रहेगी। विरोधी शांत रहेंगे।

**वृश्चिक :** शुभचिन्तकों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य में पूंजी निवेश से बचें। नौकरी में संयम बनाए रखें।

**धनु :** आत्मबल बना रहेगा। नौकरी प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

**मकर :** सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में दबदबा बना रहेगा। विरोधी शांत रहेंगे। व्यवसाय में अचानक लाभ होगा।

**कुंभ :** कार्य विशेष में सफलता मिलेगी। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। नए कार्य में पूंजी निवेश होगा।

**मीन :** कार्य सिद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में उन्नति के संकेत मिल सकते हैं।

# भरोसे का सवाल



**देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी को लेकर उठा विवाद शर्मनाक है। आस्था के ऐसे केंद्रों में लोगों को निजी लाभ के लिए नैतिक सीमाएं लांघने में आखिर संकोच क्यों नहीं होता? दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि सवाल भरोसे का है।**

**जिस** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को देश के करोड़ों लोग सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना और भरोसे के प्रतीक के रूप में देखते हैं, उसके चढ़ावे की चोरी को लेकर उठा विवाद शर्मनाक तो खैर है ही, यह पूरे राष्ट्र की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला भी है। इस मामले में सवाल तो उठ ही रहे थे, लेकिन जांच के दौरान मंदिर के चढ़ावे की गिनती में शामिल एक कर्मचारी के घर से दस लाख रुपये नकद गोबर के ढेर के नीचे से बरामद होने से एक तरह से संदेह की पुष्टि ही हुई है। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों और ट्रस्टियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। हैरत की बात है कि इतने गंभीर मामले में ट्रस्ट के पदाधिकारियों की तरफ से जो शुरुआती प्रतिक्रियाएं मिलीं, वे बेहद अगंभीर किस्म की थीं। यहां तक कि एफआईआर दर्ज कराने की भी जरूरत नहीं समझी गई। जिस मंदिर में रोज लाखों का चढ़ावा चढ़ता हो, वहां धन के संग्रह, गिनती और लेखे-जोखे में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता की गुंजाइश होनी ही नहीं चाहिए। श्रद्धालुओं का चढ़ावा सिर्फ धनराशि नहीं होती, बल्कि वह उनके विश्वास, समर्पण और भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक होता है। चाहे मन में चोरी हो या मन भर चोरी हो, सबसे बड़ा सवाल यह है कि आस्था के ऐसे केंद्रों में लोगों को निजी लाभ के लिए नैतिक सीमाएं लांघने में आखिर संकोच क्यों नहीं होता। दुर्भाग्य से, देश के कई बड़े धार्मिक संस्थानों में समय-समय पर चढ़ावे और संपत्ति प्रबंधन को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हर बार विवाद सामने आने के बाद कुछ समय के लिए सख्ती दिखाई जाती है, लेकिन व्यवस्थागत सुधारों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। अब समय आ गया है कि इस पूरे तंत्र की व्यापक समीक्षा की जाए। दान राशि की गिनती, भंडारण और उपयोग की प्रक्रिया को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। अच्छी बात है कि प्रदेश सरकार ने ट्रस्ट के अनुरोध पर पूरे मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जांच निष्पक्ष, समयबद्ध और पूरी पारदर्शिता से हो। इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी हो, ताकि एक संदेश दिया जा सके। आस्था के केंद्रों से जुड़े मामलों में जवाबदेही का पैमाना कठोर होना ही चाहिए, क्योंकि यहां सवाल केवल धन के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे का भी है।

# शतरंज की बिसात पर दो बंदरगाह



**रवींद्र दुबे**
*वरिष्ठ पत्रकार*

**दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर पाकिस्तान में ग्वादर और ईरान में चाबहार बंदरगाह दो बड़े मोहरों की तरह खड़े हैं। दोनों ही अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए प्रवेश द्वार बनने की होड़ में हैं, पर पाकिस्तान के साथ चीन के गठजोड़ ने कई मोर्चों पर भारत पर रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है।**

दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर दो बंदरगाह दो बड़े मोहरों की तरह खड़े हैं-पाकिस्तान में ग्वादर और ईरान में चाबहार। अरब सागर के दक्षिण-पूर्वी किनारे पर महज 80 से 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इन दोनों बंदरगाहों के क्षेत्रीय प्रभाव में जमीन-आसमान का फर्क है। पाकिस्तान के साथ 40 साल की लीज के जरिये चीन द्वारा संचालित ग्वादर बीजिंग की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और सैन्य विस्तार की रीढ़ बन चुका है। ईरान के साथ मिलकर भारत द्वारा विकसित चाबहार नई दिल्ली की मध्य एशिया तक पहुंच बनाने और चीनी प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश है। विडंबना है कि पाकिस्तान के साथ चीन के इस गठजोड़ ने कई मोर्चों पर भारत पर रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है।

ग्वादर बंदरगाह होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित है, जहां से विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त तेल परिवहन मार्ग गुजरते हैं। चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के हिस्से के रूप में ग्वादर में 60 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। ईरान के चाबहार बंदरगाह के सामने अपनी चुनौतियां हैं। मध्य एशिया और अफगानिस्तान के लिए रणनीतिक स्थिति के बावजूद उसे गहरी ड्रेजिंग, यानी पानी के नीचे से मिट्टी और चट्टानें हटाने की जरूरत है। बंदरगाह विकास के लिए भारत का निवेश 50 करोड़ डॉलर है, जो चीन के निवेश के मुकाबले कुछ भी नहीं है।

पैमाने का यह फर्क वित्तीय से अधिक रणनीतिक है। चीन का 60 अरब डॉलर का निवेश ग्वादर को सड़कों, रेलवे, ऊर्जा पाइपलाइनों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों के साथ एक व्यापक गलियारे में पिरोता है। भारत के चाबहार के पास ऐसा कोई एकीकृत बुनियादी ढांचा नहीं है। ग्वादर से चीन को सबसे बड़ा रणनीतिक फायदा ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर मिलता है। मध्य एशिया से चीन का करीब 80 प्रतिशत तेल




आयात मलक्का जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यह मलयेशिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया के बीच का ऐसा संकरा रास्ता है, जिसे अमेरिका युद्ध की स्थिति में कभी भी बंद कर सकता है। चीनी रणनीतिकार इसे 'मलक्का की मुश्किल' कहते हैं। ग्वादर इस मुश्किल का सीधा हल है।

चीन ग्वादर से अपने भीतरी इलाकों तक 3,021 किलोमीटर लंबा जमीनी पाइपलाइन मार्ग बनाने की योजना पर काम कर रहा है। अगर वह इसमें सफल हो जाता है, तो यह रास्ता शिपिंग दूरी को 75 प्रतिशत तक घटा देगा। अनुमान है कि 2030 तक ग्वादर चीन के तेल आयात का 30 से 40 प्रतिशत संभाल सकता है, जिससे समुद्री शिपिंग पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी। चूंकि, दुनिया का 20 प्रतिशत तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, ग्वादर होर्मुज के करीब होने की वजह से चीन को अहम रणनीतिक लाभ देता है। अगर होर्मुज बंद हो जाए, तो ग्वादर वैकल्पिक जमीनी रास्ता मुहैया कराता है। पाकिस्तान-ईरान के बीच आठ अरब डॉलर की पाइपलाइन इस गलियारे से लाखों बैरल तेल बहा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की तरह भारत को ऐसा कोई रणनीतिक फायदा नहीं मिलता। हालांकि, चाबहार उसी तेल-समृद्ध क्षेत्र के पास है, लेकिन भारत के पास कोई जमीनी पाइपलाइन नहीं है। भारत का 80 प्रतिशत से अधिक तेल आयात समुद्री शिपिंग पर निर्भर है। चाबहार व्यावसायिक शिपिंग के लिए काफी मुफीद है, पर भारत को ऊर्जा सुरक्षा की वह स्वायत्तता नहीं देता, जो चीन को ग्वादर से मिलती है। चीन की नौसैनिक महत्वाकांक्षाएं स्थानीय सुरक्षा से बढ़कर वैश्विक दायरे तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन उनके सामने भौगोलिक चुनौतियां हैं। चीन के प्राथमिक नौसैनिक बेड़े हिंद महासागर से बहुत दूर दक्षिण-पूर्वी चीन सागर में तैनात हैं। ग्वादर बीजिंग को नौसैनिक बेड़े की तैनाती किए बिना अरब सागर तक पहुंच देता है। यह बंदरगाह उस 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नेटवर्क का हिस्सा है, जो चीनी मुख्यभूमि से अफ्रीका के तटों तक फैली व्यावसायिक व सैन्य सुविधाओं की माला है। यह हिंद महासागर में चीन की उपस्थिति बढ़ाता है और भारत के साथ सीधी टक्कर से बचते हुए घेरेबंदी का काम करता है। भारत की नौसैनिक प्रतिक्रिया चाबहार के जरिये सीमित है। चाबहार मुख्यतः व्यावसायिक बंदरगाह है। चीन के नौसैनिक अभ्यासों, रडार तैनाती और सुरक्षा सहयोग की बराबरी भारत वहां नहीं कर पाया है। ग्वादर और चाबहार, दोनों ही अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए प्रवेश द्वार बनने की होड़ में हैं, पर चीन ने पैमाने और एकीकरण के दम पर बाजी मार ली है। चाबहार का असल मकसद यह था कि भारत और अफगानिस्तान को पाकिस्तान को बायपास करते हुए सीधा निर्यात मार्ग मिलेगा। भारत ने इस उम्मीद में 50 करोड़ डॉलर लगाए। लेकिन, ग्वादर में चीन की रणनीति कहीं ज्यादा कामयाब रही। चीन ने ग्वादर को पाकिस्तान के औद्योगिक केंद्रों और उससे आगे तक जोड़ने के लिए व्यापक बुनियादी ढांचा खड़ा किया। नतीजतन, अफगानिस्तान बेहतर बुनियादी ढांचे और कम खर्च की वजह से कराची बंदरगाह का ज्यादा इस्तेमाल कर रहा है।

भारत का नुकसान दोहरा है-अफगानिस्तान की शिपिंग भारत के चाबहार मार्ग के बजाय पाकिस्तान से बढ़ रही है और मध्य एशिया में चीन का बुनियादी ढांचा प्रभाव बीजिंग को वहां के देशों का प्राथमिक आर्थिक भागीदार बनाता जा रहा है। भारत का राजनीतिक निवेश कोई विशेष आर्थिक लाभ नहीं दे पाया। ग्वादर और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के जरिये दोनों देशों (चीन व पाकिस्तान) का गठजोड़ भारत के चाबहार प्रयास पर रणनीतिक बढ़त पा चुका है। चीन मलक्का जलडमरूमध्य पर निर्भरता समाप्त कर रहा है, अरब सागर में नौसैनिक पहुंच बना रहा है और मध्य एशिया के आर्थिक गलियारों पर दबदबा जमा रहा है।

यह रणनीतिक असंतुलन संरचनात्मक है। वैसे भी चीन का निवेश भारत से कई गुना अधिक है। चीन का बुनियादी ढांचा एक व्यापक गलियारे को समेटता है, जबकि भारत का नहीं। चीन रणनीतिक स्वायत्तता हासिल कर रहा है, जबकि भारत व्यावहारिक स्तर पर उलझा है। क्षेत्रीय शक्ति का झुकाव बीजिंग की तरफ बढ़ रहा है। ग्वादर दक्षिण एशिया का प्रमुख बंदरगाह बनता जा रहा है। भारत की चाबहार नीति रणनीतिक दृष्टि से सही है, पर उसका अमल पर्याप्त नहीं है। ग्वादर-पाकिस्तान गठजोड़ ने चीन को वह रणनीतिक बढ़त दी है, जिसकी बराबरी भारत अभी नहीं कर पा रहा। यही गठजोड़ दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य को आने वाले दशकों तक आकार देता रहेगा। भारत इससे निपटने के लिए क्या रणनीति बनाता है और इसका प्रतिकार कैसे करता है, यह देखना अभी शेष है।

## एक मिनट में 1.27 किलो शहद खाकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**श**हद खाने के सब शौकीन हैं। औषधि के रूप में छोड़ दिया जाए तो कोई रोजाना दो तीन चम्मच से ज्यादा एक बार में नहीं खा पाता। लेकिन जर्मनी के ऑग्सबर्ग शहर के आंद्रे ऑर्टोल्फ ने भारी-भरकम मात्रा में शहद खाकर अनोखा रिकॉर्ड बना डाला। उसने एक मिनट में 1,273 ग्राम यानी 1.27 किलो शहद खाकर



सबको सकते में डाल दिया। चूंकि शहद काफी गाढ़ा था, उसे आसानी से निगला नहीं जा सकता था। फिर आंद्रे ने तेजी से उसे खाया। उस वक्त ऐसा लग रहा था जैसे उसे पहले से इतना शहद खाने का अभ्यास हो। आंद्रे की खाने की गति को जिसने भी देखा, हैरान रह गया। हालांकि, वह पहले भी ऐसी कई चुनौतियों को पूरा कर चुके हैं। खासकर खाने-पीने का रिकॉर्ड बनाते रहे हैं। वीडियो देखकर लोगों ने कमेंट किया कि यह किसी व्यक्ति की प्रतिभा नहीं, बल्कि उसे पेट का हुनर है कि वह एक बार में इतना शहद पचा ले रहा है। बाद में भी कोई साइड इफेक्ट या बीमारी के लक्षण नहीं दिखे। आंद्रे के अनुसार, एक मिनट में बिना किसी बाधा के लगातार शहद पीना बेहद मुश्किल था, लेकिन इस चुनौती को स्वीकार कर सफल बनाया।

## साइबर zone



भाजपा का भ्रष्ट शासनकाल दुर्भाग्यपूर्ण है, प्रदेश में बननी चाहिए आईआईटी, पर बन रही है एसआईटी। हमारा मानना है कि छोटे कारोबार की समस्याओं, दिक्कतों, चुनौतियों, अपेक्षाओं, आकांक्षाओं को तब तक नहीं समझा जा सकता, जब तक हम उनकी परेशानियों को सुलझाने के लिए उनको अस्थायी और अ 'स्थायी' में वर्गीकृत या क्लासिफाइड नहीं करेंगे।

*-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख*

**एक बौखलाए हुए केंद्रीय गृहमंत्री जो उस पद की गरिमा के लिए कलंक हैं, जिसे कभी सरदार पटेल ने संभाला था-ने बड़ी बेशर्मी से भारतीय लोकतंत्र को नए निचले स्तर तक पहुंचा दिया है। उन्होंने 20 टीएमसी सांसदों को अवैध तरीके से तोड़ने और उनका एक ऐसी राजनीतिक इकाई के साथ पूरी तरह संदिग्ध विलय कराने की साजिश रची है, जिसके बारे में शायद ही किसी ने सुना हो। यह इकाई कथित तौर पर पंजीकृत तो है, लेकिन मान्यता प्राप्त नहीं है और केवल तीन साल पहले बनाई गई थी।**

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

**आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में भारत के मध्यम वर्ग के सपनों और आकांक्षाओं को नई उड़ान मिली है। आयकर राहत से लेकर आयुष्मान भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना से अपने घर का विश्वास, उज्ज्वला, हर घर जल, स्वच्छ भारत और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने मध्यम वर्ग के जीवन को अधिक सरल, सुरक्षित और सम्मानपूर्ण बनाया है। आज सशक्त मध्यम वर्ग विकसित भारत की विकास यात्रा का प्रेरक बल और आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार बन चुका है।**

- योगी आदित्यनाथ, सीएम-यूपी

## ENGLISH vinglish

Word-Meaning (शब्द-अर्थ)

**CRASH**
उच्चारण- क्रैश अर्थ-टकरा जाना
समानार्थी शब्द - collision

**CONVERSATION**
उच्चारण- कनवरसेशन अर्थ - बातचीत
समानार्थी शब्द - commune

**GRIP**
उच्चारण- ग्रिप अर्थ -पकड़
समानार्थी शब्द - hold

**SENSE**
उच्चारण-सेंस अर्थ -समझ
समानार्थी शब्द - grasp

## कमाल है

### आंगन में खेलते-खेलते बांस के टुकड़े में फंस गया बिल्ली का बच्चा



**मौसम** का मिजाज नरम हुआ तो घर के आंगन में बच्चों के साथ बिल्ली का एक बच्चा जिसे बच्चे बिल्लु दादा कहते थे, भी उछल कूद मनाने लगा। खेलते-कूदते इतना मशगूल हो गया कि वह बांस के एक टुकड़े में घुसने लगा। वो भी वह पूरा नहीं घुसा, केवल उसका मुंह ही जा पाया था। मुंह अंदर चला तो गया लेकिन मुश्किल था। उसने अपना पूरा जोर लगा दिया, लेकिन असफल रहा। वह काफी देर तक पीछे के पैरों से इधर-उधर दौड़ता रहा। बाद में एक शख्स ने उसे पकड़ा और बांस के टुकड़े को एक तरफ से हल्का सा क्रेक किया, ताकि टुकड़े में जगह हो जाए। उसके बाद लकड़ी को दोनों ओर से खींचते ही बिल्ली का बच्चा निकलकर भाग गया। इस पूरे वाक्ये का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। लाखों लोगों ने उसे देखा और बिल्ली के बच्चे की जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया। लोगों ने लिखा - अगर समझदारी से काम न किया गया होता तो बच्चा फंस भी सकता था, जान को भी खतरा हो सकता था।

## कुछ अलग

### 140 अंडों का प्रोटीन पचाना आसान नहीं, पर बॉडी बिल्डर रोज खाता था



***चार** बार मिस्टर ओलंपिया का खिताब जीतने वाले अमेरिका के दिग्गज बॉडीबिल्डर जे कटलर ने हाल ही में खुलासा किया है कि वह रोजाना 140 अंडों का सेवन करते थे। ये बात उस समय की है जब वह कई प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे थे। तब वह अपने मसल्स को संतुलित रखने के लिए ऐसी डाइट रखते थे। जबकि इतने अंडों का प्रोटीन पचाना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन वह कर लेते थे। हालांकि, वह तीस-तीस अंडे ही एक बार में खाते थे। इसके लिए वे अंडे की जर्दी को हटा देते थे। वह प्राकृतिक तरीके से प्रोटीन लेते थे, प्रोटीन पाउडर का इस्तेमाल नहीं करते थे। जबकि एक स्वस्थ व्यक्ति को एक दिन में 1-3 अंडे खाना ही सुरक्षित होता है। क्योंकि ज्यादा प्रोटीन से किडनी पर दबाव पड़ता है। जे कटलर रोज पांच घंटे हैवी वेट ट्रेनिंग करते थे। इसलिए उनका शरीर इतना प्रोटीन पचा लेता था। प्रोफेशनल बॉडी बिल्डर्स का मेटाबॉलिज्म आम लोगों की तुलना कई गुना ज्यादा होता है।*

# असफलताएं ही कहानी को महान बनाती हैं

**हर महान कहानी में असफलताएं होती ही हैं और हर गहरे प्रेम में जोखिम भी होता है। लेकिन, जिसने पूरे साहस से प्रेम किया, सीखा, गिरा, उठा और फिर आगे बढ़ा, उसने जीवन को उसकी संपूर्णता में महसूस किया।**

**ह**म बचपन से सीखते हैं कि हर प्रश्न का एक सही उत्तर होता है, हर रास्ते की एक सही दिशा होती है, और हर प्रयास का कोई न कोई निश्चित परिणाम होना चाहिए। लेकिन, जैसे-जैसे जीवन खुलता है, हमें पता चलता है कि वास्तविकता इतनी सरल नहीं है। कई बार हम जिस चीज को सफलता समझते हैं, वह कुछ वर्षों बाद महत्वहीन लगने लगती है, और जिन असफलताओं पर हम रोए थे, वही हमें सबसे मजबूत बना जाती हैं। जिन लोगों के जाने से हमें लगा था कि सब कुछ खत्म हो गया, उन्हीं की अनुपस्थिति ने हमें अपने भीतर छिपी शक्ति से परिचित करवाया। जीवन बार-बार यह दिखाता है कि चीजें वैसी नहीं होतीं, जैसी पहली नजर में दिखाई देती हैं। सबसे बड़ा साहस हमेशा जीतने में नहीं, बल्कि अनिश्चितता के साथ जीने में है। यह



स्वीकार करने में है कि हमें हर उत्तर नहीं पता। हमें यह नहीं मालूम कि कल क्या होगा, लोग हमारे बारे में क्या सोचेंगे, या हमारे सपने पूरे हो भी पाएंगे या नहीं। फिर भी, हम आगे बढ़ते हैं। यही मनुष्य की सबसे अद्भुत क्षमता है। बहुत-से लोग अपने जीवन का अधिकांश समय भय में बिताते हैं। उन्हें असफलता का भय होता है, अस्वीकृति का भय होता है, उपहास का भय होता है। वे अपने सपनों को इसलिए नहीं छोड़ते कि वे असंभव हैं, बल्कि इसलिए छोड़ देते हैं, क्योंकि वे जोखिम भरे हैं। लेकिन, जो जीवन केवल सुरक्षा के लिए जिया जाए, वह धीरे-धीरे अपनी चमक खो देता है। यदि आपके भीतर कोई गीत है, तो उसे गाएं। यदि कोई विचार है, तो उसे व्यक्त करें। यदि कोई सपना है, तो उसके लिए प्रयास करें। इस बात की गारंटी कोई नहीं दे सकता कि आप सफल हो ही जाएंगे। पर, यह लगभग निश्चित है कि यदि आपने प्रयास ही नहीं किया, तो एक दिन आपको पछतावा जरूर होगा। जीवन का मूल्य इस बात से तय नहीं होता कि हमने कितनी बार जीत हासिल की। उसका मूल्य इस बात से तय होता है कि हमने कितनी बार डर के बावजूद आगे कदम बढ़ाया। हर महान कहानी में असफलताएं होती हैं, हर गहरे प्रेम में जोखिम होता है और हर यात्रा में भटकाव होता है। अपनी असफलताओं से घृणा न करें। वे आपकी कमजोरी के नहीं, बल्कि संघर्ष के प्रमाण हैं। अपने संदेहों से मत डरें, क्योंकि वे बताते हैं कि आप अब भी सोच रहे हैं, कुछ खोज कर रहे हैं। आपकी गलतियां संकेत हैं कि आप जीवित हैं, प्रयास कर रहे हैं और बदल रहे हैं। जीवन पूर्णता की प्रतियोगिता नहीं है। यह अनुभव करने की कला है। जो व्यक्ति पूरी तरह सुरक्षित रहा, उसने शायद बहुत कम जिया। और, जिसने पूरे साहस से प्रेम किया, सीखा, गिरा, उठा और आगे बढ़ा, उसने जीवन को उसकी संपूर्णता में महसूस किया। इसलिए, हर दिन को अंतिम उत्तर की तरह जीना बंद करें। उसे एक नए प्रश्न की तरह जिएं। जिज्ञासु, साहसी और अपूर्ण रहें, क्योंकि कई बार सबसे सुंदर जीवन वही होता है, जो पूरी तरह समझ में नहीं आता, पर पूरी निडरता से जिया जाता है।

**-इमिल सिओरन**

# सिटी highlights

## पत्राचार विद्यालय के 12वीं के छात्रों की पाठ्य सामग्री तैयार करेंगे शिक्षक

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत आने वाले पत्राचार विद्यालय के 12वीं के छात्रों के लिए अध्ययन सामग्री (पाठ्य सामग्री) सरकारी स्कूलों के शिक्षक तैयार करेंगे। बीते सप्ताह एनआईओएस पाठ्यक्रम आधारित विषयवार सपोर्ट मैटेरियल तैयार करने के लिए पत्राचार विद्यालय ने सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों, उप-प्रधानाचार्यों तथा नियमित एवं अतिथि शिक्षकों से आवेदन मांगे थे। इसके जरिए पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए टीमों का चयन किया गया है। चयनित टीमों की ओर से विद्यार्थियों के लिए अध्याय वार नोट्स, महत्वपूर्ण प्रश्न, असाइनमेंट, मॉडल पेपर, उत्तर लिखने संबंधी मार्गदर्शन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिक्षकों को इन्हें तैयार कर जमा कराने के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया गया है। प्रत्येक विषय के लिए एक प्राचार्य अथवा उप-प्रधानाचार्य को टीम लीडर तथा चार विषय शिक्षकों और एक आईटी-डाटा एंट्री ऑपरेटर को टीम सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह अध्ययन सामग्री हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, लेखा एवं शारीरिक शिक्षा सहित विभिन्न विषयों के लिए तैयार की जाएगी। सामग्री को संपादित और अंतिम रूप 11 से 14 जुलाई तक दिया जाएगा।

## हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया

**फरीदाबाद।** मार्केट नंबर-1 स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर का 68वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। दो दिवसीय आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रांगण में रविवार शाम बालाजी की भव्य चौकी का आयोजन किया गया। भजन गायक रोहित कपूर और दीपक लक्खा ने भजनों से ऐसा भक्तिमय माहौल बनाया कि श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए।

## कृष्ण लीला प्रदर्शनी का आयोजन

**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटेट सेंटर के कन्वेंशन सेंटर फोयर में 'कृष्ण लीला एम्ब्रॉयडरी आर्ट' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। 18 जून तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में कलाकार मंजू कुमारी ने कढ़ाई कला के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं, भारतीय लोक जीवन और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है। रंग-बिरंगे धागों और पारंपरिक शिल्प तकनीकों से तैयार कलाकृतियां भारतीय हस्तकला की बारीकियों को दर्शाती हैं।

## आईटीआई रोजगार मेले में 98 विद्यार्थियों को मिली इंटर्नशिप

**सोहना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में करीब 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 98 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप मिली है। यह आयोजन प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले के तहत किया गया था। कार्यक्रम में सहायक रोजगार अधिकारी ज्योति विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस मौके पर औद्योगिक क्षेत्र की लगभग 10 कंपनियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। कंपनियों ने चयन प्रक्रिया के बाद 98 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए चुना। मुख्य अतिथि रतनपाल खटाना ने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं।

# डीयू में दाखिले से पहले कैंपस को जानने का मिलेगा मौका

### मिरांडा हाउस अभ्यर्थियों के लिए 17 से 22 जून तक कैंपस टूर कर रहा आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस में दाखिले से पहले छात्राओं को कॉलेज कैंपस जीवन को करीब से जानने का मौका मिलेगा। मिरांडा हाउस कॉलेज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) अभ्यर्थी (12वीं) की छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष ओपन हाउस एवं कैंपस टूर कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम 17 से 19 जून व 22 जून को कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। इस दौरान छात्राएं कॉलेज की पूर्व छात्राओं से सीधे संवाद कर सकेंगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य बारहवीं की छात्राओं और उनके अभिभावकों को कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण, छात्र जीवन और उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना है। ओपन हाउस के दौरान प्रतिभागी कॉलेज की प्राचार्य, शिक्षकों,



वर्तमान छात्राओं और पूर्व छात्राओं से सीधे संवाद कर सकेंगे। साथ ही कॉलेज के विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और छात्र जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

छात्राओं को कॉलेज की लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं, विभिन्न विभागों, खेल सुविधाओं तथा अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न विषयों के शिक्षकों और छात्राओं के साथ प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित होंगे, जहां छात्र सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकेंगी। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) बिजयलक्ष्मी नंदा ने कहा कि ओपन हाउस कक्षा 12 की छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए मिरांडा हाउस को करीब से जानने का एक विशेष अवसर है।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार ओपन हाउस में पंजीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक छात्राएं और अभिभावक आधिकारिक पोस्टर पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# आईपीयू की ऑनलाइन काउंसलिंग में 17 तक मौका

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 12 प्रोग्राम में दाखिले के लिए जारी ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में 17 जून तक हिस्सा लिया जा सकता है। इनमें एलएलएम, बीसीए, बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी, बीएड, बीबीए, बीबीए एमबीए इंटीग्रेटेड, बीए जेएमसी, डिप्लोमा धारकों के लिए लेटरल एंट्री टू बीटेक, बीटेक, बीकॉम ऑनर्स, बीएड (विशेष शिक्षा), चार वर्षीय बीए अंग्रेजी ऑनर्स, चार वर्षीय बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स शामिल है।

एलएलएम में दाखिले नेशनल लेवल टेस्ट क्लैट पीजी, एलएलबी में क्लैट यूजी और बीटेक में जेईई मेंस पेपर वन से होंगे। नेशनल लेवल टेस्ट आधारित इन तीनों प्रोग्राम में 17 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा सकता है।

इस अवधि में आरक्षित श्रेणी के दस्तावेज एवं अन्य जरूरी कागजात अपलोड, विकल्प चयन व भरे हुए फॉर्म में सुधार किया जा सकता है। इस काउंसलिंग में भाग लेने के इच्छुक सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि इस संबंध में अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट http://www.ipu.ac.in और http://www.ipu.admissions.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

# घर-घर आएगा वृक्षरोपण 70 लाख पौधे रोपण का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 22 जून से मेगा पौधरोपण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को मंत्रिमंडल के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे जनभागीदारी आधारित हरित अभियान बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, स्कूलों, कॉलेजों और आम नागरिकों को इसमें शामिल किया जाएगा। अभियान से जुड़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 'पर्यावरण रक्षक' का ई-प्रमाणपत्र दिया जाएगा। नागरिकों तक मुफ्त पौधे पहुंचाने के लिए वृक्ष रथ कॉलोनियों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर भेजे जाएंगे।

अभियान के दूसरे चरण में जुलाई के पहले सप्ताह में दिल्ली रिज क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में करीब 2.5 लाख पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह अभियान दिल्ली को अधिक हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।अभियान की निगरानी के लिए ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल तैयार किया गया है।

# दिल्ली में बढ़ा ओजोन का खतरा, मई में 24 निगरानी केंद्रों पर मानक से ऊपर रहा स्तर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की चर्चा आमतौर पर धूल, धुएं और सेहत को नुकसान पहुंचाने वाले सूक्ष्मकणों-पीएम 2.5 जैसे प्रदूषकों तक सीमित रहती है, लेकिन अब जमीनी स्तर पर बनने वाला ओजोन तेजी से एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती बनकर उभरा है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के ताजा विश्लेषण के अनुसार, मई में दिल्ली के 45 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 24 केंद्रों पर ओजोन का स्तर राष्ट्रीय मानकों से अधिक दर्ज किया गया।

चिंता की बात यह है कि इसका प्रभाव केवल व्यस्त सड़कों या औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आवासीय, शैक्षणिक और संस्थागत क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से देखने को मिला। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के पांच प्रमुख ओजोन हॉटस्पॉट सामने आए हैं। सबसे अधिक ओजोन स्तर पूसा स्थित आईआईटीएम केंद्र पर दर्ज किया गया, जहां आठ घंटे का औसत स्तर 292 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गया। यह राष्ट्रीय मानक 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से लगभग तीन गुना अधिक है।

इसके बाद एनएसयूटी जाफरपुर में 229 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 208, दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में 207 और चांदनी चौक में 178 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर ओजोन स्तर दर्ज किया गया। पूसा क्षेत्र में मई के दौरान 25 दिनों तक ओजोन का स्तर निर्धारित सीमा से ऊपर बना रहा, जो शहर में सबसे अधिक है। इसके अलावा कई अन्य इलाकों में भी लगातार ओजोन प्रदूषण दर्ज किया गया। प्रभावित निगरानी केंद्रों का आवासीय, संस्थागत और शहरी पृष्ठभूमि वाले क्षेत्रों में फैला होना इस बात का संकेत है कि ओजोन प्रदूषण अब किसी एक क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं है। सीआरईए के भारत स्थित विश्लेषक मनोज कुमार के अनुसार, हवा की दिशा, तापमान और स्थानीय रासायनिक प्रक्रियाएं यह तय करती हैं कि ओजोन किस स्तर तक जमा होगा।

# पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन

### उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने किया उद्घाटन



उद्घाटन करते उपराज्पाल तरन्जीत सिंह संधू।

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के लोगों को आधार संबंधी सेवाओं के लिए अब दूर-दराज के केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विकासपुरी में सोमवार को नए आधार सेवा केंद्र (एएसके) का उद्घाटन किया गया। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य, परिवहन एवं आईटी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

नए केंद्र के शुरू होने से विकासपुरी सहित पश्चिमी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को आधार नामांकन, पता परिवर्तन, अन्य विवरणों के संशोधन और बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इससे पहले लोगों को इन सेवाओं के लिए इंद्रलोक और प्रगति मैदान जैसे केंद्रों तक जाना पड़ता था। उद्घाटन समारोह में उपराज्यपाल ने कहा कि आधार अब केवल पहचान पत्र नहीं, बल्कि देश के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है, जिसने सरकारी सेवाओं की पहुंच और पारदर्शिता बढ़ाई है।

डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बच्चों के समय पर बायोमेट्रिक अपडेट कराने की अपील करते हुए बताया कि चलाए जा रहे अभियान के तहत 5 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 4.5 लाख से अधिक बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है।

# जगह पर पहुंचकर सेल्फी शेयर करेंगे सफाई कर्मचारी

**ग्रेटर नोएडा।** गांवों में सफाई नहीं होने की शिकायतों को दूर करने के लिए अब हर रोज सफाई कर्मचारी को मौके पर सेल्फी लेकर व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर करनी होगी। ऐसे नहीं करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर पंचायत विभाग ने अपने स्तर से तैयारियां की जा रही है।

जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिले में 82 ग्राम पंचायतें हैं। उनमें कई बार सफाई नहीं होने की शिकायतें आ रही हैं। शिकायतों को दूर करने के लिए उनके द्वारा स्वयं औचक निरीक्षण किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान कर्मचारी के कार्य करने समेत समीक्षा की जाएगी। साथ ही पंचायत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा जिसमें रोज अपने कार्य क्षेत्र में सफाई करने के बाद प्रत्येक कर्मचारी अपने सेल्फी शेयर करेगा। उनकी विभागीय स्तर पर नजर रखी जाएगी। जिन कर्मचारियों द्वारा सेल्फी नहीं डाली जाएगी उनका कार्य नहीं माना जाएगा। इस व्यवस्था को जल्द ही लागू किया जाएगा।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कार्यालयः रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्या :** 353922 |
| 2 | **कार्य का नाम ओर कार्य स्थान :** "आरसीएनके में कोच शॉट ब्लास्टिंग, बोगी शॉट ब्लास्टिंग और पेंट लाइन का संचालन पेंट और शॉट्स के साथ (कार्यक्षेत्र के अनुसार)" |
| 3 | **अनुमानित लागत :** रुपये 13,20,08,529.43/- जीएसटी @ 18 % सहित |
| 4 | **बयाना राशि :** रु. 26,40,200/- |
| 5 | **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य |
| 6 | **कार्य अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 36 महीने (03 वर्ष) |
| 7 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय खुलने की तिथि व समय :** 04.07.2026 को 12:00 बजे तक निविदा खोलने की प्रक्रिया उसी दिन 12:15 बजे होगी। |
| 8 | **निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट :** उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |
| 9 | **यदि हिन्दी व अंग्रेजी के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो अंग्रेजी का नोटिस ही मान्य होगा।** |

**सं.: 353922 दिनांक: 12.06.2026** **2039/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## जवाहर नवोदय विद्यालय, नवादा, हापुड

### अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु बेकरी आइटम, धुलाई व प्रेस, हेयर कटिंग हेतु प्रतिष्ठित / पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं जो इन वस्तुओं का व्यापार कर रहे हैं तथा दुकान भी है से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जातीं हैं। Website: https://navodaya.gov.in/nvs/nvs- School/HAPUR/en/Tender / Tender-Forms/ से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं। डाउनलोड की हुई निविदा के साथ निविदा शुल्क 500/- का बैंक ड्राफ्ट जमानत राशि से अतिरिक्त संलग्न करना होगा। निविदा प्राप्त करने हेतु फर्म का लेटर पैड एवं फर्मदाता का पहचान पत्र पते सहित के साथ रू0 500/- नकद जमाकर जवाहर नवोदय विद्यालय, नवादा, हापुड के कार्यालय से दिनांक :- 16-06-2026 से 22-06-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। ध्यान रखे निविदा शुल्क व जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट अलग-अलग होना चाहिए । निविदा शुल्क एंव जमानत राशि को विद्यालय खाता संख्या 6443000100081760 आईएफएससी कोड PUNB0019800. PRINCIPAL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA, HAPUR के पक्ष में भी जमा कर सकते हैं एंव जमा की गयी धनराशि की रसीद को निविदा के साथ संलग्न कर दें। पूर्णरूप से भरी हुई निविदाएं दिनांकः - 024-06-2026 को सायं 4 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा अथवा टेण्डर बॉक्स में विद्यालय पहुंच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाओं को दिनांकः - 25-06-2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय नवादा - हापुड के कार्यालय में विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के समक्ष खोला जायेगा ।

(सुभाष चन्द)
प्राचार्य



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

डी०डी० संख्या 43 दिनांक 08.06.26 धारा 194 बी०एन०एस० थाना एच०एस०आई०आई०डी०सी० बड़ी जिला सोनीपत।

### मृतक की पहचान



**नाम** - नामपता नामालुम
**पिता/पति का नाम** - नामपता नामालुम
**पता** - नामपता नामालुम
**उम्र** - 45/50 वर्ष
**कद** - 5 फूट 7 इंच
**हुलिया :-** रंग गेहुँआ, दुबला-पतला, शरीर, लम्बुतरा चेहरा,
**पहनावा** - गले में रूद्राक्ष की माला ए गुलाबी रंग की टी-शर्ट मेहन्दी रंग का पायजामा, अण्डरवियर जिस पर अंग्रेजी में LUX PARKER लिखा हुआ है और दाहिने हाथ की कलाई पर सुरमा से रिंकू गुदा हुआ है।

दिनांक 08.06.26 को एक नामपता नामालुम व्यक्ति की लाश गाँव बांय मोड नियर राधा स्वामी सतरंग भवन जी०टी० रोड़ गन्नौर थाना बड़ी जिला सोनीपत मे मृत अवस्था में पाई गई है। अगर किसी थाना से कोई गुमशुदगी हो या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

प्रबन्धक थाना एच०एस०आई०आई०डी०सी० बडी मो0 न0 - 7419410641
अनुसंधानकर्ता मो० न० - 8708271078
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत - 0130 - 2222903

अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस आयुक्त,
सोनीपत

PRDH :- 1084/11/4924/2027/46237/1/7 Dt. 15/06/2026



## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बुलन्दशहर

संख्या 59/1/ जि०आ०अ० / सिटीजन ऐप / 2026-27 / बु0शहर / दि० जून 15, 2026

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपभोक्ताओं को अवैध शराब से बचने, निर्धारित मूल्य पर शराब उपलब्ध कराने हेतु आबकारी विभाग द्वारा यूपी एक्साइज सिटीजन ऐप नाम से एक सरकारी मोबाईल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है, जो गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और नीचे दिये गये क्यू०आर०कोड (QR Code) को स्कैन करके डाउनलोड किया जा सकता है।

Apple App Store Google Play Store

इस ऐप के माध्यम से शराब की बोतल पर लगे क्यू०आर०कोड को स्कैन करके उसकी प्रमाणिकता की जांच, ब्रांड, कीमत (एम0आर0पी0), बैच नम्बर और उत्पादन के दिनांक की पुष्टि की जा सकती है और निर्धारित कीमत (एम०आर०पी०) से अधिक कीमत वसूलने पर शिकायत भी की जा सकती है। इसके साथ ही विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर - 14405 एवं व्हाट्सऐप नम्बर - 9454466019 जारी किया गया है, जिस पर लोगों द्वारा ओवर रेटिंग, अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के संबंध में सूचना उपलबध कराई जा सकती है एवं शिकायत की जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा ।

जिला आबकारी अधिकारी
बुलन्दशहर



## दिशा रणनीति

**विज्ञापन संख्या : दिशा/एफबीडी/2026/031** **दिनांक: 12.06.26.**

हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (एचएसएसीएस) फरीदाबाद जिले के **दिशा** क्लस्टर में एचएसएसीएस के अंतर्गत क्लस्टर रोकथाम अधिकारी (सीपीओ) के पद को विशुद्ध संविदा आधार पर भरना चाहती है। यह नियुक्ति 31.03.2027 तक की अवधि के लिए है और उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आकलन के आधार पर समय-समय पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार वार्षिक रूप से नवीनीकृत की जाएगी। पारिश्रमिक समेकित है और कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं है। सेवा शर्तें राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होंगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र (केवल ऑफलाइन) के साथ प्रमाण पत्रों/प्रशंसापत्रों/अनुभव प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी **जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी, टीबी विभाग, सिविल सर्जन कार्यालय, फरीदाबाद को 24.06.2026 तक शाम 4:00 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार)** भेजें। मूल प्रमाण पत्रों/प्रशंसापत्रों का सत्यापन दस्तावेज सत्यापन के समय किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा। एचएसएसीएस/सिविल सर्जन, फरीदाबाद बिना कोई कारण बताए किसी भी समय उपरोक्त विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या | श्रेणी | टीओआर | एकमुश्त मानदेय | दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्लस्टर प्रिवेंशन ऑफिसर (सीपीओ) | 1 | सामान्य | **ज़रूरी योग्यता:** सोशल साइंसेज / पब्लिक हेल्थ / मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री और 3 साल का कार्य अनुभव, जिसमें से 2 साल का अनुभव राज्य या ज़िले में किसी हेल्थ प्रोग्राम में सुपरवाइज़री लेवल पर हो। **कार्य अनुभव:** उम्मीदवार को राज्य और स्थानीय पब्लिक हेल्थ सिस्टम / राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के संगठन और कामकाज की जानकारी होनी चाहिए। उसे स्थानीय भाषाओं में लिखने और बोलने में बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल होनी चाहिए और इंटर-डिसिप्लिनरी टीम में अच्छी तरह काम करने की क्षमता होनी चाहिए। स्थानीय भाषा और अंग्रेज़ी (बोलना, पढ़ना और लिखना) का ज्ञान होनी चाहिए । राज्य / केंद्र शासित प्रदेश में पिछला अनुभव वांछनीय है। कंप्यूटर और इंटरनेट (वर्ड, एक्सेल, पावर पॉइंट, इंटरनेट आदि) की अच्छी जानकारी। मजबूत एनालिटिकल और बातचीत/ मोल-भाव (negotiation) की क्षमता। बड़े पैमाने पर यात्रा करने की इच्छा होनी चाहिए । | 45,000/- रुपये प्रतिमाह | 30.06.2026 पूर्वा. 09.00 बजे से अप. 01.00 बजे |

- चयन मानदंड पत्र संख्या HSACS/Estt. /2026/266-269 दिनांक 07/05/2026 के अनुसार लागू होंगे।
- आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए (कार्यकारी मजिस्ट्रेट से वास्तविक निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए)।
- आवेदक को मैट्रिक तक हिंदी/संस्कृत उत्तीर्ण होना चाहिए।
- आयु सीमा 45 वर्ष है।
- यह पद जिले विशेष के लिए है और इसे स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है।
- हरियाणा सरकार की आरक्षण नीति लागू रहेगी।
- इस पद के लिए तीन उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची रखी जाएगी ताकि उक्त पद को बार-बार विज्ञापित न करना पड़े और पद रिक्त न रह जाए।
- योग्य उम्मीदवार जो अपेक्षित योग्यता, अनुभव और आयु मानदंडों को पूरा करते हैं, वे एनएचएम हरियाणा की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन पत्र पर आवेदन कर सकते हैं।
- निर्धारित आवेदन पत्र, जो सभी प्रकार से विधिवत भरा हुआ हो, साथ में दो हालिया रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीरें, शैक्षणिक योग्यता की स्व-सत्यापित प्रतियां, प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र/दस्तावेज और निवास प्रमाण पत्र (इन तीन दस्तावेजों में से कोई एक) **(1. पासपोर्ट 2. मतदाता पहचान पत्र 3. पते सहित राशन कार्ड 4. राज्य सरकार द्वारा जारी पता और फोटो सहित जाति एवं निवास प्रमाण पत्र 5. परिवार पहचान पत्र 6. नवीनतम बिजली बिल (पिछले तीन महीनों से अधिक पुराना नहीं) संबंधित जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी, टीबी विभाग, सिविल सर्जन कार्यालय, फरीदाबाद के कार्यालय में 24.06.2026 तक शाम 4:00 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार)** जमा करें। 24/06/2026 के बाद कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- चयन समिति/नियुक्ति प्राधिकारी को किसी भी आवेदन को अनुचित पाए जाने पर अस्वीकार करने का अधिकार है।
- **इस प्रोग्राम के अध्यक्ष** के निर्णय के अनुसार, बिना किसी पूर्व सूचना या शुद्धिपत्र के पद को पूरी तरह से वापस लिया जा सकता है।
- दस्तावेजों के सत्यापन के लिए कोई अलग से पत्र नहीं भेजा जाएगा।
- दस्तावेजों के सत्यापन के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।
- यदि कार्य निष्पादन और अनुबंध संतोषजनक नहीं पाए जाते हैं, तो बिना किसी पूर्व सूचना के सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी।
- चयनित उम्मीदवार इस अनुबंध के अंतर्गत किए गए कर्तव्यों के आधार पर अपनी सेवा के नियमितीकरण के लिए कोई दावा नहीं कर सकेगा/सकती, क्योंकि उसे भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित एक विशिष्ट अवधि की परियोजना के लिए नियुक्त किया गया है।
- हरियाणा सरकार की आरक्षण नीति लागू की जाएगी **(यह पद जिला विशिष्ट है, इसलिए सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे हरियाणा सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार और एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में विभिन्न श्रेणियों में स्वीकृत कुल पदों के अनुसार लंबित पदों को भरना सुनिश्चित करें)।**
- उम्मीदवार के खिलाफ कोई भी अदालती मामला/पुलिस जांच/एफआईआर लंबित नहीं होनी चाहिए।
- उन्हें न्यायालय/विभाग द्वारा दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।
- उन्हें किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी सेवा (अनुबंध आधारित/नियमित सेवा, किसी भी विभाग) से बर्खास्त/सेवामुक्त नहीं किया जाना चाहिए था और किसी भी कानून के तहत दंडित नहीं किया जाना चाहिए था; उनके खिलाफ आरोप पत्र और एफआईआर दर्ज नहीं की जानी चाहिए थी।

**सदस्य सचिव सह सिविल सर्जन**
**जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति का शासी निकाय**
**फरीदाबाद**

**PRDH:-1058/11/1382/2027/46235/1/7 Dt. 15/06/2026**

## न्यूज shorts

### पुलिस की मुठभेड़ मे एक बदमाश घायल ,दूसरा गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** गांव मुर्तजापुर स्थित नरवाना ब्रांच नहर के समीप सोमवार तड़के करीब तीन बजे पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पांव में गोली लगने से घायल हो गया। उसे एलएनजेपी नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन कराया गया। वहीं उसके साथी दूसरे बदमाश को मौके से गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर दो राउंड फायर किए। वहीं पुलिस ने भी दो गोलियां चलाई। इसमें से एक गोली विशाल को लगी। इन बदमाशों की करनाल व पंजाब में तीन हत्याओं को अंजाम देने की योजना थी। घायल बदमाश की पहचान विशाल वासी कर्ण विहार करनाल के रूप में हुई, जो मूल रूप से कुरुक्षेत्र के गांव बीड़ अमीन का रहने वाला है। वह करीब 15 दिन पहले ही जर्मनी से डिपोर्ट होकर आया था और आते ही पुराने साथियों के साथ वारदातों को अंजाम देने लगा था। वहीं बदमाश लविश वासी जिला कैथल का रहने वाला है।

### कालागढ़ : हाथियों ने राहगीर को पैरों तले रौंदकर मार डाला

**कालागढ़।** कालागढ़ में कार्बेट टाइगर रिजर्व के वनों से निकलकर नई कॉलोनी में आए हाथियों ने रविवार रात अफजलगढ़ के मोहल्ला मियांजी मोखा निवासी इस्माइल (40) पुत्र अख्तर को पैरों तले कुचलकर मार डाला। उनके शव के टुकड़े दूर तक छिटके पड़े थे। मृतक की पेंट की जेब में कुछ रोटियां मिली हैं। परिजनों ने कोटद्वार पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर उनकी पहचान की। उन्होंने बताया कि इस्माइल मानसिक बीमार थे और लगभग डेढ़ माह से घर से लापता थे।

### सगे भाई-बहन व भांजे की चंद्रावल नदी में डूबने से मौत

**बांदा।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर चंद्रावल नदी में स्नान के दौरान तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गई। मृतकों में भाई-बहन और उनका भांजा शामिल हैं। जसपुरा थाना क्षेत्र के गौरीकलां गांव निवासी उमाशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी भतीजी माधुरी (13), भाई अंश कुमार (10) और भांजे प्रतीक (10) अपनी बड़ी मां हीरामणि के साथ सिद्धबाबा मंदिर में पूजन-दर्शन और नदी में स्नान के लिए गए थे। नदी में नहाते समय अंश का पैर गीली मिट्टी में फिसल गया और वह गहराई में जाने लगा। उसे डूबता देख प्रतीक ने बचाने के लिए छलांग लगा दी। दोनों को डूबता देख माधुरी भी उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गई। देखते ही देखते तीनों बच्चे नदी के तेज बहाव में समा गए।

### गंगा में चप्पल पहन रील बनाना पड़ा भारी, सिपाही लाइन हाजिर

**स्योहारा (बिजनौर)।** हरिद्वार में गंगा नदी के भीतर चप्पल पहनकर रील बनाते हुए एक सिपाही का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने स्योहारा थाने में तैनात आरक्षी अमजद खान को लाइन हाजिर कर दिया है। मामले को लेकर लोगों ने धार्मिक भावनाएं आहत होने की बात कहते हुए नाराजगी जताई है। वायरल वीडियो को स्योहारा थाने में तैनात आरक्षी अमजद खान की सोशल मीडिया आईडी से जुड़ा बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया और लोगों ने इस पर आपत्ति जताई।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत

**रतिया (फतेहाबाद)।** गांव मिराना के पास सोमवार दोपहर गांव प्लाटा जाते समय बाइक पिकअप से टकराकर हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों कर्म सिंह (60) और रंजीत सिंह (55) की मौत हो गई। दोनों भाई खेती-बाड़ी करते थे। पुलिस ने मृतकों के भाई गुरचरण की शिकायत पर पिकअप चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भाई गुरचरण सिंह ने बताया कि वे 4 भाई हैं। उनका बड़ा भाई कर्म सिंह और रंजीत सिंह (55) सोमवार सुबह किसी कार्य के सिलसिले में रतिया तहसील में पटवारी से मिलने आए थे। काम पूरा होने के बाद वे बाइक से घर लौट रहे थे। गांव मिराना बस स्टैंड के पास सामने से आ रही पिकअप गाड़ी ने बाइक को टक्कर हो गई। गुरचरण ने बताया कि हादसे के दौरान वह भी मीराना गांव के बस स्टैंड के नजदीक ही मौजूद थे। दोनो भाइयों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचायाजहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# जिन पर सवाल, उनका पद बरकरार...कैसे होगी निष्पक्ष जांच

## राम मंदिर दान राशि प्रकरण : सवालों के घेरे में हैं ट्रस्ट के कई पदाधिकारी, मैनेजमेंट कर सबकुछ रफादफा करने की जद्दोजहद की आशंका

अमर उजाला नेटवर्क

**लखनऊ।** श्रीराम मंदिर के चंदे की राशि में हेरफेर व गबन करने के मामले में ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारी सवालों के घेरे में हैं। कई पर सीधे आरोप लग रहे हैं तो कइयों की लापरवाही उजागर हुई है। उनकी नाक के नीचे यह सब चलता रहा और उन्हें भनक तक नहीं लगी। अब सवाल है कि ट्रस्ट में इन सभी के रहते हुए क्या निष्पक्ष जांच मुमकिन है, क्योंकि ट्रस्ट के पदाधिकारी पावरफुल और ऊंची पहुंच वाले भी हैं।

ट्रस्ट में कई बड़े पदाधिकारी हैं, जिनकी जिम्मेदारी मंदिर की व्यवस्थाओं से लेकर चंदा राशि की गिनती कराने तक रहती है। इसमें चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव समेत कई पदाधिकारी शामिल हैं। इसके बावजूद चंदे की रकम का गबन होना कई सवाल खड़े कर रहा है। जिम्मेदार भी सवालों के घेरे में हैं। ये सभी जिम्मेदार घटना के उजागर होने के बाद से खामोश हैं। एक भी पदाधिकारी की तरफ से इस संबंध में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। अब सवाल है कि जिन पर सवाल हैं, क्या उनके रहते एसआईटी निष्पक्षता से जांच कर पाएगी, क्योंकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों से सवाल-जवाब करना इतना आसान नहीं होगा। वहीं जिन लोगों पर सीधे आरोप हैं, वे भी कहीं न कहीं किसी पदाधिकारी या उनके करीबी लोगों से जुड़े हुए हैं। एसआईटी के सामने इस तरह की कई बड़ी चुनौतियां भी हैं।



अयोध्या : चंदे के गबन की जांच को राममंदिर परिसर पहुंची एसआईटी।

### सोने-चांदी के जेवरात गायब होने की आशंका

सूत्रों के मुताबिक, चंदे की राशि के साथ चढ़ावे के जेवरात भी गायब किए गए हैं। इसमें करोड़ों का सोना-चांदी शामिल है। एक चर्चा यह भी है कि दो किलो की सोने की गदा भी गायब है। अब यह बात कितनी सही है, इसका अभी तक पता नहीं है, क्योंकि कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

### 200 करोड़ तक के हेरफेर की चर्चा

मामले में पांच संदिग्ध पकड़े गए थे। उनकी निशानदेही पर करीब तीन करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। अंदेशा है कि करोड़ों रुपये इधर-उधर खपाए भी गए। कुछ दिन पहले गबन की गई रकम आठ करोड़ से अधिक बताई जा रही थी। अब तो यह सैकड़ों करोड़ रुपये होने की चर्चा हो रही है।

- सोशल मीडिया पर दो सौ करोड़ रुपये तक होने की बात कही जा रही है। हालांकि, आंकड़ों के संबंध में कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है। लिहाजा इसकी पुष्टि संभव नहीं है। एसआईटी की जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## बेहिसाब चंदा, असीमित गबन, जिम्मेदार रहे भाग

- चंदे की राशि का हिसाब-किताब करने के लिए ही गिनती प्रक्रिया होती थी
- गिनती के बाद चंदे की राशि स्पष्ट होती, उसी दौरान पार की गई रकम

**लखनऊ।** श्रीराम मंदिर के चंदे की राशि में हुए गबन का अंदाजा लगाना आसान नहीं होगा। उसकी वजह कई हैं। दरअसल, मंदिर में आई चंदे की राशि का हिसाब लगाने के लिए ही गिनती की जाती थी। मतलब उसके पहले चंदे की राशि बेहिसाब होती थी। उसी दौरान उसमें से रकम पार की जाती थी। आखिर में जोड़-घटा कर विवरण दर्ज कर दिया जाता था। साफ है कि जो विवरण दर्ज हो गया, वही हिसाब हो गया। इसलिए गबन कितने करोड़ का हुआ, यह स्पष्ट अंदाजा लगाना काफी कठिन है। वहीं अब बड़े जिम्मेदार इधर-उधर भाग रहे हैं।

मंदिर के चढ़ावे का हिसाब-किताब रोजाना होता था। रोजाना लाखों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। अधिकतर कुछ न कुछ चढ़ावा जरूर देते हैं। इसमें छोटी से लेकर बड़ी रकम व सोना-चांदी भी होता है। त्योहार, वीकेंड आदि के अवसर पर चंदे की राशि में कई गुना बढ़ोतरी भी होती है। सूत्रों के मुताबिक, गिनती करने से पहले सभी दान पात्र खोले जाते थे। तब तक यह पता नहीं रहता था कि किस दान पात्र में कुल कितनी रकम है। इसी के लिए गिनती होती थी, लेकिन उसी दौरान रकम पार की जाती रही। चूंकि तब तक यह ही नहीं पता रहता था कि चंदा आया कितना, तो यह हिसाब लगाना कठिन है कि गिनती के दौरान गायब कितना हुआ। देखना होगा कि एसआईटी इसका आकलन कैसे करेगी।

### कइयों ने बनाई अकूत संपत्ति

पिछले कुछ सालों से ट्रस्ट से जुड़े लोग व उनके कई रिश्तेदारों ने अकूत संपत्तियां बनाईं। किसी ने जमीनें खरीदीं तो किसी ने घर, मकान और कारें लीं। अचानक लखपति और करोड़पति होना सवाल खड़े करता है। अभी जो चार-पांच संदिग्ध पकड़े गए हैं, उनके अलावा तमाम ऐसे लोग हैं, जिनकी भूमिका इस हेरफेर में रही है।

### एफआईआर न करानी पड़े, इसलिए एसआईटी

पूरा प्रकरण आपराधिक कृत्य है। रुपयों की बरामदगी इसका पुख्ता साक्ष्य है। वहीं ट्रस्ट की खामोशी व एसआईटी बनवाने की मांग से भी साफ होता है कि करोड़ों का हेरफेर हुआ है। लेकिन केस दर्ज नहीं कराया गया।

- सूत्रों का कहना है कि शुरू से ही ट्रस्ट के पदाधिकारी एफआईआर दर्ज कराने के पक्ष में नहीं थे। न अब हैं। यही वजह है कि एसआईटी गठन की मांग की गई, जो कर भी दी गई। अब धीरे-धीरे मामला शांत करने का प्रयास चल रहा है।

## खेल : बैंक ने दिया कंपनी को ठेका, ट्रस्ट ने तय किए कर्मचारी

### गिनती प्रक्रिया में बैंक की भी अहम जिम्मेदारी थी लेकिन उसने आउटसोर्सिंग कंपनी को लगा रखा था

**लखनऊ।** श्रीराम मंदिर के चंदे की रकम पार करने के पीछे तमाम लापरवाही और खेल हैं। जिनकी परतें अब खुल रही हैं। दरअसल, बैंक ने गिनती करने वाले कर्मचारियों को एक कंपनी के जरिए आउटसोर्सिंग पर रखा हुआ था। इसमें खेल ये किया गया कि ट्रस्ट ने जो कर्मचारी तय किए, आउटसोर्सिंग पर वही लोग रखे गए। ये लोग या तो किसी पदाधिकारी के रिश्तेदार थे या फिर उनके परिचित। पूरा मामला ही गोलमाल है।

मंदिर व्यवस्था में चंदा राशि की गिनती प्रक्रिया मुख्य कार्यों में से एक कार्य है। जिसकी जिम्मेदारी ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारियों, बैंक कर्मियों की तय की गई थी, लेकिन इसी कार्य में लापरवाही बरती गई। या ये कहा जाए कि चंदा चोरों को हाथ साफ करने का पूरा मौका दिया गया। न निगरानी की गई, न कर्मचारियों का सत्यापन और न ही उनकी कोई जामा तलाशी की जाती थी। चूंकि कर्मचारी ट्रस्ट की तरफ से रखे गए थे, इसलिए बैंक अधिकारियों की हिम्मत ही नहीं हुई कि वह इस पर सवाल उठा सकें। वहीं दूसरा पहलू ये भी है कि इसमें बैंक कर्मचारियों या अधिकारियों की भी मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ...इसलिए कम पैसों में कर रहे थे काम

अब तक जिनके पास से रकम बरामद हुई, वह सभी 12 से 18 हजार रुपये प्रति माह के वेतन पर काम कर रहे थे। दिन से लेकर रात तक ये सभी मंदिर में ही रहते थे। इतने कम वेतन में इतना लंबा काम करने के पीछे की वजह अब समझ आ रही है। क्योंकि वह चंदे की करोड़ों की रकम पार कर रहे थे। इसलिए वेतन से कोई फर्क नहीं पड़ रहा था।

## राम मंदिर निर्माण अंतिम चरण में 90 फीसदी कार्य ट्रस्ट को हस्तांतरित

**अयोध्या।** राम मंदिर का निर्माण अब अंतिम चरण में है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 90 फीसदी कार्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया गया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निर्माण पर भी जानकारी साझा की।

नृपेंद्र मिश्र ने तीन दिवसीय बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिकांश निर्माण एजेंसियां जून के अंत या 15 जुलाई तक अपना काम पूरा कर लेंगी। निर्माण से जुड़े सभी अभिलेख और रिकॉर्ड भी ट्रस्ट को सौंपे गए हैं। अब संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी ट्रस्ट की होगी। इसके लिए एक विस्तृत संचालन प्रबंधन सूची तैयार की गई है। यह सूची ट्रस्ट को सौंपी जाएगी। बैठक में अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

नृपेंद्र ने बताया कि संग्रहालय की विभिन्न गैलरियों के त्रि-आयामी प्रस्तुतीकरण और पटकथा को मंजूरी मिली है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान चेन्नई की टीम ने 90 फीसदी तकनीकी तैयारी पूरी होने का दावा किया। विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से विकसित हनुमान जी पर आधारित विशेष गैलरी को भी मंजूरी दी गई है। समिति को उम्मीद है कि दिसंबर 2026 तक यह संग्रहालय श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। हालांकि संग्रहालय की कुछ विशेष गैलरियों में प्रवेश शुल्क लगेगा या नहीं, इस पर अंतिम फैसला अभी ट्रस्ट को लेना है।



**15 जुलाई तक अपना काम पूरा कर लेंगी निर्माण एजेंसियां, अब ट्रस्ट की होगी संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी**

## दोषियों के साथ-साथ व्यवस्था की खामियों की भी होगी पड़ताल : नृपेंद्र

**अयोध्या।** राम मंदिर दान राशि गड़बड़ी प्रकरण की जांच के लिए गठित एसआईटी को लेकर राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अब मामले की जांच तेज गति से आगे बढ़ेगी और दोषियों के साथ-साथ व्यवस्था की खामियों की भी पड़ताल होगी। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम ने मंदिर प्रशासन को एक ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया था, जिसे "क्रॉस सड़क" कहा जा सकता है, लेकिन अब लक्ष्य भविष्य की ओर बढ़ते हुए श्रद्धालुओं का विश्वास और अधिक मजबूत करना है।



नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने बेहद तेजी से कार्रवाई करते हुए एसआईटी का गठन किया है। शनिवार को गठन का निर्णय होने के बाद रविवार अवकाश था, इसलिए सोमवार को टीम के सदस्यों को औपचारिक रूप से जांच के लिए निर्धारित टर्म्स ऑफ रेफरेंस उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद एसआईटी जांच शुरू करेगी। उन्होंने बताया कि एसआईटी के सदस्य अयोध्या आने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद जांच टीम सीधे अयोध्या पहुंचकर अपनी कार्रवाई प्रारंभ करेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले के दो महत्वपूर्ण आयाम हैं। पहला, दान राशि गड़बड़ी से जुड़े तथ्यों की आपराधिक जांच, जिससे जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो सके। दूसरा, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुधारात्मक और संस्थागत उपायों को लागू करना।

## अयोध्या में पोस्टर वार...रामलला न्याय करेंगे

### सियासत भी हुई तेज, राम मंदिर दान पात्र प्रकरण में प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप की मांग

**अयोध्या।** राम मंदिर के दान पात्र से धन की कथित चोरी के मामले को लेकर अयोध्या में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सपा के बाद अब कांग्रेस भी इस मुद्दे पर खुलकर सामने आ गई है। रविवार देर रात शहर के पुष्पराज चौराहे और पर राम मंदिर दान प्रकरण से संबंधित पोस्टर लगाए गए, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई। पोस्टर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला की ओर से लगवाए गए थे। इनमें स्कंद पुराण के एक दोहे का उल्लेख करते हुए मंदिर को दी गई भूमि, संपत्ति या दान के धन का दुरुपयोग करने वालों को धर्मशास्त्रों के अनुसार पाप का भागीदार बताया गया। पोस्टर में श्री रामलला न्याय करेंगे संदेश भी लिखा गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात में लगाए गए पोस्टर सुबह तक हटा दिए गए। इस संबंध में कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री को पूरे मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए।




## बरेली : फ्लाईओवर पर चीनी मांझे से गन्ना मंत्री के भतीजे की गर्दन कटी

### सड़क पर गुजर रहे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया

**बरेली।** श्यामगंज फ्लाईओवर पर सोमवार दोपहर चीनी मांझे की चपेट में आने से प्रदेश के गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के भतीजे वीर सिंह गंगवार की गर्दन कट गई। वह स्कूटी समेत गिर पड़े। निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

15 वर्षीय वीर सिंह शहर में रहकर पढ़ाई करते हैं। वह पीलीभीत के शहर विधायक व गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के भाई ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार के पुत्र हैं। सोमवार सुबह वह अपनी स्कूटी से श्यामगंज फ्लाईओवर से गुजर रहे थे। तभी उड़ता हुआ मांझा उनकी गर्दन में लिपट गया। खिंचाव से वीर सिंह की गर्दन से खून की धार बह निकली। वहां से गुजर रहे वाहन सवारों ने रुककर उनको उठाया। श्यामगंज चौकी पुलिस को बुलाकर उन्हें विकास भवन के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

हादसे की सूचना पर पीलीभीत से बरेली आए गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने निजी अस्पताल में भर्ती भतीजे का हाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों से उपचार के बारे में जानकारी ली। मीडिया से बातचीत में कहा कि चीनी मांझा प्रतिबंधित है। इसके बावजूद इसकी खरीद-बिक्री चिंताजनक है।

## साधु की हत्या का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**उन्नाव।** घूरेटोला मोहल्ले में हुई साधु साधु मिलन सिंह उर्फ मिलन दास (50) की हत्या का एक लाख का इनामी मुख्य आरोपी इजराइल पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। आरोपी की ओर से की गई फायरिंग में एसओजी टीम का एक सिपाही कोहनी के पास गोली लगने से घायल हो गया। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने से एक उपनिरीक्षक बच गए। गोली जैकेट के पार नहीं हो पाई। मुठभेड़ के सात घंटे बाद पुलिस ने दूसरे इनामी हत्या आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। साधु मिलन दास की नौ जून को सभासद के अहाते में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। बड़े भाई वीरेंद्र सिंह ने पांच नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें तीन आरोपी जेल भेजे जा चुके थे। मुख्य आरोपी इजराइल और शानू फरार थे।



इजराइल

## फतेहाबाद में अनियंत्रित बस खेत में पलटी, 3 लोगों की मौत, 28 घायल

### मोबाइल फोन उठाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर खेत में पलटी

**टोहाना (फतेहाबाद)।** फतेहाबाद से टोहाना जाते समय गांव भोड़ी के पास सोमवार सुबह 10:30 बजे विशाल टूर एंड ट्रेवल की 52 सीटर निजी बस अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। 28 यात्री घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को बसों से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में गंभीर रूप से घायल 5 महिलाओं सहित 7 लोगों को अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।

यात्रियों के अनुसार बस को परिचालक जयविंद्र लहरिया चला रहा था। इस बीच उसके मोबाइल फोन की घंटी बजी और उसे उठाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में घटनास्थल पर ही बलविंदर (30), भोडिया निवासी बोहती (21) और भोड़ी निवासी मोनी देवी (70) की मौत हो गई है।

### हादसे के विरोध में जाम लगाया

हादसे के बाद आरोपी बस चालक व परिचालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक टोहाना-भूना रोड पर जाम लगा दिया। एसडीएम आकाश शर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद सीआईए, सदर व शहर पुलिस की तीन टीमों ने कार्रवाई करते हुए बस चालक लखविंदर और परिचालक जयविंद्र लहरिया को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**सम्मान** सीएम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहली फ्लाइट से सीएम से मिलने पहुंचे किसान

## अब जेवर में निवेश के लिए आ रही हैं बड़ी कंपनियां : योगी

**लखनऊ।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले किसान सोमवार को लखनऊ पहुंचे। जेवर से लखनऊ के लिए संचालित पहली फ्लाइट से राजधानी पहुंचे इन किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर भव्य स्वागत किया गया। यहां किसानों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न प्रदान किया और उनके प्रति आभार भी प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि जेवर अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां कुबेर भी आना चाहते हैं। उन्होंने कर्मशियल फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए इंडिगो के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर सीएम ने कहा कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया तो मैंने नोएडा के जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि 100 दिन के भीतर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ हो जाए, लेकिन इस अवधि तक कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। मैंने वहां पहुंचकर समीक्षा बैठक ली तो पता चला कि कोई प्रगति नहीं हुई है। तब मैंने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में लगभग 100 किसानों के साथ बैठक की। मैंने कहा कि एयरपोर्ट बनाना है तो किसानों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। असमंजस की स्थिति थी। मैंने कहा कि हम यहां विकास करना चाहते हैं, फिर भी लोगों ने मना कर दिया। मैंने अनुरोध किया कि एक घंटे का समय है, सोचिए। यह एयरपोर्ट आपकी तकदीर बदल देगा।

### अब कुबेर भी आना चाहते हैं जेवर, किसान भी होंगे समृद्ध

सीएम ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। वहां अब कुबेर भी आना चाहते हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। अन्न, फल, मत्स्य, सब्जी आदि पैदा करने वाला उत्तर प्रदेश का किसान यहां कार्गो से अपने उत्पादों को दुनिया में पहुंचाएगा। स्थानीय बाजार में उसे दाम भले कम मिले, लेकिन दुनिया के बाजार में कई गुना दाम मिलेगा। आम का दाम यहां अधिकतम 50 रुपये पहुंचेगा, लेकिन दुनिया के बाजार में 800 से 1000 रुपये किलो बिकता है। 200 रुपये प्रति किलो कार्गो खर्च जोड़ लें, तब भी किसान को 600 रुपये का लाभ मिलेगा। जिस किसान को यहां 10 रुपये प्रति किलो का लाभ नहीं मिल पा रहा, उसे 600 रुपये का लाभ मिलेगा तो वह समृद्ध बनेगा।

## हरियाणा ने आपराधिक न्याय व्यवस्था में देशभर में हासिल किया प्रथम स्थान

### -ई-समन और ई-चार्जशीट व्यवस्था से न्यायिक प्रक्रिया हुई अधिक पारदर्शी और प्रभावी

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। तकनीक आधारित न्याय व्यवस्था के क्षेत्र में भी यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह जानकारी सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में दी गई।

यह बैठक अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली (सीसीटीएनएस) और अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) की 33वीं राज्य स्तरीय शीर्ष समिति की थी। बैठक में बताया गया कि 7 जून 2026 से हरियाणा राष्ट्रीय नए आपराधिक कानून डैशबोर्ड पर पहले स्थान पर बना हुआ है। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के अनुसार, राज्य पिछले 59 महीनों में 44 बार इस राष्ट्रीय डैशबोर्ड में शीर्ष स्थान प्राप्त कर चुका है। अप्रैल 2026 में भी हरियाणा प्रगति डैशबोर्ड में प्रथम स्थान पर रहा था। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि राज्य के सभी न्यायालय अब न्यायालय सूचना प्रणाली के माध्यम से ई-समन जारी कर रहे हैं।

पुलिस और न्यायालयों के बेहतर समन्वय के कारण ई-आरोपपत्र की स्वीकार्यता 90 फीसदी से अधिक हो गई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को तकनीक का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य पुलिसिंग और न्यायिक प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बनाना है। बैठक में अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली 2.0 (आईसीजेएस 2.0) के तहत 34 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## बीएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट आज

**झांसी।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी मंगलवार को लखनऊ में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित करेंगे। इसके चलते सोमवार को बीयू के कुलपति, कुलसचिव, प्रदेश समन्वयक आदि रिजल्ट लेकर लखनऊ रवाना हो गए। बताते हैं कि उच्च शिक्षामंत्री परिणाम घोषित होने के बाद टॉपर्स से ऑनलाइन बात कर सकते हैं। बताते चले, बीयू लगातार तीन साल से बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा करवा रहा है। इस बार 4,44,958 ने अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। 31 मई को प्रदेश के 1,011 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 4,00,505 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने बताया कि परिणाम जारी होने के बाद प्रवेश की काउंसलिंग एक जुलाई से होगी। काउंसलिंग चार चक्र में अगस्त के मध्य तक पूर्ण करवा ली जाएगी।

फिल्मी talk

# दृश्यम 3 और कलर बुक में रोमांच का मजा



**बीते** सप्ताह ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सिनेमाघरों में भी बहार रही। इस सप्ताह भी सिनेमाघरों में 'कॉकटेल 2' सहित कई फिल्में दस्तक देंगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी खूब रंग जमने वाला है।

- **दृश्यम 3 :** मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' इस सप्ताह ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म 21 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आई थी। दर्शकों ने इसे हाथों हाथ लिया। अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली है। 'दृश्यम 3' को 18 जून से प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।
- **आई विल फाइंड यू :** यह एक रोमांचक क्राइम थ्रिलर मिनी सीरीज है। इस सप्ताह दर्शक इसका लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर सीन हैं। 'आई विल फाइंड यू' को आप 18 जून से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। यह सीरीज हार्लन कोबेन के उपन्यास पर आधारित है। इसमें सैम वर्थिंगटन (डेविड के रूप में) ब्रिट लोअर और मिलो वेंटिमिलिया मुख्य भूमिकाओं में हैं।
- **अथिराडी :** अगर आपको एक्शन कॉमेडी फिल्मों में दिलचस्पी है, तो यह फिल्म आपके लिए है। यह मलयालम फिल्म भी ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध रहेगी। इसे 19 जून से सोनी लिव पर देख सकते हैं।
- **ठुकरा के मेरा प्यार 2 :** वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' का दूसरा सीजन आप 19 जून से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। इसमें प्यार के साथ-साथ बदले की कहानी भी देखने को मिलेगी। सीरीज में संचिता बसु (शानविका चौहान) और धवल ठाकुर (कुलदीप कुमार) मुख्य भूमिकाओं में हैं।
- **केनाथा कानोम :** यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसमें योगी बाबू अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप 16 जून से जियो हॉटस्टार पर देख पाएंगे। इसमें योगी बाबू के साथ-साथ लवलिन चन्द्रशेखर और रायचल रबेका अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी रामनाथपुरम के एक सूखे से जूझते गांव पर आधारित है। इसमें बाबू मंदिर के मूर्तिकार का किरदार निभा रहे हैं। गांव में पानी की कमी है और लोग पानी की तलाश में हर जगह भटक रहे हैं। फिल्म की कहानी में कई दिलचस्प मोड़ हैं।
- **कलर बुक :** यह फिल्म 19 जून से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। यह फैमिली ड्रामा से भरपूर फिल्म है। इसे परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है।

## 'प्रीतम एंड पेड्रो' में अरशद वारसी और विक्रांत मैसी ने चौंकाया

**इस** वेब सीरीज के ट्रेलर में अरशद वारसी, राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी और विक्रांत मैसी कुछ नए किरदारों में नजर आए। अब तक अपनी कॉमेडी के लिए पहचाने जाने वाले अरशद इस बार साइबर क्राइम से जूझते दिखेंगे। सीरीज में कई नामी बॉलीवुड एक्टर्स भी नजर आएंगे।



- **पुलिस ऑफिसर और साइबर हैकर की जोड़ी :** ट्रेलर में दिखाया गया है कि अरशद गोवा में रहते हैं और क्राइम ब्रांच में पुलिस ऑफिसर हैं। उनका ट्रांसफर साइबर क्राइम डिपार्टमेंट में हो जाता है। इस दौरान एक नेता के बेटे को किडनैप कर लिया जाता है। फिरौती मांगने वाले हाइटेक अपराधी हैं। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर प्रीतम एक हैकर पेड्रो की मदद लेता है। विक्रांत मैसी विलेन के रोल में हैं। मोना सिंह और बोमन ईरानी भी हैं। सीरीज 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## पति अरबाज के 23 साल बड़े होने पर शूरा ने तोड़ी चुप्पी



**अभिनेता**-निर्देशक अरबाज खान और शूरा खान ने साल 2023 में शादी रचाई। कपल एक बिटिया के माता-पिता हैं। अरबाज खान अपनी पत्नी शूरा से करीब 23 साल बड़े हैं। उम्र के इस फासले को लेकर दोनों को अक्सर ट्रोल किया जाता है। अरबाज इसे लेकर चुप्पी तोड़ चुके हैं। हाल ही में शूरा खान ने भी इस पर जवाब दिया है।

- **क्या कहा :** शूरा खान ने हाल ही में एक ऑनलाइन चैट सैशन रखा, जहां फैंस के कई दिलचस्प सवालों के जवाब दिए। इसी दौरान एक यूजर ने पूछा 'क्या आप एक बूढ़े शख्स के साथ खुश हैं'? शूरा ने बहुत ही सलीके से और सहज अंदाज में इसका जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'क्या सच में? वे कोई बूढ़े शख्स नहीं हैं। वे एक लिमिटेड-एडिशन विंटेज मॉडल हैं।

sports

### फीफा विश्वकप 2026 : नीदरलैंड को जापान की फुटबॉल टीम ने 2-2 से ड्रॉ पर रोका, 88वें मिनट में आया बराबरी का गोल

# कामाडा के हेडर ने जापान को हार से बचाया

**दा**इची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया, जिससे जापान ने फुटबाल विश्वकप के ग्रुप एफ के मैच में नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया।

जापान की हार लगभग निश्चित लग रही थी, लेकिन कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया, जिससे समुराई ब्लू (जापानी टीम) के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। इससे जापान ने अपने से अधिक रैंकिंग वाली नीदरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नीदरलैंड की मौजूदा फीफा रैंकिंग आठ और जापान की 18 है।

नीदरलैंड की टीम को भले ही अंक बांटने पड़े, लेकिन इस ड्रॉ से उसने विश्वकप के ग्रुप चरण में अपने अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया है। कामाडा के गोल से नारंगी रंग की जर्सी पहने नीदरलैंड के प्रशंसक सन्न रह गए। अब शनिवार को नीदरलैंड का अगला मैच ह्यूस्टन में स्वीडन से, जबकि जापान का ट्यूनीशिया से मेक्सिको के मॉन्टेरी में होगा। जापान की टीम चार साल पहले कतर में अंतिम-16 में पहुंची थी।



## स्वीडन ने ट्यूनीशि को 5-1 से रौंदा


गोल करने पर अयारी को साथियों ने जकड़ लिया, पर उनकी प्रतिक्रिया सामान्य रही।

**मॉन्टेरी (मेक्सिको)।** यासिन अयारी (7 और 90+6 मिनट) के दो गोलों की मदद से स्वीडन ने फीफा विश्वकप 2026 के ग्रुप एफ में ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंद दिया। अलेक्जेंडर इसाक (30) और विक्टर ग्योकेरेस (59), दोनों ने एक-एक गोल किया और एक-एक असिस्ट भी दिया। स्वीडन के लिए मटियास स्वानबर्ग (84वे मिनट) ने भी गोल किया। स्वीडन की टीम दुनिया में 39वें नंबर पर है और आठ साल पहले रूस में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने के बाद 2022 विश्वकप में जगह नहीं बना सकी थी। वहीं दुनिया में 45वें नंबर की टीम ट्यूनीशिया के लिए उमर रेकिक (43वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। ट्यूनीशिया अपना सातवां विश्वकप खेल रही है, लेकिन ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई है।

## अमाद ने 90वें मिनट में गोल कर आईवरी कोस्ट को जिताया



**फिलाडेल्फिया।** अमाद डियालो के 90वें मिनट में किए गए गोल की मददसे आईवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हरा दिया। अमाद 56वें मिनट में सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर आए थे उन्होंने पेनाल्टी एरिया के अंदर से बाएं पैर से शॉट मारकर गोल किया। इस शॉट ने डाइव लगा रहे गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज को छका दिया। विल्फ्रेड सिंगो ने दाईं ओर से शानदार दौड़ लगाकर यह गोल करने में मदद की। आईवरी कोस्ट की टीम अपना कुल चौथा और 2014 के बाद पहला विश्वकप खेल रही है। वहीं अमाद के गोल की वजह से इक्वाडोर का लगातार 19 मैचों तक बिना हारे रहने का सिलसिला टूट गया। इससे पहले इक्वाडोर को 6 सितंबर, 2024 को ब्राजील के खिलाफ 1-0 से हार मिली थी।

## युद्ध के साये में आज अमेरिकी धरती पर खेलेगी ईरान की टीम

**इंगलवुड।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच हारी युद्ध के साये में ईरान की फुटबाल टीम मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना फीफा विश्वकप का पहला मैच खेलेगी। ग्रुप जी में शामिल ईरान के कप्तान मेहदी तरेमी ने मैच से पहले कहा कि उनकी टीम को विश्वकप के सह आयोजक अमेरिका में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ईरान की टीम रविवार को लॉस एंजिलिस स्टेडियम पहुंच गई थी, जहां उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलना है। हालांकि, ईरान की टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए ईरानी मूल के लोग काफी संख्या में पहुंच सकते हैं, क्योंकि लॉस एंजिलिस इलाके में बड़ी संख्या में ईरानी आबादी रहती है, जो 1970 के दशक के आखिर में इस्लामिक क्रांति के बाद देश छोड़कर चली आई थी।

# सुपर ओवर में हारी भारत ए की टीम श्रीलंकाई खिलाड़ियों से उलझे वैभव

**दांबुला।** त्रिकोणीय शृंखला के मुकाबले में सोमवार को भारत ए की टीम सुपर ओवर में श्रीलंका ए से सात रन हार गई, लेकिन इस दौरान भारत के उभरते युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी श्रीलंका के खिलाड़ियों से उलझ गए।


निर्धारित ओवर ओवर के मुकाबले में पहले दोनों टीमों की ओर से 265-265 रन बने। मैच टाई होने पर रोशनी कम वजह से अंपायरों से सोचा कि सुपर ओवर में मैच शायद नहीं कराया जाएगा। भारत ए के कप्तान तिलक वर्मा के जोर डालने पर अंपायर मैच को सुपर ओवर में कराने पर तैयार हो गए। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ए ने अरशद खान के ओवर में 16 रन बनाए। भारत ए के बल्लेबाज कुगाथस माथुलन की के ओवर में नौ रन ही बना सके। श्रीलंका की टीम भारत को हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। भारत की इस शृंखला में यह दूसरी हार है, इससे पहले अफगानिस्तान ए ने बारिश से बाधित मैच में हराया था।



### श्रीलंकाई खिलाड़ियों के जश्न पर भड़क गए वैभव

**सुपर** ओवर में बल्लेबाजी करते आए वैभव सूर्यवंशी और सूर्यांश शेडगे पवेलियन की ओर लौटने लगे, लेकिन श्रीलंकाई खिलाड़ी कुछ ज्यादा ही उत्साह में जश्न मनाने लगे। इस बात को वैभव सहन नहीं कर पाए। वह श्रीलंकाई खिलाड़ियों के पास पहुंचे और धक्का-मुक्की होने लगी। इसी बीच श्रीलंका के सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव किया, ताकि मामला और न बिगड़े। लौटते समय भी वैभव काफी बड़बड़ा रहे थे।

## जहां फेंका था 90 मीटर भाला वहां से सत्र शुरू करेंगे नीरज



**नई दिल्ली।** ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल की टीम में शामिल किए जाने के बाद दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने चोट से उबरने के बाद वापसी की घोषणा कर दी है। बीते वर्ष विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहने के बाद बैक इंजरी से जूझ रहे नीरज 19 जून को दोहा डायमंड लीग में उतरने जा रहे हैं।

नीरज का सत्र का यह पहला कंपटीशन होगा। यह वही जगह है, जहां उन्होंने बीते वर्ष 90.23 मीटर भाला फेंका था और जर्मनी के जूलियन वेबर (91.06) के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज ने सोमवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनका 2026 का पहला थ्रो दोहा में फेंका जाएगा। हालांकि 12 जून को आयोजकों की ओर से घोषित सूची में उनका नाम नहीं था। इसमें पाकिस्तान के ओलंपिक पदक विजेता अरशद नदीम का नाम था, लेकिन ताजा सूची में नदीम नहीं हैं।

युवाओं के काम की खबरें

## उत्तर प्रदेश में डीएलएड के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**प्रयागराज।** डीएलएड प्रशिक्षण-2026 प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन सोमवार से शुरू हो गए हैं। प्रदेश के 3,046 निजी कॉलेजों और 67 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) में डीएलएड की करीब 2.39 लाख सीटों पर प्रवेश होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि आठ जुलाई और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि नौ जुलाई निर्धारित की गई हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय के रजिस्ट्रार विपेंद्र सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर प्रिंट लेने की अंतिम तिथि 11 जुलाई और आवेदकों के मेरिट के आधार पर स्टेट रैंक का प्रकाशन 16 जुलाई तक होगा। 20 जुलाई से 10 अगस्त तक अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तैयार की जाएगी। 14 सितंबर से डीएलएड प्रशिक्षण शुरू होगा।




## फोटोनिक्स : 12वीं के बाद लेजर और ऑप्टिक्स की दुनिया में असीम संभावनाएं

फोटोनिक्स 'प्रकाश का विज्ञान' अर्थात साइंस ऑफ लाइट है। इसमें फोटॉन्स और लाइट वेव्स का पता लगाने के साथ-साथ उन्हें उत्पन्न और नियंत्रित करने की टेक्नोलॉजी का अध्ययन किया जाता है। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्टूडेंट्स अंडरग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन ले सकते हैं। भारत में बहुत-से कॉलेज और विश्वविद्यालय फोटोनिक्स को साइंस के एक इंटरडिसिप्लिनरी विषय के तौर पर पढ़ाते हैं। इस क्षेत्र में प्रमुख अंडरग्रेजुएट कोर्स डिप्लोमा-फोटोनिक्स या ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स, बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग-फोटोनिक्स सिस्टम और बीएससी-फोटोनिक्स या ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स है। उच्च शिक्षा के लिए एमटेक-फोटोनिक्स या ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स, पीएचडी-फोटोनिक्स भी कर सकते हैं। दुनियाभर में फोटोनिक्स स्पेशलिस्ट्स की कमी के कारण इस क्षेत्र में जल्द ही काम मिलने की संभावना होती है। - **मुकेश श्रीवास्तव कॅरिअर काउंसलर**



जॉब अलर्ट

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड




**3951 पद**

**इंस्ट्रक्टर के पदों पर रिक्तियां**

आवेदन की अंतिम तिथि : **23 जून, 2026**

आयु-सीमा : **न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष**

यहां आवेदन करें : **rssb.rajasthan.gov.in**

**उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ■ 543 पद**

**समीक्षा अधिकारी व अन्य पदों पर करें आवेदन**


आवेदन की अंतिम तिथि : **21 जून, 2026**

योग्यताएं : **बैचलर डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं**

यहां आवेदन करें : **allahabadhighcourt.in**


कहानी

# किसान का धर्म और पेशवा का न्याय



बाजीराव पेशवा मराठा-सेना के प्रधान सेनापति थे। एक बार वे अनेक लड़ाइयों मे विजय हासिल करके अपनी सेना सहित राजधानी लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने मालवा में अपनी सेना का पड़ाव डाला। बहुत दूर से चलते-चलते आ रहे उनके सैनिक थककर चूर हो गए थे। वे भूख-प्यास से व्याकुल थे और उनके पास खाने के लिए पर्याप्त सामग्री भी नहीं थी। बाजीराव ने अपने एक सरदार को बुलाकर आदेश दिया, तुम अपने साथ सौ सैनिकों को लेकर जाओ और किसी खेत से फसल कटवाकर छावनी में ले आओ। रदार सेना की एक टुकड़ी लेकर गाँव की ओर चल पड़ा। रास्ते में उसे एक किसान दिखाई दिया। सरदार ने उससे कहा, देखो, तुम मुझे इस इलाके के सबसे बड़े खेत पर ले चलो। किसान उन्हें एक बहुत बड़े खेत के पास ले गया। सरदार ने सैनिकों को आदेश दिया, सारी फसल काट लो और अपने-अपने बोरों में भर लो। यह सुनकर किसान चकरा गया। उसने हाथ जोड़कर कहा, महाराज, आप इस खेत की फसल न काटें। मैं आपको एक दूसरे खेत पर ले चलता हूँ। उस खेत की फसल पककर एकदम तैयार है। सरदार और उसके सैनिक किसान के साथ दूसरे खेत की ओर चल पड़े। यह खेत वहाँ से कुछ मीलों की दूरी पर और बहुत छोटा था। किसान ने कहा, महाराज, आपको जितनी फसल चाहिए, इस खेत से कटवा लीजिए। सरदार को किसान की इस हरकत पर बहुत गुस्सा आया। उसने किसान से पूछा, यह खेत तो बहुत छोटा हैं। फिर तुम हमें वहाँ से इतनी दूर क्यों ले आए? किसान ने नम्रतापूर्वक उत्तर दिया, महाराज, नाराज मत होइए। वह खेत मेरा नहीं था। यह खेत मेरा है। इसीलिए मैं आपको यहाँ ले आया। किसान के जवाब से सरदार का गुस्सा ठंड़ा हो गया। वह अनाज कटवाए बिना ही पेशवा के पास पहुँचा। उसने यह बात पेशवा को बताई। पेशवा को अपनी गलती का एहसास हो गया। वे सरदार के साथ स्वयं किसान के खेत पर गए। उन्होंने किसान को उसकी फसल के बदले ढेर सारी अशरफियां दीं और फसल कटवाकर छावनी पर ले आए।

फोटो puzzles



चित्र में रंग भरिए.....

### आज का दिन

**16 जून, 2012**



चीनी वैज्ञानिक लियू यांग अंतरिक्ष में जाने वाली पहली चीनी महिला बनीं। उन्हें दो अन्य सदस्यों के साथ शेनझोउ-9 अंतरिक्ष यान द्वारा भेजा गया था।

- **1884 :** अमेरिका में पहला रोलर कोस्टर ब्रुकलिन न्यूयॉर्क के कोनी आइलैंड में खुला था।
- **1903 :** हेनरी फोर्ड ने प्रसिद्ध फोर्ड मोटर कंपनी की स्थापना की थी।
- **1920 :** हिंदी फिल्मों के पार्श्वगायक और संगीतकार हेमंत कुमार का जन्म हुआ था।
- **1943 :** चार्ली चैपलिन ने ऊना ओ नील से विवाह किया था।

कॅरिअर काउंसलर

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | | | | | | 5 | |
| 3 | | | 2 | 1 | 9 | | | 7 |
| | | | 3 | | | | 9 | 4 |
| | | | | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 |
| | | | | | | | | |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | | | | |
| 6 | 9 | | | | 3 | | | |
| 5 | | | 8 | 9 | 6 | | | 2 |
| | 2 | | | | | | 6 | 8 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 |

## न्यूज shorts

### बिहार : कोचिंग विवाद में जेल भेजे गए रौशन आनंद को मिली जमानत

पटना। बिहार की राजधानी के बहुचर्चित कोचिंग विवाद में ज्ञान बिंदु कोचिंग के संचालक रौशन आनंद को कोर्ट से जमानत मिल गई है। खान



ग्लोबल स्टडीज पर हमले के मामले में गिरफ्तार रौशन आनंद सोमवार को 12 दिन बाद बेउर जेल से बाहर आए। उनके वकील निरंजन कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि आनंद पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत और राजनीतिक रूप से प्रेरित थे। उन्होंने खान सर (फैजल खान) पर आनंद की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए राजनीतिक प्रभाव के इस्तेमाल का आरोप लगाया। आनंद ने अपने भाई की मौत को लेकर फैजल पर आरोप भी लगाए।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर 23 जून से होगी अहम बैठक

नई दिल्ली। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर अगले सप्ताह भारत दौरे पर आएंगे। वह 23 और 24 जून को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि 22 जून को भारत पहुंचने वाले हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि उनकी अपेक्षा है कि बातचीत का केंद्र उस फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देना होगा, जिस पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की हालिया यात्रा के दौरान चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भी चर्चा करेंगे, जिस पर लगातार वार्ता चल रही है। इससे पहले 2 से 4 जून के बीच अमेरिका के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी टीम ने भारतीय अधिकारियों के साथ समझौते को अंतिम रूप देने पर बातचीत की थी।

### ईडी ने उत्तराखंड छात्रवृत्ति घोटाले में जब्त की 13.83 करोड़ की संपत्ति

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तराखंड के बहुचर्चित एससी/एसटी छात्रवृत्ति घोटाले की जांच में बड़ा खुलासा किया है। जांच में पाया गया कि 47 फीसदी लाभार्थी अयोग्य थे। ये छात्र या तो परीक्षा में फेल थे, अनुपस्थित थे या विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड में ही मौजूद नहीं थे। ईडी 2011-12 से 2016-17 के बीच हुए इस घोटाले की जांच कर रही है। ईडी ने मामले में कार्रवाई करते हुए हरिद्वार और रुड़की में शिक्षण संस्थानों, जमीनों और फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में 13.83 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। जांच के अनुसार, 6208 दावों में से 2895 (लगभग 46.63 फीसदी) फर्जी थे। कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों के नाम पर खाते खुलवाए थे, जिन्हें वे खुद नियंत्रित करते थे। छात्रवृत्ति की राशि सीधे शिक्षण संस्थानों में ट्रांसफर की गई या नकद निकाल ली गई। एजेंसी ने अब तक देहरादून की विशेष अदालत में पांच आरोप पत्र दाखिल किए हैं।

### डांसिंग गर्ल की ढकी तस्वीर पर सवाल बदलेगा एनसीईआरटी

**नई दिल्ली।** डांसिंग गर्ल के नाम से प्रसिद्ध मोहनजोदड़ो की कांस्य प्रतिमा के निर्वस्त्र धड़ को एनसीईआरटी की एक नई पाठ्यपुस्तक में ढका दिखाया गया है। इस पर सवाल उठने और आलोचनाओं के बाद एनसीईआरटी ने अब इसे मूल स्वरूप में प्रकाशित करने का फैसला किया है। यह तस्वीर नौवीं कक्षा की कला शिक्षा की पुस्तक मधुरिमा के पहले अध्याय कला का इतिहास में प्रकाशित की गई है। एनसीईआरटी निदेशक दिनेश सकलानी ने कहा कि जैसे ही मामला संगठन के संज्ञान में आया, तुरंत संबंधित विभाग को मामले की समीक्षा का निर्देश दिया गया। सलाह-मशविरे के बाद, विभाग डांसिंग गर्ल की तस्वीर को उसके मूल रूप से बदल रहा है। पाठ्यपुस्तक के डिजिटल संस्करण में सुधार को तुरंत लागू किया जा रहा है, जबकि संशोधित प्रिंट संस्करणों में तस्वीर का मूल रूप शामिल होगा।

# फ्रांस के बाद स्लोवाकिया संग भी संयुक्त रक्षा विकास व उत्पादन के लिए समझौता

## पीएम मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की बैठक में 11 समझौतों पर हस्ताक्षर

अमर उजाला नेटवर्क

**ब्रातिस्लावा।** भारत और स्लोवाकिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच सोमवार को हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में इस बारे में सहमति बनी। दोनों देशों के बीच इस दौरान पेशेवरों की आवाजाही, डिजिटल टेक्नोलॉजी और रक्षा क्षेत्र समेत 11 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें संयुक्त रक्षा विकास और उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ने से संबंधित लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर शामिल है।

दोनों नेता भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए। उम्मीद है कि इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध काफी मजबूत होंगे। पीएम मोदी यूरोप की अपनी एक हफ्ते की यात्रा के तहत अभी स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यूरोपीय देश की यह पहली यात्रा है। बाद में पीएम मोदी ने मीडिया के सामने कहा, हमने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी का दर्जा देने का फैसला किया है। यह हमारी साझा सोच, साझा प्राथमिकताओं और साझा भविष्य का प्रतीक है। इस व्यापक साझेदारी का मकसद आपसी संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाना, मौजूदा सहयोग तंत्र को मजबूत करना और द्विपक्षीय व बहुपक्षीय स्तर पर सहयोग को और गहरा करने के नए रास्ते तलाशना है। मैंने और पीएम फिको ने संबंधों को नई दिशा देने के तरीकों पर चर्चा की।

मोदी ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए प्रधानमंत्री फिको का आभार भी जताया। उन्होंने कहा, हम इसे जल्द से जल्द लागू करने की दिशा में काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योगों, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके।

**भरोसे और रणनीतिक तालमेल का सबूह है हमारा रक्षा सहयोग :** मोदी ने यह भी कहा कि भारत और स्लोवाकिया के बीच रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच गहरे आपसी भरोसे और रणनीतिक तालमेल का सबूत है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद रक्षा सहयोग पर एक लेटर ऑफ इंटेंट को अंतिम रूप दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी।

**पेशेवरों की आवाजाही आसान होगी :** दोनों देशों के बीच पेशेवर लोगों की आवाजाही के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इसका मकसद दोनों देशों के बीच पेशेवरों और कुशल कामगारों की आवाजाही को आसान बनाना है। पीएम मोदी ने इस बारे में कहा, आज हमने दोनों देशों के बीच पेशेवरों और कुशल कामगारों की आवाजाही को बढ़ाने के लिए लेबर माइग्रेशन पर एक एमओयू की घोषणा की। हम जल्द ही सामाजिक सुरक्षा पर भी एक एमओयू को अंतिम रूप देंगे।



ब्रातिस्लावा में पीएम मोदी के साथ मीडिया को समझौतों की जानकारी देते प्रधानमंत्री फिको।

### ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

वार्ता के दौरान पीएम मोदी और पीएम फिको ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और मजबूती को बढ़ावा देने के लिए सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। इसके लिए वे परमाणु ऊर्जा और जियोथर्मल पावर सहित ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों को अपनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, हमारी क्षमता बहुत बड़ी है। हमारी आकांक्षाएं और भी बड़ी हैं। ऑटोमोबाइल, रेलवे, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन टेक्नोलॉजी हमारे लिए खास दिलचस्पी वाले क्षेत्र हैं। आज हमने इन सभी मुद्दों पर अपनी ताकतों को मिलाया और दोनों देशों के लोगों के फ़ायदे के लिए कई अहम फैसले लिए।

### खास कॉन्सुलर सिस्टम से आसान होग वीजा प्रक्रिया

**भारत** और स्लोवाकिया ने आपसी वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने, कानूनी तौर पर लोगों के आने-जाने और दोनों देशों के बीच यात्रा करने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित कॉन्सुलर बातचीत का सिस्टम अपनाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच सोमवार को हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में इस बारे में सहमति बनी। दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की और मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बीच बातचीत और कूटनीति के जरिए शांति और स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी साझा बयान में कहा गया है, दोनों नेताओं ने माना कि पेशेवर लोगों की बढ़ती आवाजाही और लोगों के बीच बढ़ते आपसी संबंधों को देखते हुए, कॉन्सुलर मामलों में सहयोग दोनों देशों के लिए लगातार रुचि का विषय रहा है। इस संदर्भ में, वे कॉन्सुलर मामलों में सहयोग को आसान बनाने के लिए अपने-अपने कॉन्सुलर अधिकारियों के बीच नियमित कॉन्सुलर बातचीत का सिस्टम बनाने पर सहमत हुए। वहीं, भारत और स्लोवाकिया ने दुनिया में बढ़ते तनाव के बीच संघर्ष के सभी मुद्दों को कूटनीति और बातचीत के जरिए सुलझाने पर जोर दिया है। वार्ता के बाद साझा बयान में कहा गया है, भारत और स्लोवाकिया वैश्विक मंच पर करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, भारत और स्लोवाकिया वैश्विक मंच पर भी करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि 21वीं सदी की वास्तविकताओं और चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं को खुद को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है। हम इस दिशा में वैश्विक प्रयासों को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

**पीएम मोदी की स्लोवाकयाई समकक्ष संग वार्ता में सहमति**

# आरटीआई एक्टिविज्म अब नया कारोबार बन गया है : सुप्रीम कोर्ट

## कहा आरटीआई एक्टिविस्टों के कारण सरकारी कामकाज में हो रही है बाधा

**नई दिल्ली।** सड़क निर्माण परियोजना में भ्रष्टाचार उजागर करने का दावा करने वाले दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरटीआई एक्टिविज्म अब नया कारोबार बन गया है और इससे सरकारी अथॉरिटी के कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है।

जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने सुनवाई के दौरान आरटीटाई एक्टिविस्ट राकेश बहल और उसके सहयोगी के आचरण पर आपत्ति जताई। जस्टिस मेहता ने कहा, आरटीआई एक्टिविज्म नया कारोबार बन गया है। केंद्र सरकार ने फंड जारी किया है, वही सड़क बनाने का काम देखेगी। आप कोई नहीं हैं। तथाकथित आरटीआई एक्टिविस्ट। पीत पत्रकारिता। याचिका खारिज। जस्टिस मेहता की बात से सहमत होते हुए जस्टिस बिश्नोई ने कहा, इन सभी सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन हैं? क्या आप कोई बड़ी अथॉरिटी हैं?

आरोपियों ने दावा किया कि वे केंद्र सरकार की ओर से 57 करोड़ रुपये से वित्तपोषित सड़क परियोजना में कथित भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। इस पर पीठ ने कहा, निर्माण कार्य की निगरानी और अनियमितताओं की जांच संबंधित सरकारी एजेंसियों का काम है।मामला पंजाब के बटाला सिटी थाने में दर्ज एक एफआईआर से संबंधित है। एफआईआर के अनुसार, बहल और एक अन्य आरोपी राजीव कुमार उर्फ मिंटू ने बटाला में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में कथित तौर पर बाधा डाली। उन्होंने उस व्यक्ति को धमकाया जिसकी देखरेख में काम हो रहा था और साथ ही साइट पर मौजूद मजदूरों को भी डराया-धमकाया। उन्होंने मजदूरों के खिलाफ अपमानजनक बातें कहीं और शिकायतकर्ता को चोट भी पहुंचाई। आरोप है कि एक आरोपी ने शिकायतकर्ता पर धारदार हथियार से हमला किया, जबकि दूसरे ने मारपीट की, जिससे उसे कई चोटें आईं। उन पर सरकारी रिकॉर्ड छीनने का आरोप भी लगाया गया है।



### झूठे मामले में फंसाने का आरोप

आरोपियों ने दावा किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने के कारण उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। हालांकि, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर चुका था। हाईकोर्ट ने पाया था कि शिकायतकर्ता को सात चोटें आई थीं, जिनमें एक गंभीर थी, और मामले में हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।

### कर्ज लेकर घर खरीदारों को कब्जा नहीं तो बैंक-बिल्डर पर हो जिम्मेदारी, केंद्र से मांगा जवाब, होगी सुनवाई

**सुप्रीम कोर्ट** सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया, जिसमें केंद्र सरकार को सबवेंशन योजना के तहत फंसे घर खरीदारों के लिए राहत योजना बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि अगर खरीदारों को फ्लैट का कब्जा नहीं मिलता है तो वितरित ऋण राशि का नुकसान केवल उन पर नहीं डाला जाना चाहिए, बल्कि बैंक और बिल्डर दोनों समान रूप से इसकी जिम्मेदारी उठाएं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने केंद्र सहित अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर इस संबंध में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक उसके खिलाफ कोई दंडात्मक या जबरन कार्रवाई नहीं की जाए। सबवेंशन योजना के तहत बैंक स्वीकृत ऋण राशि सीधे बिल्डर के खाते में जारी करते हैं। समझौते के अनुसार, फ्लैट का कब्जा मिलने तक ईएमआई का भुगतान बिल्डर को करना होता है। हालांकि, कई मामलों में बिल्डरों की ओर से भुगतान बंद करने के बाद बैंक घर खरीदारों से ईएमआई की मांग करने लगते हैं, जबकि उन्हें अब तक फ्लैट नहीं मिला होता। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उसने फ्लैट बुक किया था, लेकिन कब्जा नहीं मिला और उसे ईएमआई चुकाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। याचिका में रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं के खरीदारों के लिए एक ऋण राहत योजना बनाने की मांग की गई है।

**याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत अगली सुवाई तक नहीं की जाएगी दंडात्मक कार्रवाई**

### भारतीय उपउच्चायुक्त को तलब कर बांग्लादेश ने जताया विरोध

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को भारत के उप उच्चायुक्त पवन बधे को तलब कर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को हुई एक घटना को लेकर औपचारिक विरोध दर्ज कराया।



पवन बधे

**पीएम रहमान के सलाहकार से की गई थी पूछताछ**

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के नीति और रणनीति मामलों व सूचना और प्रसारण मामलों के सलाहकार जाहेद उर रहमान हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की 28वीं बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को दिल्ली पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के समय उनका नाम निगरानी सूची में आने के कारण इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया और करीब ढाई घंटे तक पूछताछ की। हालांकि, बाद में इमिग्रेशन अधिकारियों ने रहमान को जाने की अनुमति दे दी, लेकिन उन्होंने निर्धारित बैठक में शामिल होने के बजाय सोमवार को बांग्लादेश लौटने का फैसला किया। बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इस घटना को अप्रत्याशित और खेदजनक बताया। पवन फिलहाल बांग्लादेश में कार्यवाहक उच्चायुक्त हैं। बीते दिनों नए उच्चायुक्त नियुक्त किए गए दिनेश त्रिवेदी ने अब तक बांग्लादेश के राष्ट्रपति को अपना परिचय-पत्र औपचारिक रूप से नहीं सौंपा है।

### बिहार : भीड़ ने चोरी के शक में दो युवकों को पीट-पीटकर मार डाला

**पटना।** बिहार के नालंदा जिले में सोमवार को चोरी के शक में भीड़ ने दो युवकों को पीट-पीटकर मार डाला। राजगीर थाना क्षेत्र के झुनकिया बाबा मंदिर के पास हुई इस वारदात ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



दोनों युवकों के फाइल फोटो।

बताया जा रहा कि दोनों युवकों को भीड़ ने कब्जे में लेकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर निवासी 22 वर्षीय पिंटू कुमार और श्रवण कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवकों पर चोरी करने का शक था। इसके बावजूद उग्र भीड़ ने कानून को ताक पर रखकर लाठी-डंडों से हमला किए। दोनों युवक जिंदगी की भीख मांगते रहे, लेकिन किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। मृतकों के परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने बहाने से दोनों युवकों को बुलाया और फिर उन्हें चोर बताकर भीड़ के हवाले कर दिया। वहीं, मंदिर प्रबंधन ने दावा किया है कि दोनों युवक पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। महंत ने यह भी कहा कि मंदिर परिसर के भीतर मारपीट नहीं हुई है। पुलिस अब इस दृष्टिकोण से भी जांच कर रही कि क्या यह महज भीड़ का गुस्सा था या इसके पीछे कोई साजिश रची गई थी।




**जी-7 शिखर सम्मेलन** | कई विकसित राष्ट्र प्रमुखों से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संबंध तनावपूर्ण

# फ्रांस के इवियान में जुटे दुनिया के शीर्ष नेता

अमर उजाला नेटवर्क

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने सोमवार को फ्रांस के इवियान पहुंचे। इस सम्मेलन में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेता शामिल होंगे, लेकिन इस बार चर्चा का बड़ा विषय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के ब्रिटेन और कनाडा समेत दुनिया के कई नेताओं के बीच पहले से चले आ रहे मतभेद भी हैं। विश्लेषकों का मानना है कि शिखर सम्मेलन का माहौल किसी पारिवारिक समारोह जैसा हो सकता है, जहां सभी लोग साथ तो होते हैं, लेकिन कुछ रिश्तों में असहजता बनी रहती है।

**ब्रिटिश पीएम को लेकर नाराजगी :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर को लेकर ट्रंप कई बार नाराजगी जता चुके हैं। ईरान युद्ध में अमेरिकी कार्रवाई को समर्थन देने में हिचकिचाहट पर ट्रंप ने स्टारमर की तुलना ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल से करते हुए कहा था कि वह चर्चिल नहीं हैं।



कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का स्वागत करते फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों।

**कनाडा को बताया 51वां राज्य :** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रंप कई बार अपने पड़ोसी देश कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता चुके हैं। इतना ही नहीं ट्रंप कनाडा के पीएम कार्नी को मजाक में गवर्नर कहकर संबोधित करते रहे हैं।

**मैक्रों और फ्रांस पर भी तंज :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने सार्वजनिक मंचों पर कई बार टिप्पणी की है। ट्रंप ने मैक्रों की पत्नी ब्रिजिट मैक्रों से जुड़ा वायरल वीडियो भी चर्चा में लाकर मजाक उड़ाया था। बाद में मैक्रों ने इन टिप्पणियों को अनुचित बताया।

**मेलनी और इटली से बढ़ी दूरी :** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलनी कभी ट्रंप की पसंदीदा नेताओं में मानी जाती थीं, लेकिन ईरान युद्ध में समर्थन नहीं करने पर ट्रंप ने कहा था, लगा था मेलनी में साहस है, लेकिन वह गलत साबित हुए।

**जापान के नेताओं से भी विवाद :** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बैठक के दौरान ट्रंप ने अचानक पर्ल हार्बर हमले का जिक्र कर असहज स्थिति पैदा कर दी थी।

अमर उजाला संस्थापकः स्व. डोरीलाल अग्रवाल, स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी, नवोन्मेषकः स्व. अतुल माहेश्वरी अमर उजाला लिमिटेड के लिए प्रकाशक जुगल किशोर गौड़ द्वारा, अमर उजाला लिमिटेड, 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं मुद्रक जुगल किशोर गौड़ द्वारा अमर उजाला लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 एवं मुद्रक मनहर कपूर द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नंबर 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201306 से मुद्रित। संपादकः डॉ. इन्दुशेखर पंचोली फोनः फैक्स : 0120-2587325 RNI NO : DELHIN/2003/09919 E-mail: editor@del.amarujala.com Website: www.amarujala.com

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99

(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349

(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69

(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269

(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW